२७-२८ जनवरी, २०२३ को म.गाँ. काशी विद्यापीठ के केन्द्रीय पुस्तकालय सभागार में आयोजित ''भारतीय स्वाधीनता आन्दोलन : साहित्य और पत्रकारिता'' विषयक द्विदिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी के स्मृति चित्र

शोध-पत्रिका 'नमन' का विमोचन करते हुए मुख्य अतिथि डॉ. महेन्द्र नाथ पाण्डेय। साथ में; (दाएँ) प्रो. अशोक मिश्र (प्रभारी कुलपति- म.गाँ. काशी विद्यापीठ, वाराणसी), प्रो. अनुराग कुमार (कला संकायाध्यक्ष) तथा (बाएँ) प्रो. हरिकेश सिंह, प्रो. अनीता सिंह, प्रो. श्रद्धा सिंह, प्रो. नवीन नन्दवाना, डॉ. नागेन्द्र कुमार सिंह, डॉ. हिमांशु शेखर सिंह तथा अन्य।

'प्रो. वासुदेव सिंह स्मृति ग्रन्थ' का विमोचन करते हुए प्रो. अनुराग कुमार, प्रो. अशोक मिश्र, डॉ. महेन्द्र नाथ पाण्डेय, प्रो. हरिकेश सिंह (पूर्व कुलपति), प्रो. अनीता सिंह (मुख्य कुलानुशासक), प्रो. श्रद्धा सिंह, प्रो. नवीन नन्दवाना (उदयपुर), डॉ. नागेन्द्र कुमार सिंह और डॉ. हिमांशु शेखर सिंह।

मुख्य अतिथि डॉ. महेन्द्र नाथ पाण्डेय (केन्द्रीय भारी उद्योग मन्त्री–भारत सरकार) अपना उद्‌बोधन देते हुए।

डॉ. महेन्द्र नाथ पाण्डेय (सांसद एवं भारी उद्योग मंत्री–भारत सरकार) का अंगवस्त्र ओढ़ाकर तथा स्मृति-चिह्न प्रदान कर स्वागत करते हुए।

वर्ष-१६ : अंक-२९ नमन Naman जुलाई-२०२३

जुलाई-२०२३ ISSN : 2229-5585

नमन
NAMAN

यू.जी.सी.-केयर की बहु-विषयी सूची में क्रमांक-२४ पर नामांकित
सान्दर्भिक अर्द्धवार्षिक शोध-पत्रिका

सम्पादक
प्रो. श्रद्धा सिंह • डॉ. हिमांशु शेखर सिंह

वर्ष : १६ Website : www.namanpatrika.com अंक : २९

वर्ष-१६ : अंक-२९ ISSN : 2229-5585
यू.जी.सी.-केयर की बहु-विषयी सूची में क्रमांक-२४ पर नामांकित
सान्दर्भिक अर्द्धवार्षिक शोध-पत्रिका

नमन Naman

प्रधान संरक्षक
श्री सुधांशु शेखर सिंह (प्रो. वासुदेव सिंह स्मृति न्यास)
(Secretary and CEO - Humanitarian Aid International)

परामर्श-मण्डल
प्रो. एम. विमला–हिन्दी विभाग, बंगलुरु विश्वविद्यालय, बंगलुरु, कर्नाटक
प्रो. मंजुला राणा–अध्यक्ष-हिन्दी विभाग, एच.एन. बहुगुणा गढ़वाल वि.वि., उत्तराखण्ड
प्रो. डी.एस. राजपूत–पूर्व अध्यक्ष- समाजशास्त्र एवं समाजकार्य विभाग, डॉ. हरीसिंह गौर वि.वि., सागर
प्रो. उमापति दीक्षित–अध्यक्ष- नवीकरण एवं भाषा प्रसार विभाग, केन्द्रीय हिन्दी संस्थान, आगरा
प्रो. योगेन्द्र प्रताप सिंह–आचार्य-हिन्दी विभाग, इलाहाबाद विश्वविद्यालय, प्रयागराज
प्रो. रेणू सिंह–आचार्य एवं अध्यक्ष-हिन्दी विभाग, इन्दिरा गाँधी राष्ट्रीय जनजातीय वि.वि., अमरकण्टक, म.प्र.
डॉ. जितेन्द्रनाथ मिश्र–पूर्व अध्यक्ष-हिन्दी विभाग, डी.ए.वी. डिग्री कॉलेज, वाराणसी
डॉ. रामसुधार सिंह–पूर्व अध्यक्ष- हिन्दी विभाग, उदय प्रताप कॉलेज, वाराणसी
प्रो. भारती सिंह–पूर्व प्राचार्य- महामाया राजकीय महाविद्यालय, महोना, लखनऊ
प्रो. सविता भारद्वाज–प्राचार्य- राजकीय महाविद्यालय, गाजीपुर
डॉ. आशा यादव–हिन्दी विभाग, बसन्त कन्या महाविद्यालय, कमच्छा, वाराणसी

न्यास-मण्डल
श्री शैलेन्द्र सिंह–पूर्व प्रबन्धक, ग्रामीण बैंक, हरदोई
डॉ. भारती सिंह– एम.ए. (समाजशास्त्र– हिन्दी), पी-एच.डी.
डॉ. दिनेश कुमार सिंह– गणित विभाग (अ.प्रा.), राजकीय महाविद्यालय, लखनऊ
डॉ. पद्मजा सिंह–प्राध्यापिका, दिल्ली
श्रीमती आरती सिंह–प्राध्यापिका, वाराणसी

सम्पादकीय सम्पर्क
सम्पादक– 'नमन'
प्रेम सदन– सी. ३३/१४७-३२ ए
आचार्य नरेन्द्रदेव नगर, चन्दुआ छित्तूपुर, वाराणसी-२२१००२
वार्ता-सेतु : ०९४१५९८४९८३, ०९४१५५३०५८७
shraddhahindi@gmail.com
E-mail : himanshusinghkvp@gmail.com
namanpatrika@gmail.com
Website : www.namanpatrika.com
फेसबुक : नमन (शोध-पत्रिका)

शब्द-संयोजक
श्री विमल चन्द्र मिश्र–पिशाचमोचन, वाराणसी-२२१०१०

मुद्रक
श्री मोहित निगम– प्रिंटेक, इण्डियन प्रेस कालोनी, मलदहिया, वाराणसी

२७-२८ जनवरी, २०२३ को आयोजित संगोष्ठी के स्मृति-चित्र

प्रो. नवीन नन्दवाना (उदयपुर), प्रो. उमापति दीक्षित (अध्यक्ष–नवीकरण एवं भाषा प्रसार विभाग, केन्द्रीय हिन्दी संस्थान, आगरा) तथा प्रो. आनन्द वर्धन शर्मा विचार व्यक्त करते हुए।

बाएँ से प्रो. ओमप्रकाश सिंह, प्रो. श्रद्धानन्द और डॉ. रामसुधार सिंह विचार व्यक्त करते हुए।

डॉ. सनत कुमार शर्मा, प्रो. गायत्री सिंह तथा प्रो. ओमप्रकाश सिंह को स्मृति-चिह्न प्रदान करते हुए प्रो. श्रद्धा सिंह, डॉ. हिमांशु शेखर सिंह, डॉ. नागेन्द्र कुमार सिंह तथा प्रो. श्रद्धानन्द।

डॉ. हिमांशु शेखर सिंह अपना विचार व्यक्त करते हुए तथा समूह चित्र।

नमनं वासुदेवाय नमनं ज्ञानराशये ।
नमनं प्रीतिकीर्तिभ्यां नमनं सर्वभूतये ।।

नमन

Naman

'प्रो. वासुदेव सिंह स्मृति न्यास'
द्वारा प्रकाशित
यू.जी.सी.-केयर की बहु-विषयी (Multi-Disciplinary)
सूची में क्रमांक-२४ पर नामांकित सान्दर्भिक अर्द्धवार्षिक शोध-पत्रिका
ISSN : 2229-5585

सम्पादक

प्रो. श्रद्धा सिंह
आचार्य– हिन्दी विभाग
काशी हिन्दू विश्वविद्यालय
वाराणसी, उ. प्र.

डॉ. हिमांशु शेखर सिंह
सह आचार्य– हिन्दी विभाग
नेहरू ग्राम भारती मानित विश्वविद्यालय
प्रयागराज, उ. प्र.

वर्ष-१६ : अंक-२९ ISSN : 2229-5585

नमन

Naman

मानविकी एवं साहित्य

यू.जी.सी.-केयर की बहु-विषयी (Multi-Disciplinary) सूची में क्रमांक-२४ पर नामांकित सान्दर्भिक अर्द्धवार्षिक शोध-पत्रिका

© **प्रो. वासुदेव सिंह स्मृति न्यास**

सम्पादन

- अनियतकालीन, अवैतनिक तथा अव्यावसायिक
- रचनाकार की रचनाएँ उसके अपने विचार हैं। प्रकाशित शोध-पत्रों में आए विचार लेखकों के अपने हैं। सम्पादक का उनसे सहमत होना आवश्यक नहीं है।
- रचनाओं पर कोई मानदेय / पारिश्रमिक देय नहीं होगा।
- लेखकों, सदस्यों एवं शुभचिन्तकों के आर्थिक सहयोग से पत्रिका प्रकाशित होती है।
- किसी विवाद के लिए न्याय क्षेत्र वाराणसी होगा।

सदस्यता-शुल्क :

प्रति अंक व्यक्तिगत रु. ५००/-		संस्थागत ७००/–
व्यक्तिगत आजीवन रु. ४०००/-		संस्थागत ५०००/–
विदेश के लिए US$ ५०		आजीवन US$ १५०

कृपया अपनी सदस्यता / सहयोग की धनराशि इस पर भेजें–
प्रो. वासुदेव सिंह स्मृति न्यास
खाता संख्या-४०१६०१००००५४८९
बैंक ऑफ बड़ौदा, महमूरगंज शाखा
वाराणसी-२२१०१०
RTGS/NEFT IFSC Code : BARB0MAHMOO

सम्पादकीय

विश्व के प्राचीनतम नगरों में से एक काशी हजारों वर्षों से धर्म, अध्यात्म, शिक्षा, व्यापार और सभ्यता का केन्द्र रही है। गंगा के किनारे बसी यह नगरी वैदिक युग से ही सर्वविद्या और सर्वज्ञान की राजधानी के रूप में विश्वविख्यात् है। देश-दुनिया के दार्शनिक, पण्डित, संत, कवि, ज्ञानार्थी इस नगर में आए और यहाँ की गंगा-जमुनी संस्कृति का हिस्सा हो गए।

जिस तरह गंगा का प्रवाह अलग-अलग धाराओं से मिलकर बना है, वैसे ही; काशी की संस्कृति ने भी हिन्दू, जैन, बौद्ध व बहुत से अन्य धर्मों और मत-मतान्तरों का संगम किया है। विभिन्न राजनीतिक-सामाजिक परिवर्तनों और सत्ताओं के उत्थान-पतन के बावजूद इस नगरी ने अपनी प्राचीन लोक-संस्कृति को सँजोए रखा। कला, साहित्य, दर्शन, शिल्प आदि यहाँ की गली-गली में बसा हुआ है। हिन्दुस्तानी शास्त्रीय संगीत की परम्परा को समृद्ध करने में बनारस घराने का विशेष महत्त्व है। यहाँ नृत्य, वादन व गायन की नवीन शैली विकसित हुई। ध्रुपद, धमार के बेजोड़ गायक शिवा-पशुपति, ठुमरी के बादशाह जगदीप जी, सिद्धहस्त तबलेबाज रामसहाय जी और कण्ठे महाराज व कृष्ण प्रसाद जैसी विश्व-विभूतियों की कर्मभूमि काशी ही बनी।

सिर्फ संस्कृत विद्या और संस्कृत साहित्य ही नहीं, बल्कि उर्दू और हिन्दी साहित्य को गौरव भी बनारस में प्राप्त हुआ। हिन्दी साहित्य की हजार वर्षों की परम्परा को समृद्ध बनाने में बनारस की भूमिका अतुल्य है।

भक्तिकाल से लेकर आधुनिक साहित्य तक हिन्दी साहित्य का केन्द्र बनारस बना रहा। दक्षिण से जिस भक्तिधारा को रामानन्द लेकर आए, उसका पल्लवन बनारस के भक्त कवियों ने किया। हिन्दी साहित्य का 'स्वर्ण युग' कहे जाने वाले भक्तिकाल में विभिन्न साहित्यिक व दर्शन-धाराओं का विकास हुआ। भक्ति-साहित्य लोक की भाषा में, लोक के लिए लिखा हुआ साहित्य है। पुरातनता व रूढ़ियों के पोषक कहे जाने वाले बनारस में कबीरदास जैसा रूढ़ि-भंजक कवि हुआ। निर्गुण-परम्परा के प्रवर्तक कबीर ने साधना के क्षेत्र में एक नया दर्शन विकसित किया। समाज में व्याप्त जातिगत भेद-भावों व धार्मिक कर्मकाण्डों पर कबीर ने गहरा प्रहार किया। कबीर की कविता ने भाग्यवादी व्यवस्था की कटु आलोचना की और समाज में श्रम के महत्त्व की स्थापना की। अहिंसा, त्याग, विश्व-कल्याण की भावना जैसे व्यापक मानवीय मूल्यों की उद्घोषणा इनका साहित्य करता है।

रैदास भी बनारस के विख्यात् निर्गुण संत कवियों में से एक हैं। इनमें कबीर जैसा अक्खड़ स्वर तो सुनाई नहीं देता, पर सामाजिक रूढ़ियों, कर्मकाण्डों और बाह्याडम्बरों की तीखी आलोचना इनके पदों में पगे-पगे दिखलाई देती है। भेद-भावरहित भगवद्-भक्ति व प्राणी मात्र का प्रेम इनके साहित्य का मर्म है। साधु सम्प्रदाय के प्रवर्तक के रूप में भी इनकी ख्याति है।

बनारस के घाटों का साहित्यिक माहात्म्य तो अविरल है। कवि शिरोमणि गोस्वामी तुलसीदास ने बनारस के तुलसीघाट पर 'रामचरित मानस' जैसी अनुपम साहित्यिक कृति की रचना की। रामचरित मानस ने साहित्य के वास्तविक प्रयोजन को सिद्ध किया और लोकमानस में बस गया। विश्व-साहित्य की शायद ही ऐसी कोई कृति हो, जो जन-जन में रामचरित मानस के समान समादृत हो।

तुलसी का साहित्य मानव-जीवन के भीतर से ऊर्जा लेकर विकसित हुआ है। तुलसी के

सम्पूर्ण साहित्य में लोक के प्रति गहरी चिंता दिखलाई देती है। उनके राम किसी राजप्रासाद का सुख भोगने वाले राम नहीं हैं, बल्कि लोक में बसे वो राम हैं, जो जन-जन के संघर्षों का हिस्सा बनते हैं, उनके दु:खों व सुखों के भागीदार हैं। वह एक राजा व ईश्वर के रूप में कम तथा एक सखा, भ्राता, पुत्र के रूप में अधिक दिखलाई देते हैं। तुलसी ने ही बनारस में रामलीला की परम्परा को आरम्भ किया, जो आज भी उत्तर भारत की लोक-संस्कृति का महत्त्वपूर्ण हिस्सा है।

इन भक्त कवियों ने कविता का प्रयोजन लोकमंगल व लोकरंजन को बनाया। इन भक्त कवियों की दृष्टि वैश्विक रही। हमारी भारतीय लोक-संस्कृति व व्यापक मानवीय मूल्यों की स्थापना और संरक्षण का कार्य इन संतों की कविता करती है। तुलसी की स्पष्ट घोषणा है कि कीर्ति, कविता और सम्पत्ति वही उत्तम है, जो गंगा के समान सबका हित करे– 'कीरति बनिति, भूति भलि सोई, सुरसरि सम सबकहँ हित होई।' बनारस की धरती में 'विरुद्धों के सामंजस्य' की ऐसी शक्ति व्याप्त है, जहाँ कबीर व रैदास जैसे निर्गुण कवि और तुलसीदास जैसे सगुण कवि एकसाथ सम्मान पाते हैं।

बनारस ने प्राचीन परम्पराओं को तो संरक्षित किया ही, साथ ही; नवीन परम्पराओं और आन्दोलनों की जन्मभूमि भी बनी। भारतेन्दु हरिश्चन्द्र आधुनिक हिन्दी साहित्य में नवजागरण के अग्रदूत बनकर उभरे। भारतेन्दु का साहित्यिक पदार्पण उस समय हुआ, जब भारतीय समाज सामंतवाद व औपनिवेशिक पराधीनता में जकड़ा हुआ था। उन्होंने साहित्य को व्यापक समाज और देशहित से जोड़ा। नवोदित हिन्दी गद्य में नयी विधाओं और आधुनिक विषयों के सूत्रपात का श्रेय भारतेन्दु को ही जाता है। भारत दुर्दशा, अँधेर नगरी जैसे नाटकों में वे अपने समय, समाज और देश के वास्तविक चित्र को प्रस्तुत करते हैं। 'भारतवर्षोन्नति कैसे हो सकती है' नामक निबंध में वह देश को दिशा देने का प्रयास करते हैं। स्त्री-शिक्षा, साम्प्रदायिकता, जाति, धर्म, आर्थिक शोषण और राजनीतिक संकटों की पहचान उनका लेखन कराता है। आधुनिक हिन्दी समीक्षा के सूत्रपात का श्रेय भी उन्हें दिया जाना चाहिए। भारतेन्दु ने खड़ी बोली हिन्दी को एक नया संस्कार दिया। स्वच्छ, सरल और चलती साहित्यिक भाषा का आभास भारतेन्दु के साहित्य से ही मिलता है। सन् १८७३ में भारतेन्दु 'हिन्दी नयी चाल में ढली' की उद्घोषणा बनारस की भूमि से करते हैं। उनके प्रोत्साहन से साहित्यकारों का एक ऐसा मण्डल तैयार होता है, जिसने हिन्दी साहित्य को निरन्तर समृद्ध किया।

हिन्दी के सर्वश्रेष्ठ कवियों में शुमार, छायावाद के प्रवर्तक, जयशंकर प्रसाद की जन्मभूमि और कर्मभूमि बनारस बनी। उन्होंने आधुनिक हिन्दी कविता को 'कामायनी' जैसी कालजयी, महाकाव्यात्मक व विश्वस्तरीय कृति से नवाजा। प्रसाद जी एक महान कवि होने के साथ-साथ श्लाघ्य नाटककार, निबंधकार, कथाकार और आलोचक भी थे। उनके साहित्य के केन्द्र में मानव-जीवन के संघर्ष व अंतर्विरोध रहे। उन्होंने साहित्य को भारत की विशाल सांस्कृतिक परम्परा व इतिहास-बोध से जोड़ा। उन्होंने आधुनिक समाज के यथार्थ व द्वंद्वों को अपने साहित्य में स्थान दिया। उन्होंने अपने साहित्य में 'प्रत्यभिज्ञा दर्शन' की स्थापना की। उनके सम्पूर्ण लेखन का उद्देश्य भारतीयों को उनके सांस्कृतिक गौरव के साथ जोड़कर उनमें मानवता को स्थापित करना रहा।

बनारस के लमही में जन्में प्रेमचन्द विश्व-साहित्य में महत्त्वपूर्ण स्थान रखते हैं। हिन्दी कथा-साहित्य के नक्षत्र प्रेमचन्द ने हिन्दी उपन्यास व कहानी को नए प्रस्थान-बिन्दु दिए। प्रेमचन्द के साहित्य में आदर्श और यथार्थ का संश्लिष्ट रूप दिखाई देता है। प्रेमचन्द अपने साहित्य में विषय-वस्तु, चरित्र, वातावरण व भाषा के स्तर पर नये मानक स्थापित करते हैं। उन्होंने सदियों से चली

आ रही धीरोदात्त नायकों की पूरी परम्परा को एक झटके में बदल दिया। उन्होंने अपने साहित्य के लिए ऐसे नायकों को चुना, जो व्यापक समाज की चेतना और विचारों से जुड़ सके। उनके नायक-नायिका होरी और धनिया, हीरा-मोती, हामिद-हल्कू जैसे अतिसामान्य व्यक्ति बनते हैं। भारतीय ग्रामीण जीवन का महाकाव्यात्मक उपन्यास 'गोदान' प्रेमचन्द की साहित्य-साधना का उत्कर्ष है। प्रेमचन्द ऐसे जागरूक व सम्वेदनशील लेखक रहे, जिन्होंने अपने रचना-संसार में समाज के हर रंग और छवियों को सँजोया है। प्रेमचन्द ने अपने आलोचनात्मक निबंधों, नाटकों और अनुवादों द्वारा भी हिन्दी साहित्य की समृद्धि में योगदान दिया है।

अम्बिकादत्त व्यास, देवकीनंदन खत्री, बाबू राधाकृष्ण दास भारतेन्दु-युग के अन्य चमकते सितारे थे, जिनका सम्बन्ध काशी से रहा। इसी के साथ; जगन्नाथदास 'रत्नाकर' ने आधुनिक युग में ब्रजभाषा काव्य की सुन्दर सरिता बहायी। आचार्य क्षितिमोहन सेन ने संत साहित्य को अपना विषय बनाया। अयोध्या सिंह उपाध्याय 'हरिऔध', पाण्डेय बेचन शर्मा 'उग्र' और १९६०-७० के दशक में धूमिल आदि साहित्यकारों ने अपने-अपने तरीके से हिन्दी साहित्य को समृद्ध किया।

साहित्य और पत्रकारिता का गहरा सम्बन्ध है। किसी भी जनान्दोलन की पुरोधा पत्र-पत्रिकाएँ होती हैं। हिन्दी साहित्य के स्वरूप-निर्माण, विकास व प्रसार में बनारस से निकली पत्र-पत्रिकाओं का विशेष योगदान है। राजा शिवप्रसाद 'सितारेहिंद' का 'बनारस अखबार' हिन्दी भाषा में निकलने वाला पहला अखबार बना। इसके बाद; बाबू तारामोहन मैत्रेय ने 'सुधाकर' नामक पत्र निकाला, जिसकी भाषा हिन्दी के अधिक करीब और स्पष्ट थी। औपनिवेशिक युग का हर बड़ा साहित्यकार पत्रकारिता से जुड़ा था। भारतेन्दु हरिश्चन्द्र से ही वास्तविक अर्थों में हिन्दी की साहित्यिक पत्रकारिता की शुरूआत होती है। उन्होंने बनारस से १८६८ में 'कविवचन सुधा', १८७३ में 'हरिश्चन्द्र मैगजीन' और १८७४ में स्त्री-शिक्षा के लिए 'बालाबोधिनी' जैसी पत्रिकाएँ निकालीं। जयशंकर प्रसाद 'इंदु' के माध्यम से साहित्यिक सेवा में संलग्न रहे। प्रेमचन्द ने 'हंस' पत्रिका के माध्यम से साहित्यकारों की एक नयी पीढ़ी का निर्माण किया। हिन्दी भाषा के परिष्कार और हिन्दी की गद्य विधाओं के बनने में बनारस से निकलने वाली पत्रिकाओं की महती भूमिका रही।

काशी की साहित्यिक संस्थाओं ने हिन्दी के आधुनिक स्वरूप-निर्माण में महत्त्वपूर्ण भूमिका अदा की। कवितावर्धिनी सभा, त्वदीय समाज, पेनी रीडिंग क्लब जैसी संस्थाओं की प्रस्तावना भारतेन्दु हरिश्चन्द्र ने की। बनारस की सबसे महत्त्वपूर्ण साहित्यिक संस्था 'नागरी प्रचारिणी सभा' रही है। एक शताब्दी से अधिक पुरातन इस संस्था ने हिन्दी के साहित्यिक ग्रन्थों व मूल पाण्डुलिपियों की खोज, उनके संरक्षण, प्रकाशन और हिन्दी साहित्य व भाषा के प्रचार का कार्य पूरी लगन से किया। सन् १८९३ में बाबू श्यामसुन्दर दास, पण्डित रामनारायण मिश्र और ठाकुर शिवकुमार सिंह ने इसकी नींव रखी और अपनी अथक मेहनत से सींचकर इसे राष्ट्रीय धरोहर बनाया। स्वतंत्रता-आन्दोलन में भी इस संस्था ने अपना महनीय योगदान दिया। संस्था ने बारह भागों में 'हिन्दी विश्वकोश' का प्रणयन किया। 'हिन्दी शब्दसागर' भी संस्था द्वारा दस भागों में प्रकाशित किया गया। यह हिन्दी भाषा का पहला मानक कोश है। हिन्दी की पारिभाषिक शब्दावली के सुव्यवस्थित शब्द-निर्माण का कार्य नागरी प्रचारिणी सभा ने ही किया। सभा के मुद्रण विभाग से हजारों की संख्या में पुस्तकों का प्रकाशन हुआ। नागरी प्रचारिणी सभा से ही निकली हिन्दी की पहली शोध-पत्रिका 'नागरी प्रचारिणी पत्रिका' को संस्था ने सम्पादित व प्रकाशित किया। शोधार्थियों के लिए भी इस संस्था की महत्त्वपूर्ण भूमिका रही है। हिन्दी भाषा को अनुशासित और सुनियोजित करने

वाली पत्रिका 'सरस्वती' के प्रकाशन का जिम्मा भी पहले पहल इसी संस्था ने उठाया। हिन्दी साहित्य की श्रीवृद्धि के लिए हिन्दी समाज सदैव इस संस्था का ऋणी रहेगा।

काशी हिन्दू विश्वविद्यालय के प्रणेता पं. मदन मोहन मालवीय ने हिन्दी भाषा व साहित्य के प्रचार-प्रसार में महत्त्वपूर्ण भूमिका निभायी। ये हिन्दी भाषा और शिक्षा के प्रबल पक्षधर थे। काशी नागरी प्रचारिणी सभा और अखिल भारतीय हिन्दी साहित्य सम्मेलन, प्रयाग की स्थापना में इन्होंने पूर्ण सहयोग दिया। ये मर्यादा, हिंदुस्तान व अभ्युदय आदि पत्रिकाओं के माध्यम से लगातार हिन्दी साहित्य की सेवा करते रहे। काशी हिन्दू विश्वविद्यालय के हिन्दी विभाग की स्थापना का श्रेय भी इन्हीं को जाता है। इस विभाग ने ज्ञान, अनुसंधान, रचनात्मकता और शिक्षण की अभूतपूर्व परम्परा कायम की। हिन्दी साहित्य की विश्व प्रसिद्ध थातियों का सम्बन्ध इस विभाग से रहा।

बाबू श्यामसुन्दर दास, आचार्य रामचन्द्र शुक्ल, आचार्य हजारी प्रसाद द्विवेदी, लाला भगवानदीन, पं. केशव प्रसाद मिश्र, आचार्य विश्वनाथ प्रसाद मिश्र सरीखी विभूतियों ने साहित्य, आलोचना, भाषाविज्ञान, साहित्येतिहास-लेखन और काव्यशास्त्र की मजबूत परम्पराएँ विकसित कीं। आचार्य रामचन्द्र शुक्ल का 'हिन्दी साहित्य का इतिहास' आज तक का सबसे प्रामाणिक इतिहास है। हिन्दी आलोचना के प्रतिमानों को गढ़ने में शुक्ल जी का योगदान अमर रहेगा। हिन्दी आलोचना और साहित्येतिहास की कोई भी नवीन धारा इनसे टकराए बिना नहीं बन सकती। आचार्य हजारी प्रसाद द्विवेदी शुक्ल जी की परम्परा से टकराते हुए अपना मार्ग निर्मित करते हैं। इन्होंने काशी के हिन्दी विभाग में गुरु-शिष्य-परम्परा विकसित की। इनके सबसे योग्य शिष्य नामवर सिंह हिन्दी आलोचना के देदीप्यमान नक्षत्र बने। इन्होंने साहित्य के इतिहास-लेखन और आलोचना को शुक्ल जी से भिन्न एक लोकवादी दृष्टि प्रदान की। इनका इतिहास-बोध बहुत गहरा है। भोलाशंकर व्यास ने मुख्यत: भारतीय काव्यशास्त्रीय परम्परा को लेकर महत्त्वपूर्ण कार्य किया। इन्होंने ध्वनि सम्प्रदाय, अलंकार, भाषाशास्त्र आदि पर कलम चलायी। सम्पादन को लेकर भी इनका काम महत्त्वपूर्ण है। शिवप्रसाद सिंह अपने कथा साहित्य-लेखन के सन्दर्भ में महत्त्वपूर्ण स्थान रखते हैं। लाला भगवानदीन ने रीतिकाव्य को लेकर महत्त्वपूर्ण कार्य किया। इनके अतिरिक्त; डॉ. पीताम्बरदत्त बड़थ्वाल, डॉ. जगन्नाथ प्रसाद शर्मा, डॉ. राजपति दीक्षित, डॉ. नागेन्द्र नाथ उपाध्याय, डॉ. श्यामसुन्दर शुक्ल, डॉ. शुकदेव सिंह, डॉ. काशीनाथ सिंह, डॉ. चौथीराम यादव आदि समादृत सदस्यों ने मिलकर ज्ञान की इस अक्षुण्ण परम्परा को आगे बढ़ाने का कार्य किया। इस विभाग द्वारा पुस्तकों और पत्रिकाओं के सम्पादन का कार्य भी किया गया और लगातार किया जा रहा है।

बनारस की साहित्यिक विरासत में नवगीतकार शंभुनाथ सिंह भी एक महत्त्वपूर्ण नाम हैं, जिन्होंने नवगीत-विधा के ही नहीं, आलोचना के क्षेत्र में भी महत्त्वपूर्ण कार्य किया। बनारस के साहित्यकारों की इसी कड़ी में प्रो. वासुदेव सिंह भी एक सम्मान्य साहित्यकार हैं, जिन्होंने कबीर के साखी, सबद और रमैनी की भावार्थ बोधिनी टीका के साथ ही; अपभ्रंश और हिन्दी में जैन रहस्यवाद, संत काव्य और तुलसीदास की कृतियों पर महत्त्वपूर्ण कार्य किया है। उनकी पुण्यस्मृति को नमन करते हुए ही प्रस्तुत शोध-पत्रिका 'नमन' अस्तित्व में आयी, जिसमें देश के लगभग सभी राज्यों से शोधपरक लेख आते हैं। नवीनता और गुणवत्ता के साथ इसकी यात्रा अनवरत चलती रहे– यही हमारा अभीष्ट है।

गुरु पूर्णिमा **–सम्पादक**

सोमवार : ३ जुलाई, २०२३

अनुक्रम

सम्पादकीय iii

१. रासलीला का स्वरूप और सूरदास — ***प्रो. वासुदेव सिंह*** १

२. रामचरित मानस में राम के भक्तगण — ***प्रो. श्रद्धा सिंह*** ८

३. हिन्दी साहित्य में नारी — ***प्रो. मंजुला राना*** २०

४. बाजारवाद और हिन्दी — ***डॉ. हिमांशु शेखर सिंह*** २४

५. स्वाधीनता-आन्दोलन में हिन्दी साहित्यकारों का योगदान विशेष संदर्भ : राधामोहन गोकुल — ***प्रो. रेनू सिंह*** २७

६. निर्मल वर्मा का कथा साहित्य : परिवेश की आधुनिकता — ***डॉ. सुरेन्द्र प्रताप सिंह*** ३४

७. 'द सब्जेक्शन ऑफ वुमेन' की प्रासंगिकता — ***डॉ. किंगसन सिंह पटेल*** ४०

८. प्रारम्भिक उर्दू गजलों का यथार्थवादी स्वर — ***प्रो. रसाल सिंह, हर्षित तिवारी*** ४५

९. उत्तर आधुनिक समाज व मीडिया — ***डॉ. भावना, नेहा चौरसिया*** ५१

१०. प्राचीन भारतीय कला में शालभंजिका — ***पंकज यादव*** ५५

११. विहारों की संरचना एवं बौद्ध कला का क्रमिक विकास — ***डॉ. अभिषित त्रिपाठी*** ६०

१२. जम्मू-कश्मीर : स्थायी शान्ति-स्थापना की प्रमुख चुनौतियाँ — ***डॉ. राजकुमार राम*** ६८

१३. स्ववित्तपोषित एवं अनुदानित शिक्षक प्रशिक्षण संस्थानों में प्रशिक्षणरत् प्रशिक्षुओं की अभिप्रेरणा का तुलनात्मक अध्ययन — ***डॉ. कृपाशंकर यादव*** ७३

१४. प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना एवं ग्रामीण विकास : एक समाजशास्त्रीय अध्ययन — ***सिद्धार्थ अविद्रा, प्रो. दिवाकर सिंह राजपूत*** ७८

१५. वर्तमान समय में अध्ययनरत छात्र-छात्राओं का उत्तराखण्ड़ की लोक संस्कृति के प्रति सम्मान एवं समर्पण : एक विश्लेषणात्मक अध्ययन — ***आशीष, डॉ. अलका सुरी*** ८५

१६. सार्वजनिक वितरण प्रणाली का खाद्य-प्रबंधन में योगदान — ***भूपेन्द्र कुमार साहू, डॉ. अंजु कुमारी, डॉ. रविश कुमार सोनी*** ९६

१७. Digital Literacy Among the Elderly : Challenges and Opportunities — ***Dr. Anuradha Bapuly*** १०५

१८. Impact of COVID-19 lockdown in urban slums located in the district Dehradun of Uttarakhand — ***Dr. Mahesh Kumar, Dr. Rajinder Singh*** ११५

१९. Nature Based Tourism : A Case Study of Aritar, East Sikkim — ***Primula Sharma, Dr. Amit Kumar Singh*** १२१

२०. The Relationship Between Job Stress and Job Satisfaction with Faculty Performance in Higher Education Institutions
Sunaina Tomar, Dr. Meghwant Singh Thakur १२९

२१. Right to Health with Special Reference to Assam Public Health Act-2010
Jyotirmoyee Baruah, Prof. Sudhanshu Ranjan Mohapatra १४०

२२. Achieving Sustainable Development Goals : With Special Reference to Poverty and Hunger in India
Corresponding Author : Jai Prakash Verma १५५

२३. Understanding the Cultural and Analytical Aspect of the Development of a Disabled in Insignificant Events in The Life of a Cactus by Dusti Bowling
Retty Christopher Cardoz, Dr. Shibani Chakraverty Aich १७०

२४. Cultural Ecology in Jon Krakauer's Into the Wild
Harinandana R., Shibani C. Aich १७६

२५. Utilization of Antenatal Care Services during Covid-19 Pandemic in Bhabua City, Kaimur, Bihar
Corresponding Author : Dr. Meeta Ratawa Tiwary १७९

२६. Online Shopping : The Liaison with Customer Traits and Attitude ***Dr. Geetika Tandon Kapoor, Ms. Nidhi Singh*** १९४

२७. An Exploration of Emotional Intelligence Among Secondary School Teachers
Dr. Vidhu Shekhar Pandey, Dr. Ruchi Dubey २०४

२८. Impact of Time Spent on Information Search on Consumer Purchase Decision
Dr. Rahil Yusuf Zai, Dr. Pankaj Kumar २१०

२९. Parent's Perspectives About Cochlear Implantation for Their Children with Hearing Loss ***Dr. Palnaty Vijetha, Dr. Deepak Kumar Tripathi, Dr. Alok Kumar Upadhyay*** २१८

३०. Interrogating Space, Communal Identity and Belongingness : A Critical Reading of 'The Platform' from Temsula Ao's 'The Tombstone in My Garden'
Dr. Ram Bhawan Yadav, Mr. Ghunato Neho २२८

३१. Socio-Economic Status of Muslim Women : An Analysis
Dr. Kiran Bala, Mrs Shagufta Parveen २३७

३२. Adopting Alternative Disputes Resolution for Resolving Copyright Infringement Disputes : An 'Adequate' Remedy
Gururaj Devarhubli २४६

रासलीला का स्वरूप और सूरदास

प्रो. वासुदेव सिंह*

सम्पूर्ण भारत में प्राचीन काल से ही रास अथवा रासक महत्त्वपूर्ण साहित्य-विधा या काव्यरूप रहा है। देश के विभिन्न भागों में 'रास' धार्मिक अथवा लोकनृत्य के रूप में भी प्रचलित रहा है। उत्तर भारत में रासलीला के रूप में, गुजरात में गरबा नृत्य के रूप में, मणिपुर में राखाल रास के रूप में तथा बंगाल में काठी नृत्य के रूप में रास अब भी जीवित है। ''महाराष्ट्र में कातर बेलि, टीप्रीझिम्मा तथा दक्षिण में कुम्भि इत्यादि नृत्य रास से मिलते-जुलते हैं।''[१]

'रासो' की व्युत्पत्ति राजसूय, रसायण, रहस्य, राजादेश, रसिक आदि कई शब्दों से निकालने का प्रयत्न किया गया है। वस्तुत: रसों का समूह रास है– 'रसानाम्' समूहो इति रास:।' भगवान् को 'रस स्वरूप' कहा गया है– 'रसो वै स:।' रस-स्वरूप परमात्मा को अपने आप आस्वाद्य-आस्वादक भाव से विविध रूपों में प्रकट करके विहार करना 'रास' कहलाता है। दूसरे शब्दों में; ''जिस दिव्य क्रीड़ा में एक ही रस अनेक रसों के रूप में होकर अनन्त-अनन्त रस का रसास्वादन करे, एक रस ही रस-समूह के रूप में प्रकट होकर स्वयं ही आस्वाद्य-आस्वादक लीला, धाम और विभिन्न आलम्बन एवं उद्दीपन रूप में क्रीड़ा करे, उसका नाम रास है।''[२] रास की एक अन्य व्याख्या इस प्रकार की गयी है– 'नृत्यगीत चुम्बनालिंगनादीनां रसानां समूहो रास:' अर्थात् नाच, गान, चुम्बन, आलिंगन आदि रसों का समूह रास है। तीसरे मत से; रास उस नृत्य को कहते हैं, जिसमें एक क्रम से नर-नारी हाथ पकड़ कर मण्डलाकार नाचते हैं–

स्त्रीभिश्च पुरुषैश्चैव धृतहस्तैः क्रमस्थितैः ।
मंडले क्रियते नृत्यं स रासः प्रोच्यते बुधैः।।[३]

'हरिवंश पुराण' में रास और हल्लीसक को एक ही माना गया है। ईसा के चार-पाँच सौ वर्ष पूर्व से ही लोकजीवन में इसके प्रवेश के प्रमाण मिलते हैं। प्रारम्भ में ये केवल लौकिक नृत्य माने जाते थे और जिसमें अनेक नर्तकियाँ मण्डल बना कर नृत्य करती थीं, उसे 'हल्लीसक' कहते थे–

नर्तकीभिरनेकाभिर्मण्डले विचरिष्णुभिः ।
यत्रीकोनृत्यति नटस्तद्वै हल्लीषकं विदुः ।।

कुछ समय बाद रास को धर्म से जोड़ दिया गया और श्रीकृष्ण को रास का नायक स्वीकार कर लिया गया। कहा गया कि श्रीकृष्ण रस के विग्रह, राधा रासेश्वरी तथा गोपिकाएँ, वृन्दावन धाम आदि रस-रूप हैं। जिस प्रकार एक बालक दर्पण अथवा जल में पड़े अपने प्रतिबिम्ब से खेलता है, उसी प्रकार भगवान् कृष्ण ने अपने को अनेक रूपों में प्रकट करके गोपियों के साथ रासलीला की– 'रमे रमेशो ब्रजसुन्दरीभियथार्भक: स्वप्रतिबिम्बविभ्रम:।' इस प्रकार, प्रेम-रस-स्वरूप तथा लीलारस में भगवान् श्रीकृष्ण के अपनी ह्लादिनी शक्तिरूपा चिन्मयरस-प्रतिभाविता अपनी ही प्रतिमूर्ति अथवा प्रतिबिम्बस्वरूपा गोपियों के साथ दिव्य क्रीड़ा को रास कहा गया। कृष्ण रस के प्रतीक हैं। जो रस सारे जगत् में परिव्याप्त है, उसी के मूर्त्त रूप कृष्ण हैं। सारा जगत् उनकी लीला है। वृन्दावन उनका नित्य लीलाधाम है। विद्यारण्यस्वामी ने प्रेम और रस को एक माना है। वेदान्त के अनुसार,

* प्राक्तन् आचार्य एवं अध्यक्ष– हिन्दी विभाग, म.गाँ. काशी विद्यापीठ, वाराणसी-२२१००२ (उ.प्र.)

ब्रह्म सत्, चित् और आनन्दमय है। आनन्द को ही वैष्णव भक्तों ने प्रेम या रस माना है। व्यक्ति नित्य लीला में भाग लेने का अधिकारी बन जाय, यही जीवन का लक्ष्य होता है। कृष्ण, गोप, राधा आदि प्रतीकात्मक शब्द भी हैं। कृष्ण वह है, जो सभी जीवों को अपनी ओर आकृष्ट करता है– 'कर्षति इति कृष्णः'। गो का अर्थ है– इन्द्रिय, प का अर्थ– पालना। इस प्रकार, गोप का अर्थ हुआ– जीव। यह जीव या गोप ब्रह्म की ओर आकृष्ट होता है। चीरहरण का तात्पर्य है– अन्नमय, प्राणमय, मनोमय, विज्ञानमय कोषो रूपी चीर को अलग करके जीव का ब्रह्म से मिलन। इस प्रकार, रास अथवा रासलीला का प्रतीकात्मक महत्त्व भी है।

जैसा कि पहले कहा जा चुका है, हरिवंश पुराण में 'रास' शब्द का प्रथम प्रयोग मिलता है। इसके बाद ब्रह्म पुराण, विष्णु पुराण, श्रीमद्भागवत आदि ग्रन्थों में रास के वर्णन मिलते हैं। श्रीमद्भागवत (चौथी शती) में दो प्रकार के रास का वर्णन है– राधाकृष्ण रास और गोपीकृष्ण सामूहिक रास। यह रास दो ऋतुओं– शरद और वसन्त में होता था। इस आधार पर रास के दो भेद हो गये– शारदीय रास और वासन्ती रास। श्रीमद्भागवत में शारदी रास का वर्णन करते हुए कहा गया है कि भगवान् श्रीकृष्ण की प्रेयसी गोपियाँ एक दूसरे की बाँह में बाँह डाले खड़ी थीं। उन स्त्रीरत्नों के साथ यमुना के पुलिन पर भगवान् ने रास-क्रीड़ा आरम्भ की। वह दो-दो गोपियों के बीच में प्रकट हो गये और उनके गले में अपना हाथ डाल दिया। इस प्रकार, प्रत्येक गोपी के साथ एक-एक कृष्ण ने प्रकट होकर रास आरम्भ किया–

तत्रारभत गोविन्दो रासक्रीड़ामनुव्रतैः ।
स्त्रीरत्नेरन्वितः प्रीतैरन्योन्याबद्धबाहुभिः ।।
रसोत्सवः सम्प्रवृत्तो गोपीमण्डलमण्डितः ।
योगेश्वरेण कृष्णेन तासां मध्ये द्वयोर्द्वयोः ।।
प्रविष्टेन गृहतीनाम् कण्ठे स्वनिकटं स्त्रियः ।।३।।

(श्रीमद्भागवत : १०-३३)

श्रीमद्भागवत में रास के अवसर पर नृत्य के साथ ध्रुपद आदि गीत गाये जाने का भी उल्लेख मिलता है। रास के कई प्रकार के अर्थ किये गए हैं। किसी ने इसे काम पर विजय का प्रतीक बताया है, किसी ने इसे भगवान् का दिव्य बिहार बताया है और किसी ने इसका आध्यात्मिक अर्थ किया है।

श्रीमद्भागवत के समान सूरसागर में भी ऋतु-भेद से दो प्रकार के रास का वर्णन मिलता है– शारदीय रास और वासन्ती रास। पात्रों के आधार पर भी इसके दो भेद मिलते हैं– (१) राधा-कृष्ण रास और (२) गोपी-कृष्ण सामूहिक रास। राधा रास की नायिका है, अन्य गोपिकाएँ उनकी सहचरी हैं, सखियाँ हैं। गोपियों की संख्या सोलह हजार है।[४] वे वेद की ऋचाएँ मानी गयी हैं। सूरदास ने शारदीय रास का विस्तृत वर्णन किया है। शरत्कालीन नैसर्गिक सुषमा को देखकर श्रीकृष्ण के मन में रास करने की इच्छा जाग्रत होती है। वृन्दावन का रम्य वातावरण, चाँदनीयुक्त धवलरात्रि, यमुना का तट, त्रिविध समीर। ऐसे मोहक वातावरण में श्रीकृष्ण मुरली बजाते हैं।[५] वंशी की ध्वनि में ही गोपबालाओं का नाम लेते हैं, जिसे सुनकर गोपियाँ व्याकुल हो उठती हैं, जैसे किसी ने उन पर जादू कर दिया हो। जो जिस दशा में थीं, विवश और विह्वल होकर भाग पड़ती हैं। अत्यधिक प्रेम के कारण वे लोक-लज्जा और कुल-मर्यादा की चिन्ता नहीं करती हैं, पति-पुत्र-परिवार का मोह त्याग देती हैं। उल्टे-सीधे वस्त्र-आभूषण धारण कर वन की ओर दौड़ पड़ती हैं। किन्तु, वहाँ पहुँचने पर उन्हें विचित्र उपालम्भ सुनना पड़ा। कृष्ण ने कहा– 'तुम लोग रात में वन में क्यों आईं?

क्या मार्ग तो नहीं भूल गई हो? तत्काल अपने-अपने घर वापस जाओ'–

निसि काहै बन कौं उठि धाईं।
हँसि हँसि स्याम कहत हैं सुन्दरि की तुम ब्रज मारगहिं भुलाई।
जाहु जाहु घर तुरत जुवति जन खीजत गुरजन कहि डरवाई।।

(पद-१०११)

श्रीकृष्ण ने उन्हें पति-सेवा का उपदेश दिया। बताया कि पति चाहे वृद्ध, अभागा, पतित, मूर्ख अथवा रोगी ही क्यों न हो, लेकिन पत्नी को उसे त्यागना नहीं चाहिए। यही वेद मार्ग है–

इहि विधि वेद मारग सुनौ।
कपट तजि पति करौ पूजा कहा तुम जिय गुनौ।।
कंत मानहु भव तरौगी और नाहिं उपाइ।
ताहि तजि क्यों विपिन आईं कहा पायौ आइ।।
बिरिघ अरु बिन भागहूँ की पतित जौ पति होइ।
जऊ मूरख होइ रोगी तजै नाहीं जोइ।।

(पद-१०१६)

श्रीकृष्ण के इस उपदेश को सुनकर गोपबालाएँ स्तब्ध रह जाती हैं, हतप्रभ हो जाती हैं, व्याकुल हो उठती हैं, अचेत होकर पृथ्वी पर गिर पड़ती हैं। यह रहस्य उनकी समझ में नहीं आता। इधर नन्दलाल हँस रहे हैं, आनन्द ले रहे हैं–

स्याम उर प्रीति मुख कपट बानी।
जुवति व्याकुल भईं धरनि सब गिरि गईं आस गई टूटि नहिं भेद जानी।
हँसत नन्दलाल मन मन करत ख्याल ये भईं बेहाल ब्रजवाल भारी।।

(पद-१०१९)

गोपबालाएँ पुन: अनुनय-विनय करती हैं, अपने पूर्ण समर्पण का प्रमाण देती हैं। वे कहती हैं– व्रज में तुमसे बढ़कर हमारा कोई हितैषी नहीं है। कौन किसका पिता है? किसकी माता है? हम किसी को भी नहीं जानतीं। धर्म क्या है? पाप क्या है? इसका भी हमें ज्ञान नहीं है। हम एकमात्र तुम्हें ही जानती हैं। शेष संसार व्यर्थ है–

तुम पावत हम घोष न जाहिं।
कहा जाइ लैहें हम ब्रज यह दरसन त्रिभुवन नाहिं।।
तुमहूँ तैं ब्रज हितु न कोऊ कोटि कहौ नहिं मानैं।
काके पिता मातु है काकी काहू हम नहिं जानैं।।
काके पति सुत मोह कौन कौ घर ही कहा पठावत।
कैसौ धर्म पाप है कैसो आस निरास करावत।।

(पद-१०२१)

वे अपना निर्णय दृढ़ शब्दों में सुना देती हैं। उनकी दृष्टि में श्रीकृष्ण-प्रेम के बिना जीवन धिक्कार है, माता को धिक्कार है, पिता को धिक्कार है, घर को धिक्कार है, पुत्र-पति के ध्यान तक को धिक्कार है–

भवन नहीं अब जाहिं कन्हाई।
स्वजन बन्धु तैं भई बाहिरी वै क्या करै बड़ाई।।

जौ कबहूँ वै लेहिं कृपाकरि धिक वै धिक हम नारि।
तुम बिछुरत जीवन राखै धिक कहौ न आपु बिचारि।।

(पद-१०२४)

वस्तुत: गोपिकाओं की दृष्टि में 'सोइ कुलीन सोई बड़ भागिनी, जो तुव सन्मुख रहे सदाई।' उनके इस दृढ़ निश्चय को सुनकर श्रीकृष्ण उन पर अनुग्रह करते हैं और तब रासलीला प्रारम्भ होती है। इस लीला का रहस्य क्या है? बल्लभ दर्शन के अनुसार, भगवान् के आनन्दरूप के तिरोभाव से जीव-भाव का उदय हुआ है। अत: जीव का चरम लक्ष्य है– आनन्द की प्राप्ति। भगवान् रस रूप हैं, आनन्द रूप हैं। उनसे तादात्म्य ही जीवन की सार्थकता है। सामान्यत: जीव अविद्या से ग्रस्त रहता है। अविद्या विद्या से नष्ट होती है और तब भक्ति का उदय होता है। भक्ति दो प्रकार की मानी गयी है– मर्यादा भक्ति और पुष्टि भक्ति। बल्लभाचार्य ने 'पुष्टि भक्ति' को श्रेष्ठ माना है। पुष्टि का अर्थ है– भगवान् का अनुग्रह– 'पोषणं तदनुग्रह:' (भागवत २।१०।४)। पुष्टि भक्ति ही सभी कार्यों की नियामक है। भक्ति में एक ऐसी अवस्था आती है, जब भगवान् स्वयं आकृष्ट होकर अनुग्रह करता है। इसी को आगम में 'शक्तिपात' कहते हैं। श्रीकृष्ण के मन में रासलीला का भाव जाग्रत होने का यही रहस्य है। गोपबालाओं के वन में पहुँचने पर कृष्ण उनकी परीक्षा क्यों लेते हैं? वस्तुत: पुष्टि-भक्ति का आधार गीता का वह श्लोक है, जिसमें कहा गया है कि सब धर्मों को छोड़कर केवल मेरी शरण में आ। मैं तेरे सभी पापों को दूर कर दूँगा। तू शोक मत कर–

सर्व धर्मान् परित्यज्य मामेकं शरणं ब्रज।
अहं त्वा सर्व पापेभ्यो मोक्षयिष्यामि मा शुच:।। (गीता-१८।६६)

यहाँ 'धर्म' शब्द विशेष रूप से विचारणीय है। धर्म 'धृ' धातु से निष्पन्न है, जिसका अर्थ है– धारण करना। जीव ने जो कुछ धारण कर रखा है (What ever hold on to), जितने प्रकार के बंधन हैं, सभी का त्याग करके उसे भगवत्शरण में जाना चाहिए। ऐसी स्थिति आने पर ही भगवदनुग्रह होता है। यही भक्ति का लक्षण है– 'भक्ति निष्ठा तदा ज्ञेया यदा कृष्ण: प्रसीदति' (तत्व. नि. का.–१७)।

जब गोपिकाएँ सारे बंधन तोड़ लेती हैं, लौकिक-वैदिक मर्यादाओं से परे हो जाती हैं, संसारातीत हो जाती हैं, तब प्रभु का उन पर अनुग्रह होता है और रासलीला प्रारम्भ होती है। उनके पूर्ण समर्पण से प्रसन्न होकर कृष्ण कहते हैं– 'ये मेरे अतिरिक्त अन्य किसी को नहीं जानतीं। ये विश्व की मर्यादा एवं लोक-लज्जा तिनके से भी हीन मानती हैं। इन्होंने मुझे सत्य रूप में पहचाना है। इनके हृदय में छल नहीं है।' सूर के शब्दों में–

मोहि बिना ये और न जानैं।
बिधि मरजाद लोक की लज्जा तृन हूँ तैं घटि मानैं।।
इति मोकौं नीकैं पहिचान्यौ कपट नहीं उर राख्यौ।
साधु साधु पुनि पुनि हरषित ह्वै मनहीं मन यह भाष्यौ।।

(पद-१०३२)

ब्रजनारियों का तप पूरा हुआ। उन्हें उसका फल मिला। कृष्ण कहते हैं– 'तुम लोग चित्त प्रसन्न करो, दु:ख छोड़ दो। मैं रासक्रीड़ा का विधान करता हूँ, सब लोग मिलकर आनन्द उठाओ'–

कियौ जिहि काज तप घोष नारी।
देहुँ फल हौं तुरत लेहु तुम अब घरी हरष चित करहु दुख देहु डारी।।

रास रस रचौं मिलि संग बिलसौ सबै विहँसि हरि कहीं जो निगम बानी।
हँसत मुख मुख निरखि बचन अमृत बरषि कृपा रस भरे सारंगपानी।।
(पद-१०३५)

यह रास सामान्य नहीं है। सभी जीव इसमें भाग लेने के अधिकारी भी नहीं हैं। इस रास की अधिकारिणी तो केवल गोपिकाएँ हैं। इसका मर्म वही समझ पाता है, जिस पर प्रभु का अनुग्रह हो और तत्त्व-ज्ञान होने पर जीव जब इसमें भाग लेता है, तो उसे ब्रह्मानन्द से भी श्रेष्ठ आनन्द की अनुभूति होती है। सूर के शब्दों में– 'यह अपार रस रास उपायो सुन्यो न देख्यौ नैन।' उन्होंने अन्यत्र रास की महिमा का उल्लेख इन शब्दों में किया है–

रास रस रीति नहिं बरनि आवै।
कहाँ वैसी बुद्धि कहाँ वह मन लहौ कहाँ यह चित्त जिय भ्रम भुलावै।।
जौ कहौं कौन मानै जो निगम अगम कृपा बिनु नहीं या रसहिं पावै।
भाव सो भजै बिनु भाव मैं ये नहीं भावहिं माँहि ध्यानहिं बसावै।।
(पद-१००६)

यह रासलीला अनिर्वचनीय है। सामान्य व्यक्ति की समझ से परे है। इस रस को भगवद्-अनुग्रह के बिना प्राप्त करना नितान्त असम्भव है। जिसमें सच्ची भक्ति होती है और उस भाव में सच्चा ध्यान लगता है, वही उसे पा सकता है। बिना भाव के उसकी प्राप्ति असम्भव है। इस रास के समक्ष शिव की समाधि भंग हो जाती है, देवता और ऋषि-मुनि भी मोहित हो जाते हैं– 'सुर नर मुनि मोहित सब कीन्हें, शिवहिं समाधि भुलान्यो।' देवगण अपनी बधुओं समेत विमान में चढ़कर इस अलौकिक दृश्य को देखते हैं और जय-जयकार करते हैं– 'धनि ब्रज लोग धन्य ब्रज बाला, बिहरत रास गुपाल। धनि बंसी वट धनि जमुना तट, धनि धनि लता तमाल।।'

रासलीला के प्रारम्भ में श्रीकृष्ण ने मुरलीवादन किया था। उसके स्वर से आकृष्ट होकर ही गोपिकाएँ दौड़कर आई थीं। मुरली का भी आध्यात्मिक महत्त्व है। सूरदास ने मुरली पर अनेक पदों की रचना की है। श्रीमद्भागवत में 'वेणुगीत' नाम से इसका वर्णन है। वेणुगीत से भगवान् के नामात्मक स्वरूप का बोध होता है। कृष्ण के द्वारा मुखरित मुरली की ध्वनि चराचर को मोहित करती है। जीव उसमें तन्मय हो जाता है। उसकी सांसारिक आसक्ति नष्ट हो जाती है। महाप्रभु बल्लभाचार्य ने 'वेणु' की व्याख्या करते हुए कहा है– 'व' का तात्पर्य है– ब्रह्मसुख, 'इ' का अर्थ है– सांसारिक सुख और 'अणु' का अर्थ है– नगण्य। इस प्रकार, वेणु वह साधन है, जिसकी ध्वनि सुनने से जीव को सांसारिक सुख तुच्छ प्रतीत होने लगता है और वह अतीन्द्रिय आनन्द में लीन हो जाता है। इस मुरली-ध्वनि को सुनकर बैकुण्ठ स्थित नारायण भी चकित हो जाते हैं और लक्ष्मी से कहते हैं कि वह वृन्दावन-धाम धन्य है, जहाँ कृष्ण विलास करते हैं। वैसा आनन्द तीनों लोकों में नहीं है–

मुरली धुनि बैकुण्ठ गई।
नारायण कमला सुनि दंपति अति रुचि हृदय भई।।
सुनौ प्रिया यह बानी अद्भुत वृन्दावन हरि देखौ।
धन्य धन्य श्रीपति मुख कहि कहि जीवन ब्रज कौ लेखौ।।
रास बिलास करत नंद नंदन सो हमतैं अति दूरि।
धनि बन धाम धन्य ब्रज धरनी उड़ि लागै जौ धूरि।।
(पद-१०६४)

मुरली-ध्वनि का प्रभाव सर्वव्यापी है। इसके श्रवण से चेतन जड़ हो जाते हैं और जड़ चेतन। इसका स्वर स्वर्ग, पाताल और दसों दिशाओं में व्याप्त हो जाता है–

जब हरि मुरली नाद प्रकास्यौ।
जंगम जड़ थावर चर कीन्हे पाहन जलज बिकास्यौ।।
स्वर्ग पताल दसौं दिसि पूरन ध्वनि आच्छादित कीन्हौ।
निसि हरि कल्प समान बढ़ाई गोपिनि कौ सुख दीन्हौ।। (पद-१०६६)

इस प्रकार, रास का लौकिक-आध्यात्मिक– दोनों दृष्टियों से विशेष महत्त्व है। लौकिक दृष्टि से यह अत्यन्त जनप्रिय लोकनृत्य रहा है। इस अवसर पर विशेष प्रकार के गीत गाए जाने तथा विविध प्रकार के वाद्य-वादन की भी परम्परा रही है। सूरदास भी रासलीला के अवसर पर गान और वाद्य-वादन का उल्लेख करते हैं। श्याम ताल देते हैं और ब्रजांगनाएँ नाचतीं हैं। श्रीकृष्ण अपने ओष्ठ पर उपंग नामक वाद्य धारण कर नई-नई तानें निकालते हैं। मँजीरा, पखावज, रबाब, वीणा और सारंगी से संगीत-रस प्रवाहित हो रहा है, जिसमें मृदंग का शब्द भी गुञ्जित हो रहा है–

उघटत स्याम नृत्यति नारि।
धरे अधर उपंग उपजै लेत हैं गिरिधारि।।
ताल मुरज रबाब बीना किन्नरी रस सार।
सबद संग मृदंग मिलवत सुघर नंद कुमार।।

(पद-१०५९)

शारदीय रास के साथ ही सूरदास ने 'वासंती रास' का भी वर्णन किया है। वासंती रास को 'फागु' भी कहते हैं। वसंत ऋतु में गाए जाने के कारण और शारदीय रास के अन्तर का बोध कराने के निमित्त इसे 'फागु' कहा गया। 'फागु' शब्द संस्कृत के 'फल्गु' से निष्पन्न है, जिसके कई अर्थ मिलते हैं, जैसे– वसंत ऋतु, वसंतोत्सव, होली आदि। फाल्गुन वसंत ऋतु का एक महीना भी होता है। इस प्रकार, फागु का सम्बन्ध फागुन महीने में होली के अवसर पर अथवा वसंत के उल्लासमय वातावरण में गाये जाने वाले गीत से प्रतीत होता है। उत्तर भारत में अब भी वसंत और होली के अवसर पर फागु या फगुआ गाए जाने का प्रचलन है। नृत्य और गीत उसके प्रधान तत्त्व होते हैं। ११वीं-१२वीं शताब्दी में हिन्दी में अनेक फागु काव्य लिखे गये, जैसे– वसंत विलास फागु, भ्रमरगीत फागु, हरिविलास फागु, विरह देसाउरी फागु आदि। सूरदास ने भी इसी परम्परा में वासंती रास अथवा फागु का चित्रण किया है। वसंत ऋतु के मादक वातावरण में गोपबालाओं तथा कृष्ण के मध्य आयोजित इस मनोरम लीला के विविध चित्र सूरसागर में मिलते हैं, जैसे–

आयौ आयौ पिय ऋतु वसंत। दंपति मन सुख बिरह अंत।
फागु खेलावहु संग कंत। हा हा करि तृन गहति दंत।।

× × ×

इत श्री राधा उत श्री गिरिधर, इत गोपी उत ग्वाल।
खेलत फागु रसिक ब्रज बनिता, सुन्दर स्याम तमाल।।

× × ×

हरि संग खेलति हैं सब फाग।
इहिं मिस करति प्रगट गोपी, उर अंतर कौ अनुराग।।

वस्तुत: सूरदास में भी तुलसीदास के समान लोक-वेद का समन्वय मिलता है। उन्होंने लौकिक रीतियों को अध्यात्म के उच्च धरातल पर प्रतिष्ठित किया है। फागु की लोक-प्रचलित क्रीड़ा को भी उन्होंने भक्ति-तत्त्व से समन्वित कर दिया है। उनकी दृष्टि में यह रास सामान्य नहीं है। वृन्दावन ही वह बैकुण्ठ है, जो प्रभु का नित्य लीलाधाम है। बैकुण्ठ का तात्पर्य है– 'विगता कुण्ठा यस्मात्' अर्थात् जीवन की वह अवस्था, जिसमें सभी कुण्ठाएँ समाप्त हो गयी हैं। ब्रजबालाएँ समस्त कुण्ठाओं से परे हैं और शाश्वत आनन्द में निमग्न हैं। यह लीला एक समय में नहीं हुई थी, अपितु उसका क्रम निरन्तर चलता रहता है–

नित्य धाम वृन्दावन स्याम। नित्य रूप राधा ब्रज वाम।।
नित्य रास, जल नित्य विहार। नित्य मान, खंडिताभिसार।।
ब्रह्म रूप येई करतार। करन हरन त्रिभुवन येइ सार।।
नित्य कुंज सुख नित्य हिंडोर। नित्यहि त्रिविध समीर झकोर।।

(पद-२८४५)

इस नित्यलीला में भाग लेने का अधिकारी बन जाना ही भक्त के जीवन का लक्ष्य होता है। वैष्णव भक्त प्रभु में अपनी सत्ता का विलीनीकरण नहीं चाहता। उसका लक्ष्य होता है– भगवान् की लीला में सहभागी बनना। इसीलिए वह सालोक्य या सामीप्य चाहता है, सायुज्य या सारूप्य नहीं। वेदान्त के अनुसार, ब्रह्म सत्, चित् और आनन्दमय है। वैष्णव भक्तों ने आनन्द को ही प्रेम या रस माना है। रास का प्रयोजन इसी रस या आनन्द की प्राप्ति है।

सन्दर्भ-सूची

१. नागरी प्रचारिणी पत्रिका (सम्पूर्णानन्द स्मृति अंक), पृष्ठ २२९
२. श्रीमद्भागवत (द्वितीय खण्ड), पृष्ठ ३३०
३. रास और रासान्वयी काव्य, परिचय, पृष्ठ ४
४. **षोडस सहस नारि संग मोहन, कीन्हों सुख अवगाधि।** सूरसागर, पद-१७७४

× × ×

गईं सोरह सहस हरि पै, छाँड़ि सुत पति नेह। सूर., पद-१६२५
५. **सरद निसि देखि हरि हरष पायौ।**
विपिन वृन्दा रमन सुभग फूले सुमन रास रुचि श्याम के मनहिं आयौ।। पद-१९८८

●

रामचरित मानस में राम के भक्तगण

प्रो. श्रद्धा सिंह*

निर्गुण-निराकार ब्रह्म के लिए अज, अनादि, अनंत, अनीह, अखण्ड आदि विशेषताओं की चर्चा की जाती है और और सगुण-साकार ब्रह्म को अवतार के रूप में जाना जाता है, जो निराकार होने के बावजूद आकार धारण करता है– नाम, रूप, गुण, लीला और धाम से सम्बद्ध। इस आकार धारण करने अथवा अवतार लेने का कारण गीता में भगवान् कृष्ण ने अर्जुन को बतलाया है कि–

यदा यदा हि धर्मस्य ग्लानिर्भवति भारत।
अभ्युत्थानमधर्मस्य तदात्मानं सृजाम्यहम्।।
परित्राणाय साधूनाम विनाशाय च दुष्कृताम्।
धर्मसंस्थापनार्थाय सम्भवामि युगे युगे।।

अर्थात् हे भारत! जब-जब धर्म की हानि और अधर्म की वृद्धि होती है, तब-तब मैं अपने रूप को प्रकट करता हूँ। साधु पुरुषों का उद्धार करने के लिए, दूषित कर्म करने वालों का नाश करने के लिए तथा धर्म-स्थापन के लिए मैं युग-युग में प्रकट होता हूँ। परन्तु रामचरित मानस में शिव जी का मत है कि– **'हरि अवतार हेतु जेहि होई। इदमित्थं कहि जान न कोई।'**

अर्थात् हरि के अवतार का कारण 'बस यही है'– ऐसा कोई एक कारण नहीं बताया जा सकता। फिर भी; शास्त्रों का मत तथा स्वयं अपना विचार प्रकट करते हुए वे कहते हैं कि–

जब-जब होइ धरम कै हानी। बाढ़हिं असुर अधम अभिमानी।।
करहिं अनीति जाइ नहिं बरनी। सीदहिं बिप्र धेनु सुर धरनी।।
तब तब प्रभु धरि बिबिध सरीरा। हरहिं कृपानिधि सज्जन पीरा।।
असुर मारि थापहिं सुरन्ह, राखहिं निज श्रुति सेतु।।
जग बिस्तारहिं बिसद जस, राम जनम कर हेतु।।

भगवान् के अवतार का यह कारण गीता के कथन से मिलता-जुलता है। परन्तु शिव जी इतने पर ही नहीं रुकते। आगे यह भी कह देते हैं कि–

सोइ जस गाइ भगत भव तरहीं। कृपासिंधु जन हित तनु धरहीं।।

अर्थात् भगवान् अपने भक्तों के लिए ही शरीर धारण करते हैं। उनके इस कथन की पुष्टि पार्वती से कही गयी उनकी एक अन्य उक्ति से भी होती है–

अगुन अरूप अलख अज जोई। भगत प्रेम बस सगुन सो होई।।

अर्थात् निर्गुण-निराकार ब्रह्म भक्तों के प्रेम-वश सगुण ईश्वर बन जाता है। इसी प्रकार, एक अन्य स्थान पर जब देवता विचार कर रहे थे कि प्रभु को कहाँ पावें, उस समय अवसर पाकर शिव जी ने बतलाया कि–

हरि ब्यापक सर्वत्र समाना। प्रेम तें प्रकट होई मैं जाना।।
देसकाल दिसि बिदिसिहु माहीं। कहहु सो कहाँ जहाँ प्रभु नाहीं।।
अग जग मय सब रहित बिरागी। प्रेम तें प्रभु प्रगटइ जिमि आगी।।

अर्थात् जैसे ताप पाकर दारु से अग्नि पैदा होती है, उसी प्रकार भक्तों का प्रेम देखकर

* आचार्य– हिन्दी विभाग, कला संकाय, काशी हिन्दू विश्वविद्यालय, वाराणसी-२२१००५

भगवान् प्रकट होते हैं। शिव जी ने शास्त्रों के अनुसार गीता का मत प्रकट किया, परन्तु उनका और मानसकार तुलसी का निश्चित मत यही था कि भगवान् केवल भक्तों को सुख देने के लिए ही, उनके प्रेम के वशीभूत होकर मानव रूप धारण करते हैं। वे अन्य अनेक स्थलों पर यही बात दुहराते हैं। जैसे कि–

ब्यापक ब्रह्म निरंजन निर्गुन बिगत बिनोद।
सो अज प्रेम भगति बस कौसल्या के गोद।।
ब्यापक अकल अनीह अज निर्गुन नाम न रूप।
भगत हेतु नाना विधि करत चरित्र अनूप।।

रामचरितमानस के अंत में, उपसंहार के रूप में तुलसी कहते हैं–

ब्यापक अकल अनीह अज निर्गुन नाम न रूप।
भगत हेतु नाना विधि करत चरित्र अनूप।।

देवताओं के गुरु बृहस्पति का भी यही मत है कि–

अगुन अलेप अमान एक रस। राम सगुन भए भगत प्रेम बस।।

स्वयं भगवान् राम ने भी स्वायम्भुव मनु और शतरूपा की प्रार्थना पर 'प्रेम ते प्रकट होइ भगवान्' के सिद्धांत को सार्थक करते हुए, साकार होकर वरदान दिया था कि–

इच्छामय नर बेष सँवारे। होइहउँ प्रकट निकेत तुम्हारे।।
अंसन्ह सहित देह धरि ताता। करिहहुँ चरित भगत सुखदाता।।

और शबरी को विश्वास दिलाया कि–

कह रघुपति सुनु भामिनि बाता। मानहुँ एक भगति कर नाता।।

अर्थात् मैं तो केवल भक्ति का ही नाता मानता हूँ और कोई दूसरा नाता नहीं मानता। अस्तु, भगवान् के अवतार का कारण भी केवल भक्ति के नाते के कारण है। अधम अभिमानी असुरों के विनाश के लिए सर्वशक्तिमान ब्रह्म को साकार होने की कोई आवश्यकता नहीं, बिना साकार हुए भी अधर्मियों का नाश किया जा सकता है। परन्तु भक्तों को सुख देने वाली लीला करने के लिए साकार होना परमावश्यक है और इसी कारण भगवान् राम सगुण रूप धारण भी करते हैं–

भए प्रकट कृपाला दीन दयाला कौसल्या हितकारी
हरषित महतारी मुनि मन हारी अद्भुत रूप बिचारी
.....माता पुनि बोली सो मति डोली तजहुँ तात यह रूपा
कीजै सिसु लीला अति प्रियसीला यह सुख परम अनूपा
सुनि बचन सुजाना रोदन ठाना होइ बालक सुरभूपा

निर्गुण और निराकार ब्रह्म ने जो सगुण और साकार रूप भगवान् राम का धारण किया, वह भक्तों को सुख देने के लिए ही था। अस्तु, भक्तगण राम-कथा के विशेष पात्र हैं। इसलिए रामचरित मानस में भगवान् राम के साथ-ही-साथ भक्त भी हैं और ये भक्त भी एक-दो नहीं, अगणित और असंख्य हैं। उनमें स्त्री भी हैं, पुरुष भी; द्विज भी हैं, शूद्र भी; साधु-सन्यासी भी हैं और गृहस्थ ब्रह्मचारी भी; राजा भी हैं, रंक भी; पशु भी हैं, पक्षी भी; किन्नर-गंधर्व भी हैं और राजर्षि-देवर्षि भी। स्वयं देवी-देवता और राक्षस-राक्षसी भी राम के भक्त हैं।

शिव जी भगवान् राम के सबसे बड़े भक्त हैं। देवर्षि नारद से भगवान् राम ने स्वयं कहा–

कोउ नहिं सिव समान प्रिय मोरे। असि परतीति तजहु जनि भोरे।।

जेहि पर कृपा न करहिं पुरारी। सो न पाव मुनि भगति हमारी।।

मानस के अन्य भक्तों– भरत, लक्ष्मण, हनुमान, सुग्रीव, विभीषण, सीता, अंगद, शबरी, निषाद, काग भुशुण्डि, जटायु, ऋषि-मुनि, देवगण, राक्षस आदि की तरह ही शिव जी की भक्ति भी सेवक-सेव्य भाव की ही है। सेवक के अतिशय कठोर धर्म का उन्होंने पूर्ण निर्वाह किया था। राम की परीक्षा के लिए सीता का छद्म वेश धारण करने वाली सती से उन्होंने प्रीति करना ही छोड़ दिया था। इसके लिए स्वयं आकाशवाणी द्वारा उन्हें साधुवाद मिला था–

जय महेस भलि भगति दृढ़ाई

अस पन तुम्ह बिनु करइ को आना। राम भगत समरथ भगवान्।।

यद्यपि सती का कोई अपराध नहीं था और यदि अपराध था भी, तो केवल यही कि राम को 'नर अनुसारी' कार्य करते देखकर उन्होंने शंका प्रकट की थी कि राम परमेश्वर नहीं हैं और शिव जी के समझाने पर भी उनकी शंका का किसी प्रकार समाधान नहीं हुआ। उन्होंने जो राम की परीक्षा लेने का विचार किया था, वह भी शिव जी की आज्ञा-स्वरूप ही था, क्योंकि स्वयं उन्होंने परीक्षा लेने की बात कही थी–

जो तुम्हरे मन अति संदेहू। तौ किनि जाइ परीछा लेहू।।

परन्तु सती ने जो भगवती सीता का रूप धारण किया था, वही स्वामि-भक्त शिव जी की दृष्टि में अक्षम्य अपराध था। वे मन ही मन विचार करते हैं कि–

जौ अब करउँ सती सन प्रीती। मिटइ भगति पथु होइ अनीती।।

और अंत में संकल्प लेते हैं- **एहि तन सतिहिं भेंट मोहि नाही।**

केवल इतना ही नहीं, दक्ष-यज्ञ में जब सती ने अपना शरीर भस्म किया, तब से शिव जी ने विरक्त भाव से अपने स्वामी राम के चरण-कमलों में ही प्रीति करने का दृढ़ संकल्प ले लिया और ध्यान में चले गए। तब भगवान् राम ने ही प्रकट होकर उनसे विनती की–

अब बिनती मम सुनहु सिव जौ मो पर निज नेहु।

जाइ बिबावहु सैलजहिं यह मोहि मागें देहु।।

तब अनुचित समझते हुए भी स्वामी की आज्ञा का पालन करने के निमित्त उन्होंने पार्वती से विवाह करना स्वीकार किया। स्वयं शिव जी कहते हैं–

कह सिव जदपि उचित अस नाहीं। नाथ बचन पुनि मेटि न जाहीं ।।

सिर धरि आयसु करिअ तुम्हारा। परम धरमु यह नाथ हमारा ।।

स्वामि-भक्ति की इस मर्यादा का केवल शिव जी ही पालन कर सकते थे। तभी तो याज्ञवल्क्य मुनि ने कहा कि–

सिव सम को रघुपति ब्रतधारी। बिनु अघ तजी सती अस नारी ।।

पनु करि रघुपति भगति दिखाई। को सिव सम रामहिं प्रिय भाई ।।

वैसे तो शिव जी शीघ्र ही संतुष्ट होने वाले 'आशुतोष' और 'अवढर दानी' हैं, परन्तु जिनमें राम की भक्ति नहीं, उनपर उनके रोष का ठिकाना नहीं, फिर चाहे वह उनकी प्रिया पार्वती ही क्यों न हों? परन्तु जो राम के भक्त हैं, शिव जी उनका अत्यधिक आदर करते हैं। इसीलिए तो सती को साथ लेकर वे स्वयं कुम्भज ऋषि के पास जाते हैं और काग भुशुण्डि से अत्यधिक सुहृद भाव रखते हैं। राम के भक्तों में जो-जो गुण आवश्यक हैं, शिव जी में वे सभी गुण अपनी पराकाष्ठा

में मिलते हैं।

तुलसीदास ने राम-कथा में शिव-चरित को इतना महत्त्व दिया है, उसका कारण यही जान पड़ता है कि शिव जी को राम का भक्त प्रमाणित किए बिना राम-कथा का समुचित प्रचार नहीं हो सकता था।

भरत और लक्ष्मण जन्म से तो राम के कनिष्ठ भ्राता थे, परन्तु मन-वचन और कर्म से दोनों ही भाई राम के बड़े आज्ञाकारी सेवक और भक्त थे। सेवक-धर्म के असि-धार तुल्य कठोर व्रत का पूर्ण निर्वाह भरत और लक्ष्मण– दोनों भाइयों ने किया– एक ने छाया के समान सर्वदा साथ-साथ रहकर और दूसरे ने सर्वदा दूर-दूर रहकर। भरत ने तो इसकी पराकाष्ठा कर दी थी। ननिहाल से लौटने पर जब उन्होंने अपने प्रभु श्रीराम का वन-गमन सुना, तब उन्हें 'पितु-मरन' भी भूल गया। जननी के प्रति शील और शिष्टाचार का जो परम्परागत धर्म है और जिसका पालन वे राम ही के समान सर्वदा करते रहे हैं, वह भी उन्हें सहसा विस्मरण-सा हो गया। पिता ने उन्हें अवध का राज्य दिया था, यह बात भी वे एकदम भूल गए। गुरु, परिजन और पुरजन का उपदेश जैसे वे सुन ही नहीं पाए। उन्हें उस समय बस एक ही बात याद आ रही थी कि– **'मोहि लगि भे सिय राम दुखारी।'**

और इससे भी बढ़कर एक बात जो उन्हें निरन्तर काँटे के समान खटक रही थी, वह यह थी कि संसार माता की इस कुटिलता में उनकी भी सहमति समझेगा। संसार को तो वे किसी प्रकार समझा नहीं सकते, परन्तु माता कौशल्या के आगे वे अपने को निर्दोष प्रमाणित करने के लिए शपथ खाते हैं कि–

जे अघ मातु पिता सुत मारे। गाइ गोंठ महिसुर पुर जारे।।
जे अघ तिय बालक बध कीन्हें। मीत महीपति माहुर दीन्हें।।
जे पातक उपपातक अहहीं। करम बचन मन भव कबि कहहीं।।
ते पातक मोहिं होऊँ बिधाता। जौ यहु होइ मोर मत माता।।

और स्वामी राम के सामने तो वे अपने को निर्दोष प्रमाणित करने की भी इच्छा नहीं रखते, वरन् सब अनर्थों का मूल अपने को ही मान वे कह उठते हैं–

महि सकल अनरथ कर मूला। सो सुनि समुझि सहिंउँ सब सूला।।
सुनि बन गमन कीन्ह रघुनाथा। करि मुनि बेष लषन सिय साथा।।
बिनु पानहिन्ह पयादेहिं पाएँ। संकरु साखि रहेउँ एहि धाएँ।
बहुरि निहारि निषाद सनेहू। कुलिस कठिन उर भयउ न बेहू।।
अब सबु आखिन्ह देखेउँ आई। जिअत जीव जड़ सबइ सहाई।।
जिन्हहिं निरखि मग साँपिनि बीछी। तजहिं बिषम बिषु तामस छीछी।।
तेइ रघुनंदनु लखनु सिय, अनहित लागे जाहि।
तासु तनय तजि दुसह दुख, दैउ सहावहि काहि।।

मैं ही सारे अनर्थों का मूल हूँ, यह सुन और समझकर मैंने सब दु:ख सहा। (पृ. ४८९, अयोध्या काण्ड)

राम और कौशल्या के सामने अपनी निर्दोषिता प्रमाणित होने पर भी राम का वन-गमन उन्हें काँटे की तरह खल रहा था। गुरु वशिष्ठ ने उन्हें सब प्रकार से नीति और धर्म की शिक्षा दी। माता कौशल्या ने भी उन्हें समझाया–

पूत पथ्य गुरु आयसु अहहीं।
सो आदरिअ करिअ हित जानी। तजिय बिषादु काल गति जानी।।

फिर भी; उन्हें एक भी बात समझ में नहीं आयी, क्योंकि उनका तो निश्चित मत था कि–

हित हमार सिय पति सेवकाई। सो हरि लीन्ह मातु कुटिलाई। (२/१७७)

इस प्रकार, उन्होंने अपनी बात से सबको जीत लिया और अपने सेवक-धर्म का पालन किया। वन जाते समय राम ने जहाँ-जहाँ विश्राम किया था, उस स्थान को भी स्वामी के सम्पर्क से पवित्र जानकर वे दण्डवत प्रणाम करते हैं–

जहँ सिंसुपा पुनीत तर, रघुबर किय बिश्रामु।
अति सनेह सादर भरत, कीन्हेहु दंड प्रनामु।।
कुस सांथरी निहारि सुहाई। कीन्ह प्रनामु प्रदछिन जाई।।
चरन रेख रज आँखिन्ह लाई। बनइ न कहत प्रीति अधिकाई।। (पृ. ४३३)

निषादराज गुह के यहाँ जिस पवित्र अशोक के वृक्ष के नीचे श्रीराम-जानकी ने विश्राम किया था, भरत जी ने वहाँ अत्यन्त प्रेम से आदरपूर्वक दण्डवत किया। कुशों की साथरी देखकर उसकी प्रदक्षिणा कर प्रणाम किया। श्रीराम के चरण-चिह्नों की रज आँखों में लगाई। उस समय प्रेम की अधिकता कहते नहीं बनती।

अपने सेवक-धर्म का पालन करने के प्रति वे इतने निष्ठावान हैं कि 'सुरसरि' पार करके वे पैदल ही चलते हैं। अश्व पर आरूढ़ होने से मना कर देते हैं–

राम पयादेहिं पायँ सिधाए। हम कहँ रथ गज बाजि बनाए ।
सिर भर जाउँ उचित अस मोरा। सबते सेवक धर्म कठोरा ।।

जिस पथ पर राम पैदल ही चले हैं, उस पथ पर रथ, गज पर यात्रा करने का तो प्रश्न ही नहीं। उसपर तो भरत का पैदल चलना भी नितांत अनुचित है, क्योंकि जहाँ स्वामी के चरण पड़े हैं, वहाँ सेवक के चरण नहीं; मस्तक पड़ना चाहिए। यही सेवक धर्म है।

भरत के सेवक-धर्म की सबसे बड़ी परीक्षा भरद्वाज मुनि के आश्रम में हुई थी, जबकि मुनि के आदेश से सभी ऋद्धि-सिद्धियों ने भरत जैसे अतिथि के सत्कार के लिए 'बिधि बिसमय दायकु बिभव' (ब्रह्मा को भी चकित कर देने वाला वैभव) उपस्थित कर दिया। आसन, सेज, सुन्दर वस्त्र, चँदोवे, बगीचे, भाँति-भाँति के पशु-पक्षी, सुगंधित फूल और अमृत के समान स्वादिष्ट फल, खान-पान, कामधेनु, कल्पवृक्ष, सुंदरियाँ, अप्सराएँ आदि। लेकिन वहाँ भरत ने जैसे रात बिताई, उसका वर्णन तुलसी ने एक रूपक के द्वारा अत्यन्त सुन्दर ढंग से किया है–

सम्पति चकइ भरत चक, मुनि आयस खेलवार।
तेहि निसि आश्रम पिंजरा, राखे भा भिनुसार।।

सम्पूर्ण वैभव के बीच रहकर भी सच्चे सेवक भरत ने उसका मन से भी स्पर्श नहीं किया। सम्पत्ति अथवा भोग-विलास की सामग्री चकवी है और भरत जी चकवा हैं और मुनि की आज्ञा खेल है, जिसने उस रात को आश्रम रूपी पिंजड़े में दोनों को बंद कर दिया। किन्तु ऐसे ही सबेरा हो गया। जैसे किसी बहेलिए के द्वारा एक पिंजड़े में रखे जाने के बावजूद चकवी-चकवे का रात को संयोग नहीं होता, वैसे ही भरद्वाज जी की आज्ञा से रात भर भोग की सामग्रियों के साथ रहने पर भी भरत जी ने मन से भी उसका स्पर्श तक नहीं किया। इस प्रकार, रास्ते भर सेवक-धर्म के अति कठोर धर्म का पालन कर वे अपनी अग्नि-परीक्षा के लिए चित्रकूट पहुँचते हैं। राम और

सीता को अयोध्या लौटाने के लिए वे स्वयं भाइयों समेत बनवास के लिए प्रस्तुत हैं और अन्त में प्रभु-पादुका को सिंहासन पर आसीन कर, शीश नवाकर, नंदीग्राम में पर्णकुटी बनाकर, सिर पर जटाजूट और शरीर पर मुनियों का वल्कल वस्त्र धारण कर ऋषियों के कठोर व्रत का आचरण करने लगे। प्रभु-पादुका से आज्ञा माँगकर वे राज-कार्य भी चलाते और साथ ही; मुनि धर्म का पालन भी करते रहते थे।

लक्ष्मण ने भी सेवक-धर्म का पूरा निर्वाह किया। यद्यपि सेवक-धर्म की अग्नि-परीक्षा देने का ऐसा स्वर्ण सुयोग उन्हें प्राप्त नहीं हुआ, जैसा कि शिव जी और भरत को प्राप्त हुआ था, फिर भी; स्वामी की सेवा का जितना अवसर उनके हाथ आया, उसमें उन्होंने कोई भी त्रुटि नहीं की। राम के वन जाने का समाचार सुनते ही वे–

ब्याकुल बिलख बदन उठि धाये।।
कंप पुलक तन नयन सनीरा। गहे चरन अति प्रेम अधीरा।।
कहि न सकत कछु चितवन ठाढ़े। मीनु दीन जनु जल तें काढ़े।।

और जब भगवान् राम ने उन्हें घर पर ही रहकर माता-पिता की सेवा करने का समयानुकूल उपदेश दिया, तब सच्चे सेवक के समान उन्होंने कहा था कि–

नाथ दासु मैं स्वामि तुम्ह, तजहु त कहा बसाइ।।७१

हे नाथ! मैं दास हूँ और आप स्वामी है, आपको छोड़कर मैं कहाँ बसूँगा?

गुरु पितु मातु न जानउँ काहू। कहउँ सुभाव नाथ पतिआहू।।
जहँ लगि जगत सनेह सगाई। प्रीति प्रतीति निगम निजु गाई।।
मोरे सबइ एक तुम स्वामी। दीनबंधु उर अंतरजामी।।
धरम नीति उपदेसिअ ताही। कीरति भूति सुगति प्रिय जाही।।
मन क्रम बचन चरन रति होई। कृपासिंधु परिहरिअ कि सोई।।

आपको छोड़कर मैं गुरु, पिता, माता– किसी को नहीं जानता। जगत में जहाँ तक स्नेह का सम्बन्ध है, प्रेम और विश्वास है, जिनको स्वयं वेद ने गाया है– हे स्वामी! हे दीनबंधु! हे अंतरयामी! मेरे तो वे सब कुछ केवल आप ही हैं। धर्म और नीति का उपदेश तो उसे देना चाहिए, जिसे कीर्ति, विभूति या सद्गति प्यारी हो। किन्तु जो मन, वचन और कर्म से आपके चरणों में ही प्रेम रखता हो, हे कृपासिंधु! क्या वह भी त्यागने के योग्य है?

और लक्ष्मण के इन स्वामिभक्तिमय विनम्र शब्दों में इतना प्रबल सत्य था कि राम उन्हें घर पर नहीं छोड़ सके। वन जाते समय राम और सीता के पीछे-पीछे सेवक-धर्म की मर्यादा का पालन करते हुए वे किस प्रकार चल रहे हैं, इसका अद्भुत दृश्य देखिए–

प्रभु पद रेख बीच बिच सीता। धरति चरन मग चलत सभीता।।
सीय राम पद अंक बराएँ। लखन चलहिं मगु दाहिन लाएँ।। १२२/३

प्रभु श्रीरामचंद्र जी के जमीन पर अंकित होने वाले दोनों चरण-चिह्नों के बीच-बीच में पैर रखती हुई सीता जी, डरती हुई कि कहीं भगवान् के चरण-चिह्नों पर पैर न पड़ जाए, मार्ग में चल रही हैं और लक्ष्मण जी मर्यादा की रक्षा के लिए सीता और राम– दोनों के चरण-चिह्नों को बचाते हुए उन्हें दाहिनी ओर रखकर चल रहे हैं। लक्ष्मण स्वामी और स्वामिनी के चरण-चिह्नों को अपने से दाहिने रखते हुए चलते हैं, इस सीमा तक उन्होंने सेवक-धर्म का निर्वाह किया।

वन में पहुँच कर पर्णकुटी की रचना करना, रात के समय कुटी के द्वार पर प्रहरी बनकर

जागते रहना, स्वामी और स्वामिनी के लिए कंद-मूल-फल आदि की व्यवस्था करना लक्ष्मण का मुख्य कार्य था। जब महापराक्रमी राक्षसों से युद्ध ठन गया, तब उन्होंने बड़ी वीरता और उत्साह से अपना पराक्रम प्रदर्शित किया और इंद्रजीत मेघनाद जैसे दुर्धर्ष योद्धा का संहार किया। इस प्रकार, लक्ष्मण की सेवाएँ अतुलनीय हैं। इसीलिए तो स्वयं भरत को उनसे स्पर्द्धा हुई थी कि–

अहह धन्य लछिमन बड़भागी। राम पदारबिन्दु अनुरागी।।

और भी, **जीवन लाहु लखन भल पावा। सबु तजि राम चरनु मन लावा।।**

लक्ष्मण ने राम के अत्यन्त निकट रहकर और भरत ने उनसे दूर रहकर कठोर सेवक-धर्म का पूर्ण निर्वाह किया।

हनुमान : भरत के पश्चात् राम के भक्तों मे पवनसुत हनुमान का ही नाम आता है। हनुमान के दैन्यभाव से प्रसन्न होकर भगवान् राम ने प्रथम मिलन में ही उन्हें आश्वासन दिया था कि–

सुनु कपि जनि मानसि जिय ऊना। तैं मम प्रिय लक्षिमन तें दूना।।

और उस दिन से हनुमान ने भगवान् की जो सेवा की, वह स्वयं भरत और लक्ष्मण के लिए भी स्पृहणीय थी। सेवक-धर्म के पालन में हनुमान भरत से भी बढ़कर हैं, क्योंकि भरत ने जहाँ केवल मन और वचन से ही कठोरतम सेवक-धर्म का पालन किया; वहाँ हनुमान ने मन, वचन और कर्म– तीनों से उसका पूर्ण निर्वाह किया। राम का कार्य करने के लिए ही हनुमान का अवतार हुआ था। उस सरल-प्रकृति भक्त को अपनी शक्ति और क्षमता का भी ज्ञान नहीं था, इसीलिए परमज्ञानी जामवंत को बतलाना पड़ा था कि–

पवन तनय बल पवन समाना। बुधि बिबेक बिग्याना निधाना।।
कवन सो काज कठिन जग माहीं। जो नहिं होई तात तुम्ह पाहीं।।
राम काज लगि तव अवतारा।

और इतना ज्ञान हो जाने पर हनुमान ने कितने ही अद्‌भुत और अलौकिक कार्य किए– समुद्र लाँघकर सीता की खोज की, अक्षयकुमार आदि प्रचंड राक्षसों का वध कर लंकापुरी का दहन किया और सीता जी से चूड़ामणि चिह्न प्राप्त कर राम के दर्शन किए। उस समय जामवंत ने हनुमान की प्रशंसा करते हुए भगवान् राम से कहा था कि–

नाथ पवनसुत कीन्ह जो करनी। सहसहुँ मुख न जाइ सो बरनी।।

और स्वयं भगवान् राम ने भी प्रसन्न होकर कहा था कि–

सुनु कपि तोहि समान उपकारी। नहिं कोउ सुर नर मुनि तनुधारी।।
प्रति उपकार करौं का तोरा। सनमुख होइ न सकत मन मोरा।।
सुनु सुत तोहि उरिन मैं नाहीं। देखेउँ करि बिचार मन माहीं।।

भगवान् की सेवा तो कितने ही व्यक्तियों ने की थी, परन्तु भगवान् से 'सुत' का सम्बोधन पाने का सौभाग्य केवल हनुमान को ही मिला था। स्वयं जानकी माता ने भी उन्हें 'सुत' कहा था। राम तो हनुमान की इतनी ही सेवा से उऋण नहीं हो सकते, परन्तु आगे चलकर तो उन्होंने और भी कितनी सेवाएँ कीं, लक्ष्मण का जीवन-दान जिनमें मुख्य है।

सुग्रीव और विभीषण

राक्षसराज रावण का छोटा भाई विभीषण और विश्वविश्रुत योद्धा बालि का छोटा भाई सुग्रीव भी भगवान् राम के प्रमुख भक्तों में थे और भगवान् के सखा-रूप में उनकी गणना थी। सुग्रीव और भगवान् राम में पहले मैत्री-सम्बन्ध स्थापित हुआ। एक ने सीता की खोज का भार लिया,

दूसरे ने बालि के बध का। परन्तु यह मित्रता शीघ्र ही भक्ति में परिणत हो गयी, क्योंकि राम का परब्रह्मत्व सुग्रीव से छिपा नहीं रहा। ज्ञानोदय होते ही सुग्रीव ने भगवान् राम से निवेदन किया था कि–

नाथ कृपाँ मन भयउ अलोला।
सुख सम्पति परिवार बड़ाई। सब परिहरि करिहउँ सेवकाई।।
ए सब राम भगति के बाधक। कहहिं संत तव पद अवराधक।।

परन्तु सुग्रीव अभी तक भगवान् का प्रिय भक्त नहीं बन सका था, क्योंकि यद्यपि उसे राम के परब्रह्मत्व का आभास तो मिल गया था, परन्तु अपनी दीनता का बोध उसे अभी भी नहीं हुआ था। उसमें उस दैन्यभाव का अभाव था, जिसके बिना कोई भी राम का प्रिय नहीं बन सकता। परन्तु उसे अपनी दीनता का ज्ञान प्राप्त करने में भी अधिक विलम्ब नहीं हुआ। राज्य, कोष, पुर और पत्नी पाकर जब सुग्रीव ने राम की सुधि भुला दी, तब किष्किन्धापुरी में क्रुद्ध लक्ष्मण को देखकर उसे अपनी दीनता का बोध हुआ। भगवान् राम के सामने आकर उसने अपनी दीनता प्रकट की थी कि–

अतिसय प्रबल देव तव माया। छूटइ राम करहु जौं दाया।।
बिषय बस्य सुर नर मुनि स्वामी। मैं पाँवर पसु कपि अति कामी।।
नारि नयन सर जाहि न लागा। घोर क्रोध तम निसि जो जागा।।
लोभ पाँस जेहिं गर न बधाया। सो नर तुम्ह समान रघुराया।।
यह गुन साधन तें नहिं हो। तुम्हरी कृपा पाव कोइ को।।

और यह दीन बचन सुनकर भगवान् ने उसे आश्वासन दिया था कि–

तुम प्रिय मोहि भरत जिमि भाई।

और फिर तो वह सभी बानरों को उपदेश करता है कि–

देह धरे कर यह फलु भाई। भजिअ राम सब काम बिहाई।।
सोइ गुनग्य सो बड़भागी। जो रघुबीर चरन अनुरागी।।

कपिराज सुग्रीव को भगवान् ने उसके पद और गौरव के अनुकूल सखा का पद दिया था और सभी कार्यों में वे उससे परामर्श लिया करते थे। विभीषण जब पहले-पहल भगवान् राम से मिलने आये थे, तब राम ने सुग्रीव से ही राय ली थी कि–

(कह प्रभु) सखा बूझिए काहा।

और सुग्रीव ने भी अपनी नीतिमत्ता का परिचय देते हुए सम्मति दी थी कि–

जानि न जाइ निसाचर माया। कामरूप केहि कारन आया।।
भेद हमार लेन सठ आवा। राखिय बाँधि मोहि अस भावा।।

परन्तु विभीषण के आ जाने से मंत्र देने का कार्य विभीषण ही करने लग गए, क्योंकि राजनीति का ज्ञान उसमें विशेष था और सुग्रीव केवल सखा मात्र रह गए।

बल, बुद्धि, विक्रम तथा भक्ति-भावना में हनुमान ही कपियों में प्रधान थे, इसी कारण हनुमान के सामने सभी भक्तों का महत्त्व कम हो गया था। फिर भी; भगवान् राम सुग्रीव का आदर सबसे अधिक करते थे। इसीलिए सुबेल शैल पर भगवान् सुग्रीव की गोद में सिर रखकर विश्राम करते दिखाए गए हैं और रामराज्य के पश्चात् जब सब सखाओं की विदाई होने लगी, तत्र सुग्रीव को ही सर्वप्रथम वस्त्राभूषण पहनाया गया था–

सुग्रीवहिं प्रथमहि पहनाए। बसन भरत निज हाथ बनाए।।

सुग्रीव को राम के परब्रह्मत्व और अपनी दीनता का ज्ञान भगवान् राम से मिलने के पश्चात् ही हुआ था, परन्तु इसके विपरीत विभीषण को राम से मिलने के पहले ही उनके परब्रह्मत्व का पूर्ण ज्ञान था। इसीलिए तो उसने रावण को समझाया था कि–

तात राम नहि नर भूपाला। भुवनेस्वर कालहुँ कर काला।।
ब्रह्म अनामय अज भगवंता। व्यापक अजित अनादि अनंता।।
गो द्विज धेनु देव हितकारी। कृपासिंधु मानुष तन धारी।।
जन रंजन भंजन खल त्राता। वेद धर्म रच्छकु सुनु भ्राता।।
ताहि बयरु तजि नाइअ माथा। प्रनतारति भंजन रघुनाथा।।

और साथ ही; उन्हें अपनी दीनता का भी पूर्ण ज्ञान था। इसीलिए तो लंका में जब हनुमान से अचानक भेंट हो गई, तो उन्होंने पूछा था कि–

तात कबहुँ मोहिं जानि अनाथा। करिहहिं कृपा भानु कुल नाथा।।
तामस तनु कछु साधन नाहीं। प्रीति न पद सरोज मन माहीं।।

और भगवान् के सामने पहुँचकर उन्होंने अपनी दीनता ही प्रदर्शित की थी कि–

नाथ दसानन कर मैं भ्राता। निसिचर बंस जनम सुरत्राता।।
सहज पापप्रिय तामस देहा। जथा उलूकहिं तम पर नेहा।।

अस्तु, विभीषण के लिए भगवान् राम की शरण में जाने के अतिरिक्त और कोई दूसरा मार्ग ही न था । यह सत्य है कि रावण, कुम्भकर्ण, मारीच आदि अन्य राक्षसों को भी राम के परब्रह्मत्व का ज्ञान था, परन्तु उन्होंने राम की शरण में जाने का कभी विचार भी नहीं किया, वरन् भगवान् के बाणों से मृत्यु पाना ही अधिक श्रेयस्कर समझा। रावण, कुम्भकर्ण आदि में जहाँ राम के परब्रह्मत्व का ज्ञान था, वहाँ अपनी दीनता का बोध तनिक भी नहीं था, इसीलिए उन्होंने वैर-भाव से भक्ति करने का विचार किया। परन्तु विभीषण को अपनी दीनता का भी पूर्ण ज्ञान था और भगवान् की भक्त-वत्सलता और शरणागत-वत्सलता पर भी पूर्ण विश्वास था। भगवान् राम की शरण में जाने में जो उन्होंने इतना विलम्ब किया, उसका कारण सम्भवत: यही था कि अपनी दीनता और हीनता के कारण उन्हें भगवान् के पास जाने में संकोच हो रहा था। परन्तु जब हनुमान ने उन्हें राम की यह विशेषता बतायी कि–

सुनहु बिभीषण प्रभु की रीती। करहिं सदा सेवक पर प्रीती।।

और अपना उदाहरण देकर समझाया कि–

प्रात लेइ जो नाम हमारा। तेहि दिन ताहि न मिले अहारा।।
अस मैं अधम सखा सुनु, मोहू पर रघुबीर।
कीन्हीं कृपा सुमिरि गुन, भरे बिलोचन नीर।।

तब उसे कुछ साहस हुआ और वह भगवान् की शरण में आए। शरणागत-वत्सल भगवान् ने भक्त के दीन वचन सुन उन्हें गले से लगा लिया और भक्त की इच्छा न रहते हुए भी अपने अमोघ दर्शन की मर्यादा की रक्षा के लिए विभीषण को लंका का राज्य दिया। जो सम्पदा रावण ने शिव जी को अपने दशों शीश चढ़ाकर प्राप्त की थी, वह सम्पदा विभीषण को सहज ही में, केवल दीन वचन कहने से मिल गये।

विभीषण नीति-निपुण और ज्ञानी तो थे ही, साथ-साथ वह संत और सज्जन भी चित्रित किए गए हैं। स्वयं भगवान् ने उससे कहा था कि–

तुम सारिखे संत प्रिय मोरें। धरउँ देह नहिं आन निहोरें।।
सगुन उपासक परहित, निरत नीति दृढ़ नेम।
ते नर प्रान समान मम, जिन्ह के द्विज पर प्रेम।।
सुनु लंकेस सकल गुन तोरें। तातें तुम अतिसय प्रिय मोरें।।

भारतीय नीति-परम्परा में विभीषण कुलद्रोही माने गए हैं। कहावत भी है– 'घर का द्रोही, लंका ढाए' और इसका संकेत विभीषण की ही ओर है। परन्तु भक्ति-परम्परा में भगवान् राम की जिस पर कृपा हो, वह सन्त और सज्जन छोड़ कुलद्रोही हो ही कैसे सकता है? इसीलिए विभीषण को भी संत और सज्जन बनाने की नितांत आवश्यकता जान पड़ी। साधारण व्यक्तियों के कहने से विभीषण को सज्जन और संत के रूप में स्वीकार नहीं किया जा सकता था; इसीलिए स्वयं भगवान् राम के श्रीमुख से उन्हें संत, सज्जन और गुणनिधान कहलाया गया है। विपत्ति के अवसर पर पिता-तुल्य बड़े भाई के त्याग का महापातक जो उन्होंने किया था, वह भी गुण बनाकर दिखाया गया है। विनय-पत्रिका में तुलसीदास जी लिखते हैं कि–

जाके प्रिय न राम बैदेही।
तजिए ताहि कोटि बैरी सम यद्यपि परम सनेही।।
पिता तज्यो प्रहलाद, विभीषण बंधु, भरत महतारी।।
बलि गुरु तज्यो, कंत ब्रज बनितन, भए सब मंगलकारी।।

राम का भक्त होने के कारण ही विभीषण को संत और सज्जन, ज्ञानी और कुलरक्षक कहा गया है, क्योंकि मानसकार का तो निश्चित मत है कि–

सोइ सर्वग्य गुनी सोइ ग्याता। सोइ महि मंडित पंडित दाता।।
धर्म परायन सो कुल त्राता। राम चरन जाकर मन राता।।

ऋषि और मुनि– तुलसीदास ने राम-भक्तों की जो विशद् प्रदर्शनी प्रस्तुत की है, उसमें वशिष्ठ और विश्वामित्र, अत्रि और अगस्त्य, सुतीक्ष्ण और शरभंग, भरद्वाज और वाल्मीकि जैसे ज्ञान और तपस्या के प्रतीक ऋषि और मुनि भी हैं। इन्हें राम का भक्त बनाकर मानसकार ने ज्ञान और तप के ऊपर भक्ति की विजय प्रदर्शित की है। ये ज्ञानी ऋषि और तपस्वी मुनि अपनी साधना और तपस्या के बल पर निगम-निरूपित 'नेति' के रूप में ब्रह्म का अनुभव प्राप्त कर चुके हैं, फिर भी; ब्रह्म के सगुण स्वरूप राम के ऊपर भी उनकी अनुरक्ति है।

राक्षस– सत्त्वगुण प्रधान ऋषि-मुनि और देवता तथा रजोगुण प्रधान सुग्रीव, हनुमान आदि भक्तों के अतिरिक्त तमोगुण प्रधान राक्षसवृंद भी राम के भक्तों में आते हैं। भेद केवल इतना है कि ये तामसी प्रवृत्ति के राक्षसगण भरत और लक्ष्मण, हनुमान और अंगद की भाँति दास्यभाव की भक्ति करने में असमर्थ होने के कारण अपनी प्रकृति के अनुरूप वैर-भाव से भगवान् का स्मरण करते हैं। खर-दूषण आदि के बध का समाचार सुनकर राक्षसराज रावण अपने मन में विचार करता है कि–

खर दूषण मो सम बलवंता। तिन्हहिं को मारे बिनु भगवंता।।
सुर रंजन भंजन महि भारा। जौं जगदीस लीन्ह अवतारा।।
तौं मैं जाइ बयरु हठि करऊँ। प्रभु सर प्रान तजें भव तरऊँ।।
होइहि भजनु न तामस देहा। मन क्रम बचन मंत्र पढ़ एहा।
जौ नर रूप भूपसुत कोऊ। हरिहउँ नारि जीति रन दोऊ।।

(अरण्य काण्ड–२२/१,२,३)

खर-दूषण तो मेरे ही समान बलवान थे। उन्हें भगवान् के सिवा कौन मार सकता है? देवताओं को आनन्द देने वाले और पृथ्वी का भार हरण करने वाले भगवान् ने ही यदि अवतार लिया है, तो मैं जाकर हठपूर्वक उनसे वैर करूँगा और प्रभु के बाण से प्राण छोड़कर भवसागर से तर जाऊँगा। इस तामस शरीर से भजन तो न होगा; अतएव मन, वचन और कर्म से यही दृढ़ निश्चय है।

तामसी प्रकृति के अभिमानी राक्षस वैर-भाव से भगवान् को भजते हैं और स्वयं भगवान् राम भी वैर-भाव से स्मरण करने वाले इन राक्षसों को परमपद देकर उन्हें अपना भक्त स्वीकार करते हैं।

भगवान् की समुचित भक्ति के लिए केवल उनके परब्रह्मत्व का ज्ञान ही पर्याप्त नहीं है, साथ ही; अपनी दीनता और हीनता का भी बोध होना आवश्यक है। परन्तु यह दैन्य-भाव सत्त्वगुण की प्रधानता से ही सम्भव है। इसी कारण, राक्षसों को जहाँ यह आभास अवश्य मिल जाता है कि राम परब्रह्म परमेश्वर ही हैं, मनुष्य नहीं; वहीं वे दैन्य-भाव के अभाव में भक्ति करने में असमर्थ ठहरते हैं। जिनके हृदय में काम, क्रोध आदि षड्रिपुओं का निवास है, वे दास्यभाव की भक्ति कर ही कैसे सकते हैं? अस्तु, वे भगवान् से वैर ठानकर अपने अभिमान की भी तुष्टि करते हैं और भगवान् के हाथों मृत्यु पाकर परमपद के भी अधिकारी बनते हैं । रावण के मुख से सारी कथा सुनकर निद्रा से उठा हुआ कुम्भकर्ण इतना तो समझ ही लेता है कि राक्षसराज ने जिससे शत्रुता ठानी है, उसकी सेवा शिव, विरंचि और देवतागण भी करते हैं। अस्तु, रावण की खोट (अहह बंधु तैं कीन्ह खोटाई) के लिए वह उसकी भर्त्सना भी करता है और अनुज विभीषण को राम की शरण में जाने के लिए साधुवाद भी देता है कि–

धन्य धन्य तैं धन्य विभीषण। भयउ तात निसिचर कुल भूषण।।
बंधु बंस तैं कीन्ह उजागर। भजेहु राम सोभा सुख सागर।।

परन्तु स्वयं वह न तो विभीषण की भाँति राम की शरण में जाने का विचार करता है, न भगवान् का भजन कर अपना लोक-परलोक सुधारने की बात ही सोचता है, वरन् इसके विपरीत–

महिष खाइ करि मदिरा पाना। गर्जा बज्राघात समाना।।
कुंभकरन दुर्मद रन रंगा। चला दुर्ग तजि सेन न संगा।।

रावण भी इसी प्रकार भगवान् राम के वास्तविक स्वरूप का आभास पा हठ करके भगवान् से वैर मोल लेता है। मारीच, विभीषण, कालनेमि, मंदोदरी और कुम्भकर्ण तर्क और अनुमान से राम के भगवान् होने की बात उसे समझाते हैं, परन्तु वे स्वयं नहीं जानते कि राक्षसराज इन सभी बातों को भली-भाँति जानता है और जान-बूझकर ही उसने वैर मोल लिया है। अस्तु, जो उससे राम की वीरता और परब्रह्मत्व की बात कहता है, उससे वह अपने अद्भुत बल-वीर्य की बड़ाई किया करता है और इस प्रकार, अपने अहंकार और वैर-भाव को सदैव जाग्रत रखता है। विभीषण और मंदोदरी ने रावण को समझाने के लिए सबसे अधिक प्रयत्न किए थे। विभीषण का उपदेश सुनकर तो ज्ञानी राक्षसराज क्रुद्ध हो उठा–

खल तोहि मृत्यु निकट होइ आई।
जिअसि सदा सठ मोर जिआवा। रिपु कर पच्छ मूढ़ तोहि भावा।।
कहसि न खल अस को जग माहीं। भुजबल जाहि जिता मैं नाहीं।।
निज भुजबल मैं बयरु बढ़ावा। देहउँ उतरु जो रिपु चढ़ि आवा।।

और लात मारकर उसे निकाल भी दिया। परन्तु मंदोदरी का तर्क और उपदेश सुनकर वह

प्राय: निरुत्तर हो जाता था। फिर भी; अन्त समय तक रावण ने अपने अभिमान और वैर-भाव को जाग्रत रखा। कुम्भकर्ण और मेघनाद आदि योद्धाओं की मृत्यु के पश्चात् जब राक्षस-सेना निराश और भयभीत हो चली थी, उस समय भी रावण ने यही कहा था–

निज भुजबल मैं वयरु बढ़ावा। देहउँ उतरु जो रिपु चढ़ि आवा।।

और इस हठ-वैर के कारण अंत में उसे परमपद की प्राप्ति हुई, जिसकी याचना योगी लोग भी किया करते हैं।

सीता जी–मानस के राम यदि परब्रह्म परमेश्वर हैं, तो सीता जी भी आदि शक्ति हैं। भगवान् ने आकाशवाणी के रूप में देवताओं से पहले ही बतला दिया था कि– **'परम सक्ति समेत अवतरिहउँ।'** यह परम शक्ति अथवा आदि शक्ति और कोई नहीं, स्वयं ब्रह्म की माया ही हैं। भगवान् की शक्तिरूपा माया होने के कारण वे भगवान् को भी जानती हैं और स्वयं को भी। अज्ञानी जीव उन्हें किसी प्रकार नहीं जान सकता। सीता सब कुछ जानकर भी लौकिक नारी का अभिनय कर रही हैं। अस्तु, भगवान् राम ने ज्यों ही उन्हें आज्ञा दी कि–

सुनहु प्रिया ब्रत रुचिर सुसीला। मैं कछु करब ललित नर लीला।।
तुम्ह पावक महँ करहु निवासा। जौ लगिं करौं निसाचर नासा।।

तब प्रभु के चरणों को हृदय में धारण कर वे अग्नि में समा गईं और अपनी छाया-मूर्ति को प्रभु के पास छोड़ दिया। उस छाया-मूर्ति को स्वयं लक्ष्मण तक ने वास्तविक सीता ही समझा। यही छाया-मूर्ति लक्ष्मण से मर्म वचन कहती है, रावण द्वारा हरी जाकर अशोक वाटिका में निवास करती है, राम-विरह में दीन और मलीन, रावण तथा राक्षसियों द्वारा त्रस्त हो कष्टपूर्वक दिन काटती है और अंत में रावण-वध के पश्चात् करुणानिधान भगवान् राम के दुर्वाद श्रवण पर अग्नि में अपने लौकिक कलंक सहित भस्म हो जाती है।

मानस में राम की भक्ति करने वाली सीता भी हैं। वह सीता वास्तविक सीता नहीं, उनकी छाया-मूर्ति हैं। जो भगवान् की आदि शक्ति माया हैं, वह उनसे अलग कैसे हो सकती हैं? और रावण जैसा तुच्छ राक्षस भगवान् की शक्ति-हरण में कैसे समर्थ हो सकता है? परन्तु लीला करके भक्तों को सुख देने वाले भगवान् के लिए नारद का शाप अंगीकार करने के कारण नारि-विरह का दु:ख भोगना आवश्यक था। इसलिए छाया-मूर्ति की सहायता से उन्हें लीला करनी पड़ी। यह छाया-मूर्ति भगवान् राम की अर्द्धांगिनी नहीं, भक्त मात्र हैं। भरत और लक्ष्मण आदि भक्तों की भाँति यह सीता राम की भक्त हैं और नित्य भगवान् का स्मरण और भजन करती रहती हैं। लंका की अग्नि-परीक्षा में यह छाया-सीता भस्म हो जाती है और अग्निदेव पुन: आदि शक्ति रूपा जगदम्बा जानकी को भगवान् के सम्मुख उपस्थित करते हैं। यह सीता राम की भक्त नहीं, अर्द्धांगिनी हैं। मानवी रूप में उन्होंने पतिव्रता पत्नी की मर्यादा स्थापित की।

इस तरह, मानसकार ने दो सीता की व्यवस्था कर भगवान् राम और भगवती सीता की मर्यादा की रक्षा भी कर ली, साथ ही; उन्होंने लौकिक नारी का पातिव्रत-धर्म और ईश्वर-भक्ति– दोनों का आदर्श एक साथ ही उपस्थित कर दिया।

इसके अतिरिक्त; अंगद, जामवंत, शबरी, निषाद, काग भुशुण्डि, जटायु, जनक, दशरथ आदि सभी राम के भक्त हैं। लौकिक दृष्टि से वे गुरुजन, परिजन, भाई, बंधु, सखा और शत्रु– सबकुछ हैं, परन्तु वास्तव में; वे केवल सेवक और भक्त हैं। रामचरित मानस भक्तों की एक बृहद प्रदर्शनी है।

●

हिन्दी साहित्य में नारी

प्रो. मंजुला राना*

नारी, जिसे आधी दुनिया या आधी आबादी की संज्ञा से विभूषित किया जाता है, वास्तव में; वह एक सर्वनाम है। उसे विशेषण तो बहुत से मिले, परन्तु अपना नाम, अपनी पहचान कभी नहीं मिली। इसी गुमशुदा पहचान को दर्ज करने की पहल ही स्त्री-लेखन का पर्याय है। रोहिणी अग्रवाल के शब्दों में– ''औरतों के नाम खुद औरतों को याद नहीं रहते। उनसे नाम छीन लिए जाते हैं, ताकि कोई अलग पहचान ना बना सके। नामविहीन व्यक्ति चेहराविहीन हो जाता है पहले, फिर भावहीन, विचारहीन, व्यक्तित्वहीन। औरत की पहली लड़ाई अपना नाम पाने की होनी चाहिए। अपनी अलख जगाता, धुनी रमाता नाम।''[१] पुरुष-वर्चस्व में दोयम स्थिति पर जीने वाली नारी की प्रत्येक पहल को नकारने, उसकी सार्थकता पर प्रश्नचिह्न लगाने की कोशिश की गयी, लेकिन तमाम वर्जनाओं के बावजूद जीवन और लेखन– दोनों जगह नारी अपनी सशक्त उपस्थिति दर्ज करवाने में सफल हुई। हिन्दी साहित्य के प्रत्येक युग में स्त्री-रचनाकारों का महत्त्वपूर्ण योगदान रहा, यह बात और है कि शताब्दियों तक साहित्य की मुख्यधारा में नारी के अवदान को रेखांकित नहीं किया गया। इक्का-दुक्का लेखिकाओं को छोड़कर हिन्दी साहित्य के इतिहास में महिला-लेखन का कहीं कोई उल्लेख नहीं है, जबकि संसार के प्राचीनतम ग्रन्थ 'ऋग्वेद' की रचना में बीस विदुषियों का योगदान था। इनमें रोमशा, अपाला, उर्वशी, विश्ववासा, लोपामुद्रा और घोषा प्रमुख हैं। इन विदुषियों ने ईश-आराधना और प्रकृति-चित्रण पर आधारित सूक्तों की रचना करके अपनी प्रखर मेधा का परिचय दिया था। परन्तु स्त्री-प्रश्न का प्रथम लिखित दस्तावेज 'थेरीगाथा' को ही माना जाता है। बौद्ध धर्म के ग्रन्थ 'सुत्तपिटक' के पाँच निकायों में से एक 'खुद्दक निकाय' के नौवें भाग में ७३ बौद्ध भिक्षुणियों की थेरीगाथाएँ संकलित हैं। ''थेरीगाथा सम्भवत: महिलाओं द्वारा रचित सबसे प्राचीन साहित्य है, लगभग पच्चीस सौ वर्ष पुराना। इसमें स्त्रियों की मुक्ति-कामना को तरह-तरह से व्यक्त किया गया है। जो भी बंधन उसे बाँधता है, उसे वह तोड़ना चाहती है। यह प्रयत्न आज भी जारी है। इस संघर्ष को तिथि, वार और वर्ण में नापा नहीं जा सकता।''[२]

मध्यकाल में नाभादास कृत 'भक्तमाल' में उस युग की प्रमुख कवयित्रियों की एक सूची उपलब्ध है, जिसमें सीता, झाली, गौरी, कुँवरि, सतभामा, देवकी, कोली इत्यादि बहुत से नाम संगृहीत हैं, परन्तु इनमें से किसी भी कवयित्री द्वारा लिखित कोई भी कविता उपलबध नहीं है। कविता के क्षेत्र में लल्लेश्वरी, सहजोबाई, दयाबाई तथा जनाबाई के अतिरिक्त जो नाम प्रकाशपुञ्ज बनकर चमकता है, वह है– मीराबाई का। मध्यकाल में मीराबाई का काव्य स्त्री-सरोकारों की समर्थतम अभिव्यक्ति है। ''मीरा के पद अपनी मूल संरचना में उत्कट भावोच्छ्वास में लिखी गयी डायरी की प्रविष्टियाँ हैं।.....मीरा परमुखापेक्षी स्त्री का मिथक तोड़ कर स्वतंत्र निर्णय लेती नई स्त्री-छवि को गढ़ती हैं।''[३] मीराबाई स्त्री की निजता और निर्णय लेने की स्वतंत्रता की पक्षधरता करने वाली पहली महिला रचनाकार थीं। मीरा ने सामाजिक, पारिवारिक और व्यक्तिगत स्तर पर स्त्री की पीड़ा को अपनी कविता के माध्यम से बेबाक रूप से चित्रित किया।

* पूर्व सदस्य– उत्तराखण्ड लोक सेवा आयोग, वरिष्ठ आचार्य– हिन्दी विभाग, हेमवती नंदन बहुगुणा, गढ़वाल केन्द्रीय विश्वविद्यालय, श्रीनगर गढ़वाल, उत्तराखण्ड

मीरा के पश्चात् भारतेन्दु युग में (१८८२ ई.) एक 'अज्ञात हिन्दू औरत' की रचना 'सीमन्तनी उपदेश' उपलब्ध है। यह रचना 'हम' शैली में लिखित है और स्त्री के समुदायगत त्रास और शोषण का उद्घाटन करती है। 'सीमन्तनी उपदेश' स्त्रियों की प्रथम आत्माभिव्यक्ति कही जा सकती है। श्री राजेन्द्र यादव के शब्दों में- ''यह अज्ञात हिन्दू औरत वर्ण-विभाजित पुरुष समाज में स्त्री की असहाय उपस्थिति को पहली बार पाठकों के सामने रखती है।''[४]

एक 'अज्ञात हिन्दू औरत' के बाद 'दु:खिनी बाला' नामक एक और महिला रचनाकार का पता चलता है, जिसके द्वारा लिखित 'सरला : एक विधवा की आत्मजीवनी' जुलाई १९१५ से मार्च १९१६ तक 'स्त्री-दर्पण' पत्रिका में धारावाहिक रूप से प्रकाशित हुई थी। ''आत्मकथा-विधा में लिखी किसी महिला की पहली आत्मकथा 'सरला : एक विधवा की आत्मजीवनी' ही है। यह आत्मकथा समाज में बाल विधवा की स्थिति को दर्शाती है और समाज के उन दोहरे मापदण्डों पर प्रश्न भी उठाती है, जहाँ समान परिस्थितियों में होने पर भी स्त्री और पुरुष– दोनों के लिए अलग-अलग सामाजिक नियम हैं।''[५] उस दौर में 'बंग महिला' के छद्म नाम से लिखने वाली राजेन्द्रबाला घोष हिन्दी की पहली महिला कहानीकार हैं, जिन्होंने 'दुलाई वाली' कहानी लिखी, जो 'सरस्वती' पत्रिका में प्रकाशित हुई थी। यह महिला रचनाकार अपनी पहचान छुपाकर छद्म नामों से लिखती रही। निस्संदेह, औरत ने अपनी पहचान, अपना नाम हासिल करने के लिए एक लम्बी लड़ाई लड़ी है, जो आज भी जारी है।

हिन्दी साहित्य में नारी की सशक्त उपस्थिति बीसवीं शताब्दी में उभर कर सामने आई। बीसवीं शताब्दी के आरम्भ में जानकी देवी, ठकुरानी शिवमोहिनी, गौरादेवी, सुशीला देवी तथा धनवती देवी जैसी रचनाकारों के नाम प्रमुख हैं, जो स्त्री-समस्याओं को अपनी रचनाओं में शब्दबद्ध कर रही थीं। तत्पश्चात् वनलता देवी, सरस्वती देवी, हेमंतकुमारी, प्रियंवदा देवी, मुन्नी देवी भार्गव, शिवरानी देवी तथा विमला देवी चौधरानी ने यथार्थपरक और समाजोन्मुखी लेखन की नींव रखी। होमवती देवी तथा चंद्रकिरण सोनरेक्सा ने अपनी रचनाओं में स्त्री की सामाजिक स्थिति से जुड़े सरोकारों को चित्रित किया।

भारत के स्वतंत्रता-आन्दोलन के दौरान महिला रचनाकारों के लेखन का फलक विस्तृत हुआ और उसमें राष्ट्रीयता की भावना का समावेश हुआ। सुभद्रा कुमारी चौहान, महादेवी वर्मा, सरोजिनी नायडू तथा उषादेवी मित्र जैसी लेखिकाओं ने साहित्य-सृजन के द्वारा स्वतंत्रता-आन्दोलन में अपना योगदान दिया। इनके अतिरिक्त; अमला देवी, हीरा देवी चतुर्वेदी, हंसा मेहता तथा बेगम शीरीं जैसी रचनाकारों ने स्वतंत्रता की उत्कट इच्छा को परिभाषित करने का प्रयास किया। जीवन के प्रत्येक क्षेत्र में पराधीन स्थिति में जीने वाली नारी के लिए स्वतंत्रता के मायने क्या थे अथवा क्या हैं, इसे बहुत आसानी से समझा जा सकता है।

स्वतंत्रता-प्राप्ति के पश्चात् विभाजन की विभीषिका महिला-लेखन में प्रमुखता से उजागर हुई। कृष्णा सोबती की रचनाओं– 'बादलों के घेरे', 'सूरजमुखी अँधेरे के', 'मित्रो मरजानी' तथा 'यारों के यार' में एक नयी स्त्री-छवि की झलक मिलती है और विभाजन से उपजे दु:ख की अनुगूँज भी उसमें स्पष्ट सुनाई देती है। बीसवीं शताब्दी के उत्तरार्द्ध में साहित्यिक परिदृश्य पर नारी-विमर्श के उदय के साथ महिला-लेखन की दशा और दिशा में भारी बदलाव हुआ। शशिप्रभा शास्त्री, मालती जोशी, शिवानी, उषा प्रियंवदा, मन्नू भण्डारी, निरुपमा सेवती, मंजुल भगत, सूर्यबाला, मृणाल पाण्डे, चन्द्रकांता, मैत्रेयी पुष्पा, नासिरा शर्मा, ममता कालिया, मेहरून्निसा परवेज, राजी

सेठ, गीतांजलि श्री, दीप्ति खण्डेलवाल, अलका सरावगी तथा मधु काँकरिया जैसी लेखिकाओं ने हिन्दी साहित्य के कथा साहित्य को विपुल रूप से समृद्ध किया। कथा और कथेतर साहित्य की सभी विधाओं, जैसे कि कहानी, उपन्यास, नाटक, जीवनी, संस्मरण, आत्मकथा, आलोचना, डायरी तथा यात्रा-वृत्तांत में महिला रचनाकारों ने बढ़-चढ़कर योगदान दिया। समय के साथ-साथ महिला-लेखन के विषय, केन्द्रीय प्रश्न, सरोकार और आयाम भी बदलते गए। इन साहित्यकारों ने साहित्य में सदियों से चली आ रही स्त्री की चुप्पी को तोड़, उसे नवीन सन्दर्भ प्रदान किए और स्त्री को देवी, दासी, भोग्या के रूप में नहीं, अपितु मनुष्य रूप में स्वीकार किए जाने की साहित्यिक पहल को अंजाम दिया।

कविता के क्षेत्र में स्त्री-उपस्थिति के विविध आयाम हैं। शिशु को दुलराती लोरियों और विविध आयोजनों में गूँजते लोकगीतों में स्त्री-कविता सदा से विद्यमान है। युगानुरूप इसमें बदलाव और जोड़-घटाव होते रहे, लेकिन प्रत्येक युग की कविता में स्त्री की सृजनात्मकता ने अपनी विलक्षण छाप छोड़ी है। अनामिका के शब्दों में– ''राजनीतिक' और 'घरेलू', 'जगबीती' और 'आपबीती', 'शहराती' और 'गँवई', 'शास्त्रीय' और 'लौकिक', 'इतिहास' और 'मिथक' के बीच के सारे पदानुक्रम स्नेह भरी झप्पी में तोड़ती हुई स्त्री-कविता एक तरह से दुनिया का सबसे बड़ा प्रजातांत्रिक स्पेस है।''[६] यूँ तो लोकगीतों के माध्यम से नारी सदा ही अपने मन के भावों को प्रकट करती रही है, परन्तु साहित्यिक दृष्टि से देखें, तो मीराबाई के बाद लगभग चार सौ बरस का मौन व्याप्त है। स्त्री-कविता के उस मौन को सुभद्रा कुमारी चौहान और महादेवी वर्मा ने तोड़ा। सुभद्रा कुमारी चौहान की 'झाँसी की रानी' और 'जलियाँवाला बाग' जैसी कविताओं में राष्ट्रीय चेतना के स्वर की गूँज सुनाई देती है। महादेवी वर्मा की कविताओं में स्त्री-मुक्ति और नारी-अस्मिता का आह्वान है। महादेवी वर्मा द्वारा रचित **''तोड़ दो क्षितिज, / देख लूँ उस ओर क्या है''** जैसी पंक्तियों में नारी की मुक्ति-चेतना का सशक्त स्वर ध्वनित हुआ है। सुभद्रा कुमारी चौहान की ही तरह तोरन देवी तथा राजेश्वरी देवी जैसी कवयित्रियों ने भी इस दौरान राष्ट्र-प्रेम से भरपूर ओजपूर्ण कविताएँ लिखीं।

स्वातंत्र्योत्तर युग में स्त्री-कविता का स्वर धीमा ही रहा। दूसरा सप्तक में शकुन्तला माथुर, तीसरा सप्तक में कीर्ति चौधरी तथा चौथे सप्तक में सुमन राजे की उपस्थिति कविता के क्षेत्र में स्त्री की मौजूदगी के प्रति आश्वस्त तो करती है, लेकिन अंतराल अभी भी बहुत गहरा था। धीरे-धीरे कविता के क्षेत्र में इंदु जैन, सुनीता जैन, गगन गिल, तेजी ग्रोवर, निर्मला गर्ग, निरुपमा दत्त, अनामिका, कात्यायनी, सविता सिंह, नीलेश रघुवंशी, सुशीला टाकभौरे, निर्मला पुतुल, वाजदा खान तथा रश्मि भारद्वाज जैसी कवयित्रियों का आगमन हुआ और हिन्दी कविता में स्त्री-स्वर उत्तरोत्तर मुखर होता गया। स्त्री की परवशता के बरक्स एक बेहतर कल की उम्मीद सँजोकर इस दौर की कवयित्रियाँ स्त्री-अस्मिता के नए सन्दर्भों की तलाश करती हैं। कात्यायनी के शब्दों में–

''देह नहीं होती है एक दिन स्त्री और
उलट-पुलट जाती है सारी दुनिया अचानक।''

साहित्य अकादमी पुरस्कार प्राप्त करने वाली पहली कवयित्री अनामिका स्त्री की विडम्बना को इस प्रकार शब्दबद्ध करती हैं–

''मैं एक दरवाजा थी, / मुझे जितना पीटा गया, / मैं उतना ही खुलती गयी।''

अनामिका ने अपनी कविताओं में स्त्री के संघर्ष, उसकी आकांक्षा और स्वप्न को बखूबी

दर्ज किया है। अनामिका की स्त्रियाँ बार-बार स्वयं को समझे जाने का आग्रह करती हैं–

''सुनो हमें अनहद की तरह / और समझो जैसे समझी जाती है
नई-नई सीखी हुई भाषा।''

नीलेश रघुवंशी एक नए कोण से स्त्री-मुक्ति की पक्षधरता करती हैं और वादों, आन्दोलनों अथवा विमर्शों की चौहद्दी में रास्ता भटक चुके स्त्री-प्रश्न का उत्तर चाहती हैं। उनके शब्दों में–

''मिल जानी चाहिए, अब मुक्ति स्त्रियों को,
आखिर कब तक विमर्श में रहेगी मुक्ति।''

स्त्री और कविता अन्योन्याश्रित हैं। स्त्री ने कविता में अपना घर पाया और कविता ने स्त्री के हाथों एक नयी पहचान। अनामिका के शब्दों में– ''औरतें, जन्म से बेघर, न मायके की अपनी, न ससुराल की, न गेह की अपनी, न देह की, अपनी ही देह से निष्कासित और कभी-कभी सीता, बेनजीर या तस्लीमा की तरह अपने वतन से भी.... धूप, हवा, माटी और घास की तरह हर तरफ, फिर भी; कहीं की नहीं– अन्ततः बसीं, लेकिन बसीं कहाँ? बेदरोदीवार के घर-कविता में!'' स्त्री-कविता आत्माभिव्यक्ति से शुरू होकर आत्मसजगता तक पहुँची और उसके बाद की काव्य-यात्रा के पड़ाव निरन्तर बदलते रहे, लेकिन हिन्दी साहित्य के प्रत्येक युग में स्त्री-कविता अपने बहुरंगी कलेवर की इन्द्रधनुषी छटा बिखरेती रही है।

स्त्री के लिए यह दुनिया वर्जनाओं तथा निषेधों की अन्तहीन शृंखला है। वह इसको तोड़कर मुक्ति का उच्छ्वास लेना चाहती है। इसी कोशिश में वह समाज तथा परम्परा-सम्मत लक्ष्मण-रेखाओं का अतिक्रमण करती है। साहित्यिक परिदृश्य में नारी की उपस्थिति प्रत्यक्ष तथा परोक्ष रूप से सदैव बनी रही। ऋग्वेद युग की विदुषियों से लेकर आधुनिक युग की रचनाकारों तक स्त्री-लेखन की धारा अविरल बहती रही है। अन्तर केवल इतना है कि सामाजिक दबावों के अधीन स्त्री पहले छद्म नामों से लिखती थी और आधुनिक युग की रचनाकार साहित्यिक फलक पर अपनी उपस्थिति खुल कर दर्ज करवा रही हैं। हिन्दी साहित्य की विभिन्न विधाओं में आज अनेक महिला रचनाकार सशक्त लेखन कर रही हैं। कविता, कथा और कथेतर साहित्य में नई और पुरानी पीढ़ी साझेदारी में कदम से कदम मिलाकर चल रही है। महिला रचनाकारों ने किसी खेमे में बँधे बिना, विभिन्न चुनौतियों का सामना करते हुए, अपने साहित्य में मानव-मूल्यों को सँजोकर रखा है। वैश्वीकरण के प्रभावस्वरूप होने वाले बदलावों को अपने साहित्य में दर्ज करने का दायित्व भी इन स्त्री-रचनाकारों ने बखूबी निभाया है। महिला रचनाकारों की राहें प्रशस्त हैं और उनके सामने अनगिनत दिशाएँ बाँहें पसारे खड़ी हैं। अभी तो उन्होंने साहित्य के क्षेत्र में पंख फैलाएँ हैं, सारा आसमान उनका है, अभी तो उड़ान बाकी है।

सन्दर्भ-ग्रन्थ

१. रोहिणी अग्रवाल– किले में समंदर, समालोचन
२. ममता कालिया– बीसवीं सदी का हिन्दी महिला-लेखन, पृ.११
३. रोहिणी अग्रवाल– बरजी मैं काही की नाहिं रहूँ (hindisamay.com)
४. श्री राजेन्द्र यादव– काश! मैं राष्ट्रद्रोही होता, पृ. २१७
५. बलवंत कौर– स्त्री आत्मकथा का इतिहास, पृ. १७४
६. अनामिका– बीसवीं सदी का हिन्दी महिला-लेखन, पृ. १७

●

बाजारवाद और हिन्दी

डॉ. हिमांशु शेखर सिंह*

इस विषय पर बात करने के पूर्व हमें 'वाद' और 'बाजारवाद' को पहले समझ लेना प्रासंगिक होगा। 'वाद' वह बातचीत है, जो किसी तत्त्व के निर्धारण के लिए होती है। इसे सिद्धांत, तर्क, शास्त्रार्थ, दलील भी कह सकते हैं। अत: स्पष्ट है कि किसी पक्ष के तत्त्वज्ञों द्वारा निश्चित सिद्धांत आदि को ही 'वाद' कहा जाता है। इसी प्रकार, 'बाजारवाद' का अर्थ है– वह मत या विचारधारा, जिसमें जीवन से सम्बन्धित हर वस्तु का मूल्यांकन केवल व्यक्तिगत लाभ या मुनाफे की दृष्टि से ही किया जाता है। यह मुनाफा-केन्द्रित तंत्र को स्थापित करने वाली विचारधारा होती है। यह हर वस्तु या विचार को 'उत्पाद' समझकर बिकाऊ बना देने की विचारधारा है। अब इसी के परिप्रेक्ष्य में हम उपर्युक्त विषय पर विचार करेंगे।

गणेश शंकर विद्यार्थी ने कभी कहा था कि– 'अगर देश गुलाम हो रहा हो और मेरी भाषा भी दूषित हो रही हो, तो मैं पहले अपनी भाषा को बचाऊँगा, क्योंकि यदि भाषा बची रहेगी, तो देश को आजाद कराया जा सकता है, लेकिन अगर भाषा दूषित हो गई, तो देश को गुलाम होने से कोई नहीं रोक पाएगा।''

इसी प्रकार, राष्ट्रपिता महात्मा गाँधी का भी विचार था कि– ''जब तक पूरे देश में हिन्दी का पूरे आत्मसम्मान के साथ प्रयोग नहीं किया जाएगा, तब तक हम गुलाम ही बने रहेंगे।''

इन दो प्रमुख विचारों से भाषा के महत्त्व पर बहुत कुछ प्रकाश पड़ता है। हममें से अधिकतर लोग भाषा को 'अभिव्यक्ति का माध्यम' मात्र से अधिक कुछ नहीं समझते। किन्तु वस्तुत: भाषा अभिव्यक्ति के साथ-साथ अनुभूति का भी माध्यम है, विषय है। भाषा का प्रत्येक शब्द अपने अन्दर किसी विशिष्ट अनुभव की स्मृति को भी धारण किए रहता है। उस शब्द से परिचित होने का अर्थ है– उसमें छिपी विशिष्ट अनुभूति तथा उससे जुड़े तमाम विचारों से अवगत होना। उदाहरण के लिए दु:ख, शोक, अवसाद, विषाद, पीड़ा, कष्ट, वेदना, यातना, यंत्रणा आदि एक ही प्रकार की भावनाओं को व्यक्त करने वाले शब्द हैं, लेकिन इनमें तात्विक भेद है, जो इनके अर्थ को सूक्ष्मत: अलग-अलग करती है। जो व्यक्ति इन शब्दों के मर्म को समझता है, वह अपने जीवन में इन शब्दों से जुड़ी भावनाओं को आसानी से पहचान लेगा। कहने का तात्पर्य यह कि भाषा से वंचित होने का अर्थ है– अनुभूति के सूक्ष्म विभेदों से वंचित रह जाना।

आज, जबकि भूमण्डलीकरण के युग में देश-दुनिया के बड़े-बड़े कार्पोरेट निगम और कम्पनियाँ हमारे जल, जंगल और जमीन पर गिद्ध-दृष्टि लगाए बैठे हैं, ऐसे में भाषा अकेला हथियार है, जिसके बल पर लोग न्याय की अपनी चाहत को बचा पाएँगे और उसके लिए लड़कर सत्ता के इस शिकंजे को तोड़ पाएँगे।

अब सवाल यह उठता है कि हम भाषा में आए प्रदूषण को कैसे पहचानें और उसके खात्मे की शुरूआत कैसे करें? हिन्दी के सम्बन्ध में जो सबसे अधिक शोचनीय विषय है, वह यह कि हिन्दी आज भी ज्ञान की भाषा नहीं बन पायी है। ज्ञान-विज्ञान की बातों के लिए हम अंग्रेजी की ओर मुखातिब होते हैं, यानी बहुत कुछ उसी पर निर्भर हैं। यहाँ यह उल्लेखनीय है कि व्यवहार

* सह आचार्य– हिन्दी विभाग, नेहरू ग्राम भारती मानित विश्वविद्यालय, प्रयागराज, उ.प्र.

में न प्रयुक्त होते हुए भी संस्कृत इसीलिए जीवित है, क्योंकि वह भी ज्ञान की भाषा है। जहाँ तक हिन्दी का प्रश्न है, इसके आरम्भिक दौर में तो ज्ञान का आख्यान किया गया, लेकिन अब ऐसा नहीं हो रहा है।

कोई भी भाषा दीर्घजीवी तभी रह सकती है, जबकि वह ज्ञान की भाषा हो, क्योंकि ज्ञान आजादी देता है, ज्ञान ताकत देता है तथा ज्ञान निर्भय करता है। किसी भी भाषा के लिए ज्ञान की भाषा होने के साथ-साथ तकनीकी भाषा का होना भी जरूरी है। इस दृष्टि से यदि हम देखें, तो आज की हिन्दी में केवल क्रियाएँ हिन्दी की हैं, बाकी संज्ञाएँ बहुतायत मात्रा में अंग्रेजी से ली गयी हैं। कारण कि भारत में नयी तकनीक प्राय: यूरोप से आयी। इसीलिए उसने पूरे वातावरण को प्रभावित किया। आज बाजार में जो भी चीजें मौजूद हैं, अपनी संज्ञाओं के साथ हैं। उर्दू भाषा भी इसीलिए विलुप्ति के कगार पर है, क्योंकि वह न तो ज्ञान की भाषा है और न तकनीक की। इस तरह देखा जाए, तो यह भाषाओं के मरने का, समाप्त होने का दौर है।

हमारे यहाँ पुरानी कहावत थी कि– ''कोस कोस पर पानी बदले, चार कोस पर बानी।'' इस बहुलता को आज बाजार ने निगल लिया है या निगलता जा रहा है। हाँ, हिन्दी के समाचार-पत्रों की प्रसार-संख्या में अभूतपूर्व वृद्धि हुई है। इसके अतिरिक्त; आकाशवाणी, दूरदर्शन, सिनेमा जैसे संचार-माध्यमों से विज्ञापनों ने हिन्दी को काफी बढ़ावा दिया है। आज का युग विज्ञापन का युग है और आज के बाजारवादी दौर में अपना उत्पाद जन-जन तक पहुँचाने के लिए हिन्दी में विज्ञापन देना भी अपरिहार्य समझा जा रहा है। यह हिन्दी के प्रति कोई मोह नहीं, बल्कि एक व्यावसायिक मजबूरी हो गयी है। भारत व चीन पिछले कई दशकों से किसी भी अर्थ में अच्छे पड़ोसी के रूप में नहीं रहे हैं। फिर भी; पिछले कुछ दशकों में हिन्दी भाषा सीखने वाले विदेशियों में चीनियों की संख्या सर्वाधिक होती है। दरअसल; चीनी व्यक्ति हर काम को बड़े ही सुविचारित और सुनियोजित तरीके से करता है। हिन्दी को लेकर भी ऐसा ही मामला है। चीन की नजर भारत के एक बड़े बाजार पर है। उसे यहाँ व्यापार की बहुत अधिक सम्भावना दृष्टिगोचर होती है। इसलिए वह बड़ी संख्या में ऐसे नौजवान तैयार कर रहा है, जो हिन्दी जानते और बोलते हैं। वह उनकी मदद से भारतीय बाजारों में अपनी सहज और गहन घुसपैठ करना चाहता है।

यही नहीं, यदि भारत के अंदर भी देखा जाए, तो लाखों की संख्या में भारतीय नौजवान, विशेषकर उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश और बिहार के नौजवान, देश के विभिन्न शहरों में जाकर या तो शिक्षा ग्रहण कर रहे हैं या विभिन्न कम्पनियों में काम कर रहे हैं। परिणामस्वरूप चेन्नई, बंगलुरु, पुणे, हैदराबाद आदि अहिन्दीभाषी शहरों में हिन्दी में आसानी से काम चल जा रहा है। बावजूद इसके; जब तक हिन्दी ज्ञान व तकनीक की भाषा नहीं बनेगी, तब तक उसका दीर्घजीवी होना सम्भव नहीं है। यह एक बड़ी चुनौती है।

दु:ख है कि दुनिया की सबसे बड़ी भाषा होने के बावजूद भी हिन्दी में ज्ञान व तकनीक के क्षेत्र में काम कम हो रहा है। 'कट-पेस्ट' ने हिन्दी को और कमजोर किया है। आज भी हम 'साम्राज्यवाद' आदि शब्दों का विश्लेषण करने के लिए अंग्रेजी भाषा पर निर्भर हैं। इसी प्रकार, भारतीय जाति-व्यवस्था, संरचना, स्त्री, दलित, आदिवासी आदि विशिष्ट सन्दर्भों का विश्लेषण करने के लिए अंग्रेजीपरस्त बुद्धिजीवियों के मुखापेक्षी होने को मजबूर हैं।

आज हमें यह समझना होगा कि हिन्दी का विकास इस बात पर निर्भर होगा कि वह ज्ञान-मीमांसा और बदलती तकनीक की मीमांसा में अपने को किस रूप में ढालती है? ज्ञान की दरिद्रता

तथा हिन्दी एक-दूसरे के पूरक हो गए हैं। द्रष्टव्य है कि नवजागरण काल के हिन्दी-लेखकों, चाहे आचार्य रामचन्द्र शुक्ल हों, बाबू श्यामसुन्दर दास हों या आचार्य महावीर प्रसाद द्विवेदी, उन्होंने इस ओर विशेष ध्यान दिया था। आचार्य शुक्ल ने एडिसन के 'एसे ऑन इमैजिनेशन' का हिन्दी अनुवाद 'कल्पना का आनन्द' शीर्षक से किया था। इसके साथ ही; जॉन हेनरी और न्यू मैन के 'आइडिया ऑफ ए यूनिवर्सिटी' के 'लिटरेचर' निबंध का अनुवाद 'साहित्य' नाम से तथा 'प्लेन लिविंग हार्ड थिंकिंग' का अनुवाद 'आदर्श जीवन' नाम से किया था।

इसके अतिरिक्त; सन् १९२० ई. में आचार्य रामचन्द्र शुक्ल की प्रसिद्ध पुस्तक 'विश्व-प्रपंच' एक लम्बी भूमिका के साथ प्रकाशित हुई थी, जो हैकल के 'रिडल ऑफ द यूनिवर्स' का अनुवाद थी। इस भूमिका के माध्यम से शुक्ल जी ने विज्ञान को हिन्दी में प्रस्तुत किया था। इसी प्रकार, आचार्य महावीर प्रसाद द्विवेदी ने 'संपत्तिशास्त्र' नामक पुस्तक लिखकर अंग्रेजों की लूट का पर्दाफाश किया था।

कहने का तात्पर्य यह है कि कोई भी भाषा केवल कविता, कहानी, निबंध, नाटक या उपन्यास आदि लिखने मात्र से समृद्ध नहीं होती। वह ज्ञान-मीमांसा की भाषा बनकर ही समृद्ध हो सकती है। वर्तमान स्थिति यह है कि भारत की विविधता के प्रतीक दलित, स्त्री, अल्पसंख्यक आदि जैसे ज्वलंत प्रश्नों पर रचनात्मक लेखन तो हो रहा है, किन्तु सैद्धान्तिकी में पश्चिम का प्रभाव अभी भी मौजूद है। हमें यह समझना होगा कि विचार तथा चिंतन के क्षेत्र में अगर हम यूरोपीय देशों और अमेरिका के अनुगामी बने रहेंगे, तो हम अपनी भाषा को कभी स्वतंत्र नहीं कर पाएँगे। आजादी एक मूल्य है और समानता हमारे देश के हजारों हजार नागरिकों का मूल स्वर है। किन्तु, यदि तकनीकी स्तर पर और वैचारिक स्तर पर नवोन्मेष नहीं होगा, तो हम साम्राज्यवाद, अर्थात् अंग्रेजी की गुलामी झेलने के लिए अभिशप्त रहेंगे। इस रूप में बुनियादी प्रश्न यह है कि आजादी और समानता केन्द्रीय सवाल है। इस पर हिन्दी में बेहतर वैचारिक साहित्य लिखा जाना चाहिए।

हमें यह भी समझना होगा कि हिन्दी एक भाषा नहीं, बल्कि अनेक बोलियों का संयुक्त परिवार है। कविता के सन्दर्भ में जो हमारी ताकत है, वह है– हमारी बोलियाँ। इनकी उपेक्षा नहीं की जानी चाहिए। बोलियों में कालजयी होने की क्षमता होती है। यही कारण है कि रामचरित मानस (अवधी), पद्मावत (अवधी), सूरदास का साहित्य (ब्रज), भिखारी ठाकुर (भोजपुरी), ईसुरी (बुंदेली) आदि कवि लोक में याद किए जाते हैं। लेकिन आधुनिक समय में बोलियों में क्या लिखा जा रहा है, इससे हम प्राय: अपरिचित ही होते हैं। इसी सन्दर्भ में; उल्लेखनीय है कि हिन्दी के विगत १५० वर्षों के साहित्य का अध्ययन लगभग नहीं के बराबर है। प्रेमचन्द को हम पढ़ते-पढ़ाते हैं, लेकिन अनेक आंचलिक उपन्यासकारों को नहीं। प्रसाद, पंत, महादेवी, निराला आदि को तो पढ़ते-पढ़ाते हैं, लेकिन अनेक अन्य आंचलिक कवियों की उपेक्षा कर जाते हैं। इसी प्रकार, उर्दू के गालिब, मीर, जफर आदि कवियों को भी विस्मृत कर देते हैं, जिनका हिन्दी की श्रीवृद्धि में महत्त्वपूर्ण अवदान है।

मेरी यह स्पष्ट मान्यता है और मैं इसकी पुरजोर वकालत करता हूँ कि हमें खुले मन-मस्तिष्क से, पूरी उदारता और व्यापकता के साथ राष्ट्रीय स्तर के चर्चित लेखकों-रचनाकारों के साथ ही क्षेत्रीय और आंचलिक कवियों-लेखकों को भी स्मरण रखना होगा, तभी हम बाजारवाद के खिलाफ सशक्त ढंग से हिन्दी की लड़ाई लड़ सकेंगे।

●

स्वाधीनता-आन्दोलन में हिन्दी साहित्यकारों का योगदान

विशेष संदर्भ : राधामोहन गोकुल

प्रो. रेनू सिंह*

राष्ट्रीय नवजागरण और भारतीय स्वतन्त्रता-आन्दोलन आधुनिक सामाजिक-सांस्कृतिक समय की वह महत्त्वपूर्ण घटनाएँ हैं, जिनके घटित होने की समस्त प्रक्रिया के मूल में भारतीय भाषाओं के साहित्य एवं साहित्यकारों के योगदान और उनकी रचनाशीलता के मूल्यांकन को न तो कम करके आँका जा सकता है और न ही उनकी अनदेखी की जा सकती है। यह बात हिन्दी के सन्दर्भ में विशेष रूप में कही जा सकती है। प्रमाणित सत्य यह है कि प्रत्येक समय-काल का साहित्य अपने समय की गतिविधियों से न केवल गहरे स्तर पर जुड़ा होता है, साथ ही; हर सजग रचनाकार की चेतना अपने समय और समाज से प्रभावित होती और करती है। देखा जाए, तो भारतीय भाषाओं के आधुनिक साहित्य का विकास-क्रम ब्रिटिश शासन और स्वतन्त्रता आन्दोलन के समानान्तर हुआ है।

१८५७ की क्रान्ति के बिगुल में भले ही प्रत्यक्ष विजयनाद के स्वर न सुनाई दिए हों, किन्तु इसके फलस्वरूप; भारतीय कवियों, लेखकों, विचारकों, पत्रकारों, चिन्तकों ने ब्रिटिश शासन के शोषण के विरुद्ध कलम चलानी शुरू की, जो किसी मामले में भी शस्त्र चलाने से कमतर नहीं थी। यह कलम की चेतना ही थी, जिसने जनमानस को अनवरत सचेत किया, तो बाद तक चलकर गाँधी के स्वतन्त्रता-आन्दोलन को अहिंसक बनाए रखने के संकल्प को भी अंजाम तक ले जाने की शक्ति प्रदान की, जिसकी झलक पूरे भारतीय परिदृश्य में दृष्टिगोचर होती है। गुजराती के नर्मद और दौलतराम, मराठी के चिपकुणकर, बंगाल के बंकिमचन्द्र और हिन्दी के भारतेन्दु हरिश्चन्द्र की रचनाओं में ब्रिटानी हुक्मरानों के विरोध के साथ स्वतन्त्रता की छटपटाहट के परोक्ष-प्रत्यक्ष स्वरों को स्पष्ट सुना जा सकता है।

वीर सावरकर की '१८५७ का प्रथम स्वाधीनता संग्राम' हो या बाल गंगाधर तिलक की 'गीता रहस्य' या शरद बाबू का 'पथ के दावेदार' उपन्यास अथवा पण्डित नेहरू की 'भारत एक खोज'– इन जैसी अनेक रचनाओं ने उस समाज के युवा, स्त्री-पुरुष सभी को कुछ इस तरह आन्दोलित किया कि जिसने भी इन्हें पढ़ा-सुना, वे घर-परिवार, व्यक्तिगत हितलाभ आदि की चिंता को दरकिनार कर देशहित में यथाशक्ति सर्वस्व आहुति करने हेतु चल पड़े।

भारतेन्दु और उनके समय के लेखकों ने ब्रिटिश सत्ता की क्रूरतापूर्ण नीतियों का पुरजोर विरोध करते हुए 'भारत-दुर्दशा' में लिखा– **रोवहु सब मिलि कै आवहु भारत भाई। हा हा! भारत दुर्दशा न देखी जाई।।** तो अगले चरण में द्विवेदी युगीन कवियों और मैथिलीशरण की रचनाओं में सांस्कृतिक पुनर्जागरण के साथ ब्रिटिश राज और उनके अमानवीय अत्याचारों के विरोध के स्वर दिखाई और सुनाई पड़ते हैं। यह स्वर आगे चलकर राष्ट्रीय काव्य-धारा में और प्रखर होकर ध्वनित होता है, जहाँ अनेक नामोल्लेख ही आपकी स्मृतियों को ताजा करने के लिए पर्याप्त हैं। माखनलाल चतुर्वेदी, रामधारी सिंह 'दिनकर', बालकृष्ण शर्मा 'नवीन' आदि के साथ

* अध्यक्ष- हिन्दी विभाग, इंदिरा गाँधी राष्ट्रीय जनजातीय विश्वविद्यालय, अमरकण्टक-४८४८८७, जिला अनूपपुर (म.प्र.)

छायावादी कवियों में जयशंकर प्रसाद ने 'अरुण यह मधुमय देश हमारा' के साथ राष्ट्रीय नव जागरण का उद्घोष किया। प्रसाद का सम्पूर्ण साहित्य हमारी राष्ट्रीय चेतना को प्रस्फुटित करने में उद्दीपक की भूमिका का निर्वहन करता है।

शिवकुमार मिश्र के माध्यम से कहें, तो– ''अपने प्रशस्त रूप में प्रसाद की राष्ट्रीय चेतना राष्ट्र की सीमाओं का अतिक्रमण करते हुए विश्व मैत्री और विश्वबंधुत्व तक अपना प्रसार करती है। राष्ट्र की अपनी परिधि में भी राष्ट्र के दु:ख-दर्द और हर्ष-उल्लास से अपने को एकीकृत करती हुई राष्ट्र की शक्ति और ऊर्जा का राष्ट्रीय संस्कृति के प्रगतिशील पहलुओं का साक्ष्य देती है। भारत की राष्ट्रीय तथा जातीय अस्मिता को उभारते हुए देशवासियों के मन में अपने राष्ट्रीय तथा जातीय उत्थान का अहसास कराती है। यह वह मनोभूमि है, जो 'अरुण यह मधुमय देश हमारा' जैसे प्रशस्त भावबोध का गीत रचने वाले रचनाकार को 'हिमालय के आँगन में उसे प्रथम किरण का दे उपहार' जैसा गीत रचने की प्रेरणा देती है।''[१] कह सकते हैं कि अपनी रचनाधर्मिता में प्रसाद जी अपने तरीके से गहन भावात्मक स्तर पर भारतीय स्वतंत्रता-आन्दोलन से जुड़कर अपनी भागीदारी सुनिश्चित करते हैं। खासकर स्वाधीनता-आन्दोलन के समय में जातीय इतिहास और संस्कृति के प्रति गौरव और गरिमा से पूरित दृष्टि ही है कि जब वे अपने सृजन के लिए इतिहास की जिस लम्बी समयावधि को चुनते हैं, वह बुद्ध से लेकर हर्षवर्धन तक का भारतीय इतिहास का समृद्ध काल है। यूनानियों, हूणों और कुषाणों के अनेक आक्रमण के बीच भी भारतीय प्रतिरोधी चेतना ने उनके पाँव जमने नहीं दिए। अतएव स्वाधीनता-आन्दोलन के समय यह पुनर्स्मरण स्वाभाविक रूप में एक प्रेरणास्पद चेतना का वातावरण निर्माण करने में सफल होगा। प्रसाद के नाटकों में 'चन्द्रगुप्त' (१९३१) और 'स्कंदगुप्त' (१९२८) में राष्ट्रीय गौरव की रक्षा और उसके लिए किए जाने वाले बलिदानों को अनदेखा नहीं किया जा सकता। इन अभिव्यक्तियों के तार कहीं-न-कहीं स्वाधीनता-आन्दोलन में भी तलाशे जाने चाहिए। निराला ने 'जागो फिर एक बार', 'राम की शक्ति पूजा' जैसी कविताओं के माध्यम से भारतीय जनमानस की वैचारिकी को अभिव्यक्ति दी। यहाँ इस ओर भी ध्यान दिलाना आवश्यक हो जाता है कि स्वाधीनता-आन्दोलन के विकास-विस्तार के साथ-साथ अंग्रेजी सरकार ने भारतीय समाचार-पत्रों के नियमन से सम्बन्धित अधिनियम १७९९ ई. में पारित किया, जिससे दमन-चक्र सुनियोजित तरीके से चलाया जा सके। एक कदम आगे बढ़कर पुस्तकों को प्रतिबंधित करने का क्रम भी बंग-भंग आन्दोलन के साथ शुरू हो गया, जो १९०८ तथा १९१० के प्रेस अधिनियम में संशोधन करके किया गया। इसका परिणाम यह हुआ कि ब्रिटिश शासन में राजविरोधी इतिहास, राजनीति, साहित्य आदि विषयों की पुस्तकों से लेकर पत्र-पत्रिकाओं और छोटे-छोटे विज्ञापनों- इश्तेहारों तक पर पाबन्दी और जब्ती की जाने लगी, जिसके कारण १९०८ में प्रेमचन्द के 'सोजेवतन' कहानी-संकलन और सावरकर जी की इतिहास पुस्तक 'इण्डियन वार ऑफ इण्डिपेण्डेस' को १९०९ ई. में प्रतिबंधित कर दिया।

इस विषय पर एक अत्यन्त महत्त्वपूर्ण लेख रुस्तम राय द्वारा लिखित 'स्वाधीनता-आन्दोलन और प्रतिबंधित हिन्दी कविताएँ' (कविता के सौ बरस– सम्पादक लीलाधर मंडलोई-प्रकाशन शिल्पायन-नई दिल्ली) है, जिसमें अबतक प्राप्त लगभग ४०० प्रतिबंधित कविताओं के संकलन के माध्यम से हमें भारतीय स्वाधीनता-आन्दोलन के इतिहास और आजादी के शहीदों के बलिदान की मर्मपर्शी छवियाँ देखने को मिलती हैं। बहुत सी ऐसी कविताएँ हैं, जो स्वतन्त्रता-

आन्दोलन के दौरान चल रही क्रांतिकारी गतिविधियों, घटनाचक्रों, योजनाओं और आन्दोलनों के नेताओं के शौर्य का वर्णन करती हैं, तो कुछ में अंग्रेजी वस्तुओं के बहिष्कार और स्वदेशी वस्तुओं के प्रयोग पर बल दिया गया है।

अत्यन्त संक्षेप में; रुस्तम राय के शब्दों में कहें, तो– ''कहना न होगा कि इन कविताओं की उपेक्षा कर भारतीय स्वाधीनता-आन्दोलन तथा आधुनिक हिन्दी साहित्य का कोई भी मुकम्मल इतिहास नहीं लिखा जा सकता।''[२] ''अनेक प्रतिबंधित कविताओं में भारतीय समाज की कुरीतियों, बुराइयों, कर्मकाण्डों, विडम्बनाओं आदि का यथार्थपरक चित्रण किया गया है। इन कविताओं में अंग्रेजी सरकार के दोहरे चरित्र के साथ-साथ भारतीय सामंतवाद के दोमुँहापन को भी उजागर किया गया है। असल में; प्रतिबंधित कविताएँ एक ऐसा आईना हैं, जिसमें जब चाहें, जरा-सी गर्दन झुकाकर स्वाधीनता-आन्दोलन की तस्वीर देखी जा सकती है।''[३]

इन सबकी रचनाओं ने राष्ट्रीयता के विकास में बहुत योगदान दिया। बंकिमचन्द्र ने 'आनंद मठ' व 'वंदे मातरम्' की रचना की। वंदे मातरम् गीत ने हमारे सभी देशवासियों को एक सूत्र में पिरो कर उस समय ऐसा रोमांच खड़ा किया था कि अंग्रेज सरकार इस शब्द मात्र से ही काँपने लगी थी। जहाँ पर भी वंदे मातरम् का गान सुनाई दे जाता था, वहीं अंग्रेज सरकार अनुमान लगा लेती थी कि यहाँ पर, निश्चय ही; क्रान्ति की आग दहक रही है। बंकिम बाबू की 'आनंद मठ' ने बंगाल में क्रान्तिकारी राष्ट्रवाद की पाठ्य-पुस्तक का कार्य किया। माखनलाल चतुर्वेदी, रामनरेश त्रिपाठी, बालकृष्ण शर्मा 'नवीन' और सुभद्रा कुमारी चौहान ने राष्ट्र-प्रेम को ही मुखरित नहीं किया, अपितु स्वतन्त्रता-आन्दोलन में भी भाग लिया। माखनलाल चतुर्वेदी ने फूल के माध्यम से अपनी देशभक्ति की भावना को व्यक्त किया–

''चाह नहीं मैं सुरबाला के गहनों में गूँथा जाऊँ
चाह नहीं मैं प्रेमी माला में बिंध प्यारी को ललचाऊँ
मुझे तोड़ लेना ए वन माली उस पथ पर देना फेंक
मातृभूमि पर शीश चढ़ाने जिस पथ जाएँ वीर अनेक।''

राष्ट्रकवि मैथिलीशरण गुप्त ने 'भारत-भारती' के द्वारा राष्ट्रीयता का प्रचार-प्रसार कर भारत के रणबाँकुरों को स्वतंत्रता-आन्दोलन में कूदने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने बहुत सरल शब्दों में देश के लोगों की चेतना को झकझोर कर रख दिया था। उनकी देश-भक्ति की कविताओं को लोग आज भी पढ़ कर रोमांचित हो उठते हैं। उन्होंने सोयी हुई भारतीयता को जगाते हुए कहा–

''जिसको न निज गौरव तथा निज देश का अभिमान है
वह नर नहीं है पशु निरा है और मृतक समान है।''

उस समय के साहित्यकारों में प्रेमचन्द का बहुत महत्त्वपूर्ण स्थान है। प्रेमचन्द की कहानियों में 'सोजे वतन' से लेकर 'समर यात्रा' तक भारतीय जनमानस की प्रतिरोधी चेतना के स्वर अनेक स्तरों पर उपस्थित हैं। प्रेमचन्द जी उर्दू से हिन्दी में आये थे। उनके साहित्य में हिन्दू और मुसलमान व्यापक समझ और साझेदारी के स्तर पर इस आन्दोलन से जुड़कर ही देश की स्वतन्त्रता के लिए साथ मिलकर संघर्ष करते हैं। हिन्दी साहित्याकाश के वह सूर्य हैं, जिनके प्रकाश से साहित्य-संसार का कोई कोना अछूता नहीं है। साथ ही; नवजागरण के दौर में कई ऐसे लेखक एवं साहित्यकार हुए, जो लेखन के साथ-साथ सामाजिक और राजनीतिक कार्यों को भी

उसी प्रतिबद्धता से सम्पादित करते थे। ऐसे ही; एक विरल साहित्यकार हैं– राधामोहन गोकुल (१८७५-१९३५), जो हिन्दी साहित्य-संसार में प्रेमचन्द और निराला की परम्परा के अग्रज एवं कबीर की साहित्य-परम्परा के अंग होते हुए भी इनसे आगे थे। ईश्वर और धर्म की नकारात्मक भूमिका के उद्घाटन और तर्क की स्थापना में जहाँ वे प्रेमचन्द और निराला से बढ़कर थे, तो स्त्री-पुरुष की समता के प्रश्नों पर आज के तथाकथित प्रगतिशील चिन्तकों से भी आगे की सोच रखने वालों में थे। स्वयं प्रेमचन्द ने उन पर लिखा है– ''श्री राधामोहन गोकुल जी हिन्दी के उन गिने-चुने लेखकों में हैं, जिन्होंने धार्मिक, सामाजिक और नैतिक विषयों पर स्वतंत्र विचार किया है और उन विचारों का निडर होकर पालन किया है। आपके विचारों में मौलिकता है, गहरा अन्वेषण है और आदमी को कायल करने वाली सच्चाई है। आपकी भाषा में नजाकत और लोच की जगह स्वामी दयानंद की-सी दृढ़ता और तेज है। आप इस सत्तर वर्ष की अवस्था में भी नए से नए विचारों का प्रतिपादन बर्नार्ड शॉ और ट्राटस्की की-सी निर्भीकता से करते हैं।'' राधामोहन गोकुल की निर्भीकता इसलिए भी अनुकरणीय है कि यह केवल चुने हुए या अपनी पसन्द के क्षेत्र में नहीं हैं। वह सर्वत्र हैं। एक उदार मनुष्य को जिस निर्भीकता के साथ सभी के सम्बन्ध में विचार करना चाहिए, वह राधामोहन गोकुल में महती रूप में विद्यमान है। इस सम्बन्ध में प्रेमचन्द लिखते हैं– ''जात-पाँत, छूत-छात, धर्म-सम्प्रदाय– इन सभी को समाज के लिए घातक और उसकी स्वाभाविक प्रगति में बाधक समझते हैं और आपकी दलीलों के सामने सिर न झुका देना कठिन है। अट्ठाईस वर्ष की युवावस्था में जो आदमी स्त्री के मर जाने पर इसलिए विधुर जीवन व्यतीत करे कि वह मर जाता, तो उसकी स्त्री आजीवन वैधव्य का पालन करती– त्यागमय जीवन का ऐसा पवित्र और ऊँचा आदर्श है कि जिसकी मिसाल मुश्किल से मिलेगी और इस अवस्था में भी आपकी जिंदादिली नौजवानों को लज्जित करती है।...हम तो यही कहेंगे कि आपके रूप में महात्मा चार्वाक ने अवतार लिया है।''[४]

राधामोहन गोकुल का जन्म १५ दिसम्बर, १८६५ में इलाहाबाद के पास भदरी में हुआ था। गोकुल जी नवजागरण एवं स्वतन्त्रता-आन्दोलन के पन्नों पर अपनी कोई छाप न छोड़े हों, ऐसा नहीं है, बल्कि उनका चिन्तन और बेबाक अभिव्यक्ति आज भी हमें अनेक बिन्दु-विमर्शों पर पुनर्विचार को बाध्य करता है। अतएव वे सर्वथा विस्मृत रचनाकारों में नहीं, क्योंकि डॉ. राम विलास शर्मा ने उनकी दो पुस्तकों– 'देश का धन' और 'कम्युनिज्म क्या है?' पर विस्तृत चर्चा की है। उन्होंने कुछ साम्यवाद सम्बन्धी लेखों के साथ विप्लव के निबन्धों से उदाहरण भी संकलित किए हैं। लेकिन गोकुल जी के महत्त्व को समझने के लिए यह बहुत नाकाफी है। कह सकते हैं कि उनकी सोच और सम्वेदना ठीक-ठीक न तो भारतेन्दु युग के अनुरूप थी, न ही द्विवेदी युग के। वास्तव में; इन दोनों युगों की विचारधारा से जुड़कर भी वे बहुत कुछ विषयों पर इनसे बहुत आगे की सोच, एक नयी विचार-परम्परा की नींव डालते हैं। उनका साहित्य जितना महत्त्वपूर्ण है, उनका जीवन उतना ही दिलचस्प। शायद ही इस तरह के क्रान्तिकारी संघर्षों से भरा जीवन उस समय किसी रचनाकार का रहा हो। अपने समय पर अपनी महत्त्वपूर्ण छाप छोड़ने वाले क्रान्तिकारी रचनाकार का जीवन और साहित्य हिन्दी साहित्य के परिदृश्य से नदारद होना एक गहरे अन्तराल का निर्माण करता है। इन सबके केन्द्र में कारण या परिस्थितियाँ जो भी हों, परिणाम यह है कि इसीलिए वे अपने अन्य समकालीन साहित्यकारों-रचनाकारों की तरह साहित्य के इतिहास में अपनी उपस्थिति नहीं दर्ज करा सके। अतएव हममें से बहुतों के लिए वे सुपरिचित

नहीं हैं। इस समय, जब हम आजादी के अमृत महोत्सव और अमृत काल पर विविध आयोजन कर रहे हैं, नि:संदेह विद्यार्थियों-शोधार्थियों को राधामोहन गोकुल से परिचित कराने का यह एक महत्त्वपूर्ण अवसर है।

कर्मेन्दु शिशिर के हवाले से कहना चाहते हैं कि– ''दरअसल; नवजागरण के रचनाकार सिर्फ लेखक भर नहीं थे, वे तत्कालीन समाज के अत्यन्त जागरूक और जिम्मेदार नागरिक भी थे। वे समाज और समय से गहरे जुड़े थे। देश-विदेश में जो कुछ जहाँ घट रहा था, उन तमाम हलचलों और परिवर्तनों के प्रति वे सजग थे। समाज को बदलने के उपाय सोचने और अपने विचारों को लिखकर छपवा देने तक ही वे सीमित नहीं थे। वे सांगठनिक स्तर पर तथा अन्य स्तरों पर भी कई तरह की गतिविधियों में प्रत्यक्ष रूप से शामिल थे।''[५]

गौर करें, तो पाते हैं कि भारतेन्दु युगीन अथवा भारतेन्दु मण्डल के अधिकांश साहित्यकारों द्वारा रचनाधर्मिता के साथ अलग-अलग सक्रिय संगठनों का निर्माण अथवा उनसे अलग-अलग स्तरों पर जुड़ाव बनाकर कार्य सम्पादित करना भी उनकी सक्रिय क्रिया-विधि का एक महत्त्वपूर्ण अंग रहा है। इनमें से कुछ ने तो क्रान्तिकारी आन्दोलनों में सक्रिय भागीदारी की। गणेश शंकर विद्यार्थी का बलिदान भला किसको विस्मृत हो सकता है? इसी कड़ी में, अधिकतम क्रान्तिकारी व्यक्तित्व के रूप में राधामोहन गोकुल आते हैं। गोकुल जी के विचार जितने क्रान्तिधर्मी थे, उनका जीवन-संघर्ष भी उतना ही मर्मस्पर्शी था, जो मानवीय सम्वेदनाओं को गहरे स्तर पर झकझोर देने के लिए पर्याप्त है। उनके लिए कहना चाहूँगी–

पीर की एक पूँजी प्रकृति से मिली, पीर मानव हृदय का सुघर साज है ।
पीर रोने लगे तो लोरियाँ दो उसे, पीर सोने लगे तो जगाते चलो ।।

उनके विचारों में जो ताप और ताकत दिखाई देती है, वह उन्हीं जीवन-संघर्षों की देन है। उनके लेखन और विचारों के साथ-साथ उनके जीवन को भी जानना कम रोमांचक अनुभव नहीं हैं। नि:संदेह एक अत्यन्त संक्षिप्त बात-चीत में न उसे समेटा जा सकता है, ना समझा जा सकता है, इसलिए उनके समकालीन अथवा उनको समझने का प्रयास करने वाले विद्वानों के विचारों को आप तक रख रही हूँ। तमाम उतार-चढ़ाव के बीच जब वे कलकत्ता आये, तो उनका सघन सम्पर्क प्रसिद्ध क्रान्तिकारी आशुतोष लाहिड़ी से हुआ, जिन्हें बाद में काला पानी की सजा हुई। गोकुल जी क्रान्तिकारियों को पैसा और हथियार पहुँचाते थे।

शिवपूजन सहाय ने अपने संस्मरण में लिखा है कि– ''गोरी नौकरशाही के प्रति आपके उद्धत विचारों को सुनकर बार-बार यह आशंका होती थी कि आप कब कहाँ गिरफ्तार हो जायेंगे, कुछ ठीक नहीं। पुलिस और जेलखाने के अधिकारी आपको बहुत खतरनाक समझते थे। जेल से छूटते समय आप स्पष्ट कह दिया करते थे कि हमारा स्थान सुरक्षित रखना, हम शीघ्र ही आयेंगे। वैसा निडर लेखक, वक्ता और सम्पादक उस समय हिन्दी संसार में कम ही लोग थे।''[६] नागपुर में जब वे 'प्रणवीर' के सम्पादक थे, तो तिरंगे झण्डे के विरुद्ध लगी रोक के खिलाफ उन्होंने जबर्दस्त आन्दोलन किया। राजद्रोह के अभियोग में गिरफ्तारी के बाद न्यायालय में उनका दिया जोशीला व्याख्यान तमाम समाचार-पत्रों की सुर्खियाँ बना। भारतीय स्वाधीनता-आन्दोलन के सबसे बड़े व्यक्तित्व महात्मा गाँधी ने झण्डा-सत्याग्रह में उनके अदालत में दिये गये वक्तव्य पर 'यंग इंडिया' में सम्पादकीय लिखा था, जिसमें उनके व्यक्तित्व की काफी प्रशंसा थी। स्वामी दयानंद सरस्वती, मदन मोहन मालवीय, लाला लाजपत राय जैसे लोगों से उनके व्यक्तिगत

सम्पर्क–संवाद थे। क्रान्तिकारियों में रास बिहारी बोस, चन्द्रशेखर आजाद, भगत सिंह तक सम्मिलित थे। क्रान्तिकारियों के बीच उनकी स्थिति बेहद सम्मानजनक एवं विश्वसनीयता की थी। काकोरी काण्ड के बाद चन्द्रशेखर आजाद ने फरारी के दिनों में उन्हीं के यहाँ शरण लेकर दुबारा क्रान्तिकारी संगठन को स्थापित किया। उन्हीं की उपलब्ध पिस्तौल से भगत सिंह ने साण्डर्स का बध किया था। जीवन के अंतिम काल में वे बुन्देलखण्ड के एक अत्यन्त पिछड़े गाँव 'खोही' में साधु बनकर क्रान्तिकारियों को प्रशिक्षित करते, उन्हें छुपाते और मदद करते। बाद में, 'संदेह होने पर उन्हें मुख्यालय बुलवाया गया। इसी आने-जाने और खराब भोजन से वे बीमार पड़े और ३ सितम्बर, १९३५ को सुदूर गाँव में उनका निधन हो गया।

उनके साहित्यिक सम्पर्क का दायरा भी काफी व्यापक था। प्रताप नारायण मिश्र के सम्पर्क में आकर उन्होंने लेखन-कार्य प्रारम्भ किया। 'ब्राह्मण' में मैनेजर के रूप में उनका नाम भी छपने लगा। इलाहाबाद में रहते हुए पं. बालकृष्ण भट्ट का सामीप्य और उनके कुछ लेख 'हिन्दी प्रदीप' में भी छपे। पं. पद्मसिंह शर्मा, श्यामसुन्दर दास, गणेश शंकर विद्यार्थी, ईश्वरी प्रसाद शर्मा, महादेव प्रसाद सेठ, मुंशी नवजादिकलाल श्रीवास्तव, शिवपूजन सहाय सहित अपने समय के तमाम प्रमुख लेखकों के बीच वे सम्मानित रहे। निराला जी तो उन्हें अपना राजनीतिक गुरु ही मानते थे। उदय शंकर शास्त्री ने किन्हीं चंद्रोदय दीक्षित के हवाले से यह लिखा है कि– ''पं. किशोरीदास वाजपेयी ने किसी प्रसंग में कहा था कि हिन्दी लिखने की प्रेरणा तो मुझे राधामोहन गोकुल जी से मिली थी।''[७] गोकुल जी का कसमसाता देश-प्रेम उनके गद्य में उतर आता है। एक ही लेख में प्रांजल भाषा भी है और ठेठ गँवई किसान वाला हरमुठाहीपन (हल पर हाथों की कड़ी पकड़) भी। तत्सम, तद्भव, देशज, विदेशज, हिन्दी, उर्दू– सब एक ही प्रवाह में घुले-मिले हैं। वे प्रकृति को ईश्वर-स्थानापन्न मानते थे। पदार्थ और प्रकृति ही सत्य है। राधामोहन गोकुल में बहस और तर्क करने की अद्भुत प्रतिभा थी। गोकुल जी समाज के हर पहलू, हर समस्या को व्यापक फलक में रखकर विचार करते हैं। उनके विचार समय-समाज के गहरे सरोकारों से जन्म लेते हैं। वे अंग्रेजों और ईसाई धर्म के रिश्तों की बात करते हैं। जो लोग अंग्रेजों को आधुनिक और प्रगतिशील मानते हैं, गोकुल जी उनसे सहमति नहीं रखते, न ही ईसाई धर्म को करुणा का धर्म मानते हैं।

गोकुल जी ने सामाजिक विषयों पर काफी कुछ लिखा। इसमें स्त्री विषयक लेखों का एक बड़ा हिस्सा है, जिसका थोड़ा भाग ही अभी उपलब्ध हो सका है। इसके अध्ययन से लगता है कि उन्होंने स्त्रियों के समाज को बड़ी गहराई से समझा था और उनकी समस्याओं पर विस्तार से सोचा-विचारा था। वे स्त्रियों की समस्याओं को दूसरी अन्य समस्याओं से अलग कर नहीं देखते, बल्कि उसको सामाजिक, आर्थिक और सांस्कृतिक पृष्ठभूमि में रखकर ही विचार करते हैं। राधामोहन गोकुल और 'रैडिकल : स्त्री-चेतना' शीर्षक से प्रो. सुधा सिंह का एक महत्त्वपूर्ण आलेख है, जिसमें उन्होंने राधामोहन जी के स्त्री सम्बन्धी विचारों का गहन विवेचन प्रस्तुत किया है। हिन्दी नवजागरण में दलित विमर्श को लेकर राधामोहन गोकुल के विचारों का आँकलन भी एक विचारोत्तेजक अनुभव है। समाज में मौजूद दलित समस्या पर भी वे प्रारम्भ से ही सोचते-विचारते हैं, जिसका प्रमाण उनकी सामाजिक विचारों की प्रारम्भिक पुस्तक 'नीतिदर्शन' (१९१२) में मिलता है। समस्या यह है कि इस विषय पर उनकी कुछ सामग्री अनुपलब्ध है। गोकुल जी का जीवन बड़ा ही संघर्षपूर्ण और घटना-बहुल था। उनकी सक्रियता के आयाम भी अलग-अलग रहे। वे व्यवस्थित रहकर

साहित्यिक लेखन करने वाले साहित्यकार भी नहीं थे। उनकी प्राथमिकता में साहित्यिक लेखन था भी नहीं। उन्होंने जीवन भर राजनीतिक और सामाजिक कार्यों को ही अहमियत दी और उसी के निमित्त अपना ज्यादातर लेखन किया। उनके लेखन में जनता के बीच वैज्ञानिक सोच और विचार फैलाना, राष्ट्रीय भावनाओं को उत्प्रेरित करना, पुरानी और जड़ परम्पराओं को खत्म करना, नयी वैज्ञानिक समझ पैदा करना मुख्य था। उनकी देशभक्ति उन्हें इस तरह बेचैन किये रहती थी कि उनके भीतर समाज में बुनियादी उलटफेर कर देने का आश्चर्यजनक रूप से तूफानी जज्बा भरा था। राधामोहन गोकुल के वैचारिक उत्कर्ष की चरम उपलब्धि उनके अंतिम काल के लिखे निबन्धों में देखने को मिलती है। खासतौर से 'ईश्वर का बहिष्कार' लेख की प्रशंसा में प्रेमचन्द ने लिखा कि– ''हिन्दी संसार में इसने हलचल मचा दी थी। इसकी दलीलों का जवाब नहीं है और लेख की शैली इतनी चुलबुली और विनोदमय है कि क्या कहना।'' (हंस– जनवरी, १९३३) उन्होंने इस लेख को 'हिन्दी साहित्य के विचार-साहित्य में एक स्तम्भ-सा' माना था। दरअसल; नवजागरण के नायकों में ईश्वर और धर्म को इस तेवर के साथ चुनौती देने वाले संभवत: वे पहले रचनाकार थे। ईश्वर और पुरोहित वर्ग के प्रति उनके विचारों में इतना तीखापन है, गोया वे बिजली के नंगे तार हों– 'हाई वोल्टेज' के।

अन्त में; सामाजिक यथार्थ का हवाला देकर वे सावधान करते हैं कि 'पोथीदास' मत बनो। समाज को नए समय के अनुसार ढालना जरूरी है। कागज की पुस्तकों की तुलना में प्रकृति की पुस्तकें हमें ज्यादा ज्ञानवान बनाती हैं। समानता, स्वाधीनता और न्याय पर सबका नैसर्गिक अधिकार है। यह उनके विचारों के मूल में है। गोकुल जी के विचारों में बड़ी बात यह है कि उनमें सिर्फ बौद्धिक उपक्रम भर नहीं है। और अंत में; स्वाधीनता-आन्दोलन में हिन्दी साहित्यकारों के स्वर्णिम योगदान को स्मरण करते हुए वर्तमान समय के प्रखर आलोचक-लेखक प्रोफेसर विजय बहादुर सिंह के शब्दों के आलोक में कहना चाहती हूँ– ''प्रसाद ने निराला के साथ मिलकर जो संसार रचा है, उसमें राष्ट्रीय अस्मिता की खोज का युगव्यापी अभियान है और यह क्यों और किस तरह है, इसे वे ही समझ पाएँगे, जिन्हें आज भी साम्राज्यवाद के सांस्कृतिक हमलों को लेकर चिन्ता है और जो भारतीय समाज को आज भी स्वाधीन तथा स्वतंत्र देखना चाहते हैं, जिसमें आज भी हिन्दी अपने बहुआयामी स्वरूप में अपने दायित्वों, चुनौतियों एवं बाजार के मापदण्डों में न केवल खरी उतर रही है, साथ-ही; अग्रणी पंक्ति में विराजमान हो 'जय हिन्द– जय हिन्दी' का उद्घोष कर रही है।''

सन्दर्भ-ग्रन्थ

१. शम्भुनाथ (सम्पादक)– राष्ट्रीय मुक्ति आन्दोलन और प्रसाद, नयी किताब, नई दिल्ली, पृ. ८०-८१
२. लीलाधर मंडलोई (सम्पादक)– कविता के सौ बरस, शिल्पायन प्रकाशन, शाहदरा, नई दिल्ली, पृ. २७६
३. वही, पृ. २८४।
४. प्रेमचन्द के विचार– भाग-२, पृ. ३५२
५. किशन कालजयी (सम्पादक)– एक थे राधामोहन गोकुल, अनन्य प्रकाशन, नई दिल्ली, पृ. ३२
६. रचनावली-४, पृ. २५०
७. राधामोहन गोकुल स्मारिका, पृ. ११७

●

निर्मल वर्मा का कथा साहित्य : परिवेश की आधुनिकता

डॉ. सुरेन्द्र प्रताप सिंह*

निर्मल वर्मा एक कथाकार, निबन्धकार और चिन्तक के रूप में चर्चित हैं। ये नई कहानी आन्दोलन के दौर के कथाकार हैं, जिन्होंने हिन्दी कहानी को नया रूप, भाव-भंगिमा और कलात्मक सार्थकता प्रदान की है। निर्मल वर्मा की रचना-यात्रा में देश और विदेश– दोनों प्रकार के परिवेश हमारे सामने आते हैं। निर्मल वर्मा के ऊपर विदेशी परिवेश; विशेषत: प्राग का अधिक प्रभाव पड़ा है, इसलिए उनकी रचनाओं में पश्चिमी परिवेश का प्रभाव अधिक दिखायी पड़ता है।

घटना चाहे दिल्ली की हो, शिमला की हो या लन्दन की– सब जगह पश्चिमी परिवेश का प्रभाव स्पष्ट दिखायी पड़ता है। निर्मल वर्मा की कहानियों में चेकोस्लोवाकिया, प्राग व लन्दन आदि देशों की सभ्यता एवं संस्कृति की झलक मिलती है, जहाँ बियर तथा रेडवाइन की महक बराबर मिलती रहती है। इनके पात्र शोर-शराबे के बीच क्लबों में गूँजते 'हॉट सांग्स' तथा 'पॉप म्यूजिक' (लोकप्रिय संगीत) की उत्तेजक लय पर थिरकते हैं।

भारतीय परिवेश पर लिखित कहानियों के पात्र भी विदेशी संगीत ही गाते-सुनते नजर आते हैं। भारतीय संगीत से उनका विशेष सरोकार नहीं दिखायी पड़ता है। निर्मल वर्मा की रचना-यात्रा से गुजरते हुए ऐसा महसूस होता है कि मानों जिन्दगी के परिवेश का चित्रण करना इनका खास मकसद रहा हो। निर्मल वर्मा के कथा-संसार में भारतीय सभ्यता एवं संस्कृति की झलक मिलती है। मायादर्पण, डायरी का खेल, परिन्दे, सितम्बर की एक शाम, तीसरा गवाह, पिक्चर पोस्टकार्ड, कव्वे और काला पानी, सुबह की सैर इत्यादि कहानियों में भारतीय परिवेश के क्रिया-कलापों द्वारा आधुनिक जीवन की समस्याओं, जटिलताओं, रूढ़ियों एवं संस्कारों की अभिव्यक्ति मिलती है। निर्मल वर्मा की कहानियों में हर घटना; भले ही वह दिल्ली के कनॉट प्लेस की हो या शिमला की अथवा दिल्ली या प्राग की हो, कोई विशेष अन्तर अनुभव नहीं होता।

निर्मल वर्मा स्वयं अपनी कहानियों में विदेशी परिवेश के चित्रण को स्वीकार करते हैं। लेकिन उन्हें कहानियों-कविताओं के भौगोलिक खण्डों में विभाजित करना अरुचिकर और कुछ हद तक अर्थहीन लगता है। निर्मल वर्मा का मानना है– ''वर्षों विदेश में रहने के कारण मेरी कुछ कहानियों में शायद एक विराने किस्म का प्रवासीपन चला आया है। मुझे नहीं मालूम, यह इन कहानियों को अच्छा बनाता है या बुरा। कुछ भी हो, इन्हें विदेशी कहानियाँ कहना शायद ठीक नहीं होगा। यों भी मुझे कहानियों-कविताओं को भौगोलिक खण्डों में विभाजित करना अरुचिकर और बहुत हद तक अर्थहीन लगता रहा है। ग्राहम ग्रीन जिन्दगी-भर इंग्लैण्ड के बाहर अपने उपन्यासों के कथानक ढूँढते रहे– लेकिन रहे शुरू से लेकर आखिर तक ठेठ अंग्रेजी लेखक। क्या लारेन्स की कहानियों-उपन्यासों को देशी-विदेशी कटघरों में बाँटना हास्यास्पद नहीं होगा? मैं यहाँ यह चीज अपनी कहानियों को 'बचाने' के लिए नहीं (इसकी मुझे लालसा नहीं), केवल एक सीधी-सी बात को सीधे ढंग से रखने की कोशिश में कह रहा हूँ, ताकि हम निरर्थक बहसों से छुटकारा पा सकें। दरअसल; किसी लेखक की पृष्ठभूमि विदेशी है या देशी, यह चीज बहुत ही गौण है। इसका महत्त्व है, तो सिर्फ इसमें कि किस सीमा तक और कितनी गहराई से वह किसी खास स्थिति या नियति

* सहायक आचार्य– हिन्दी विभाग, महात्मा गाँधी काशी विद्यापीठ, वाराणसी

को खोल पाती है- बल्कि यूँ कहें, महत्त्व की कोई चीज है, तो सिर्फ यह ही, बाकी सब राख है।''[१]

इस प्रकार, किसी लेखक की कहानियों को देशी-विदेशी पृष्ठभूमि में विभाजित करना निर्मल को उचित प्रतीत नहीं होता। कहानी किसी खास बात को किस सीमा और गहराई तक खोल पाती है, इसी में उसका महत्त्व आँका जा सकता है। निर्मल वर्मा की कहानियों में परिवेश की प्रधानता होती है। वे अपनी कहानियों में एक विशेष प्रकार के वातावरण का निर्माण करते हैं। यह वातावरण ही उनकी कहानियों को अन्त तक ले जाता है। कहानी के विकास या अन्त तक उसे पहुँचाने के लिए उन्हें किसी विशेष घटना की आवश्यकता नहीं पड़ती है। यही कारण है कि उनकी कहानियों एवं उपन्यासों में घटनाएँ नहीं के बराबर होती हैं। निर्मल अपनी कहानियों में घटना के बजाय वातावरण के निर्माण पर बल देते हैं। यही वातावरण कहानी के पात्रों व स्थितियों को खोलता हुआ उस मुकाम पर पहुँचता है, जहाँ कहानी अपना पूर्ण विकास प्राप्त करती है। निर्मल वर्मा अपनी कहानियों में घटनाओं के आरोहों-अवरोहों पर ध्यान देने के बजाय भावों के आरोहों-अवरोहों पर ध्यान केन्द्रित करते हैं। इस सन्दर्भ में डॉ. गोवर्धन सिंह शेखावत का विचार उपयुक्त जान पड़ता है। उनका मानना है कि– ''कथा-रचना की दृष्टि से निर्मल वर्मा की कहानियाँ वातावरण में लिपटी हुई हैं। वहाँ न घटनाएँ हैं और न कथावस्तु का अनावश्यक विस्तार। उनकी अधिकांश कहानियाँ भाव दशा का संकेत करने वाली हैं।''[२]

निर्मल वर्मा की सृजन-यात्रा में सुहावनी पहाड़ियों की तलहटी, समुद्रधारा का प्रवाह, उन्माद भरी नदी, प्रेम एवं यौवन के समान निर्बाध गति से बहता हुआ जान पड़ता है। 'एक शुरूआत' कहानी का नायक वियना से वापस आता है। उस समय वह यूरोप की भौगोलिक स्थिति का अवलोकन करते हुए स्वयं से कहता है– ''अब मैं वापिस यूरोप लौट रहा हूँ। बीच में चैनल का समुद्र है और दूर सागर के पास पार 'सीगल्फ' का झुण्ड उड़ जाता है– डोवर से परे यूरोप के आकाश पर।''[३] 'एक शुरूआत' कहानी से ही प्राकृतिक परिवेश का उदाहरण द्रष्टव्य है। इस कहानी का नायक स्टीमर पर बैठकर फेनिल समुद्र के सौन्दर्य को निहारता हुआ कहता है– ''स्टीमर चल रहा है। आस-पास समुद्र के फेनिल जल में पूरे द्वीप डूब जाते हैं और फिर जब हम उन्हें भूल जाते हैं, वे कहीं दूर के बच्चे की किलकारी की मानिंद अपना चेहरा उठा लेते हैं।''[४] देश-काल और स्थिति के अनुसार नयी कहानी में मानव-सम्बन्धों को शहरी जीवन-सन्दर्भों और स्थितियों के परिप्रेक्ष्य में निर्मल वर्मा में चित्रित करने की प्रवृत्ति अधिक दिखायी पड़ती है– ''नई परिस्थितियों के कारण सम्बन्धों में जो ढीलता और बदलाव आ गया था, उसकी ओर कहानीकार की दृष्टि गयी है।''[५]

निर्मल वर्मा के कथा साहित्य में चरित्र, देश-काल और परिस्थितियों के अनुसार प्राकृतिक वातावरण में किसी पेंड़, पौधे, पर्वत और बादल की तरह अंकित होते हैं। 'परिन्दे' कहानी की छोटी-छोटी लड़कियों तथा मीडोज, झरने, झाड़ियों, फूलों आदि में कोई अन्तर नहीं है।

झाड़ियों के नीचे वे शोर करती पहुँच रही हैं, जिसका प्रभाव लतिका तक पहुँच रहा है। लतिका उन झरनों, झाड़ियों और लड़कियों के स्वर में तन्मय हो जाती है। देश-काल और परिस्थितियों का यह उदाहरण 'परिन्दे' कहानी में वातावरण के साथ संगीतमय चित्रित हुआ है। उदाहरण देखिए– ''लीड काइंडली लाइट.... संगीत के सुर मानों एक ऊँची पहाड़ी पर चढ़कर हाँफती हुई साँसों को आकाश की अबाध शून्यता में बिखेरते हुए नीचे उतर रहे हैं। बारिश की

मुलायम धूप चैपल के लम्बे-चौकोर शीशे पर झिलमला रही है, जिसकी एक महीन चमकीली रेखा ईसा मसीह की प्रतिमा पर तिरछी होकर गिर रही है। मोमबत्तियों का धुआँ धूप में नीली-सी लकीर खींचता हुआ हवा में तिरने लगा। पियानों के क्षणिक पॉज में लतिका-पत्तों का परिचित मर्मर कहीं दूर अनजानी दिशा से आता हुआ सुनाई दे जाता है। एक क्षण के लिए मुझे भ्रम हुआ कि चैपल का फीका-सा अँधेरा उस छोटे से 'प्रेयर हॉल' के चारों कोनों से सिमटता हुआ उसके आस-पास घिर आया है.... और पियानों के सुर अतीत की धुँध को भेदते हुए स्वयं उस धुँध का भाग बनते जा रहे हों ...।''[६] मानवीय सम्बन्धों की कहानियों में निर्मल वर्मा ने स्थूल यथार्थ की सीमा पार करने की कोशिश की है। उनकी कहानियों में अनुभूतियों का जीवन्त वातावरण चरित्र के रूप में पाठक के सामने उपस्थित होता है। मानव-सम्बन्धों में आयी उदासी और ठण्डेपन को देश-काल और परिस्थितियों के अनुसार निर्मल वर्मा ने मानवीय सम्वेदना के धरातल पर चित्रित करते हुए समाज के सामने रखने का सार्थक प्रयास किया है।

निर्मल वर्मा की अमूमन सभी कहानियाँ प्राकृतिक परिदृश्यों से परिपूर्ण हैं। उनकी कहानियाँ धुँध, कोहरे एवं बादलों से घिरी हुई हैं। जब भी नायक अथवा नायिका के मन में निराशा, कुण्ठा, अवसाद या अकेलेपन की छाया धुँध की तरह आती है, ऐसी स्थिति में प्रकृति और उनका साथ देते हुए धुँधमय हो जाती है। 'परिन्दे' कहानी की लतिका खिड़की खोलते ही धुँध का साक्षात्कार करती है– ''सुबह की बदली छायी थी। लतिका के खिड़की खोलते ही धुँध का गुब्बारा-सा भीतर घुस आया, जैसे रातभर दीवार के सहारे सर्दी में ठिठुरता हुआ वह भीतर आने की प्रतीक्षा कर रहा हो।''[७] परिन्दे को निर्मल वर्मा ने एक प्रतीक बनाकर व्यक्ति की पीड़ा को व्यक्त किया है। यह पीड़ा भरी प्रतीक्षा परिन्दे एवं लतिका में एक समान है। यहाँ निर्मल वर्मा ने मनुष्य की पीड़ा को परिन्दों के माध्यम से व्यक्त किया है। परिन्दे कहानी में प्रकृति का मानवीकरण किस प्रकार हुआ है? इस उदाहरण से समझ सकते हैं– ''पक्षियों का एक बेड़ा धूमिल आकाश में त्रिकोण बनाता हुआ पहाड़ों के पीछे से उनकी ओर आ रहा था। लतिका और डॉक्टर सिर उठाकर इन पक्षियों को देखते रहे। लतिका को याद आया, हर साल सर्दी की छुट्टियों से पहले ही परिन्दे मैदानों की ओर उड़ते हैं। कुछ दिनों के लिए बीच के इस पहाड़ी स्टेशन पर बसेरा करते हैं, प्रतीक्षा करते हैं बर्फ के दिनों की, जब वे नीचे अजनबी, अनजाने देशों में उड़ जायेंगे...।''[८] यहाँ पर लतिका की प्रतीक्षा को पक्षियों (परिन्दे) के माध्यम से बताने का सार्थक प्रयास निर्मल वर्मा ने किया है, जो उनकी अपनी विशिष्ट पहचान है।

निर्मल वर्मा की कहानियों के कथानक चीड़ों के पेड़ों से तथा उनके पात्र उन पेड़ों की छाया में घिरे रहते हैं। चीड़, कर्वा, ब्रुश, पाइन्स, चिनार, देवदार आदि के पेंड़ कुमायूँ, दिल्ली, शिमला, वेनिश तथा प्राग– हर एक जगह के कथानक में मिलते हैं। 'अन्तर' कहानी में इस तरह का उदाहरण मिलता है– ''खिड़की के इर्द-गिर्द कर्क के पेंड़ थे और उनकी नयी पत्तियाँ डूबती हुई धूप में झिलमिला रही थीं।''[९] 'परिन्दे' कहानी में चीड़ एवं खुबानी के पेंड़ों की उपस्थिति कहानी के वातावरण को प्राकृतिक बनाती है– ''स्कूल के पास पहुँचते-पहुँचते चीड़ के पेंड़ पीछे छूट गये, कहीं-कहीं खुबानी के आस-पास बुहस के लाल फूल धूप में चमक जाते थे।''[१०]

निर्मल वर्मा की कहानियों में वनस्पतियाँ चरित्रों के साथ चित्रित होकर स्वयं एक जीवन्त रूप धारण कर लेती हैं। 'डायरी का खेल' कहानी का बच्चा दिल्ली में यूकिलिप्टस के वृक्षों की लाइनें देखता हुआ कहता है– ''आधी रात के समय हवा से सरसराती यूकिलिप्टस वृक्षों की टेढ़ी-

मेढ़ी छायाओं के पीछे चैपल की उन सफेद दीवारों को देखकर शरीर में एक झुरझुरी-सी आ गयी थी।''[११]

निर्मल वर्मा की देशी-विदेशी समस्त कहानियों के पात्र चर्च, गिरजाघर, कब्रिस्तान, मन्दिर, रेतीली धूहों, नदी, नालों से सम्बन्धित हैं। यहाँ ये कहानी को गम्भीर एवं रहस्यमयता प्रदान करते हैं। कहीं-कहीं गिरजे, चर्च आदि का सुबह से लेकर दोपहर, शाम तथा रात के अँधेरे में, उनके सौन्दर्य का वर्णन किया गया है, जिसके सौन्दर्य को देखकर पात्र मुग्ध हो जाते हैं। 'पराये शहर' कहानी का नायक अपनी प्रेमिका से 'सेण्टमार्क' के 'स्क्वायर' में मिलता है। वह स्वयं बतलाता है– ''मैं उससे सेण्टमार्क के स्क्वायर में मिला था। स्क्वायर में ही नहीं, उसके जरा पीछे पुल के पास, जहाँ गदोले खड़े रहते हैं।''[१२]

निर्मल वर्मा की कहानियों में शुष्क एवं ठण्डी हवाएँ चलती हैं। 'अन्तर' कहानी का नायक शीतलहर से बचने के लिए अपने बैग से मफलर निकालकर लपेटता है। इस प्रकार, निर्मल के कथा साहित्य में वेनिस के टापू, समुद्र तथा लन्दन की सुहावनी मस्त रातें, शाम के समय पार्कों, बेंचों तथा हवाओं में उड़ते पत्ते, म्यूजियम, आर्टगैलरी, कब्रिस्तान, बवण्डर आदि हैं, जो देश-काल और परिस्थितियों के अनुसार पात्रों के चरित्र-चित्रण में सहायक होते हैं। ठण्ड से सम्बन्धित एक अन्य उदाहरण द्रष्टव्य है। 'दो घर' कहानी का नायक ठण्ड सहन नहीं कर पाता है, इसलिए वह कहता है– ''हम अँधेरे में चलते रहे। ठण्ड काफी थी। पेड़ों के नीचे शान्ति थी..... हवा का निशान न था, इसलिए जो पत्ते नंगी शाखाओं पर अधमरे लटके थे, उनके गिरने की कोई आशंका नहीं थी। नंगे पेड़ों को देखकर भारतीय नायक को आश्चर्य होता है.... अपने देश में पत्ते कब उगते हैं, कब झरते हैं, पता ही नहीं चलता। यहाँ एक बाढ़-सी आ जाती है।''[१३]

निर्मल वर्मा की कहानियाँ विदेशी परिवेश को लेकर भी लिखी गयी हैं। उनकी कहानियों में भारतीय पात्र गर्मियों में भारत छोड़कर पेरिस की, वेनिस की सैर करने लगते हैं। 'एक शुरूआत' कहानी का नायक कहता है– ''वे गर्मियों के दिन थे और सब लोग यूरोप में छुट्टियाँ गुजारकर अपने-अपने घर लौट रहे थे। स्टीमर खचाखच भरा था। चारों ओर जींस पहने लड़कियाँ, हवा में उड़ते रंग-बिरंगे स्वार्क और बीयर के ग्लासों के इर्द-गिर्द बैठे लड़के-लड़कियों के गुच्छे दिखायी दे जाते थे।''[१४] भारतीय संस्कृति पाश्चात्य संस्कृति से अलग प्रकार की संस्कृति है। भारतीय संस्कृति पूजनीय और गौरवमयी है, जिसके समक्ष पश्चिमी संस्कृति हीन दिखाई पड़ती है। फिर भी; जाने क्यों निर्मल वर्मा की कहानियों में पात्र एवं चरित्र विदेशी सभ्यता एवं संस्कृति के प्रति आकर्षित नजर आते हैं। आधुनिक भारतीयों का पश्चिमी संस्कृति एवं सभ्यता से जो लगाव है, उसका अंकन निर्मल वर्मा आज के परिवेश में करते हैं। आज की पीढ़ी पाश्चात्य संस्कृति को अपनाने में स्वयं को गौरवान्वित महसूस करती है। इस सम्बन्ध में निर्मल के विचार इस प्रकार हैं– ''आज का कोई कलाकार, चाहे वह फ्रेंच हो या जापानी या भारतीय, स्वयं को पश्चिमी सभ्यता के अन्तर्विरोधों और संकट से अछूता नहीं रख सकता। इसे यूरोप की विशेष स्थिति कहकर टाला नहीं जा सकता, क्योंकि वह बीसवीं सदी की केन्द्रीय स्थिति है, जिसमें कमोवेश सभी देश के कलाकार प्रतिबद्ध हैं।''[१५]

भारतीय संस्कृति की अपनी कुछ विशिष्ट पहचान है, जिसे शील, संयम, उदारता, लज्जा, नैतिकता, सहृदयता एवं पूजा-पाठ के अन्तर्गत समझ सकते हैं। इन आधारभूत तत्त्वों को निर्मल वर्मा के भारतीय परिवेश की कहानियों में देख सकते हैं। इन कहानियों में 'डायरी के खेल' एवं 'कव्वे और काला पानी' को लिया जा सकता है। 'कव्वे एवं कालापानी' कहानी के अन्तर्गत साधु-सन्तों एवं संन्यासियों की उपस्थिति भारतीय परिवेश की पहचान को दर्शाती है। निर्मल वर्मा की

कहानियों का परिवेश कुछ इस प्रकार का है कि पाठक उन्हें पढ़ते हुए विदेश में भ्रमण करने लगता है, जिनके पात्र बियर बार, पब में शराब का सेवन करते हुए, उत्तेजक संगीत पर नृत्य करते हुए पाये जाते हैं। उनकी रचना-यात्रा के दौरान हम पाते हैं कि गिटार, वायलिन, आर्केस्ट्रा, पियानों के संगीत बराबर विद्यमान रहते हैं। निर्मल के कथा साहित्य के पात्र अपनी थकान, उदासी एवं अकेलेपन के अवसाद को दूर करने के लिए शाम के समय किसी होटल, रेस्तराँ में बैठकर संगीत सुनते हुए अक्सर दिखायी पड़ते हैं। यदि हम कहें कि निर्मल वर्मा के अधिकांश पात्र विदेशी रंग में रंगे हुए हैं, तो गलत नहीं होगा। 'डायरी का खेल' कहानी की चाची भी ग्रामोफोन सुनने की शौकीन है। वह कहती है– ''क्या भइया! बहुत दिनों से रिकार्ड नहीं बजाया और जब तक वह घिसा-पिटा रिकॉर्ड दम तोड़ता हुआ भर्राये स्वर में बजता रहता, चाची आँखें मूँदे सुस्त-सी बैठी रहतीं और उनके होंठ बार-बार फड़फड़ा उठते।''[१६] 'पिक्चर पोस्टकार्ड' के लगभग सभी पात्र– परेश, नीलू, सी.डी. और निकी भी संगीत प्रेमी हैं। ऐसा प्रतीत होता है कि संगीत-वर्णन निर्मल वर्मा के लिए शोभा की वस्तु नहीं है, बल्कि सम्पूर्ण रचना-प्रक्रिया ही संगीतधर्मी है। निर्मल वर्मा ने संगीत का चित्रण केवल वातावरण-चित्रण के लिए नहीं किया है, बल्कि संगीत के राग-धर्म को भी व्यक्त किया है, जिसके द्वारा विविध वस्तुएँ पिघल कर, अपनी पृथक् सत्ता खोती हुई, एक भाव-धारा में बदल जाती हैं।

निर्मल वर्मा की रचना-प्रक्रिया में पात्रों का चरित्र देश-काल और परिस्थितियों के अनुसार विकसित हुआ है। विदेशी परिवेश की कहानियों में नैतिकता का अभाव-सा पाया जाता है। ऐसी कहानियों में नग्नता की अभिव्यक्ति हुई है, जिसके पात्र एक अलग प्रकार के अनैतिकता एवं वासनामय परिवेश में पाये जाते हैं। निर्मल वर्मा के पात्रों में नग्नता के प्रति एक विशेष आकर्षण है। 'लवर्स' कहानी में– ''अधेड़ उम्र का व्यक्ति मैग्जीन के कवर पर लेटी एक अर्द्धनग्न युवती के चित्र को दुकान पर बैठे लड़कों को दिखाता है और आँख मारकर हँसता है।''[१७] निर्मल वर्मा ने अपने कथा साहित्य में जितने खुले रूप से अपनी आधुनिक नायिकाओं को शराब एवं सिगरेट पीते दिखाया है, उतना उनके समकालीन कथाकारों ने दिखाने का साहस नहीं किया है। उनकी नायिकाएँ काफी बिन्दास हैं। उनमें किसी प्रकार की वर्जनाएँ नहीं हैं। सुख की खातिर वे किसी से सम्बन्ध बना सकती हैं। फिर वहाँ घर-परिवार कुछ भी देखना मायने नहीं रहता। निर्मल वर्मा के पात्र मुक्त भोगी हैं। शरीरवाद के प्रति उनका आग्रह है। वे विवाहपूर्व शारीरिक सम्बन्ध बनाने में हिचकते नहीं हैं। सम्भोग के समय न मर्यादा का ध्यान रहता है, न समाज की परवाह। किन्तु भारतीय परिवेश की कहानियों में यह बात बहुत कम पायी जाती है। उन्मुक्त भोग एवं नग्नता का खुला प्रदर्शन भारतीय परिवेश की कहानियों में नहीं दिखायी देता है। भारतीयों की यह विशेषता रही है कि वे विजातीय जीवन-उपकरणों के बीच भी अपनी पहचान बनाये रखने के लिए कहानी के परिवेश पर बहुत ध्यान देते हैं। इसलिए देश-काल एवं परिस्थितियों के अनुसार, निर्मल वर्मा के चरित्रों की भारतीयता प्रामाणिक है, सिर्फ इस नाते नहीं कि ये परिवेश के दबाव में बँधे रहते हैं।

निर्मल वर्मा की अधिकांश कहानियों में एक भुतहा वीरानापन छाया रहता है। ये वही कहानियाँ हैं, जिन पर विदेशी होने का ठप्पा लगता है। 'वे दिन' उपन्यास का पूरा परिवेश ही विदेशी है। यह उपन्यास उन तीन दिनों का बखान है, जो कथानायक और रायना ने प्राग के शान्तिपूर्ण वातावरण में बर्फ, पुराने गिरजाघर और पुराने शहर के पुलों के बीच छुट्टियों के खालीपन के अहसास के साथ बिताये थे। उपन्यास के सभी पात्र अपने-अपने अतीत से जूझते हुए जी रहे हैं। इसके सभी पात्र अपने निजी विचार रखते हैं। यह व्यक्तिपरक दृष्टिकोण उन्हें अलगाववादी बना देता है। अपनी अलगाववादी प्रकृति के कारण ही रायना अपने पति से सम्बन्ध-विच्छेद कर लेती है। रायना का

दूसरे पुरुषों के साथ रात बिताना उसके लिए केवल उस अँधेरे कोने को भरना-भर होता है। 'लाल टीन की छत' उपन्यास दिल्ली, लन्दन और शिमला के परिवेश की याद दिलाती है, जहाँ शिमला की प्राकृतिक वादियों में काया का शारीरिक एवं मानसिक विकास होता है। उपेन्द्रनाथ 'अश्क' निर्मल वर्मा की कहानियों में परिवेश की उपस्थिति को इस प्रकार बताते हैं– ''निर्मल वर्मा की कहानियों में परिवेश की अवधारणा अमूर्त्त है। गाँव या शहर के उस आदमी का साक्षात्कार नहीं होता, जिसे हम रोज अपने भीतर जी रहे हैं। विडम्बना यह है कि शहर के लिए जिस परिवेश का दबाव कहानियाँ उभारना चाहती हैं, उस परिवेश का दबाव भी नहीं उभरता।''[१८]

संक्षेप में; हम कह सकते हैं कि निर्मल वर्मा के यहाँ परिवेश की काफी महत्त्वपूर्ण भूमिका होती है। चूँकि वे अपनी कहानियों में एक स्वतन्त्र चमत्कार से परिपूर्ण संसार की रचना करते हैं, तो यह जरूरी हो जाता है कि उसमें निहित परिवेश के छोटे-छोटे ब्यौरे देकर ही उसे वास्तविकता के धरातल पर खड़ा करें और वे ऐसा करते भी हैं। 'कहानी : नयी कहानी' में एक जगह नामवर सिंह कहते हैं– ''निर्मल वर्मा की कहानियों में चरित्र, वातावरण, कथानक आदि का कलात्मक रचाव है। कलात्मक रचाव स्वयं रूप के विविध तत्त्वों के अन्तर्गत, फिर वस्तु और रूप के बीच नयी वस्तु के अन्तर्गत। पात्र अलग इसलिए याद नहीं आते कि वे परिस्थितियों के अंग हैं।''[१९]

इस प्रकार, हम देखते हैं कि निर्मल वर्मा के कथा साहित्य में परिवेश की प्रधानता है। यह परिवेश का अधुनापन निर्मल वर्मा के पूरे कथा साहित्य में अलग तरह के वातावरण का निर्माण करके कहानी को अन्त तक ले जाता है।

सन्दर्भ-ग्रन्थ

१. निर्मल वर्मा– मेरी प्रिय कहानियाँ, भूमिका से उद्धृत, राजपाल एण्ड सन्स, दिल्ली, पृ. vii
२. गोवर्धन सिंह शेखावत– नई कहानी की उपलब्धियाँ और सीमाएँ, पृ. १६
३. निर्मल वर्मा– जलती झाड़ी, एक शुरूआत, पृ. १५०
४. निर्मल वर्मा– जलती झाड़ी, पृ. १५०
५. नरेन्द्र मोहन– आज के सन्दर्भ में नई कहानी, पृ. ३४
६. निर्मल वर्मा– परिन्दे, भारतीय ज्ञानपीठ, नई दिल्ली, पृ. ११९
७. वही- पृ. ११४
८. वही, पृ. १३५
९. निर्मल वर्मा– जलती झाड़ी, अन्तर, भारतीय ज्ञानपीठ, नई दिल्ली, पृ. १४५
१०. निर्मल वर्मा– परिन्दे, भारतीय ज्ञानपीठ, नई दिल्ली, २००८, पृ. १२६
११. वही– पृ. १८
१२. निर्मल वर्मा– जलती झाड़ी, पराए शहर में, पृ. ७३
१३. निर्मल वर्मा– बीच बहस में, दो घर, पृ. ५९
१४. निर्मल वर्मा– जलती झाड़ी, एक शुरूआत, पृ. ५७
१५. निर्मल वर्मा– हर बारिश में, दो संस्कृतियों के बीच, पृ. ११
१६. निर्मल वर्मा– परिन्दे, डायरी का खेल, भारतीय ज्ञानपीठ, नई दिल्ली, २००८, पृ. १३
१७. निर्मल वर्मा– जलती झाड़ी, लन्दन की एक रात, पृ. ९
१८. उपेन्द्रनाथ 'अश्क'– हिन्दी कहानी : अन्तरंग परिचय, पृ. १३४
१९. नामवर सिंह– कहानी : नई कहानी, लोकभारती प्रकाशन, इलाहाबाद, २००८, पृ. ५६

●

'द सब्जेक्शन ऑफ वुमेन' की प्रासंगिकता

डॉ. किंगसन सिंह पटेल*

जॉन स्टुअर्ट मिल की 'द सब्जेक्शन ऑफ वुमेन' नारीवादी इतिहास में एक महत्त्वपूर्ण किताब के रूप में दर्ज है। एक चिंतक के रूप में जॉन स्टुअर्ट मिल का योगदान बहुआयामी है। वे १९वीं सदी के महत्त्वपूर्ण उदारवादी अर्थशास्त्री, दार्शनिक व नारीवादी चिंतक के रूप में जाने जाते हैं। अर्थशास्त्र व दर्शन की जिस धारा से मिल सम्बद्ध थे, वह लम्बे समय तक समाज में प्रगतिशील भूमिका निभा पाने में समर्थ न हो सकी, लेकिन बतौर नारीवादी चिंतक उनका महत्त्व आज भी बरकरार है। नारीवादी चिंतन के इतिहास में 'द सब्जेक्शन ऑफ वुमेन' को क्लॉसिक का दर्जा प्राप्त है। आज इस किताब का सम्बन्ध उदारवादी नारीवाद से जोड़ा जाता है, लेकिन अपने समय में यह किताब इतनी विस्फोटक थी कि उन्हें प्रकाशक बड़ी मुश्किल से मिले तथा उन्हें भारी विरोध का सामना करना पड़ा था। इस किताब को प्रकाशित कराने के लिए मिल को दो साल इंतजार करना पड़ा। दो सालों के बाद १८६९ ई. में यह किताब प्रकाशित हुई। कहते हैं मिल की यह एकमात्र पुस्तक थी, जिस पर प्रकाशक को घाटा उठाना पड़ा।

जॉन स्टुअर्ट मिल का जन्म २० मई, १८०८ ई. को लंदन के पेंटॉनविले शहर में हुआ था। वे अर्थशास्त्री और इतिहासकार जेम्स मिल के बड़े बेटे थे। इनके पिता ने हर सम्भव कोशिश की कि उनका बेटा उनके विचारों को आत्मसात् करे और उन्होंने जॉन स्टुअर्ट मिल को तीन वर्ष की अवस्था से ही कठिन पढ़ाई के काम में लगा दिया। आम बच्चों की तरह न तो उन्हें खेलने-घूमने का मौका मिला और न ही उन्हें किसी स्कूल में डाला गया। बचपन की सारी पढ़ाई पिता की देख-रेख में हुई। तीन वर्ष की अवस्था में ही उन्हें लैटिन और ग्रीक के अध्ययन में और आठ वर्ष की अवस्था में विज्ञान, गणित, इतिहास और अर्थशास्त्र की कठिन पढ़ाई में लगा दिया गया। जेम्स मिल स्वयं और अपने दोस्तों की मदद से अपने बेटे को महान चिंतक बनाना चाहते थे, इसलिए वे अपने बेटे को हमेशा स्वयं या किसी-न-किसी परिचित विद्वान् के संरक्षण में रखे। दरअसल; वे उनकी पढ़ाई के प्रति कुछ ज्यादा ही सचेत थे, इसीलिए जॉन स्टुअर्ट मिल के पास पढ़ने के अलावा कोई काम था ही नहीं। हर वक्त पढ़ाई और उस पर बातचीत। पिता की असंतुष्टि ने जॉन स्टुअर्ट मिल के शारीरिक और मानसिक विकास को बुरी तरह प्रभावित किया। सामान्य बच्चे की तरह न तो उनका पालन-पोषण हुआ और न ही वे सामान्य व्यक्ति बन पाये। अपने सहपाठियों की अपेक्षा अधिक ज्ञान और चिंतन होते हुए भी उनमें आत्मविश्वास की कमी रही। पिता की अपेक्षाओं और विचारों पर खरा न उतर पाने और अपने मन की न कर पाने के द्वंद्व ने उनके मानसिक संतुलन को सामान्य नहीं रहने दिया। परिणामस्वरूप; बीस वर्ष की अवस्था में वे खतरनाक मानसिक आघात के शिकार हुए। उन्हें यह आघात शायद पिता की कामनाओं पर खरा न उतर पाने और लगातार पढ़ने से हुआ था। लेकिन वे जल्द ही इस व्याघात से उबर गये। उबरने के बाद उनके विचारों में जबरदस्त परिवर्तन आया। वे अपने पिता और उनके मित्र जेरेमी बेंथम से न केवल दूर हो गये, बल्कि बेंथमवादी विचारों को भी मानने से इंकार कर दिया। इसके बाद मिल की अपने पिता से बौद्धिक दूरी बन गयी। यह दूरी इतनी अधिक बढ़ गई कि इनके पिता ने इन्हें 'सैद्धान्तिक भगौड़ा' तक कह डाला।

* एसोसिएट प्रोफेसर– हिन्दी विभाग, कला संकाय, काशी हिन्दू विश्वविद्यालय, वाराणसी-२२१००५

जॉन स्टुअर्ट मिल की जिंदगी में बड़ा और महत्त्वपूर्ण परिवर्तन हैरियट टेलर के सम्पर्क के कारण आया। जब २४ वर्ष की अवस्था में स्टुअर्ट मिल हैरियट टेलर से मिले, तो वे विवाहित थीं। हैरियट समझदार और स्वत:स्फूर्त महिला थीं। वे कविता, निबंध आदि लिखा करती थीं, जिससे मिल बहुत प्रभावित हुए। उनका मिलन दोस्ती और फिर आत्मीय सम्बन्धों में बदल गया। २१ वर्ष की दोस्ती के बाद जब हैरियट के पति की मृत्यु हो गयी, तो इन दोनों ने १८५१ में विवाह कर लिया। विवाह के सात साल बाद ही हैरियट की मृत्यु हो गयी। हैरियट की मृत्यु के बाद मिल ने कहा कि 'मेरे जीवन की बहार खत्म हो गयी'। उन्होंने उनकी कब्र पर स्मारक बनवाये और वहीं छोटा-सा कॉटेज लेकर रहने लगे, ताकि रोज उनके दर्शन कर सकें। मिल के मरने के बाद उन्हें उनकी पत्नी की कब्र में ही दफनाया गया। मिल की रचनाओं पर हैरियट के विचारों का बहुत प्रभाव है, खास करके 'ऑन लिबर्टी' और 'द सब्जेक्शन ऑफ वूमेन' पर। ऐसा कहा जाता है कि हैरियट के कारण ही वे स्त्रियों के अधिकारों के इतने बड़े समर्थक बने। स्वयं मिल हैरियट को न केवल अपनी 'एकमात्र प्रेरणा' कहते थे, बल्कि वह उसे अपने 'श्रेष्ठतम लेखन की सहलेखिका' भी मानते थे।

हिन्दी में इस किताब के दो अनुवाद हुए हैं। एक प्रगति सक्सेना का, जिसका नाम 'स्त्रियों की पराधीनता' है, दूसरा युगांक धीर का, जिसका नाम 'स्त्री और पराधीनता : प्रकृति, शक्ति और भूमिका से जुड़े प्रश्न' है। नाम से ही जाहिर है कि यह स्त्री की और साथ में पुरुष की भी शक्ति, शारीरिक-मानसिक क्षमताओं और सम्भावनाओं की प्रकृति को लेकर जो अलग-अलग धारणाएँ समाज में मौजूद हैं, लेखक उनसे जिरह करता है। पहले अध्याय में लेखक उन मान्यताओं को रखता है, जो स्त्री के बारे में कमोवेश सभी समाजों में मान्य हैं। स्त्री को सभी समाजों में पुरुष से शारीरिक और मानसिक तौर पर कमजोर माना जाता है। स्त्री की प्रकृति के बारे में अब तक जो भी मान्यताएँ समाज में व्याप्त हैं या पुरुष लेखकों ने उनके जानने के बारे में अब तक जो भी दावे किये हैं, स्टुअर्ट मिल उसकी सीमाओं को पहचानते हुए लिखते हैं कि– ''स्त्रियों के बारे में जो जानकारी उपलब्ध है, वह अपूर्ण और बनावटी है; और स्त्रियों के चरित्र को तब तक पूरी तरह नहीं जाना जा सकता, जब तक कि स्त्रियाँ खुद हमें पूरी कहानी न सुना दें।''[१] जाहिर सी बात है कि यहाँ मिल स्त्री को अपनी बात कहने के अधिकार की वकालत कर रहे हैं और उसकी अभिव्यक्ति को ही अन्तिम प्रमाण मान रहे हैं।

इस किताब के प्रथम अध्याय– 'स्त्री की प्रकृति को जानने के झूठे दावे' में मिल विस्तार से स्त्रियों के बारे में लोगों की सही-गलत धारणाओं को सामने रखते हैं। स्त्रियाँ प्राकृतिक रूप से कमजोर होती हैं। वे भावनात्मक अधिक और बौद्धिक कम होती हैं– इसीलिए वे गम्भीर चिन्तन नहीं कर सकतीं। वे प्रशासनिक जिम्मेदारियों को उठाने के अनुपयुक्त तथा घर-परिवार और बच्चों को सँभालने के उपयुक्त होती हैं– आदि जो तथ्यविहीन मान्यताएँ समाज में व्याप्त हैं, मिल उन तर्कों को समाज में मौजूद उदाहरणों के जरिए खारिज करते हैं। मिल बहुत साफ कहते हैं कि– ''किसी के लड़के या लड़की के रूप में पैदा होने को उसी तरह देखना चाहिए, जैसे कोई इंसान गोरा तो कोई काला पैदा होता है, कोई शाही तो कोई आम पैदा होता है।''[२] उनकी समझ से सभी मनुष्य की प्रकृति समान होती है। स्त्री-पुरुष का स्वभाव जैसी कोई चीज नहीं होती– ''जिसे आज 'स्त्री का स्वभाव' कहा जाता है, वह एक नकली चीज है और कुछ दिशाओं में बाध्यतापूर्ण दमन और कुछ दिशाओं में अप्राकृतिक फैलाव का परिणाम है।''[३] यहाँ मिल सामाजीकरण के

अपने इस महत्त्वपूर्ण विश्लेषण के दौरान उस निष्कर्ष तक पहुँचते हैं, जहाँ से कोई लड़का, तो कोई लड़की बनती है।

मिल समाज में मौजूद स्त्रियों की दोयम स्थिति का कारण उनकी प्रकृति या 'स्वभाव' में नहीं, बल्कि समाज में मौजूद असमानता और उनके सामाजीकरण में देखते हैं। समाज में स्त्री-पुरुष के अलग-अलग नियम और भूमिकाएँ हैं। उनका पालन-पोषण, शिक्षा-दीक्षा और गुणों का विकास समान न करके अलग-अलग ढंग और उद्देश्य से किया जाता है, जिसके कारण उनकी क्षमताओं का विकास भी अलग होता है। स्त्री को चूँकि एक व्यक्ति तक सीमित मान लिया जाता रहा है, इसलिए उसकी क्षमताओं का पूर्ण विकास न करके उसे एक पुरुष– भावी पति– को ध्यान में रखकर किया जाता है। उन्हें समाज के लिए उपयोगी व्यक्ति बनने के लिए तैयार ही नहीं किया जाता है, इसीलिए स्त्रियाँ सामाजिक कार्यों में पिछड़ जाती हैं और उन्हें किसी पुरुष पर निर्भर होकर जीवनयापन करना पड़ता है। इसलिए उन्हें जीवन-जगत में दोयम दर्जे का जीव मान लिया जाता है।

जॉन स्टुअर्ट मिल वर्तमान समय में मौजूद स्त्री-पुरुष सम्बन्ध को मालिक और गुलाम के सम्बन्ध के रूपक के तौर पर देखते हैं। वे उसकी मजबूरी और नियति को बहुत साफ रेखांकित करते हैं कि– ''किसी तानाशाह की अन्तरंग गुलाम बनकर जीना ही स्त्री की नियति है। और अगर हर चीज के लिए उसे उसी पर निर्भर रहना है, तो क्या यह न्यायसंगत नहीं कि उसे कम-से-कम ऐसा तानाशाह तो मिले, जो उसे खुश रख सकता हो? क्या उसे कई तानाशाहों को आजमाने का हक़ नहीं होना चाहिए, जब तक कि उसे पनपसंद तानाशाह न मिल जाए? पर आज स्थिति ऐसी है कि उसे एक ही तानाशाह का गुलाम बनकर जीना पड़ता है, भले ही वह उसे जरा भी पसंद न करता हो और उसे एक नरक-सी जिंदगी जीने के लिए बाध्य किये हो।''[४] मिल उन सम्बन्धों और मान्यताओं पर प्रश्नचिह्न लगाते हैं, जो अब तक समतामूलक और आत्मीय मान लिए गये हैं। ''पति, परिवार, विवाह आदि मान ली गयी पवित्र संस्थाओं को वे स्त्री-शोषण के केन्द्र बताते हैं।''[५] वे स्त्री को सुन्दर वस्तु के रूप में विकसित करने के बजाय उसे समाज में सकारात्मक भूमिका निभा सकने वाले सामाजिक व्यक्ति के रूप में विकसित करने की वकालत करते हैं।

इस किताब में मिल स्त्री-पुरुष के साथ समाज को नये नजरिए से देखने और गढ़ने का प्रयास करते हैं। वे बहुत साफ लिखते हैं कि चूँकि स्त्री और पुरुष के बीच निर्मित असमान सम्बन्ध किसी प्राकृतिक नियम के तहत नहीं, बल्कि सामाजिक निर्मितियों की देन है, इसलिए उसे बदला जा सकता है। वे विस्तार से सामाजीकरण की उन प्रक्रियाओं का विश्लेषण करते हैं, जो स्त्री और पुरुष की नियति को निर्धारित करते हैं। अलग-अलग सामाजीकरण और नियम-कानून जहाँ स्त्री को घरेलू, सुन्दर और कमजोर बनाते हैं, वहीं पुरुष को ताकतवर और 'मर्द' बनाते हैं। इस तरह, समाज में स्त्री कमतर और पुरुष वर्चस्व की स्थिति में आ जाता है। असल में; यह सामाजीकरण ही है, जो एक 'नर' को 'मर्द' और 'मादा' को 'औरत' बनाता है। 'मर्द' और 'औरत' बनने की यह प्रक्रिया एक दिन में नहीं, बल्कि हजारों सालों के सामाजीकरण का परिणाम है।

कमतर और श्रेष्ठ का यह सम्बन्ध उन्हें शोषित और शोषक, मिल के शब्दों में 'गुलाम और मालिक' के सम्बन्ध में तब्दील कर देता है। गुलाम-मालिक का यह सम्बन्ध देखने में चाहे जितना 'सौन्दर्यबोधीय' लगे, परन्तु यह मालिक को भी गुलाम बना लेता है। इस तरह, एक अमानवीय

व्यवस्था का जन्म होता है, जिसमें सब-के-सब विकृत चरित्र के जीव बनते हैं। मिल इस बात को बहुत जोरदार ढंग से स्थापित करते हैं कि समतामूलक सम्बन्ध और समाज के निर्माण के बाद ही यह समझा जा सकता है कि 'स्त्री और पुरुष का वास्तविक चरित्र क्या होगा?'

स्त्रियों के बारे में मौजूद धारणा के विपरीत जाकर मिल यह देखने में सफल होते हैं कि इन दमनकारी परिस्थितियों के बीच भी स्त्रियों में ऐसे गुणों को देखा जा सकता है, जो उन्हें किसी भी मामले में पुरुषों से कमतर साबित नहीं करता। वे विभिन्न उदाहरणों से यह साबित करते हैं कि इन असमान सामाजिक संरचना और जीवन-स्थितियों के बीच रहते हुए भी उनमें सहज व्यावहारिकता, निर्णय की निपुणता, सम्वेगों की सम्वेदनशीलता आदि गुण देखे जा सकते हैं। वे बहुत साफ लिखते हैं– ''पुरुषों की मानसिक क्रिया धीमी होने की अपेक्षा की जा सकती है। वे महिलाओं की शक्ति न तो विचार में, न ही भावनाओं में इतने तीव्र होते हैं। बड़े आकार का शरीर हमेशा कार्य करने में थोड़ा समय लगाता है। दूसरी तरफ; जब वे सक्रिय हो जाते हैं, तो पुरुषों का दिमाग अपेक्षाकृत अधिक काम कर सकता है। जिस कार्य को पहले शुरू किया, वह उसी की निरन्तरता में अधिक कुशल होगा और एक प्रकार के कार्य से हटकर दूसरे प्रकार के काम को करने में उन्हें अधिक समय लगेगा। लेकिन जो काम वह पहले से ही कर रहा है, उसे वह बिना थके लगातार लम्बे समय तक कर लेगा। और क्या हम यह नहीं पाते हैं कि जिन चीजों में पुरुष अधिकतर महिलाओं से श्रेष्ठ साबित होते हैं, वे वही कार्य हैं, जिनमें एक ही विचार पर लम्बे समय तक परिश्रम करने की आवश्यकता होती है, जबकि महिलाएँ वे काम श्रेष्ठता से कर लेती हैं, जिन्हें तुरन्त व शीघ्र करने की जरूरत होती है? एक महिला का दिमाग जल्दी थक जाता है; लेकिन थकान की मात्रा देखते हुए हमें उम्मीद करनी चाहिए कि वह जल्दी ही थकान से उबर भी जाती है।''[६] उनकी व्यस्त जीवन-स्थितियाँ और यह गुण उन्हें दर्शन, अविष्कार आदि लम्बा समय और एकाग्रचिंतन लेने वाले विषयों की विशेषज्ञता में यदि बाधक बनाते हैं, तो जीवन-जगत के अन्य व्यावहारिक मामलों में उन्हें पुरुषों से श्रेष्ठ भी ठहराते हैं। मजेदार बात यह है कि मिल इसमें उन्हीं कार्यों और व्यवहारों के आधार पर स्त्री को सहज, समझदार और निर्णय में निपुण सिद्ध करते हैं, जिन्हें हेय या छुद्र माना जाता रहा है। इस तरह से, मिल स्त्रियों द्वारा किये जाने वाले कार्यों और व्यवहारों को महत्त्व प्रदान करने का सराहनीय काम करते हैं।

मिल एक ऐसी स्त्री के निर्माण की बात करते हैं, जो सहज और स्वतन्त्र हो। उन्हें लगता है कि इसे सामाजिक क्रान्ति के जरिए पाया जा सकता है। इसीलिए वे उन सामाजिक और कानूनी बंधनों को खत्म करने की बात करते हैं, जो स्त्री के सहज विकास में बाधक हैं। वे सभी क्षेत्रों में खुली प्रतियोगिता का समर्थन करते हैं। इस प्रक्रिया में वे गरीब, स्त्री, 'नीग्रो' आदि सबके आने के अधिकार का समर्थन करते हैं। वे बहुत साफ लिखते हैं कि– ''कोई व्यक्ति उस क्षेत्र में ही अच्छा और मौलिक कर सकता है, जिसमें उसकी स्वाभाविक रुचि और क्षमता होगी। वह स्वयं ही उस तरफ नहीं जायेगा, जो उसके 'स्वभाव' के प्रतिकूल होगा।'' इसलिए ''स्त्रियों को पुरुषों के साथ खुली प्रतियोगिता न करने देना अन्यायपूर्ण और एक तरह का सामाजिक अपराध है।''[७] स्त्रियों की सम्पूर्ण क्षमताओं का विकास न होना, केवल स्त्रियों के लिए बाधक नहीं है, बल्कि सम्पूर्ण मानव जाति के विकास में बाधक है। मिल का मानना है कि– ''स्त्रियों को अपनी क्षमताओं का उपयोग करने देने और किसी भी कार्यक्षेत्र में उनके प्रवेश की स्वतंत्रता होने का दूसरा लाभ होगा– मनुष्यों की उपलब्ध मानसिक क्षमताओं में दुगुनी वृद्धि। आज अगर किसी कार्यक्षेत्र में समाज और मानवता के विकास में हाथ बँटाने के लिए एक व्यक्ति उपलब्ध है, तो कल दो होंगे। ...आज

जबकि श्रेष्ठतम मस्तिष्क गिनी-चुनी मात्रा में उपलब्ध है, आधी आबादी को इस प्रतिस्पर्धा से बाहर रखना बहुत ज्यादा गम्भीर मामला बन जाता है।''[८] मिल पुरुषों के इस भय को खोखला बताते हैं, जिनके कारण उनको लगता है कि यदि स्त्रियों को पुरुषों के समान अधिकार दे दिया जायेगा, तो पुरुष के अधिकार छिन जायेंगे। इसके उलट; वे यह समझाने की कोशिश करते हैं कि असमान समाज में ही यह सम्भव है कि किसी के अधिकार छीने जाएँ और उसका बेवजह फायदा कोई और उठा रहा हो। एक समतामूलक समाज में किसी के अधिकार छीने नहीं जाएँगे, बल्कि सब उसका लाभ अपनी क्षमताओं के अनुसार उठा सकेंगे।

यह पहली ऐसी किताब है, जो स्त्री के छोटे-मोटे, घरेलू कामों को करने की उनकी क्षमता में उनकी बौद्धिकता की खोज करती है। यह किताब बड़े विस्तार से समझाती है कि जिसे 'स्त्री स्वभाव' कहा जाता है, वह 'कंस्ट्क्ट' है। स्त्री की शारीरिक-मानसिक क्षमता वैसे ही है, जैसे पुरुष की, इसलिए उसे जीवन के हर क्षेत्र में बराबर का अधिकार पाने का हक़ है। समान अधिकार पाये बिना न तो स्त्री अपना सम्पूर्ण विकास कर सकती है और न ही समाज का सम्पूर्ण विकास हो सकता है। 'एक व्यर्थ हुए जीवन की भावना से जन्मे गहन दु:ख को प्राय: बहुत कम लोग ही जानते हैं।' इसलिए मनुष्य को अपनी विकृति से मुक्त होना है, तो स्त्रियों को समान धरातल पर लाना होगा। इस समानता के लिए सामाजिक क्रान्ति का होना जरूरी है।

यह पहली ऐसी कृति है, जो सामाजिक क्रान्ति की बात करती है, स्त्री की आत्मनिर्भरता की भी बात करती है, लेकिन उसका जोर आर्थिक मुक्ति पर कम, सामाजिक मुक्ति पर ज्यादा है। इस किताब का महत्त्व इसी से लगाया जा सकता है कि आज के नारीवादी चिंतक भी यह मानते हैं कि स्त्रियों की मुक्ति केवल आर्थिक नहीं, बल्कि सामाजिक भी है। सामाजिक मुक्ति न मिल पाने के कारण ही आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर स्त्रियाँ भी जीवन और समाज में दोयम दर्जे की ही जीव मान ली जाती हैं। लेकिन केवल सामाजिक क्रान्ति से स्त्रियों की मुक्ति का सवाल हल नहीं हो पायेगा। स्त्री की मुक्ति तभी सम्भव है, जब नये सिरे से समाज का गठन हो। जब 'स्त्री-पुरुष' का समान सामाजीकरण हो। उन्हें सामाजिक, आर्थिक एवं सांस्कृतिक धरातल पर समान महत्त्व और अधिकार प्राप्त हो। चूँकि उनकी असमानता हजारों सालों की मेहनत का परिणाम है, इसलिए उनमें समानता लाने के लिए उससे कहीं अधिक परिश्रम करना पड़ेगा, जितना कि अधीन बनाने में किया गया है। व्यवस्था-परिवर्तन में समय नहीं लगता, लेकिन लोगों के दिमाग को परिवर्तित करने में समय लगेगा। स्वयं मिल भी मानते हैं कि 'स्त्रियों के दिमाग के साथ सबसे ज्यादा छेड़-छाड़ की गयी है।' सवाल इस छेड़-छाड़ से मुक्ति पाने का है। इस किताब का महत्त्व मुक्ति के इन रास्तों की तलाश के कारण ही है।

सन्दर्भ-ग्रन्थ

१. युगांक धीर– स्त्री और पराधीनता, सम्वाद प्रकाशन, २००२, पृ. ३५
२. वही– पृ. २९
३. देखें, युगांक धीर– 'स्त्री और पराधीनता' का आगे का कवर पेज
४. युगांक धीर– स्त्री और पराधीनता, उपर्युक्त, पृ. ४३
५. देखें, प्रगति सक्सेना– स्त्रियों की पराधीनता, राजकमल, २००२, पीछे का कवर पेज
६. वही– पृ. ९६
७. युगांक धीर– स्त्री और पराधीनता, उपर्युक्त, पृ. ६०
८. वही– पृ. ९०

●

प्रारम्भिक उर्दू गजलों का यथार्थवादी स्वर

प्रो. रसाल सिंह*, हर्षित तिवारी**

अठारहवीं सदी का दौर उर्दू कविता के बनने का दौर रहा है। इस दौर में प्रारम्भिक उर्दू कविता, जिसकी नींव दक्कन में पड़ चुकी थी, अब वह दक्कन से दिल्ली और लखनऊ की ओर प्रस्थान कर चुकी थी और यहाँ से उसमें भाषायी और कथ्यगत परिवर्तन आना धीरे-धीरे शुरू हो गया था। उर्दू कविता के तमाम नामचीन शायरों की पृष्ठभूमि इसी दौर में तैयार हो रही थी। इस दौर में उर्दू कविता की मूलत: दो शाखाएँ भारत वर्ष में चलती हुई दिखाई पड़ती हैं। पहली शाखा दिल्ली के शायरों की है, तो वहीं दूसरी शाखा लखनऊ के शायरों की। इसके अलावा; कुछ महत्त्वपूर्ण शायर और भी थे, जो इन दोनों शाखाओं से पृथक् अपनी अलग तरीके की शायरी से लोगों को प्रभावित कर रहे थे। उर्दू कविता के उत्तर भारत में प्रभावित होने और अपनी पैठ जमाने की स्थितियों का वर्णन करते हुए 'एहतशाम हुसैन' अपनी पुस्तक 'उर्दू साहित्य का आलोचनात्मक इतिहास' में लिखते हैं कि– ''कहा जा चुका है कि 'वली' के प्रभाव से उत्तरी भारत में उर्दू कविता के लिए एक नया वातावरण बन गया। यहाँ तक कि १७२० ई. के लगभग दिल्ली के वह कवि भी कभी-कभी अपने विचार उर्दू में प्रस्तुत करने लगे, जो केवल फारसी में ही रचना करते थे।''[१] इसके आगे वे कवियों की पूर्ववर्ती स्थिति का वर्णन करते हुए कहते हैं कि– ''उस समय तक कुछ कवि जो कविता लिखते थे, उसमें भी एक पंक्ति उर्दू की होती, तो एक फारसी की और कभी एक ही पंक्ति का आधा भाग फारसी होता और आधा उर्दू। कभी-कभी तो विचार तक फारसी के होते। परन्तु १८वीं शताब्दी के आरम्भ ही से हमको उर्दू काव्य के साफ-सुथरे उदाहरण मिलने लगते हैं। राज-काज की भाषा फारसी रही, किन्तु कवियों ने जनता की बोली से काम लिया। उच्च वर्ग में फारसी का जादू चलता रहा और जन-साधारण में हिन्दुस्तानी जड़ पकड़ती रही।''[२]

स्पष्ट है कि अठारहवीं शताब्दी तक आते-आते उर्दू कविता अपना एक मकाम हासिल कर चुकी थी। लेकिन उर्दू कविता का मूल स्वर अब भी केवल प्रेम और सौन्दर्य ही था। ज्यादातर शायरी मासूक और महबूब को लेकर चलने वाली इश्किया शायरी ही थी। ऐसे में; कविता एक बँधी हुई परिपाटी पर चल रही थी। लेकिन अठारहवीं सदी का दौर उर्दू कविता के लिए एक महत्त्वपूर्ण दौर की तरह साबित हुआ, क्योंकि इस दौर में उर्दू के ऐसे महान शायरों की सूची शामिल हुई, जिन्होंने उर्दू कविता के मेयार को बदल कर रख दिया। इन शायरों ने न केवल इश्क़ और मासूक के विविध सन्दर्भों का भावात्मक चित्रण किया, बल्कि उससे कहीं ऊपर उठ कर उर्दू कविता को जीवन के विविध सन्दर्भों के साथ भी जोड़ा। साथ-ही-साथ; अपनी शायरी में अपने समय एवं समाज के चित्रण के साथ-साथ प्रगतिशील तत्त्वों का भी समावेश किया। अठारहवीं सदी में देश का माहौल बदल रहा था। समाज कई तरह के ऊहापोह से गुजर रहा था। ऐसे में; कविता में भी परिवर्तन आना स्वाभाविक ही था। लेकिन उर्दू कविता के साथ स्थितियाँ थोड़ी भिन्न थीं। तत्कालीन स्थिति का वर्णन करते हुए एहतशाम हुसैन लिखते हैं कि– ''इस बात को न भूलना चाहिए कि १८वीं शताब्दी में भारतवर्ष के कई भागों में अंग्रेजी कम्पनी ने अपनी नींव दृढ़ कर ली थी और

* अध्यक्ष– हिन्दी एवं अन्य भारतीय भाषा विभाग, जम्मू केन्द्रीय विश्वविद्यालय, जम्मू-कश्मीर
** शोध छात्र– हिन्दी एवं अन्य भारतीय भाषा विभाग, जम्मू केन्द्रीय विश्वविद्यालय, जम्मू-कश्मीर

वह जीवन के जो साधन अपने साथ लायी थी, उनका प्रभाव भी बंगाल, मद्रास और बम्बई के क्षेत्रों पर पड़ रहा था। जहाँ तक उर्दू-साहित्य का सम्बन्ध है, उसने भी इस प्रभाव को स्वीकार किया। परन्तु हिन्दू-मुस्लिम सभ्यता की पुरानी परिस्थितियाँ स्वयं इतनी दृढ़ थीं कि यहाँ नये विचारों की उन्नति तेजी से नहीं हो सकी।''[३]

इन तमाम स्थितियों के बावजूद, इस दौर की उर्दू कविता में एक क्रांतिकारी परिवर्तन यह आया है कि इस दौर की कविता अपने समय और समाज के साथ सम्वाद करती हुई नजर आती है। इसमें वली से लेकर गालिब तक कुछ महत्त्वपूर्ण शायर मिलते हैं, जो अपने समय और समाज की परिस्थितियों से जूझते हुए तथा इनके मद्देनजर अपनी बात करते दिखाई पड़ते हैं। यही बात इनकी प्रगतिशीलता की परिचायक है, जहाँ शायर केवल अपने इश्किया शायरी की चपेट में नहीं है, बल्कि अपने समय और समाज की परिस्थितियों से सम्वाद भी करता है। वली के बारे में जिक्र करते हुए जानकी प्रसाद शर्मा अपनी पुस्तक 'उर्दू साहित्य की परम्परा' के एक लेख 'साझा भाषा और संस्कृति के कवि वली दकनी' में कहते हैं कि– ''वली मनुष्य और मनुष्य के बीच विभेद उत्पन्न करने वाले धर्म के बाह्य रूपों का विरोध करते हैं। वे हिन्दू या मुसलमान के बजाय मनुष्य के रूप में पहचान बनाने पर जोर देते हैं। तस्बीह और जुन्नार (जनेऊ) बन्धन में डालते हैं, मुक्त नहीं करते। जिसे मुक्ति की आकांक्षा है, उसे इन बन्धनों का क्या अर्थ है? कहते हैं– **'गर हुआ है तालिबे-आजादगी / बंद मत हो सब्हा-ओ-जुन्नार का।'**[४]

आगे, वली की कविता के तथा उनकी समकालीन समझ के बारे में बताते हुए वे कहते हैं कि– ''वली की शाइरी सत्रहवीं-अठारहवीं शताब्दी के दौरान की साझा संस्कृति की एक झाँकी प्रस्तुत करती है। उनकी शाइरी से एक साथ हिन्दी और उर्दू भाषा एवं काव्य के विकास को समझने में मदद ली जा सकती है। जहाँ तक उर्दू शाइरी के इतिहास की बात है, उन्हें इसमें एक युग-प्रवर्तक की हैसियत प्राप्त है।''[५] वली को उर्दू कविता के प्रवर्तक शायर के तौर पर देखा जाता है। यह दिलचस्प है कि जिस शुरूआती उर्दू कविता पर केवल इश्किया शायरी का ठप्पा लगा दिया जाता है, उसका प्रवर्तक अपने समय और समाज से संघर्ष करता हुआ अपनी शायरी में उपस्थित होता है।

वली के अलावा उस दौर में एक और महत्त्वपूर्ण नाम है, जो अक्सर हमारी नजरों से ओझल कर दिया जाता है। वह शायर है– मोहम्मद रफी सौदा। सौदा मूलत: व्यंग्य कविता करते थे, वह भी ज्यादातर अपने समय के शायरों के ऊपर। उन्होंने गजल कम रेख़ता ज्यादा लिखे हैं। उनके बारे में भी जानकी प्रसाद शर्मा अपने लेख 'सौदा : उर्दू के पहले समर्थ व्यंग्य कवि' में कहते हैं कि– ''वली दकनी ने जिस रेख़ता जबान को शाइरी में रिवाज दिया था, उसे अपने कृतित्व में समृद्ध करने वालों में दिल्ली के 'सौदा' और 'मीर' जैसे महान रचनाकारों का बड़ा योगदान रहा। 'सौदा' और 'मीर' के युग को उर्दू शाइरी का स्वर्ण युग कहा जाता है।''[६] सौदा मूलत: अपने हज्व के लिए जाने जाते हैं। यह उर्दू कविता में व्यंग्य के लिए प्रयोग किया जाने वाला शब्द है। इसके बारे में बात करते हुए जानकी प्रसाद शर्मा कहते हैं कि– ''सौदा की हज्वें शाइरी को शृंगारिकता के संकीर्ण क्षेत्र से बाहर निकालकर एक विस्तृत जमीन पर खड़ा करने की रचनात्मक कोशिश हैं। उन्हें अपनी हज्वों का लोहा मनवाने के लिए कोई अलग से बयान देने की जरूरत महसूस नहीं हुई, जैसा कि उन्हें गजल के सिलसिले में करना पड़ता था।''[७] शर्मा जी इसके आगे सौदा की एक पुस्तक की चर्चा करते हैं, जिसके माध्यम से सौदा के समकालीन बोध को समझा जा

सकता है। वे कहते हैं कि– '' 'तजहीके-रोजगार' सौदा के दिल्ली के दिनों की रचना है। इसका वर्ण्य-विषय घोड़ा है। तजहीक का अर्थ खिल्ली उड़ाना या निंदा करना है। यानी इसमें रोजगार की खिल्ली उड़ाई गई है। 'तजहीक' विषय की दृष्टि से एक घोड़े की नज्म भले हो, लेकिन असल में; यह उस दौर की जर्जर सैन्य-व्यवस्था का एक मार्मिक मर्सिया है।''[८] इन शायरों की सूची में अगला नाम है– उस सदी के सबसे बड़े शायर ख़ुदा-ए-सुखन मीर तक़ी मीर का। मीर उर्दू गजल-परम्परा में दर्द-ओ-गम को अपने अन्दर बसा लेने वाले संजीदा शायर हैं। उनकी शायरी मूलत: अपने साधारण कहन और प्रेम के दर्द की गहरी पीड़ा के लिए जानी जाती है। जैसा दर्द मीर की शायरी में देखने को मिलता है, वैसा कहीं अन्यत्र नहीं मिलता। किन्तु मीर की शायरी में उनके दिल का दर्द केवल उनका दर्द नहीं है, बल्कि वह दिल्ली का दर्द है। मीर की कविता में दिल्ली बार-बार दिल के रूप में उभर कर सामने आता रहा है। इस बात का जिक्र करते हुए प्रो. वशिष्ठ अनूप अपनी पुस्तक 'उर्दू के प्रतिनिधि शायर और उनकी शायरी' में मीर के बारे में कहते हैं कि– ''मीर की शायरी अपने समय, समाज और तत्कालीन राजनीतिक हलचलों का काव्यात्मक दस्तावेज है। उनके समय का इतिहास और समाज उनकी वैयक्तिक अनुभूति में ढल गया है। उनका समय मुगलों के पतन, हिन्दुस्तान पर नादिरशाह और अहमदशाह अब्दाली के आक्रमणों और दिल्ली के लूटे जाने का समय है। मीर का दिल और दिल्ली– दोनों की दशा एक-सी थी। दोनों उजड़े हुए थे। अगर कोई उस पतनशील समाज का काव्यात्मक रूप उसकी सारी शोकपूर्ण गहराइयों के साथ देखना चाहे, तो वह उस समय के इतिहास के बजाय मीर की कविताओं में ज्यादा स्पष्ट रूप से देख सकता है।''[९] दरअसल; मीर का व्यक्तित्व ही उनके युग के अनुरूप ढल चुका है। यही कारण है कि उनकी शायरी में दिल और दिल्ली एक हो गए हैं। दिल्ली या दिल पर लिखे उनके कुछ शेर देखें, जहाँ मीर अपने समय और समाज से बातचीत करते नजर आते हैं–

'दिल्ली में आज भीख भी मिलती नहीं उन्हें
था कल तलक दिमाग, जिन्हें ताज-ओ-तख़्त का।'
'दिल की विरानी का क्या मजकूर है
यह नगर सौ मर्तबा लूटा गया।'
'दिल वो नगर नहीं कि फिर आबाद हो सके
पछताओगे, सुनो हो! ये बस्ती उजाड़ के।'

आप देखेंगे कि बात भले ही दिल की हो रही हो, लेकिन स्थितियाँ कहीं-न-कहीं दिल्ली के हालात की बयाँ हो रही हैं। उनके दिल के दर्द के साथ-साथ दिल्ली का दर्द और उसकी भी पीड़ा मीर की शायरी में जाहिर तौर पर आती है। न केवल मुगल आक्रमण, बल्कि दुनियाभर के तमाम हमले जो दिल्ली शहर पर हुए हैं, मीर की शायरी उन सभी हमलों और लूटों की दास्ताँ को बयाँ करती है। अपने वक्त के हालातों के अलावा मीर की शायरी उस दौर में भी धर्म के आडम्बरों और उसकी कुण्ठाओं से लड़ते तथा उसे तोड़ते नजर आती है। मजहब को लेकर हर जगह एक अलग तरह की कट्टरता हावी दिखाई पड़ती है। चूँकि मीर इस्लाम धर्म से थे, तो स्वाभाविक है उन्होंने इस्लामिक आडम्बरों की पोल खोली है। साथ-ही-साथ; तमाम धर्मों के बीच सामंजस्य किस तरह बैठाया जा सकता है, उसका भी संकेत उन्होंने किया हुआ है। कुछ शेर देखें–

'शेख जो है मस्जिद में, नंगा रात को था मयखाने में
जुब्बा, खिर्कघ, कुर्ता, टोपी मस्ती में इनआम किया।'

'मीर के दीन-ओ-मजहब को अब पूछते क्या हो उनने तो
कश्क़ खेंचा, दैर में बैठा, कब का तर्क इस्लाम किया।'
'उसके फरोगे-हुश्न से झमके है सबमें नूर
शम्अ-ए-हरम हो या कि दिया सोमनाथ का।'

इस तरह का विद्रोह उस दौर में, जब के दौर की शायरी को और उस दौर के शायरों को भी महज इश्किया शायरी के दायरे में बाँध दिया गया हो, वाक़ई शायरों की तरक़्क़ी-पसन्दगी का नमूना पेश करती है। मीर के बारे में फिराक़ गोरखपुरी लिखते हैं कि– ''मीर के उत्तम शेर जादू का असर करते हैं। ऐसी रचनाओं में उनका स्वर जीवन का स्वर बन जाता है। इन रचनाओं में जैसी धुलावट है, जैसी चमकार है, जो करुणा है, जो मानवता है, जो विनम्रता है, जो स्वाभाविकता है और जो हृदय को विदीर्ण करने वाली मृदुलता और तीव्रता का संगम है, उनका उदाहरण कहीं और नहीं मिलता।''[१०]

उस दौर के दूसरे ऐसे शायर, जिनके यहाँ यह तरक्की पसंदगी और बेहतर रूप में मिलती है, वह शायर हैं– नजीर अकबराबादी। उस समय उर्दू कविता की उत्तर भारत में मूलत: दो शाखाएँ चल रही थीं। पहली शाखा दिल्ली की तथा दूसरी शाखा लखनऊ की थी। इन्हीं दोनों जगहों पर उर्दू शायरी फल-फूल रही थी। लेकिन नजीर इन दोनों परम्पराओं से अलग अपनी एक अलग तरह की शायरी को प्रस्तुत कर रहे थे। यह शायरी उस वक्त के बाकी शायरों से ज्यादा प्रगतिशील तथा सामाजिक जान पड़ती है। नजीर के विषय में एहतशाम हुसैन ने अपनी पुस्तक में अयोध्या प्रसाद गोयल की किताब 'शेर-ऐ-शायरी' में कही उनकी बात का जिक्र करते हुए लिखा है कि– ''एक हिन्दी लेखक ने 'नजीर' की उदार-हृदयता और उर्दू-साहित्य की नयी धारा निकालने की प्रशंसा करते हुए लिखा है कि... उस शुष्क और उजाड़ संगम पर आकर 'नजीर' ने अजान भी दी, शंख भी फूँका। तसबीह भी ली और जनेऊ भी पहना। मुहर्रम में रोये, तो होली में भडुवे भी बने। रमजान में रोजे रखे और सलूनों पर राखी बाँधने को मचल पड़े। शब्बरात पर महताबियाँ छोड़ीं, तो दिवाली पर दीप सजाये। नबी, रसूल, वली, पीर, पैगम्बर के लिए जी भरकर लिखा, तो कृष्ण, महादेव, नरसी, भैरो और नानक पर भी श्रद्धांजलि चढ़ायी।''[११] साफ जाहिर है कि न केवल इस्लाम के त्योहारों और महोत्सवों, बल्कि हिन्दू देवता और त्योहारों पर भी उनकी कलम पुरजोर तरीके से चली है। हिन्दू-मुस्लिम एकता का जैसा समर्थन नजीर के यहाँ मिलता है, वैसा कहीं अन्यत्र नहीं देखने को मिलता है। नजीर ने ऐसे-ऐसे विषयों पर अपनी कविताएँ अथवा नज़्म लिखे, जो समाज की बुनियादी जरूरतों के काम आती हैं। मसलन उनकी नज्म 'आदमीनामा' हो या 'बंजारानामा', 'मुफलिसी' हो या 'रोटियाँ'– ये सभी के सभी नज़्म नजीर की तरक्की-पसन्दगी और सामाजिकता के बेहतरीन उदाहरण के रूप में देखे जा सकते हैं। नजीर का मूल्यांकन करते हुए डॉ. सभापति मिश्र ने अपनी पुस्तक में लिखा है कि– ''हिन्दू-मुस्लिम संस्कृति और भाषा, भेद-भाव भूलकर, नजीर अकबराबादी की कविता में एकाकार हो गई है। मीर, सौदा, दर्द, जुरअत, हसन, इंशा, महसफी, नासिख़ और आतिश आदि के काव्य में वह अकृत्रिमता एवं जीवन की सत्यता उपलब्ध नहीं हो पाती, जो नजीर के काव्य में है। इन्हें हम सच्चे अर्थों में 'हिंदुस्तानी शाइर' कह सकते हैं।''[१२]

इन शायरों की सूची में अगला नाम है– आख़िरी मुगल बादशाह 'बहादुर शाह जफर' का। १८५७ के विद्रोह के दौरान भारतवर्ष का अंग्रेजों के खिलाफ बगावत करने में जफर प्रतिनिधि

थे। उर्दू शायरों में हिन्दुस्तान का मुकम्मल स्वरूप मिलता है और अंग्रेजी सत्ता के विरोध में हिन्दुस्तान खड़ा होता हुआ दिखाई पड़ता है। जफर अपनी शायरी में जीवन की स्थितियों की तथा गहन अनुभूतियों की बात करते ही हैं, लेकिन हिन्दुस्तानी शान-ओ-शौकत के मुआमले में भी उनका गुरूर किसी भी तरह से कमतर नहीं आँका जा सकता। इस शान और अभिमान का परिचय उनका यह शेर देता है, जहाँ वे कहते हैं कि– **''हिन्दियों में बू रहेगी जब तलक ईमान की / तख़्त-ए-लंदन पर चलेगी तेग हिंदुस्तान की।''**

इसी लिहाज का एक और शेर देखिये, जिसमें अपने वक़्त की बर्बादियों का जिक्र करते हुए जफर नजर आते हैं। ये बात यह बयान करती है कि यह शायर अपने वक़्त को लेकर कितना सम्वेदनशील है और उसको अपने वक़्त और अपने देश की कितनी चिन्ता है। वह कहता है कि– **''ये रियाया हिंद तबाह हुई कहूँ क्या-क्या इन पे जफा हुई / जिसे देखा हाकिमे-वक़्त ने कहा ये भी क़ाबिले-दार है।''**

ये चीजें कहीं-न-कहीं जफर के अपने देश के प्रति प्रेम और समर्पण को प्रस्तुत करती हैं। बहादुर शाह जफर का मूल्यांकन करते हुए वशिष्ठ अनूप अपनी किताब में लिखते हैं कि– ''बहादुर शाह जफर सिर्फ एक देशभक्त मुगल बादशाह ही नहीं, बल्कि उर्दू के मशहूर कवि भी थे। उन्होंने बहुत-सी कविताएँ लिखीं, जिनमें से काफी अंग्रेजों के खिलाफ बगावत के समय मची उथल-पुथल के दौरान खो गईं या नष्ट हो गयीं।''[१३] जाहिर है कि ऊपर लिखी उनकी शायरी से उनकी बाकी की कविताओं का अन्दाजा लगाया जा सकता है और साथ ही; इन बातों से यह भी साफ तौर पर दिखाई देता है कि जफर कितने देशभक्त और प्रगतिशील शायर प्रस्तुत होते हैं।

इस क्रम में; आख़िरी उल्लेख सदी के महान शायर मिर्जा असद उल्लाह खाँ 'गालिब' का है। यह शायर यूँ तो किसी परिचय का मोहताज नहीं, फिर भी; कई दफा यह देखा जाता है कि गालिब की शायरी को केवल इश्क़ और मासूक़ के दायरे में समेट कर रख दिया जाता है। इसमें कोई शक़ नहीं है कि गालिब के यहाँ प्रेम की गहरी अनुभूतियों के जैसे अशआर मिलते हैं, वैसे कहीं और मिलना मुश्किल हैं। लेकिन बावजूद इसके; गालिब के यहाँ इसके अतिरिक्त; जीवन और समाज से जुड़े हुए तरक्की-पसंद शेरो-शायरी की भी भरमार है। इनके सम्बन्ध में बात करते हुए वशिष्ठ अनूप अपनी पुस्तक में दिवाने गालिब का सन्दर्भ उद्धरण देते हुए लिखते हैं कि– ''गालिब की शायरी बहुआयामी और प्रयोगधर्मी है। उन्होंने राजनीतिक कविता तो नहीं लिखी, लेकिन अपनी कविता में नये युग के मिजाज को समाहित कर लिया। श्री आले अहमद सुरूर की मान्यता है कि– ''गालिब की कला के कारण गजल प्रेम-वर्णन से बढ़कर जीवन-वर्णन बनती है और जीवन के विविध युगों, करवटों और क्रान्तियों का साथ देने लगती है।'' (उद्धृत– दिवाने-गालिब, पृ.-१४)।[१४]

गालिब के महत्त्व को रेखांकित करते हुए अली सरदार जाफरी भी अपनी सम्पादित पुस्तक 'दिवाने-गालिब' में यह उद्धरण प्रस्तुत करते हुए कहते हैं कि– ''गालिब की महानता केवल इसमें नहीं है कि उसने अपने युग की आन्तरिक व्याकुलता को समेट लिया, बल्कि इसमें है कि उसने नयी व्याकुलता पैदा की। उसकी शायरी अपने युग के बन्धनों को तोड़ देती है और भूत और भविष्य के विस्तार में फैल जाती है। गालिब ने अपने हर अनुभव को, जो एक अत्यन्त मृदुल सौन्दर्य-बोध रखने वाले मस्तिष्क की प्रक्रिया थी, मानवी मनोविज्ञान की आग में तपाकर पिघलाया है, व्यापक नियम की कसौटी पर कसा है और फिर काव्य-रूप में ढाला है, तब उसके यहाँ एक

विश्व कवि का स्वर पैदा हुआ है और वह जीवन के हर क्षण का कवि बन गया है।''[१५] गालिब की प्रगतिशीलता का अन्दाजा एहतशाम हुसैन के इस विवरण से लगाया जा सकता है, जहाँ वे धर्म और मजहब के मतभेदों को लेकर गालिब की चर्चा करते हैं और उनके बारे में लिखते हैं कि– ''उनमें संकीर्णता नाममात्र को भी न थी। धर्म का भेद-भाव उनके विचारों में कोई महत्त्व नहीं रखता था। वे सहानुभूति और मानव-प्रेम को सबसे बड़ा धर्म समझते थे। उनके यहाँ शेख और ब्राह्मण में कोई अन्तर न था। उनका विचार था कि अपने-अपने ढंग से सच्चाई का पथ खोजने वाले और विश्वासपूर्वक अपने विचारों पर दृढ़ रहने वाले एक ही होते हैं, चाहे वे किसी धर्म से सम्बन्ध रखते हों।''[१६] सभापति मिश्र लिखते हैं कि– '' 'करुणा' मानव-स्वभाव से मानवीयता की सबसे बड़ी गारण्टी है और मिर्जा गालिब की गजलों की करुणा आज भी हमारी पलकों को भिगो देती है, क्योंकि यह करुणा मिर्जा गालिब के हृदय की पुकार है। ऐसी पुकार, जिसकी प्रतिध्वनियाँ कण्ठ-कण्ठ में सुनाई देती हैं। इसी 'करुणा' के सहारे मिर्जा गालिब सचमुच 'लाजवाब शाइर' हो गए।''[१७]

उपर्युक्त विवरणों से स्पष्ट तौर पर देख सकते हैं कि १८वीं तथा १९वीं शताब्दी की उर्दू की प्रारम्भिक कविता, जिसे केवल इश्किया शायरी के लिए जाना जाता है, वह केवल इश्क़ और मासूक़ की ही बात नहीं करता, बल्कि उन कविताओं में हम तरक़्क़ी-पसन्द अशआर भी भारी मात्रा में पाते हैं। साथ-ही-साथ; इस सम्पूर्ण दौर में शायरों की एक बड़ी संख्या है, जो प्रगतिशील चेतना को अपने जेहन में बसाये हुए है तथा न केवल प्रेम की अनुभूतियों, बल्कि जीवन और जगत से जुड़े तमाम विषयों तथा देशप्रेम और अपने समय-समाज की भी बातें करते हैं। उर्दू में लिखी गयी यह शुरूआती दौर की शायरी में अपने समय और समाज का यथार्थ बहुत गहरे देखने को मिलता है। तत्कालीन समाज में चल रही बेरोजगारी, भूख और गरीबी के साथ-साथ ये कविताएँ अपने समय की राजनीतिक परिस्थितियों से भी जूझती और सवाल करती नजर आती हैं।

सन्दर्भ-ग्रन्थ

१. एहतशाम हुसैन– उर्दू साहित्य का आलोचनात्मक इतिहास, लोकभारती प्रकाशन पृष्ठ-४०
२. वही– पृष्ठ-४१ ३. वही– पृष्ठ-४८
४. जानकी प्रसाद शर्मा– उर्दू साहित्य की परम्परा, वाणी प्रकाशन, पृष्ठ-१४
५. वही– पृष्ठ-२० ६. वही– पृष्ठ-२१
७. वही– पृष्ठ-२५ ८. वही– पृष्ठ-२९
९. वशिष्ठ अनूप– उर्दू के प्रतिनिधि शायर और उनकी शायरी, विश्वविद्यालय प्रकाशन, वाराणसी, पृष्ठ-१०
१०. फिराक गोरखपुरी– उर्दू भाषा और साहित्य, पृष्ठ-२९
११. एहतशाम हुसैन– उर्दू साहित्य का आलोचनात्मक इतिहास, लोकभारती प्रकाशन, पृष्ठ-९९
१२. डॉ. सभापति मिश्र– उर्दू साहित्य का इतिहास, जयभारती प्रकाशन, इलाहाबाद, पृष्ठ-१३७
१३. वशिष्ठ अनूप– उर्दू के प्रतिनिधि शायर और उनकी शायरी, विश्वविद्यालय प्रकाशन, वाराणसी, पृष्ठ-५१ १४. वही– पृष्ठ-६१
१५. सं. अली सरदार जाफरी– दिवाने-गालिब, राजकमल पेपरबैक, १९९४, नई दिल्ली, पृष्ठ-१४
१६. एहतशाम हुसैन– उर्दू साहित्य का आलोचनात्मक इतिहास, लोकभारती प्रकाशन, पृष्ठ-११३
१७. डॉ. सभापति मिश्र– उर्दू साहित्य का इतिहास, जयभारती प्रकाशन, इलाहाबाद, पृष्ठ-८५

●

उत्तर आधुनिक समाज व मीडिया

डॉ. भावना*, नेहा चौरसिया**

सारांश (Abstract)– प्रस्तुत शोध-पत्र में वर्णनात्मक विश्लेषण द्वारा उत्तर आधुनिक समाज पर पड़ने वाले प्रभावों का, मीडिया के परिप्रेक्ष्य में, विश्लेषण किया गया है। प्रस्तुत शोध-पत्र के माध्यम से ज्ञान व सूचना के महत्त्व को परिभाषित करते हुए, भविष्य में इनकी उपयोगिता का वर्णन किया गया है। नयी अर्थव्यवस्था, नयी विचारधारा, नयी संचार-व्यवस्था के उदय के कारण उत्तर आधुनिक समाज एक लोकप्रिय संस्कृति में परिणत हो गया है, जिसमें उत्पादन को बढ़ावा व सेवा को महत्त्व प्रदान किया गया है।

मुख्य शब्द (Key Words)– आधुनिकता, उत्तर आधुनिकता, मीडिया, ज्ञान व सूचना, उपभोक्तावादी संस्कृति।

उत्तर आधुनिकता– समाज वैज्ञानिकों के अनुसार, द्वितीय विश्वयुद्ध के बाद, जिस समाज की रचना हुई, उसे कई नामों से जाना जाता है, जैसे– उपभोक्ता समाज, उत्तर आधुनिक समाज, मीडिया समाज इत्यादि। उत्तर आधुनिक समाज का उद्‌गम पूँजीवादी देशों की संस्कृति व जीवन-पद्धति से जुड़ी है। इसका उद्‌गम १९६० में न्यूयार्क के कलाकार व १९७० में यूरोप के सिद्धान्तकारों से माना जाता है, जिसमें जीन फ्रेंकोज ल्योटार्ड की पुस्तक 'The Post Mordern Condition' (१९८४) का विशेष महत्त्व है।

उत्तर आधुनिक समाज की मुख्य विशेषता विज्ञान व तकनीकी है। उत्तर आधुनिक समाज में भाषा की महत्ता पर प्रकाश डालते हुए यह कहा गया है कि विचारों की अभिव्यक्ति भाषा के आधार पर होती है और भाषा का सम्बन्ध आज कम्प्यूटर यानी तकनीक से जुड़ गया है। आज जनसंचार माध्यम द्वारा सूचना प्राप्त कर, उसका भण्डारण कर, ज्ञान में वृद्धि की जाती है। जैसे-जैसे उत्तर आधुनिक समाज का विकास होगा, ज्ञान का महत्त्व बढ़ता जायेगा। जिस देश के पास जितनी सूचनाएँ होंगी, वह देश उतना ही शक्तिशाली माना जायेगा। अत: उत्तर आधुनिक समाज के मुख्य मुद्दे विज्ञान, तकनीकी, कम्प्यूटर व इण्टरनेट तथा ज्ञान का भण्डारण है। डिक हेबडिगे ने १९८० में पापुलर संस्कृति तथा मीडिया को अपनाने का जिक्र किया है, जो उत्तर आधुनिकता के परिवर्तन का परिणाम है। उत्तर आधुनिक समाज में जिस नये समूह का निर्माण हो रहा है, वह मीडिया का उपयोग कर अपनी पहचान बनाता है।

यह समाज मुख्यत: 'सूचना समाज' (Information Society) कहा जाएगा, जिसको वैश्वीकरण द्वारा व्यापक बना दिया जाएगा। अब समाज में एक नया वर्ग पैदा हो रहा है, जिसे 'ज्ञान अभिजन' (Knowledge Elite) कहा जाएगा, जिससे लोग सॉफ्टवेयर पर काम करते हुए सेवा-वर्ग का निर्माण करेंगे।

* एसोसिएट प्रोफेसर– लाल बहादुर शास्त्री स्नातकोत्तर महाविद्यालय, पं. दीनदयाल उपाध्याय नगर, चन्दौली, उ. प्र.।

** शोधार्थिनी– लाल बहादुर शास्त्री स्नातकोत्तर महाविद्यालय, पं. दीनदयाल उपाध्याय नगर, चन्दौली, उ. प्र.।

उद्देश्य–

१. मास मीडिया द्वारा वर्तमान समाज को उत्तर आधुनिक समाज बनाने की भूमिका का मूल्यांकन करना।
२. मास मीडिया का सामाजिक प्रतिमानों पर पड़ने वाले प्रभावों का अध्ययन करना।
३. उत्तर आधुनिक समाज में सूचना व ज्ञान के महत्त्व को जानना।
४. उत्तर आधुनिक समाज में उपभोक्तावादी मूल्यों की उपयोगिता की प्रधानता का मूल्यांकन करना।
५. लोकप्रिय संस्कृति के रूप में संचार माध्यम का अध्ययन करना।

शोध-प्रविधि– प्रस्तुत शोध-प्रपत्र में सैद्धान्तिक परिप्रेक्ष्य द्वारा मीडिया व उत्तर आधुनिक समाज का वर्णनात्मक अध्ययन किया गया है तथा विषय से सम्बन्धित द्वितीयक स्रोतों के विषय-वस्तु विश्लेषण द्वारा सम्बन्धित विषय के निष्कर्ष पर पहुँचने का प्रयास किया गया है। द्वितीयक स्रोतों में पाठ्य-पुस्तकों का उपयोग किया गया है। शोध के द्वारा ही समस्याओं का हल जानने का प्रयास किया जाता है। शोध का आज के समय में विशेष महत्त्व है, क्योंकि तथ्यों का संकलन, वर्गीकरण व सत्यापन शोध द्वारा ही सम्भव है।

उत्तर आधुनिकता के सम्बन्ध में कोई एक व निश्चित परिभाषा देना कठिन है। इसे बौद्धिक अभिवृत्तियों के रूप में समझा जा सकता है, जिसके मूल में सृजन की आजादी है। अर्थ को रूढ़िगत परिभाषाओं से मुक्त करने की माँग है। पहले से जो सर्वस्वीकृत परिभाषा चली आ रही है, उसे बदलने की और दलित व उपेक्षित पक्ष के प्रदर्शन की पहल है। उत्तर आधुनिकता बहुल्यवाद पर आधारित है, जिसमें कम्प्यूटर व प्रौद्योगिकी ने, विभिन्न सांस्कृतिक प्राथमिकताओं को परिवर्तित कर, नव्य विचारधारा का उदय किया है।

भारत को उत्तर आधुनिक समाज में केन्द्र की स्थिति प्राप्त है, जहाँ उनके साहित्यिक विमर्श व संस्कृति पर ध्यान दिया जाने लगा। यही स्थिति नारी व दबे हुए वर्ग की थी, जो अब बदल गयी है।

२१वीं शताब्दी को 'मीडिया युग' के नाम से जाना जाता है। मार्शल मैकलुहान ने मीडिया की व्याख्या करते हुए कहा है कि– ''मीडिया का अर्थ मध्यस्थता करने वाला होता है, जो दो बिन्दुओं को आपस में जोड़ने का कार्य करता है। व्यावहारिक दृष्टि से जनसंचार एक ऐसा सेतु है, जो विभिन्न समूहों के श्रोताओं को एक विचारधारा में जोड़ता है।''

आज के उत्तर आधुनिक समाज में उन्नत तकनीक है, सुपरफास्ट कम्प्यूटर है, इण्टरनेट व सोशल मीडिया है, जिसने दुनिया को एक 'विश्व ग्राम' (Globle Villege) में परिणत कर गाँधी जी के अहिंसा से परिचालित वैश्विक समाज की कल्पना को साकार कर दिया है।

ल्योतार (Lyotard) द्वारा अपनी पुस्तक 'The Post Modern Condition : A Report On Knowledge (१९७९) में अपने समाज का वर्णन करते हुए आधुनिकता का विरोध व ज्ञानोदय युग में समाज में आए वैज्ञानिक व तकनीकी परिवर्तन का वर्णन किया गया है। ल्योतार के अनुसार, आधुनिक समाज एकरूपता, सामूहिकता व सार्वभौमिकता पर आधारित था, अब उत्तर आधुनिकता में वैयक्तिकता, विखण्डता और अन्तर पर आधारित समाज होगा। ल्योतार के अनुसार– ज्ञान का उपयोग लाभ के लिए किया जाता है, अब अध्यापक के स्तर से आगे बढ़कर, कम्प्यूटर व मेमोरी बैंक का उपयोग किया जाएगा। उत्तर आधुनिक समाज में उत्पादन

के लिए कम्प्यूटरीकृत ज्ञान की आवश्यकता है। आज सूचना को बेंचा जाता है, उसका निर्माण व उपयोग होता है। यह सूचना की नयी अवस्था का उल्लेख है। अब ज्ञान व सूचना का व्यापार होने लगा है, जिससे समाज की दशा में परिवर्तन हो गया है।

इसी तरह, ज्यॉ बोड्रिलार्ड (Jean Baudrillard), जो एक फ्रांसीसी सिद्धान्तकार हैं, की विशेष रुचि मास मीडिया में थी। बोड्रिलार्ड के अनुसार– उत्तर आधुनिक समाज, संचार समाज है। इसकी एकता मास मीडिया के द्वारा ही स्थापित है। इसके आगे बोड्रिलार्ड, उत्तर आधुनिक समाज को एक उपभोक्ता समाज भी मानते हैं। मीडिया द्वारा ही नयी-नयी माँगों का सृजन किया जाता है, जिससे समाज उपभोक्तावादी समाज में परिवर्तित हो जाता है।

आज व्यक्तिगत और सार्वजनिक जीवन के भेद समाप्त हो गए हैं। मीडिया के द्वारा ही अतियथार्थ का चित्रण किया जाता है, अर्थात् टेलीविजन पर जो दिखाया जाता है, हम उसे ही यथार्थ मानते हैं और जो वास्तविकता होती है, उससे कभी हमारा सम्पर्क नहीं होता। टीवी और उसके उपभोक्ता के बीच सीधा फीडबैक का कोई माध्यम नहीं है। यही बात प्रिंट मीडिया पर भी लागू होती है। समाचार-पत्रों में भी सूचना से ज्यादा विज्ञापन की भरमार होती है। प्रो. कुमुद शर्मा के अनुसार– ''भूमण्डलीकरण और बाजारीकरण में मीडिया के अर्थ बदल गये हैं। आज मीडिया के इस बदलाव में उपभोक्तावादी संस्कृति तथा बाजार प्रमुख तत्त्व है, जिसमें प्रसारण तथा संचार माध्यम अपनी साख का एक स्त्रोत देख सकते हैं।''

निष्कर्ष– उत्तर आधुनिक समाज, आधुनिक काल के बाद आया। इसकी जड़ें पूँजीवाद व सांस्कृतिक तत्त्वों से जुड़ी हुई हैं। सांस्कृतिक तत्त्वों में कला, साहित्य, शिल्पकला शामिल है। उत्तर आधुनिक काल में, कला के विभिन्न पक्षों से तत्त्वों और अवधारणाओं को ग्रहण कर उनको व्यवस्थित किया जाता है। यह समाज पहले से चली आ रही रूढ़िगत परिभाषाओं का खण्डन करती है व उपेक्षित वर्ग को केन्द्र में लाने की पक्षधर है। उत्तर आधुनिक समाज उन्नत प्रौद्योगिकी तकनीकों से परिपूर्ण है, जिसमें जनसंचार के माध्यम से, विशेषत: कम्प्यूटर व इण्टरनेट का उपयोग किया जाता है। यह समाज ज्ञान व सूचना का है। जिसके पास जितना उन्नत ज्ञान है, उतना ही वह शक्तिशाली है। ज्ञान की प्राप्ति का आधार सूचना है और सूचना प्राप्त करने का माध्यम संचार है। आज एक ऐसे वर्ग का निर्माण हो रहा है, जो उन्नत तकनीक का इस्तेमाल करते हुए सॉफ्टवेयर पर कार्य कर रहा है। ऐसे वर्ग को 'ज्ञान अभिजन' कहते हैं। इसके आगे, अगर उत्तर आधुनिकता के विस्तार की चर्चा की जाए, तो एक नकारात्मक पक्ष भी प्रकट होता है, जिसमें उत्तर आधुनिकता द्वारा वैश्विक संस्कृति को प्रस्तुत किया जाता है। इससे क्षेत्रीय संस्कृति व परम्परा अपना अस्तित्व खो देती है, जिसका असर आपसी सम्बन्ध पर पड़ता है। व्यक्तियों के बीच व्यवहार के मानक बदल जाते हैं। इसी प्रकार, उत्तर आधुनिक समाज तकनीकी समाज है, जहाँ उन वर्गों का वर्चस्व है, जो इस क्षेत्र में विशेषज्ञ हैं। इससे उन लोगों का अस्तित्व खतरे में पड़ जायेगा, जिनके पास तकनीकी कुशलता नहीं है। यह वर्ग बहुसंख्यक है, जबकि समाज में तकनीकी विशेषज्ञ, यानी अल्पसंख्यक वर्ग का कब्जा हो जायेगा। वस्तुत: यह समाज मीडिया समाज, उपभोक्ता समाज व सांस्कृतिक तत्त्वों से जुड़ा समाज होगा।

सुझाव

१. जन माध्यम को जनसेवा के हित में कार्य करना चाहिये।

२. विश्वसनीयता व निष्पक्ष पहलुओं पर ध्यान केन्द्रित करना चाहिये।

३. बहुसंख्यक वर्ग के हितों की पूर्ति में सहायक होना चाहिये।
४. लोकतंत्र के सफल संचालन के लिए स्वतंत्र विचारों की अभिवयक्ति के माध्यम तक सबकी पहुँच सम्भव हो।
५. ज्ञान व सूचना का केन्द्रीकरण अल्पसंख्यक वर्ग तक ही सीमित ना हो।
६. मीडिया कर्मियों व प्रबन्धकों का यह दायित्व है कि वे समाज में सन्तुलन बनाये रखने का कार्य करें, जिससे समाज में किसी एक वर्ग की सत्ता न स्थापित हो।

सन्दर्भ-ग्रन्थ

1. Kavita Bhatia- "Social Media Virtual Se Vastavik", Setu Prakashan, New Delhi, 2021.
2. L.S. Doshi- "Morden Sociological Thinkers", Rawat Publications, Jaipur, 2016.
3. L.S. Doshi- "Modernity, Post-Modernity And Neo-Sociological Theories," Rawat Publication, New Delhi, 2010
4. Sandip Kulshresth- "Bharat Me Print, Electronic Aur New Media", Pratibha Prathistan, New Delhi, 2020.
5. Shree Rajkrishan Mishra, Dr. Muktinath Jha- Media : Avadhanayan & Siddhant", Nitish Printers, Allahabad, 2008.
6. Dr. Ravi Prakash Pandey- "Sociological Theory : Approach & Perspective", Shekhar Prakashan, 2011.
7. Dr. Arjun Tiwari- "E-Journalism", Sanjay Book Centre, Varanasi, 2005

●

तालमेल एक्सप्रेस | प्रयागराज, सोमवार, 30 जनवरी, 2023 | प्रयागराज | 3

आंदोलन में साहित्य और पत्रकारिता के योगदान विषयक संगोष्ठी आयोजित

तालमेल एक्सप्रेस

प्रयागराज। प्रो. वासुदेव सिंह स्मृति न्यास एवं महामना मदन मोहन मालवीय हिंदी पत्रकारिता संस्थान के संयुक्त तत्वाधान मे महात्मा गांधी काशी विद्यापीठ के केंद्रीय पुस्तकालय स्थित समिति कक्ष में भारतीय स्वाधीनता आंदोलन मे साहित्य और पत्रकारिता के योगदान विषयक दो दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन हुआ। जिसमे आज दूसरे दिन के पहले सत्र मे भारतीय स्वाधीनता आंदोलन मे पत्रकारिता की चुनौतियां विषय पर प्रमुख विद्वानो ने अपने अपने वक्तव्य दिए।इस संगोष्ठी के अध्यक्ष महामना मदन मोहन मालवीय हिंदी पत्रकारिता संस्थान के पूर्व निदेशक प्रो ओम प्रकाश सिंह ने कहा कि आज भी समाज मे बहुत सुधार की आवश्यकता है। हमारे राष्ट्रीय आंदोलन मे पत्रकारिता के कई चुनौतियां थी। रही बात भाषा की तो हिन्दी भाषा देश के हर कोने मे ग्राह्य है। देश का कोई भी कोना हो, वहां हिंदी बोली पढ़ी और समझी जाती है। इसलिए हमें भाषा के परिष्कार और उसके रहस्य के अपवाद पर ध्यान देना चाहिए। हमें उस बात का ध्यान अवश्य रखना चाहिए कि स्वाधीनता के समय भारतीय पत्रकारिता का परिवेश कैसा था। उस समय पत्रकारों को आर्थिक समस्या का भी सामना करना पड़ता था। उन्होंने कहा कि जब तक भारतीयों मे स्वाभिमान की भावना नहीं आई तब तक आजादी की प्रेरणा नही मिली। संगोष्ठी के मुख्य वक्ता डॉ. वशिष्ठ नारायण सिंह ने हिन्दी पत्रकारिता के इतिहास पर प्रकाश डालते हुए कहा कि उस दौर में एक खबर हिन्दी प्रदीप को सरकार के खिलाफ लिखने पर 3000 रुपए का जुर्माना हुआ।वहीं बनारस से प्रकाशित आज अखबार ने भी अपने जीवन में कई उतार चढ़ाव देखे। उसके संपादक पराड़कर जी को कई बार जेल जाना पड़ा। प्रेमचंद ने भी आर्थिक कारण से ही हंस को बंद कर दिया। लेकिन उन्होंने 200 रुपए घाटे पर भी जागरण अखबार का प्रकाशन किया। 1947 में आजादी के समय की स्थिति विकट थी।

उन्होंने उस स्थिति को बे... ढ़क जी की कविता का जिक्र करते हुए बयां किया। उन्होंने कहा कि उस समय का पत्रकार और साहित्यकार सभी आंदोलन में कूदे हुए थे।साथ ही आज के परिवेश पर प्रकाश डालते हुए कहा कि आज के युग में पत्रकारिता की चुनौतियां और भी ज्यादा बढ़ गई है। आज भाषा की समस्या है। सही विषय की समस्या है, लेकिन फिर भी यह युग नया है और नई तकनीक के साथ है। डॉ. विनोद सिंह ने जेम्स अगस्टस हिक्की की पत्रकारिता से लेकर भारतेंदु जी की पत्रकारिता का जिक्र किया। भारतेंदु का काल गद्य निर्माण का काल कहलाता है। उन चुनौतियों के बीच साहित्य और पत्रकारिता को संरक्षण देने का काम भारतेंदु जी ने किया। उन्होंने पत्रकारिता की चुनौतियों में ऐतिहासिक परिप्रेक्ष्य को सा... ।। उन्होंने प्रो. वासुदेव सिंह को याद किया और कहा कि गुरु जी की प्रेरणा से ही मैं पिछले तीन दशक से पत्रकारिता में सेवारत हूं। वहीं सत्र के वक्ता डॉ. अरुण कुमार शर्मा ने कहा कि आज तो मीडिया मे फेक न्यूज ज्यादा छप रही है। जो की पत्रकारिता की ग्रीन जर्नलिज्म है। इस फेक न्यूज से लड़ना ही हमारी सबसे बड़ी चुनौती है। आज विज्ञापन का दौर है जिसकी वजह से पैड न्यूज की चुनौतियां भी बढ़ी है। जिसकी वजह से पत्रकारिता मे विश्वसनीयता दूर होती जा रही है। इस मौके पर चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय मेरठ से डॉ. नवीन चंद लोहानी वर्चुअल रूप से जुडे और उन्होंने स्वाधीनता आंदोलन के समय भारतीय पत्रकारिता की चुनौती पर प्रकाश डाला। संगोष्ठी के दूसरे सत्र में भारतीय स्वाधीनता आंदोलन हाशिए के सिपाही विषय पर प्रमुख विद्वानों ने वक्तव्य दिया साथ ही शोधार्थियों ने भी अपने शोध पत्र प्रस्तुत किए। इस सत्र के अध्यक्ष डॉ. श्रद्धा नंद ने प्रो. वासुदेव सिंह को याद करते हुए कहा कि गुरु जी इतिहास के मर्मज्ञ थे, इतिहास पढ़ाना सबके बूते की बात नही। उन्होंने विषय पर प्रकाश डालते हुए कहा कि पत्रकारिता में साहित्य की उपस्थिति होनी चाहिए। उन्होंने हाशिये के सिपाहियों से आग्रह किया कि हमारे पास पराड़कर जी का साहित्य ही नही है, हमे उनके साहित्य पर शोध की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि साहित्य सभी विमर्शों का सार होता है। उन्होंने प्रो. वासुदेव सिंह को नमन किया और कहा कि ऐसी संगोष्ठी हमेशा काशी विद्यापीठ में होती रहनी चाहिए क्योंकि विद्यापीठ में ही वासुदेव सिंह जी की आत्मा सुरक्षित है। इस मौके पर प्रो. गायत्री सिंह, प्रो. गायत्री माहेश्वरी, नीरज कुमार सिंह, पूजा, सीमा तिवारी आदि लोगों ने भी अपने विचार रखे। अंत में प्रो. वासुदेव सिंह की तस्वीर पर माल्यार्पण और दीप प्रज्वलन के पश्चात समापन सत्र की शुरुआत हुई। इस सत्र के अध्यक्ष डॉ. आनंद वर्धन ने रुद्र काशिकेय की पुस्तक बहती गंगा का जिक्र किया। साथ ही उन्होंने मेरठ से प्रकाशित प्रताप और बनारस से प्रकाशित भूमिगत अखबार रणभेरी का भी जिक्र किया और पत्रकार, पत्रकारिता की चुनौतियों पर प्रकाश डाला। उन्होंने आज, स्वदेश,स्वराज,कर्मभूमि जैसे तमाम अखबारों का नाम लेते हुए कहा कि उस दौर मे तमाम साहित्यकार मूलतः पत्रकार रहे है। इसलिए पत्रकार और साहित्यकार का पारस्परिक संबंध है। सत्र मे विशिष्ट वक्ता प्रो. ओम प्रकाश सिंह ने 1857 के मुक्ति संग्राम का जिक्र किया। उन्होंने कहा कि उस दौर की यह बहुत बड़ी चुनौती थी कि साहित्य कैसे गढ़ा जाय तब भारतेंदु जी अपने अखबार और पत्रिका में नव रचनाकारों को स्थान दिया। इस मौके पर उमापति दीक्षित ने कहा कि निश्चित रूप से यह ध्रुव सत्य है की साहित्य और पत्रकार का अन्योन्याश्रित संबंध है। स्वतंत्रता संग्राम के वीर गाथा को याद करते हुए आज हम इस बात का संकल्प लें कि राष्ट्रीय संगोष्ठी का यह मौका देने वाले आचार्य के दृष्टांतों और उनके शैली को हम लोग ग्रहण करें। उनके अंदर इतिहास पढ़ाने के की एक अक्षुण्ण कला थी। सत्य की बात कही गई है। हमें सत्य चाहिए तो आचार्य के पास आने की जरूरत है। समापन सत्र के अध्यक्ष डॉ. वशिष्ठ नारायण सिंह ने बहती गंगा, चंद्र शेखर आजाद, विश्वनाथ शर्मा आदि लोगों का जिक्र करते हुए कहा कि जिस प्रकार काशी को नही बांधा जा सकता उसी प्रकार प्रो. वासुदेव सिंह को भी किसी सीमा में नही बांधा जा सकता। कार्यक्रम का संचालन प्रो. श्रद्धा और धन्यवाद ज्ञापन प्रो. हिमांशु शेखर सिंह ने किया। इस मौके पर शोध छात्र देवी प्रसाद तिवारी, पूजा चौधरी समेत अन्य लोग मौजूद रहे।

प्राचीन भारतीय कला में शालभंजिका

पंकज यादव*

किसी भी देश की धार्मिक मान्यताएँ, उसके पौराणिक देवी-देवता, उसके आचार-विचार एवं उसकी नीति-परम्पराएँ वहाँ की कला में अभिव्यक्त होती हैं। कला भी साहित्य की ही भाँति समाज का दर्पण है। कला का उद्देश्य केवल भौतिक जगत को मूर्त्त रूप देना ही नहीं है, अपितु अमूर्त्त भावों या विचारों को, लोक-मान्यताओं तथा आध्यात्मिक विचारों को भी साकार रूप देना है। इस कड़ी में भारतीय कला वस्तुत: लोक को परलोक से मिलाने वाला सेतु है। वह लौकिक और आध्यात्मिक जगत का सम्मेलन-बिन्दु है। भारतीय कलाकारों ने कतिपय प्रतीकों के माध्यम से भारतीय धर्म, दर्शन एवं संस्कृति को व्यक्त करने का श्लाघनीय प्रयास किया है। इस परम्परा में 'शालभंजिका' रूपांकन भारतीय कला प्रतीक-परम्परा में अत्यन्त महत्त्वपूर्ण है।

शालभंजिका से अभिप्राय उस मूर्ति-शिल्प से है, जिसमें एक रूपसी तरुणी को एक वृक्ष के नीचे त्रिभंग मुद्रा में खड़े हुए अंकित किया जाता है। युवती अपने एक हाथ से वृक्ष की एक शाखा को पकड़कर झूलती-सी दिखाई देती है। अपने दूसरे हाथ से वह बहुधा वृक्ष के तने को लपेटती अथवा आलिंगन-सी करती है। ऐसा करते हुए वह युवती अपने एक पैर से वृक्ष के तने को या तो लपेटती है या उस पर प्रहार करती है।

प्रारम्भिक भारतीय कला में शालभंजिका-क्रीड़ा का अंकन देखने को मिलता है। अपने आरम्भिक काल में यह शब्द क्रीड़ा विशेष का वाचक था, किन्तु कालान्तर में यह शब्द अर्थ-परिवर्तन के साथ-साथ कला में भी तदनुरूप प्रतिबिम्बित होता हुआ दिखाई देता है। साँची एवं मथुरा के तोरण-कोष्ठकों एवं वेदिका-स्तम्भों पर वृक्ष-शाखा को अवनमित करती नमितजानु सुन्दरियों के जो अंकन मिलते हैं, वह इस बात के प्रमाण हैं कि कम-से-कम पहली शताब्दी ईसा पूर्व तक शालभंजिका शब्द अपने मूलार्थ के स्थान पर ललित कला-मुद्रा का बोधक बन गया था।

शालभंजिका शब्द से भारतीय साहित्यकार सदैव से प्रभावित रहे हैं। इस शब्द का अर्थ विभिन्न कालों में बदलता रहा है। वस्तुत: शालभंजिका एक उद्यान-क्रीड़ा थी, जो पूर्वी भारत में स्त्रियों द्वारा खेली जाती थी। पाणिनि के सूत्र 'प्राचा क्रीड़ायाम्' की व्याख्या के रूप में, काशिका के अन्तर्गत, सबसे पहले शालभंजिका का उल्लेख पाया जाता है। पूर्वी भारत में शाल वृक्ष अधिक पाए जाते थे, सम्भवत: इसीलिए शालभंजिका-क्रीड़ा प्राय: पूर्वी भारत में ही प्रचलित रही होगी। इस क्रीड़ा में स्त्रियाँ बसंत ऋतु में शाल वनों में एकत्र होकर पुष्पित शाल की शाखाओं से सम्भवत: एक दूसरे पर प्रहार करके खेलती होंगी।[१]

'अवदान शतक' में शालभंजिका-क्रीड़ा का उल्लेख वन-महोत्सव के रूप में हुआ है। एक बार जब गौतम बुद्ध श्रावस्ती में अनाथपिण्डक के जेत वन में ठहरे हुए थे, तब शालभंजिका महोत्सव का पर्व पड़ा। उस दिन सैकड़ों-हजारों नर-नारी शाल वन में एकत्रित हुए, शाल-पुष्पों को एकत्रित किया और इधर-उधर खेल-कूद कर उत्सव मनाया।[२] ऐसा प्रतीत होता है कि महामाया देवी के द्वारा शालभंजिका-क्रीड़ा किए जाने के समय बुद्ध-जन्म होने से उस क्रीड़ा को विशेष महत्त्व दिया

* शोधार्थी– इतिहास विभाग, सामाजिक विज्ञान सङ्काय, काशी हिन्दू विश्वविद्यालय, वाराणसी।

जाने लगा था और उसे हर वर्ष महोत्सव के रूप में मनाया जाता था।

राजशेखर ने 'शालभंजिका' शब्द का प्रयोग नायिका (मृगाङ्कावली) की प्रतिमा के अर्थ में किया है। उन्होंने अपने एक ग्रन्थ (नाटिका) का शीर्षक ही 'विद्धशालभंजिका' रखा। ग्यारहवीं शताब्दी के लेखक श्रीकृष्ण मिश्र के 'प्रबोध चन्द्रोदय' नामक नाटक में भी शालभंजी या सालभंजी शब्द आया है। महामोह, मिथ्या दृष्टि से कहता है– 'प्रिये! जो हृदय से दूर हो, उसे याद किया जाता है, तुम तो हमारे चित्त रूपी भित्ति में शालभंजी-तुल्य सर्वदा ही विराजमान हो।' निश्चित रूप से; यहाँ इस शब्द से तात्पर्य भवन की दीवार पर उत्कीर्ण नायिका-प्रतिमा से है–

स्मर्यते सा हि वामोरु भवेद्हृदयाद्बहिः।
मच्चित्तभित्तो भवती शालभंजीव राजते।।[३]

'विद्धशालभंजिका' की व्याख्या करते हुए 'चमत्कार-तरंगिणी' टीका में कहा गया है– ''वेधितश्छिद्रितो विद्धः इति सुधाद्याः स्तम्भादौ प्रतिमा सालभंजिकेत्यमरः।'' स्पष्ट रूप से यहाँ यह शब्द स्तम्भ पर टङ्कित प्रतिमा का द्योतक है। इसी टीका में अन्यत्र कहा गया है– ''विद्वेति विद्वेषु छिद्रित-स्तम्भेषु सालभंजिकेव मनोहरा मृगाङ्कावली'' अर्थात् प्रासाद-स्तम्भ पर नायिका मृगाङ्कावली प्रतिमा-तुल्य उत्कीर्ण थी। स्पष्ट रूप से, इस शब्द का तात्पर्य यहाँ स्वयं नायिका-प्रतिमा से है।

इन शालभंजिका-मूर्तियों के अंग-प्रत्यंग को कलाकारों ने इतने मनोयोग से उत्कीर्ण किया है कि वे साक्षात् अप्सरा, गन्धर्वी अथवा किन्नरी-सी सुघड़, सलोनी एवं मोहिनी हो उठी हैं। यौवन एवं सौन्दर्य की साक्षात् प्रतिमाएँ हैं। अपने अलंकृत केशपाशों, आकर्षक आभूषणों, मोहक मुद्राओं, त्रिभंग भंगिमाओं, उभरे उठे सुगठित उरोजों, सुस्मित वदनों और पारदर्शी पोशाकों से वे दर्शकों का मन मोह लेती हैं।

शालभंजिकाओं की आकृतियाँ प्रायः स्तूपों के तोरणों की कड़ियों अथवा उनके चारों ओर की वेदिका के स्तम्भों पर उत्कीर्ण पायी गयी हैं। इसीलिए इन्हें तोरण-शालभंजिकाएँ और स्तम्भ-शालभंजिकाएँ कहा जाता है। तोरण-शालभंजिका का उल्लेख अश्वघोष कृत 'बुद्धचरित' में मिलता है, जहाँ गवाक्ष के पार्श्व में धनुषाकार देहयष्टि लिए खड़ी युवती को तोरण-शालभंजिका के समान कहा गया है–

अवलम्ब्य गवाक्षपार्श्वमन्या, शयिता चाप-विभुग्नागात्र-यष्टिः।
विरराज विलम्बि-चारुहारा रचिता तोरण-शालभंजिकेव।।[४]

स्तम्भ-शालभंजिकाओं का उल्लेख महाउम्मग्ग जातक, नाट्यशास्त्र, रघुवंश, कामसूत्र की जयमंगल टीका, हर्षचरित, कादम्बरी, विद्धशालभंजिका, नैषधीयचरितम्, कथासरित्सागर तथा जैन ग्रन्थ पउमचरिय में मिलता है। तोरण-शालभंजिकाएँ साँची, ऐरण, मथुरा और नागार्जुनकोंडा से तथा स्तम्भ-शालभंजिकाएँ भरहुत, साँची, कुम्हरार, मेहरौली, मथुरा आदि अनेक स्थानों से प्राप्त हुई हैं। कौशांबी, नागोद, भुवनेश्वर तथा गांधार-कला के फलकों पर भी शालभंजिकाओं के दृश्य देखने को मिलते हैं। नेवासा तथा बस्ती से मिली कुछ मृण्मूर्तियों पर तथा अफगानिस्तान के बेग्राम से प्राप्त दंत कलाकृतियों पर भी शालभंजिका का प्रतीक मिलता है।

शालभंजिका का स्वरूप : उद्यान क्रीड़ा– इस क्रीड़ा का उल्लेख अनेक बौद्ध साहित्य में मिलता है। निदानकथा जातक के अनुसार, जब मायादेवी अपनी बहन प्रजापति गौतमी और दासियों के साथ कपिलवस्तु से देवदह जा रही थीं, तो मार्ग में लुम्बिनी वन में विश्राम करने के लिए रुकीं। बसंत की ऋतु थी, पुष्पित शालवृक्षों से सुरभित शीतल बयार चल रही थी और वृक्षों

पर नाना प्रकार के पक्षी कलरव कर रहे थे। शाल वन की उस बसन्ती शोभा को देखकर मायादेवी ने शाल-क्रीड़ा करने की इच्छा की। ज्यों ही उन्होंने एक शालवृक्ष की डाल पकड़ी, त्यों ही उन्हें प्रसव-वेदना हुई और तत्काल खड़े-ही-खड़े उन्होंने बोधिसत्व गौतम को जन्म दिया। अविलम्ब आकाश से इंद्र, ब्रह्मा तथा अन्य लोकपाल नवजात शिशु को प्राप्त करने के लिए उपस्थित हो गए और अप्सराओं तथा देवगणों ने वाद्य-वृन्दों से नवागंतुक का स्वागत किया।[५]

दोहद : यह प्रतीक 'वृक्ष एवं स्त्री' अभिप्राय का एक अत्यन्त महत्त्वपूर्ण प्रकार था। एक प्रकार का यह कवि-विश्वास माना जाता था, जिसके अनुसार यह समझा जाता था कि युवती के पाद-प्रहार से अथवा स्पर्शालिंगन से असमय में भी वृक्ष कुसुमित हो उठते हैं। ऐसी सामान्य अवधारणा थी कि अशोक वृक्ष तब तक पुष्पित नहीं होता है, जब तक मदिरासक्त सुन्दरी के बाएँ चरण से स्पर्श ना हुआ हो। अनेक साहित्यिक विवरणों से ज्ञात होता है कि यदि तरुणी अशोक वृक्ष के तने पर अपने बाएँ पैर का आघात या मुखमदिरा का उस पर कुल्ला कर देती है, तो चमत्कारिक रूप से उसमें प्रसून सद्य: प्रस्फुटित हो जाते हैं। ऐसा कवि का विश्वास था कि नवयौवना सुन्दर तरुणी के कोमल स्पर्श से प्रियंगु, उसकी मुखमदिरा से बकुल, पाद-प्रहार से अशोक, दृष्टि-निक्षेप से तिलक, आलिंगन से कुर्बक, सुरीली बोली से मंदार, स्मिति से चंपक, सुगंधित नि:श्वास से आम्र, मधुर संगीत से नमेरु और उसके नृत्य से कर्णिकार का वृक्ष असमय में ही पुष्पित हो उठता है।[६]

दोहद के कई उदाहरण कालिदास के ग्रन्थों में उपलब्ध हैं। 'मालविकाग्निमित्रम्' में अस्वस्थ होने के कारण रानी अपनी दासी मालविका से अपने प्रमद वन में स्थित अशोक वृक्ष के साथ दोहद (चरणाघात) क्रिया सम्पन्न करने का निवेदन करती है– ''चिरायमाणकुसुमोदगमस्य तपनीयाशोकस्य दोहदनिमित्त।''

'रघुवंश' तथा 'मेघदूत' में भी दोहद के विषय में जानकारी प्राप्त होती है। वस्तुत: दोहद-क्रिया के माध्यम से प्रकृति और मानव की एकरूपता और परस्पर निर्भरता का संकेत मिलता है। स्पर्श तथा आलिंगन से तरुणी की सर्जना-शक्ति वृक्ष को सहज ही पुष्पित कर देती है। प्राचीन भारतीय कला की शालभंजिका मूर्तियाँ अपने गोल और कलश की भाँति उभरे उरोजों से सर्जनात्मक मातृत्व-शक्ति का बोध कराती हुई प्रतीत होती हैं।

भरहुत, साँची, मेहरौली, कुम्हरार, बोधगया तथा ऐरण की शालभंजिकाएँ दोहद के रूपांकन का श्रेष्ठ उदाहरण हैं। दोहद-दृश्य से अलंकृत शुंगकालीन वेदिका-स्तम्भ कोलकाता संग्रहालय में सुरक्षित है। इसमें एक स्थूलकाय यक्षिणी अशोक के वृक्षमूल को अपने बाएँ हाथ एवं पैर द्वारा आलिंगनबद्ध तथा तरुशाखा को दक्षिण कर से स्पर्श करती हुई दिखाई देती है। भरहुत से प्राप्त एक अन्य दृश्य में एक स्थूल वपु एवं नाना भरण शोभाढ्य यक्षिणी, जिसका बायाँ हाथ उसके कटि प्रदेश पर कलात्मक शैली में अवलम्बित है, कमल यान पर खड़ी उत्कीर्ण है। राजकीय संग्रहालय, मथुरा से प्राप्त एक वेदिका-स्तम्भ में दोहद दृश्य का एक सुन्दर दृश्य देखने को मिलता है। विविध आभरणों से मण्डित तन्वंगी चौड़ी कमरपेटी धारण किए अशोक वृक्ष के नीचे खड़ी है। वह अपने दोनों हाथों से कमल के डण्ठल को पकड़े हुए बाएँ पैर के स्थान पर दाएँ पैर से तरु मूल को आघात करती निरूपित है।

दोहद दृश्य का सर्वोत्कृष्ट उदाहरण राष्ट्रीय संग्रहालय, नई दिल्ली में द्रष्टव्य है। इसमें एक युवती अशोक वृक्ष के नीचे खड़ी उसके तने को अपने बाएँ पैर से स्पर्श करती हुई रूपांकित

है। वह अपने बाएँ हाथ से अशोक वृक्ष की शाखा का अवलम्बन करती है तथा दाएँ हाथ से अपनी नग्नता पर आवरण डाले अधोवस्त्र को स्पर्श कर रही है। प्राचीन भारतीय साहित्य एवं कला में अशोक वृक्ष युवती के चरणाघात से सम्बद्ध था, तो बकुल विटप उसके मुख की मदिरा से सिक्त होने एवं कुरबक उसकी कुचघात-क्रीड़ा के रस का प्रत्याशी था।[७]

स्त्री-सौन्दर्य का प्रतिमान : इन रमणीय शालभंजिकाओं के माध्यम से रूप, यौवन और सौन्दर्य अपने जीवंत रूप में साकार हो उठा है। प्राचीन भारतीय साहित्य में स्त्री-सौन्दर्य के अनेक उपमान मिलते हैं, जैसे– चंद्रमा की भाँति मुख, कमान जैसी भौंहें, खंजन की तरह नेत्र, बिम्बफल जैसे अधर, कम्बु ग्रीवा, कमलनाल जैसी सुकोमल भुजाएँ, स्वर्ण घट जैसे उरोज, कदली जैसी जंघाएँ हैं और कमलपुष्प जैसे हाथ-पैर इत्यादि। इस प्रकार, आकर्षक केश-विन्यास लुभावने आभूषण, सुष्मित वदन, सुडौल स्तन, क्षीण कटि, चिकने गात्र और मोहक त्रिभंग मुद्राओं से भारतीय कला की ये शालभंजिकाएँ स्त्री-सौन्दर्य के मानदण्ड पर खरी उतरती हैं।

शालभंजिका-क्रीड़ा और बुद्ध-जन्म : शालभंजिका-क्रीड़ा के समय ही महामाया देवी ने सिद्धार्थ गौतम को जन्म दिया था, इसलिए यह क्रीड़ा बौद्ध धर्म से प्रभावित क्षेत्रों में महोत्सव के रूप में मनायी जाने लगी। कालान्तर में बौद्ध कलाकारों ने बुद्ध-जन्म के इस ऐतिहासिक दृश्य को भाँति-भाँति से उत्कीर्ण किया। बौद्ध ग्रन्थ 'निदानकथा' के अनुसार, जब महामाया देवी शालवृक्ष के नीचे खड़ी थीं, उसी समय उन्होंने बोधिसत्व को प्रसवित किया था। 'मज्झिम निकाय' के अनुसार भी बुद्ध-जननी उन्हें खड़ी होकर ही जन्म देती हैं। बुद्ध-जन्म के ये दृश्य-फलक कौशांबी, अमरावती, नागार्जुनकोंडा, लुम्बिनी वन, सारनाथ तथा गांधारकला में प्राप्त हुए हैं। बुद्ध-जन्म के इन दृश्यों में महामाया देवी को शाल वृक्ष के नीचे एक डाल पकड़कर त्रिभंग मुद्रा में खड़ा दिखाया गया है। उनके साथ एक ओर प्रजापति और सेविकाएँ तथा दूसरी ओर इंद्र, ब्रह्मा आदि लोकपाल अंकित किए गए हैं। अमरावती तथा नागार्जुनकोंडा से प्राप्त बुद्ध-जन्म के दृश्य-फलकों में कलाकारों ने रेशमी पट पर सात पद-चिह्न उकेरे हैं, जो बोधिसत्व के जन्म लेते ही खड़े होने तथा सात डग भरने का प्रतीकात्मक दृश्य प्रदर्शित करते हैं। कुछ फलकों में छत्र तथा चाँमर जैसे राजत्व के प्रतीक उकेरे गये हैं, जिनमें कलाकारों द्वारा बुद्ध की उपस्थिति को प्रस्तुत किया गया है।

गांधार कला में मायादेवी की शालभंजिका-क्रीड़ा अत्यन्त गरिमामय ढंग से उत्कीर्ण है। शाल वृक्ष के नीचे वे तरुशाखा का दाहिने हाथ से अवलम्बन किए त्रिभंगी मुद्रा में खड़ी हैं तथा बाईं ओर उन्हें सहारा देती उनकी छोटी बहन गौतमी निरूपित हैं। भारत कला भवन, वाराणसी में गांधार कला की एक आकृति संरक्षित है। इस दृष्टांत में माया देवी का ऊर्ध्वकाय मात्र प्रदर्शित है। इसमें वे शाल वृक्ष की मुख्य शाखा को अवलम्बित करती उत्कीर्णित हैं। बुद्ध-जन्म के दृश्यों में मायादेवी को सम्पूर्ण राजकीय गरिमा से मण्डित दिखाया गया है। एक भी दृश्य में उन्हें वृक्ष का आलिंगन करते हुए नहीं अंकित किया गया है।

शालभंजिकाओं के विविध रूपांकन : भरहुत, मथुरा, बोधगया, नागार्जुनकोंडा में बहुत सी शालभंजिकाएँ या तो किसी झुके अथवा लेटे हुए पुरुष के ऊपर खड़ी हैं या फिर हाथी या मकर पर। भरहुत की वेदिकाओं में मानव और हाथी के अतिरिक्त घोड़े पर भी खड़ी शालभंजिकाओं के अंकन प्राप्त हुए हैं। नेपाल और मथुरा की अधिकांश शालभंजिकाएँ पुरुष आकृतियों पर और कुछ पशु आकृतियों पर खड़ी उत्कीर्ण की गयी हैं। गया से प्राप्त शालभंजिका एक बैठे हुए पुरुष का आधार ले रही है, वहीं नागार्जुनकोंडा से प्राप्त शालभंजिका मकर पर अधिष्ठित है। साँची

से प्राप्त शालभंजिकाओं में से किसी के भी नीचे कोई वाहन नहीं है। वे प्राय: वृक्ष के तने पर ही खड़ी उकेरी गयी हैं। भरहुत और मथुरा से प्राप्त अधिकांश शालभंजिकाएँ या तो नर-वाहना हैं या पशु-वाहना।

राजकीय संग्रहालय, मथुरा में संरक्षित एक वेदिका-स्तम्भ में स्त्री कंदुक-क्रीड़ा का एक विलक्षण दृश्यांकन प्राप्त है। इसमें एक तरुणी एक ही हाथ द्वारा दो गेंदों से खेलते प्रदर्शित है। एक गेंद को वह अपने दाहिने हाथ की हथेली से पकड़े है तथा दूसरे हाथ की कोहनी को असाधारण रूप से ऊपर उठाकर एक दूसरी गेंद हवा में उछालती दिखायी गयी है। यह कंदुक-क्रीड़ा राजशेखर की विद्धशालभंजिका में वर्णित 'कंदुक-केलि ताण्डव' का स्मरण कराता है।

भारतीय कला में शालभंजिका प्रतीक ईसा पूर्व द्वितीय शती से ही उत्कीर्ण किया जाने लगा था। भरहुत तथा साँची की शालभंजिकाएँ सर्वाधिक प्राचीन हैं। शील और मर्यादा की भावना में वृद्धि होने से यद्यपि गुप्त काल में शालभंजिकाओं की लोकप्रियता में कमी हुई, किन्तु उनकी परम्परा अनवरत चलती रही। साहित्य में नारी-मूर्तियों के रूप में इस प्रतीक का उल्लेख १८वीं शती ईस्वी तक मिलता रहा।[८]

प्रख्यात् भारतीय कला-मर्मज्ञ ई.बी. हेवेल शालभंजिका-प्रतीक के विषय में लिखते हैं– ''भारतीय कला पर प्राय: विद्वान् पश्चिमी जगत का प्रभाव परिलक्षित करते हैं, जो पूर्णत: सत्य नहीं है। भारतीय कला में शालभंजिका-प्रतीक जिस सौन्दर्य-बोध, सुकुमारता, यौवन, अंगचारुता और भाव-भंगिमाओं की सृष्टि करता है, उसकी समता पश्चिमी जगत की किसी कलाकृति में उजागर नहीं हो सकती।''[९] वस्तुत: भारतीय कला की यह शालभंजिकाएँ हमारे सुखमय जीवन के उस पक्ष को उजागर करती हैं, जिसमें यौवन और रूप का अक्षय और अक्षुण्ण भण्डार अभीप्सित था, जिसमें तृतीय पुरुषार्थ अर्थात् काम-सार्थकता सन्निहित थी।

सन्दर्भ-सूची

१. वासुदेव शरण अग्रवाल– 'इण्डिया ऐज नोन टु पाणिनि', पृष्ठ १५९
२. वासुदेव शरण अग्रवाल– 'इण्डिया ऐज नोन टु पाणिनि', पृष्ठ १५९
३. प्रबोध चन्द्रोदय– अङ्क-२, श्लोक-३७
४. अश्वघोष– बुद्धचरित, अंक-५, श्लोक-५२
५. वासुदेव शरण अग्रवाल– 'इण्डिया ऐज नोन टु पाणिनि', पृष्ठ १५९, जातक (अनुवादक-भदन्त आनन्द कौशल्यायन), खण्ड-१, पृष्ठ ६८-६९
६. ए. एल. श्रीवास्तव– 'भारतीय कला प्रतीक', पृष्ठ १३५
७. कुरबक कुचघातक्रीड़ारस्न वियुज्यसे,
बकुलविटपिन्स्मर्तव्यं ते मुखासवसेवनम।
चरणघटनाशून्यो यास्य स्वशोकसशोकतामिति,
निजपुरत्यागे मयस्य द्विषां जगदुरू स्त्रिय:।।
-सुभाषित रत्नावली, २५६४, शिवराममूर्ति, संस्कृत लिट्रेचर एण्ड आर्टमिरर्स ऑफ इण्डियन कल्चर्स, पृष्ठ ४०
८. उदय नारायण राय– शालभंजिका, पृष्ठ ७४, ७९
९. ई.बी. हेवेल– द हैण्डबुक ऑफ इण्डियन आर्ट, पृष्ठ ३७

●

विहारों की संरचना एवं बौद्ध कला का क्रमिक विकास

डॉ. अभिषित त्रिपाठी*

सिन्धु सभ्यता में शिल्प और वास्तु धार्मिक जीवन के सहायक अंग के रूप में पाये गए हैं। सैन्धव शिल्प में परवर्ती भारतीय कला के कुछ विशिष्ट लक्षण देखे जा सकते हैं, जैसे– मानव रूप की आदर्शपरक अभिव्यक्ति और पशुओं का स्वाभाविक निरूपण।[१] मनुष्य अपनी आध्यात्मिक शक्ति अथवा चेतना को प्रतिबिम्बित करने की योग्यता से ही देवता को 'मूर्ति-रूप' प्रदान करता है।[२] सिन्धु सभ्यता में नर और पशु– दोनों का ही समान रूप से निरूपण किया गया है। परवर्ती भारतीय धर्म और लिपि के समान कला की परम्परा का भी मूल उद्‌गम सिन्धु सभ्यता को ही मानना चाहिए।[३] सिन्धु सभ्यता के लोग ईंटों के स्थान पर लकड़ी का प्रयोग करने लगे, जिससे वास्तु कला का विकास बहुत तेजी से हुआ। उत्तर वैदिक काल से यह परिस्थिति क्रमश: परिवर्तित हुई और पुन: अशोक के काल से कला का पुनर्जन्म हुआ, जिसके प्रमुख तीन कारण माने जा सकते हैं– कला के पोषक सामाजिक वर्ग का उदय, कारीगरी का विकास एवं धार्मिक प्रेरणा का अभाव।[४]

ई.पू. छठीं शताब्दी से नगर-जीवन, श्रेष्ठीवर्ग तथा राजदरबारों के अभ्युदय के साथ वास्तु कला एवं विविध शिल्पों का भी विकास होना स्वाभाविक था। कुछ शताब्दियों तक वास्तु के रूप में श्रेष्ठियों का हर्म्य और राजप्रासाद का ही निर्माण होता रहा। इनके अन्यत्र और कहीं भी वास्तु कला का प्रयोग नहीं होता था। निर्माण-सामग्री के रूप में केवल काष्ठ का प्रयोग होने से ये वास्तु अतीव भंगुर थे।[५] चन्द्रगुप्त मौर्य का पाटलिपुत्र का प्रासाद इसके एक उत्कृष्ट उदाहरण के रूप में स्मरणीय है।[६] हाथी दाँत, काष्ठ आदि के शिल्पों ने इस युग में पर्याप्त प्रगति की। शिल्पियों का संगठनात्मक स्वरूप, शिक्षा एवं परम्परा के सहारे कला में निपुणता का विकास सम्भव हो सका। बौद्ध धर्म के समर्थक श्रेष्ठियों और शासकों की वजह से बौद्ध विहारों की समृद्धि बढ़ी तथा कालान्तर में वे स्वयं कला के पोषक बन गए और कला धर्म-प्रचार का माध्यम। कला और धर्म का यह समन्वय एक विशाल आध्यात्मिक क्रान्ति का द्योतक था।[७]

बौद्ध धर्म में अगर वास्तु कला की बात की जाय, तो उसका प्राचीनतम विषय विहार एवं स्तूप थे। विहारों में वास्तु कला का काफी विकास हुआ। विनयपिटक में पाँच प्रकार के शयनाशनों का वर्णन किया गया है– विहार, अर्धयोग, प्रासाद, हर्म्य और गुहा।[८] इनमें अन्तिम प्रकार के आवास– 'गुहा' का वास्तु कला की दृष्टि से महत्त्वपूर्ण स्थान है। बौद्ध संघ में उत्तरोत्तर भिक्षुओं की संख्या-वृद्धि से आवासिकता का प्रश्न खड़ा हो गया। इसके हल में; भिक्षु प्रारम्भ में प्रकृति-निर्मित गुहा में एकान्तचर्या करने लगे। लेकिन ये प्रकृति-निर्मित आवास भिक्षुओं के लिए पर्याप्त नहीं हुए। कालान्तर में राजा और श्रेष्ठी विहार बनवाकर संघ में दान देने लगे। इसी क्रम में; गुहा आवास का भी नाम आता है। अशोक ने गुहा-निर्माण को गति प्रदान की। उसने गया के समीप बराबरा की पहाड़ियों में गुहा खुदवाकर संघ को दान किया। प्रारम्भ में गुहा-निर्माण और उसकी वास्तु कला पूर्व स्थापित झोपड़ियों और कुटियों के तर्ज पर किया गया। कालान्तर में प्रस्तर कला का विकास निरन्तर होता रहा।

भगवान् बुद्ध के परिनिर्वाण के पश्चात् उनके शरीर के अवशेष को लेकर विवाद शुरू हो

* पोस्ट– डॉक्टोरल फेलो– भारतीय सामाजिक विज्ञान अनुसंधान परिषद (ICSSR), नई दिल्ली)।

गया। असीत् नामक ब्राह्मण ने इस विवाद के निवारण स्वरूप शरीर के अवशेषों को आठ भागों में विभाजित कर दिया। इस प्रकार, इन अवशेषों पर पृथक्-पृथक् आठ स्तूपों का निर्माण हुआ।[९] मृत शरीर या उसके कुछ अंश पर स्मृति-चिह्नों का निर्माण अत्यन्त प्राचीन विधा है। भारतीय प्रागैतिहासिक तथा वैदिक साहित्य में ऐसे अनेक वर्णन प्राप्त होते हैं।[१०] मृतक के शरीर को गाड़कर उस स्थान को चिह्नित करने के लिए मिट्टी का, लकड़ी का अथवा प्रस्तर का प्रयोग अनेक जगहों पर पाया गया है। सम्भवत: राजाओं या चक्रवर्तियों के लिए स्मारक प्रधान स्तूपों का निर्माण किया जाता था। भगवान् बुद्ध को भी धर्मराज, धार्मिक चक्रवर्ती मान लेने पर उनके लिए भी वैसे ही स्तूपों की रचना एवं कल्पना स्वाभाविक थी। स्तूपों को अण्डाकार बनाने के पीछे की कल्पना मृतिका-संचय रही हो।[११] मृतक के ऊपर गाड़े छत्र या बाड़े का विकास कालान्तर में हर्मिका के रूप में हुआ।[१२] स्तूप भगवान् बुद्ध के प्रतीक के रूप में था, अतएव उसकी पूजा-अर्चना की जाने लगी। पूजा के प्रचलित होने से कालान्तर में चैत्यगृहों का निर्माण किया जाने लगा। स्तूपों के आकार में वृद्धि, उनके चिरस्थायित्व के लिए प्रस्तर का प्रयोग तथा उनके अलंकरण के लिए कलात्मक चित्रकारी, वास्तुकला के विकास का अद्वितीय उदाहरण है।

इस विकास-क्रम को हम निम्नलिखित काल-खण्डों में विभक्त कर देख सकते हैं–

(१) मौर्य काल- वास्तु कला के दृष्टिकोण से मौर्य काल स्वर्णिम युग रहा। मौर्य काल के जो प्रस्तर शिल्प थे, वे काष्ठ शिल्प के ही रूपान्तरित शिल्प थे। मौर्यों से पहले की किसी प्रस्तर कला के निश्चित अवशेष भी प्राप्त नहीं होते।[१३] इन तथ्यों के आधार पर यह कहा गया है कि अशोककालीन प्रस्तरकला को मौर्य साम्राज्य के पश्चिमी सम्पर्क का परिणाम मानना चाहिए।[१४] मिस्र, असीरिया और यूनान की कलाओं के सम्मिश्रण से उत्पन्न शाखामनीषी ईरानी कला विभिन्न सभ्यताओं के असमंजस मेल को प्रतिबिम्बित करती है।[१५] अशोक स्तम्भों के शिल्प में भी इन्हीं सभ्यताओं के मेल की झलक मिलती है, जिसे यवनशिल्पियों द्वारा निर्मित बताया गया है। गुहा-निर्माण की कला भी असीरिया एवं ईरान से ली गयी है। यह भी कहा जाता है कि अशोक ने जो धर्मलिपि प्रकाशित करने की परम्परा की शुरूआत की, वह भी ईरानी सम्राटों के अभिलेखों से प्रेरित है। लेखन-कला एवं लिपि भी पश्चिमी एशिया से सीखी गयी। यहाँ तक मौर्य प्रशासन भी पश्चिम का ऋणी बताया जाता है।[१६]

जो भी हो, मौर्य साम्राज्य एवं कला पर पश्चिमी प्रभाव रहा हो, तब भी मौर्य संस्कृति की मौलिकता और भारतीयता को अस्वीकार नहीं किया जा सकता। कितनी भी शिल्प-कला पश्चिम से ली हुई कही जा सकती है, लेकिन यह निर्विवाद है कि अशोककालीन कला की प्रेरणा बौद्ध धर्म के विकास से ही प्राप्त थी। बौद्ध साहित्यों के अनुसार, अशोक ने ८४,००० स्तूप तथा विहारों का निर्माण करवाकर बौद्ध संघ को दान किया था। चीनी यात्रियों ने भारत में कई स्थानों पर निर्मित स्तूप और विहारों को देखा था। दुर्भाग्यवश इनमें से कोई भी वर्तमान में अपने मूल स्वरूप में उपलब्ध नहीं है। अशोक द्वारा स्थापित स्तम्भ कला एवं वास्तु का अप्रतितम उदाहरण है। इन स्तम्भों पर विशेष प्रकार की चिकनाई एवं चमक दिखाई पड़ती है। स्तम्भ के अग्रभाग को मुख्यत: तीन भागों में बाँट सकते हैं– (१) मूल अधोमुख कमल के आकार का है, (२) मध्य में वर्तुल वाटिका पर धर्मचक्र, हंस-श्रेणी, अश्व, वृषभ आदि चित्रित हैं, (३) शिरोभाग पर सिंह अथवा गज अथवा वृषभ आदि की मूर्ति निर्मित है।[१७] उदाहरणस्वरूप; सारनाथ का स्तम्भ ले सकते हैं, जिसके शिरोभाग की मध्यपट्टिका पर चार धर्मचक्र और उनके बीच में गज, वृषभ, अश्व एवं

सिंह अंकित हैं तथा सबसे ऊपर चार सिंहों की मूर्ति स्थापित है, जिनका मुख चारों दिशाओं में अलग-अलग है। यह इस बात का द्योतक है कि बौद्ध-धर्म चारों दिशाओं में फैल रहा है। इसमें कोई सन्देह नहीं कि इसकी स्थापना धर्मचक्र-प्रवर्तन के रूप में की गयी थी।[१८] अशोक के स्तम्भों में पशुओं का चित्रांकन अत्यन्त रमणीय है। कदाचित ही कला के किसी युग में इससे सुन्दर निरूपण मिले।

शुंग काल– मौर्य सम्राट् बृहद्रथ की हत्या उसके ब्राह्मण सेनापति पुष्यमित्र शुंग ने करके, शुंग वंश की स्थापना की। यह बौद्ध धर्म का विरोधी था। इसने ब्राह्मणों का नेतृत्व किया।[१९] धनदेव के अयोध्या-अभिलेख में पुष्यमित्र को दो बार अश्वमेध यज्ञ का आयोजन करने वाला बताया गया है।[२०] दूसरी ओर; दिव्यावदान एवं तारानाथ में पुष्यमित्र को बौद्ध-विरोधी बताया गया है।[२१] पुष्यमित्र स्तूपों तथा विहारों का विनाश करते हुए तथा भिक्षुओं का वध करते हुए सेना के साथ शाकल तक गया।[२२] यहाँ उसने घोषणा की कि जो भी बौद्ध श्रमणों का मस्तक काटकर लायेगा, उसे पुरस्कार स्वरूप १०० दिनार दिया जायेगा। पुष्यमित्र को यक्ष कृमिश से पराजित बताया गया है, जो सम्भवत: यवनों की तरफ संकेत करता है।[२३]

शुंग वंश के बौद्ध-प्रतिकूल होने के पश्चात् भी बौद्ध धर्म पूर्णत: उच्छिन्न नहीं हुआ। उदाहरणस्वरूप; हम भरहुत तथा साँची के स्तूपों के विकास को देख सकते हैं। प्रारम्भिक स्तूप अर्द्धगोलाकार (अण्ड) होते थे। अण्ड के अग्रभाग में हर्मिका और छत्र तथा मूलभाग में एक दक्षिणापथ होता था। चारों ओर रक्षा के लिए वेदिका बना दी जाती थी, जिसमें द्वार या तोरण होते थे। कालान्तर में स्तूपों का आकार बढ़ता और ऊँचा होता गया। वेदिका एवं तोरणों को उत्कृष्ट तरीके से अलंकृत किया जाने लगा।[२४] इन अलंकरणों का मुख्य विषय जातक या बुद्ध की जीवनी से लिए गए। भरहुत नागौदा में है, किन्तु वहाँ का स्तूप सर्वथा उन्मीलित हो चुका है। भरहुत स्तूप को कला एवं अलंकरण के प्रदर्शन की दृष्टि से, हम इसे प्रारम्भ का मान सकते हैं। इसके प्रमुख दो कारण हैं[२५]– पहला प्रमुख कारण है कि भरहुत में थोड़ी सी ही सीमा में घटनाओं को अव्यवस्थित ढंग से प्रदर्शित किया गया है। छोटे से चौकोर स्थान में इतने कार्यों का प्रदर्शन कला की दृष्टि में अव्यवस्थित प्रतीत होता है। दूसरा प्रमुख कारण यह है कि उसके उदाहरणों में जीवन-शक्ति का अभाव दृष्टिगोचर होता है। कोई प्रतिमा संचालित न होकर अंग-प्रत्यंग गतिविहीन प्रकट होती हैं। यक्ष-यक्षिणी के अंगों में अनुपात का भी अभाव है। अनुपात की अनुपस्थिति में कलाकार की अक्षमता का परिज्ञान हो जाता है। इन सभी कारणों से भरहुत वेदिका शुंगकालीन कला का प्रारम्भिक स्वरूप उपस्थित करती है।

भरहुत एवं साँची के स्तूपों में प्रकट इस मध्यकालीन कला का उद्गम अशोककालीन मागधी-कला में ही मानना चाहिए, जिसका कि अधिकांश विलुप्त हो चुका है। यह ध्यान देने योग्य तथ्य है कि साँची और भरहुत कौशाम्बी से विदिशा के मार्ग में पड़ते हैं। इसी मार्ग ने मध्यभारतीय कला की परम्परा दक्षिणापथ के लिए पथ-प्रदर्शक का काम किया।[२६] इसके विकास स्वरूप हम अमरावती एवं अजन्ता को देख सकते हैं। अमरावती में साँची की शान्ति का स्थान एक प्रकार की जीवन-स्फूर्ति अथवा भावाकुलता ले लेती है। अजन्ता की चित्रकला भी इसी मूर्तिविधान की परम्परा का रूपान्तरित परिणाम एवं उत्कर्ष है।[२७] यहाँ की शिल्प कला में आध्यात्मिक शान्ति एवं शैल्पिक दक्षता, परमार्थ की सूचना तथा जीवन की प्रेरणा– दोनों का चरम समन्वय है।[२८] उत्तरापथ के स्तूप ऊँचे होकर बहुभूमिक शिखर से प्रतीत होने लगे। उकेरी हुई मूर्तियों का स्थान अधिकाधिक

कोरी हुई मूर्तियों ने ले लिया।

सातवाहन युग- मौर्य साम्राज्य के पतन के बाद दक्षिण भारत में कुछ समय तक सातवाहनों का शासन रहा। सातवाहनों को पुराणों में अन्ध्रभृत्य तथा अन्ध्रजातीय कहा गया है तथा उनके अनुसार, सुशर्मा नाम के अन्तिम कण्व शासक को मारकर सिमुक ने सातवाहन वंश की स्थापना की।[२९] सातवाहनों के स्थान एवं तिथि को लेकर विद्वानों में काफी मतभेद रहा है। फिर भी; यह माना जाता है कि सातवाहनों का शासनकाल प्रथम शताब्दी ई.पू. से लेकर ई. द्वितीय शताब्दी तक रहा। शक शासकों से इनका संघर्ष होता रहता था। सातवाहन नरेश ब्राह्मण थे और ब्राह्मण धर्म का ही पालन करते थे, किन्तु उन्होंने बौद्ध धर्म के प्रति उदारता एवं दानशीलता का परिचय दिया। इसी के फलस्वरूप; बौद्ध धर्म एवं कला दक्षिण भारत में खूब फली-फूली। भाजा, पितलखोर, कोन्डोने, जुन्नर, बेडसा, नासिक एवं कार्ली में अनेक चैत्य एवं विहार के अवशेष प्राप्त होते हैं।[३०] पश्चिमी घाट की गुफाओं में भद्रयनीय, धर्मोत्तरीय और महासांघिक सम्प्रदायों का प्रचार विदित होता है। दक्षिण पूर्व में चैत्यक, पूर्वशैल, अपरशैल आदि उत्तरकालीन महासांघिकों के आवास थे।[३१]

पत्थरों को काटकर गुहा-निर्माण की कला का प्रथम परिचय अशोककालीन मगध से प्राप्त होता है। सातवाहनों का मगध के साथ व्यापारिक एवं सैनिक सम्बन्ध था; जिसके फलस्वरूप शिल्प एवं स्थापत्य कला का आदान-प्रदान होना स्वाभाविक है। कला के इस आदान-प्रदान को हम पश्चिमी घाट में शिल्प कला के विकास के रूप में देख सकते हैं। भाजा, पितलघोर, कोन्डोन, अजन्ता (गुफा १०) एवं जुन्नर की गुफाएँ प्राचीनतर हैं तथा बेडसा, नासिक और कार्ली की गुफाएँ इनकी अपेक्षा बाद की हैं।[३२] भाजा से कार्ली तक हम एक बड़े शिल्प कला के विकास को देख सकते हैं। इस गुहा वास्तु में और सामान्य वास्तु कला में अन्तर है। समतल भूमि पर निर्माण नीचे से ऊपर की ओर होता है, जबकि गुहा निर्माण में प्रस्तर को ऊपर से नीचे की ओर उत्कीर्ण किया जाता था। इसकी निर्माण-विधि स्थापत्य के निकट कम है, उत्कीर्ण-शिल्प के अधिक।[३३] प्रारम्भ में; गुहा निर्माण के लिए काष्ठ कुटियों एवं गृहों की संरचना का अनुकरण किया गया, जिसने एक विशिष्ट आकार को जन्म दिया।

सातवाहनों के बाद पल्लवों के शासन काल में बौद्धों की यह समृद्धि क्षीण हो गयी। ७वीं शताब्दी में चीनी यात्री श्वान्च्वांग की भारत-यात्रा के दौरान जब वह आन्ध्रापथ पहुँचा, तो यहाँ के विहार और चैत्य वीरान पड़े थे। अमरावती का महाचैत्य अब पूर्णतः नष्ट हो चुका है। मूल स्तूप घण्टाकार था, जिसके अग्रभाग में चौकोर हर्मिका तथा उसमें दो छत्र थे। मूलभाग के चारों ओर प्रदक्षिणापथ था। स्तूप के चारों ओर वेदिका बनी हुई थी। न केवल वेदिका और प्रदक्षिणापथ, अपितु स्तूप का अण्डभाग भी उत्कीर्ण-शिल्प से अलंकृत है।[३४] महासांघिकों के प्रभाव से चैत्यपूजा का यहाँ विशेष विस्तार हुआ तथा अनेक साक्ष्यों से यह पता चलता है कि बौद्ध धर्म का महायान में महत्त्वपूर्ण रूपान्तर इसी प्रदेश और युग में सर्वप्रथम सम्पन्न हुआ।

यवन-शासक— ई.पू. दूसरी और पहली शताब्दियों में अनेक यवन शासकों ने वाह्लीक से आगे बढ़कर गान्धार और उत्तरापथ में शासन किया।[३५] यवन शासकों में कई शासकों ने बौद्ध धर्म के प्रति रुचि प्रदर्शित की। इनमें मिनान्दर या मिलिन्द सबसे प्रसिद्ध हैं। मिलिन्द ने अपनी राजधानी शाकल को बनाया और यहीं पर प्रसिद्ध बौद्ध भिक्षु नागसेन से मिलिन्द का संवाद हुआ, जिसका विवरण हमें 'मिलिन्दपञ्हों से प्राप्त होता है। मिलिन्द ने बौद्ध धर्म के विस्तार के लिए

अनेक विहार व चैत्यों का निर्माण करवाया। प्लूटार्क के अनुसार, मिनान्दर के निधन के बाद उसके शरीर के अवशेषों के लिए उसके साम्राज्य के नगरों में वैसी ही होड़ हुई, जैसी स्वयं बुद्ध भगवान् के निधन के उपरान्त हुई थी।[३६] अनेक यवन शासकों द्वारा बौद्ध धर्म के प्रसार के लिए किए गए दान का अभिलेखों में वर्णन प्राप्त होता है। उदाहरण के लिए, इन्द्राग्निदत्त नाम के एक यवन शासक ने नासिक में गुहा का उत्खनन करवाया था। स्वात के एक अभिलेख में मोरिदर्ख थेउदोर के द्वारा भगवान् बुद्ध के देहावशेष की प्रतिष्ठा उल्लिखित है।[३७] यह स्मरणीय तथ्य है कि यवनों की बौद्ध धर्म में रुचि अशोक के समय से ही थी। अशोक ने यवनों के बीच में भी धर्म का प्रचार किया था। अपने साम्राज्य में बसे हुए यवनों के लिए अशोक ने यवन भाषा और लिपि में अपनी 'धर्म-प्रशस्ति' का प्रकाशन तक किया, ताकि बौद्ध धर्म आसानी से यवनों के बीच लोकप्रिय हो सके। मोग्गलीपुत्र तिस्स ने भी धर्मरक्षित नाम के यवन को धर्म के प्रचार कार्य हेतु चुना।

गान्धार कला– गान्धार यवनों का प्रमुख केन्द्र रहा। गान्धार प्रदेश भारत की पश्चिमोत्तर सीमा के अत्यन्त विस्तृत क्षेत्र के लिए प्रयुक्त नाम है। ६०० ई.पू. से हखमनी, यूनानी, शक, पह्लव, कुषाण आदि राजवंशों का यहाँ क्रमश: राज्य रहा।[३८] अत: यहाँ एक मिश्रित प्रभावों वाली सभ्यता का जन्म दिखाई देता है और इसके अन्तर्गत यहाँ की कला को 'गांधार कला' नाम दिया जाता है।[३९] यवन शिल्प और बौद्ध आदर्श के समन्वय से इस विशिष्ट कला का उद्गम हुआ। गांधार कला के काल-निर्णय को लेकर विद्वानों में काफी मतभेद है। कुछ विद्वान् गांधार-कला की उत्पत्ति ईसा की प्रथम शताब्दी से लेकर पाँच-छ: सौ वर्षों तक मानते हैं।[४०] गांधार कला के प्रमुख संरक्षकों में यवनों के साथ-साथ शक और कुषाण थे। इस कला का स्वरूप एवं शैलीगत परिभाषा अन्य भारतीय क्षेत्रों में फैली कला से बहुत कुछ अलग दिखलाई पड़ती है। पहले यह मान्यता प्रचलित थी कि बुद्ध-प्रतिमा को जन्म देने का श्रेय गांधार कला को ही है। किन्तु इस पर सन्देह प्रकट किया गया है और यह कहा गया है कि मथुरा में बुद्ध की प्रतिमा का आविर्भाव स्वतन्त्र रीति से और सम्भवत: गान्धार प्रतिमा के पूर्व हुआ।[४१]

बौद्ध धर्म के प्रमुख समर्थक राजाओं में कनिष्क का नाम प्रमुख है। कनिष्क के समय कुषाण साम्राज्य मध्य एशिया से 'पूर्वी भारत' तक विस्तृत हो गया था। गांधार कला का यह स्वर्णकाल था। राजकीय सहायता ने इस काल में बौद्ध मूर्तियों का निर्माण, स्तूप तथा विहारों के निर्माण में महत्त्वपूर्ण योगदान दिया। स्वयं कनिष्क ने अनेक चैत्यों और विहारों का निर्माण करवाया। पुरुषपुर में उसका बनवाया महाचैत्य अत्यन्त प्रसिद्ध था।[४२] पेशावर में शाह जी की ढेरी में उत्खनन से 'कनिष्क विहार' की सूचना प्राप्त होती है। कनिष्क के समय तक अब विहारों में निर्मित होने वाले स्तूपों का आकार बड़ा होने लगा था। विशेषकर गांधार शैली में बने स्तूप मध्यभारतीय स्तूपों से बड़े बनने लगे थे। उसके चौकोर व मूल भाग का अनेक भूमियों में निर्माण होता था। ऊँचाई बढ़ने के कारण, चढ़ने के लिए सीढ़ियों की एक से अधिक श्रेणी बनायी जाती थी। सम्पूर्ण स्तूप गांधार शैली से अलंकृत होता था। समस्त स्तूप एक बुर्ज-सा प्रतीत होता था।

गुप्त काल– गुप्त साम्राज्य के समय को भी बौद्ध धर्म के प्रसार एवं कला के लिए स्वर्ण काल कहा जा सकता है। गुप्त साम्राज्य ने मध्य एशिया के अलावा उत्तरापथ और मध्यदेश तक बौद्ध धर्म का प्रचार-प्रसार किया। इसका उल्लेख फाश्येन ने अपनी भारत यात्रा-वृत्तान्त में किया है। इसके पुरातात्त्विक साक्ष्य भी उपलब्ध हैं। बामियान में प्रस्तर पर खुदे एक मील तक विहार एवं चैत्य के प्रमाण उपलब्ध हैं।[४३] फाश्येन के अनुसार, भारतवर्ष के अधिकांशत: राजा बौद्ध

धर्म के अनुयायी थे, परन्तु गुप्त नरेश वैष्णव थे। फिर भी; गुप्त नरेश बहुत ही सहिष्णु थे। इन्होंने बौद्ध धर्म के प्रचार-प्रसार के लिए ढेर सारे काम किए। फाश्येन ने मध्यदेश के शासन और समाज की बहुत प्रशंसा की है। उस समय के विहारों का वर्णन करते हुए फाश्येन ने लिखा है कि भगवान् बुद्ध परिनिर्वाण के समय से ही विभिन्न राजा और श्रेष्ठी जन समतल भूमि पर विहारों का निर्माण करवाकर संघ को दान देने लगे। दान के रूप में क्षेत्र, गृह, खाद्य-सामग्री, उद्यान एवं आराम दिए जाते थे। सम्राटों में ग्राम दान देने की परम्परा की शुरूआत हो गयी। इसके अन्तर्गत दान दिये हुए ग्रामों के अन्दर के पशु, मनुष्य एवं योग्य भूमि, सम्पूर्ण संघ के अधीन हो जाता था। राजाओं द्वारा दान दिए गए वस्तुओं का उल्लेख धातुमयी पट्टिका पर करवाया जाता था।[४४]

गुप्त काल में मथुरा का कुषाणकालीन महत्त्व घटा नहीं था। यहाँ से प्राप्त अवशेषों को देखने से पता चलता है कि ५वीं और ७वीं शताब्दियों के मध्य में कला का जो स्वर्णयुग विदित है, उसमें मथुरा की बौद्ध प्रतिमाएँ अपना अलग ही स्थान रखती हैं। मथुरा से प्राप्त अभिलेखों में गुप्त काल की परिष्कृत कला की बहुत प्रशंसा की गयी है। सामान्यत: गुप्तकालीन बुद्ध प्रतिमा में शीर्ष के प्रभाचक्र में एक-केन्द्रिक वृत्तों का अलंकरण उत्कीर्ण है, बाल घुमावदार है, भौहों का आलेखन सुन्दर है, आँखें कली के आकार में हैं, नख-शिख बारीक, मुखाकृति शान्त और प्रसन्न, परिधान पतले प्रदर्शित होते हैं। गुप्त काल में बुद्ध प्रतिमाओं के दो मुख्य केन्द्र थे– सारनाथ और मथुरा। इन दोनों स्थानों से प्राप्त बुद्ध मूर्तियों में परिधान को लेकर विशेष अन्तर है। कुछ मूर्तियों में परिधान केवल संकेत के रूप में उत्कीर्ण हैं, कुछ में महीन रेखाओं से वस्त्र की सलवटें प्रदर्शित की जाती हैं।[४५] गुप्तकालीन ऐतिहासिक सामग्रियों के अध्ययन से पता चलता है कि सारनाथ, कसिया तथा श्रावस्ती में बौद्ध विहारों का निर्माण हुआ था। गुप्तकालीन भवनों के निर्माण में सुन्दर अलंकृत स्तम्भ काम लाए गए। गुप्त काल में विहार प्राय: समतल भूमि पर ईंट-प्रस्तर से जोड़कर तैयार होने लगे थे।[४६] चट्टानों में गुहा खोदने का कार्य लगभग समाप्त हो गया। इसका कारण था बौद्धमत के केन्द्र का स्थानान्तर होना। इसका एक कारण यह भी हो सकता है कि पश्चिमी भारत की सहयाद्रि पर्वतमाला को खोदने का कलाकारों को प्रोत्साहन न मिल पाया और पर्वत शृंखला के विहारों की उपादेयता न रही। राजाश्रय मिलने से नए स्थानों की खोज हुई। जिन स्थानों से बुद्ध का सीधा सम्बन्ध रहा, वहाँ ही भिक्षुसंघ खड़े हुए तथा विहारों का निर्माण शुरू हुआ। गुप्तकाल में बहुत कम गुफाओं का निर्माण हुआ। गुप्त काल (५वीं सदी) से गुहा का आधार एवं स्थान परिवर्तित हो गया। इस काल में महायान मत का बहुत अधिक विस्तार हुआ।[४७] बौद्ध विद्वानों के दृष्टिकोण में भी काफी बदलाव आया। बौद्ध विहार अब केवल धर्म-प्रचार के केन्द्र न रहे, अपितु शिक्षा केन्द्र के रूप में परिवर्तित हो गए। धीरे-धीरे पश्चिमी भारत से हटकर पूर्वी भारत में बौद्धों का कार्य बढ़ने लगा। कालान्तर में चैत्य-निर्माण का कार्य भी बंद हो गया, क्योंकि अब बुद्ध प्रतिमा को विहार के ही एक प्रमुख कमरे में स्थापित किया जाने लगा।[४८] यानी 'चैत्य' तथा 'विहार' का सम्मिश्रण हो गया। इस तथ्य की पुष्टि के लिए मथुरा से प्राप्त ई.पू. १२९ ई. की बौद्ध प्रतिमा-लेख में वर्णन किया गया है कि हुविष्क ने एक विहार का निर्माण किया और उसी में शाक्यमुनि बुद्ध की प्रतिमा स्थापित की।[४९]

अलंकरण की दृष्टि से साँची तोरण कला सर्वोत्तम मानी गयी है। यहाँ अनेक स्तूपों के अवशेष प्राप्त होते हैं। स्तूप (संख्या-१) का प्रारम्भ कदाचित् अशोककालीन रहा हो, किन्तु उसे बाद में अलंकृत एवं प्रस्तर-मण्डित किया गया हो। स्तूप (संख्या-२) का शिल्प-अलंकरण भरहुत के ही

समान है, कदाचित् यह भी समकालीन रहा हो।[५०] इन स्तूपों की वेदिका पर कोई भी शिल्प कला का प्रदर्शन नहीं है, किन्तु इनके तोरणों पर उत्कृष्ट अलंकरण किया गया है। इन तोरणों का निर्माण अपेक्षतया परवर्ती है। साँची तोरण के कलाकार अत्यन्त दक्ष एवं कुशल कारीगर थे। साँची तोरण की कला में जीवन-शक्ति तथा रक्त-संचार दृष्टिगोचर होता है। षड्दत्त जातक, बेसत्तर जातक एवं भस्त (धातु) के लिए युद्ध का प्रदर्शन कलात्मक प्रवाह का ज्वलन्त उदाहरण है।[५१] कला के मानदण्ड को ध्यान में रखकर आदर्श तथा वस्तुस्थिति का परिज्ञान करना कला के विशेष गुण माने जाते हैं। साँची तोरण पर लम्बाई, चौड़ाई तथा गहराई को प्रस्तर पर सफल रूप से दर्शाया गया है, इसलिए साँची कला को शुंग काल की सर्वोत्कृष्ट कला समझते हैं।

इस प्रकार, हम देख सकते हैं कि गुप्त युग में विहार-निर्माण की दशा पूर्णत: बदल गयी। पहाड़ों में गुहा निर्माण प्रक्रिया का प्राय: अन्त हो गया। समतल मैदान में ईंट-पत्थर जोड़कर कई मंजिल के विहार तैयार होने लगे। प्राचीन काल में भारत में गुहा एवं विहार निर्माण के क्रमिक विकास का इतिहास जानने के लिए उनके वास्तु एवं कला पर ध्यान देना अत्यन्त आवश्यक है। कला एवं स्थापत्य– दोनों में गहरा सम्बन्ध है। बौद्ध धर्म के धार्मिक संकेतों को कला के माध्यम से हस्तशिल्पियों ने बहुत ही निपुणता के साथ गुहा एवं विहारों के दीवार पर चित्रित किया है। इसका उल्लेख पहले ही किया जा चुका है कि बौद्ध-भिक्षुओं के निवास तथा पूजास्थान के निमित्त गुहाएँ खोदी गईं। प्रारम्भ में भिक्षु ग्राम-नगर में घूम-घूमकर भिक्षाटन किया करते थे। कालान्तर में उनके निवास की स्थायी व्यवस्था की आवश्यकता मालूम पड़ी। परिणामस्वरूप; राजाश्रय में बौद्ध कलाकारों की हस्तकुशलता के कारण असाधारण-सा दिखने वाला गुहा निर्माण कार्य सम्भव हो सका। प्रत्यक्ष साक्ष्य के रूप में ये गुहाएँ आज भी वर्तमान हैं। कालान्तर में इन विहारों का विकास होता गया। विहार से महाविहार और फिर विश्वविद्यालय के रूप में विश्वविख्यात हो गए। इस समय के बौद्ध विहार मुख्यत: दो कार्य सम्पन्न करते थे। पहला कार्य, वहाँ का प्रधान भिक्षु बुद्धमत सम्बन्धी उपदेश दिया करता था। उपासकों को धार्मिक विषयों पर उपदेश तथा अध्ययन कराकर भिक्षु अपने कर्तव्य का पालन करते रहे। दूसरा मुख्य कार्य भारतीय शिक्षा से सम्बन्धित था। यानी विहार 'शास्त्रीय परिषद' के रूप में कार्य करने लगे। शिक्षा देना, शास्त्रार्थ का प्रबन्ध करना, ऊँचे शास्त्रों का अध्ययन करना तथा साहित्य-सृजन आदि कार्य विहार में सम्पन्न होते रहे।

सन्दर्भ-सूची

१. नर्तकी की ताम्रमूर्ति– मुद्रांकित पशुपति, मुद्रांकित वृषभ : ह्वीलर, पूर्व त्रिफलक, १७, २३
२. गोविन्द चन्द्र पाण्डेय– बौद्ध धर्म के विकास का इतिहास, पृ.सं. १६३
३. रोलण्ड– आर्ट एण्ड आर्किटेक्चर ऑफ इण्डिया, पृ. ४८
४. गोविन्द चन्द्र पाण्डेय– बौद्ध धर्म के विकास का इतिहास, पृ.सं. १६३
५. गोविन्द चन्द्र पाण्डेय– बौद्ध धर्म के विकास का इतिहास, पृ.सं. १६३
६. मैक्रिन्डल– एन्शेन्ट इण्डिया एज डिस्क्राइब्ज बाइ मेगास्थनीज एण्ड एरियन, पृ. ६५-६८
७. गोविन्द चन्द्र पाण्डेय– बौद्ध धर्म के विकास का इतिहास, पृ.सं. १६४
८. विनय पिटक– नालन्दा, संस्करण, पृ.सं. २३९
९. महापरिनिब्बानसुतन्त के अनुसार कुसीनारा के मल्लों, मागध अजातशत्रु वैशाली के लिच्छवि, कपिलवत्थु के सक्य, अल्लकप्प के बुलि, रामगाम के कोलिय, वेठदीपक ब्राह्मण तथा पावा के मल्लों में विभाजन हुआ।
१०. ऋक् संहिता– ७.८९.१, मैकडॉनल, वैदिक माइथॉलजी, पृ. १६५

११. स्तूप का अक्षरार्थ-निचय– पालि टेक्स्ट सोसायटी का पालि कोश
१२. महापरिनिब्बानसुतन्त– ''चक्कवत्तिस्स सरीरं झापेत्ति, चातुम्महापथे रञ्ञे चक्कवत्तिस्स थूपं करोन्ति।'' ४
१३. गोविन्द चन्द्र पाण्डेय– बौद्ध धर्म के विकास का इतिहास, पृ.सं. १६५
१४. रोलण्ड– आर्ट एण्ड आर्किटेक्चर ऑफ इण्डिया, पृ. ४४-४५
१५. फ्रैन्कफोर्ट– दि आर्ट एण्ड आर्किटेक्चर ऑफ दि एन्शेण्ट ओरियण्ट, पृ. २१५-३३
१६. गोविन्द चन्द्र पाण्डेय– बौद्ध धर्म के विकास का इतिहास, पृ.सं. १६६
१७. गोविन्द चन्द्र पाण्डेय– बौद्ध धर्म के विकास का इतिहास, पृ.सं. १६६
१८. रोलण्ड– आर्ट एण्ड आर्किटेक्चर ऑफ इण्डिया, पृ. ४५-४६
१९. घोष– एन.एन. डिड पुष्यमित्र शुंग पर्सीक्यूट दि बुद्धिस्ट, १९४३
२०. एपिग्राफिया इण्डिया– जिल्द-२०१
२१. दिव्यादान– पृ. २८२, तारानाथ, पृ. ८१
२२. वही
२३. बागची– इण्डियन हिस्टोरिकल क्वार्टर्ली, जिल्द-२२
२४. गोविन्द चन्द्र पाण्डेय– बौद्ध धर्म के विकास का इतिहास, पृ.सं. १६७
२५. डॉ. वासुदेव उपाध्याय– प्राचीन भारतीय स्तूप, गुहा एवं मन्दिर, पृ. ३५
२६. गोविन्द चन्द्र पाण्डेय– बौद्ध धर्म के विकास का इतिहास, पृ.सं. १६९
२७. गोविन्द चन्द्र पाण्डेय– बौद्ध धर्म के विकास का इतिहास, पृ.सं. १६९
२८. मार्शल एण्ड फुशे– दि मॉनुमेण्ट्स ऑव राँची, जिल्द-३, १९४०
२९. पार्जिटर– पुराण टेक्ट्स ऑव दि डाइनेस्टिज ऑव दि कालि एज
३०. गोविन्द चन्द्र पाण्डेय– बौद्ध धर्म के विकास का इतिहास, पृ.सं. १६९
३१. फर्गुसन एण्ड वर्जस– दि केव टेम्पल्स ऑव इण्डिया, १८८०
३२. गोविन्द चन्द्र पाण्डेय– बौद्ध धर्म के विकास का इतिहास, पृ.सं. १७०
३३. वही
३४. गोविन्द चन्द्र पाण्डेय– बौद्ध धर्म के विकास का इतिहास, पृ.सं. १७१
३५. वही– पृ० १७३
३६. कैम्ब्रीज हिस्ट्री ऑफ इण्डिया– जिल्द-१, पृ. ५५१
३७. गोविन्द चन्द्र पाण्डेय– बौद्ध धर्म के विकास का इतिहास, पृ.सं. १७३
३८. डॉ. पृथ्वीकुमार अग्रवाल– प्राचीन भारतीय कला एवं वास्तु, पृ. १७
३९. वही– पृ. १७ ४०. वही– पृ. १७
४१. गोविन्द चन्द्र पाण्डेय– बौद्ध धर्म के विकास का इतिहास, पृ.सं. १७४
४२. फाश्येन (अनु. जाइल्स)– पृ. १३, श्वाच्वांग (अनु. वील) पृ. १५१
४३. गोविन्द चन्द्र पाण्डेय– बौद्ध धर्म के विकास का इतिहास, पृ.सं. १७७
४४. लेग, फाश्येन– पृ. ४३
४५. गोविन्द चन्द्र पाण्डेय– बौद्ध धर्म के विकास का इतिहास, पृ.सं. १७८
४६. डॉ. वासुदेव उपाध्याय– प्राचीन भारतीय स्तूप, गुहा एवं मन्दिर, पृ. ११५
४७. वही– पृ. ११६ ४८. वही, पृ. ११६ १४ ४९. वही– पृ. ११६
५०. गोविन्द चन्द्र पाण्डेय– बौद्ध धर्म के विकास का इतिहास, पृ.सं. १६८
५१. डॉ. वासुदेव उपाध्याय– प्राचीन भारतीय स्तूप, गुहा एवं मन्दिर, पृ. ३६

●

जम्मू-कश्मीर

स्थायी शान्ति-स्थापना की प्रमुख चुनौतियाँ

डॉ. राजकुमार राम*

सारांश- ५ अगस्त, २०१९ को अनुच्छेद-३७० की निवृत्ति के बाद जम्मू-कश्मीर में घटित विभिन्न घटनाओं, जैसे– अल्पसंख्यक समुदाय, अप्रवासी मजदूरों और स्थानीय पुलिस अधिकारियों की कश्मीर में हुई हत्याओं ने अन्य भारतीय लोगों का ध्यान व्यापक रूप से अपनी ओर आकर्षित किया है। छोटे-छोटे आतंकी समूहों द्वारा लक्ष्यित एवं सॉफ्ट टार्गेट्स को निशाना बनाकर स्थानीय नागरिकों, अप्रवासी मजूदरों और निर्वाचित जन प्रतिनिधियों को धमकाया-डराया जाता है। इसके साथ ही; २०२० में हुए स्थानीय निकाय चुनाव के बाद भी एक राजनीतिक शून्यता ही दिखाई देती रही है। सुरक्षा के मोर्चे पर टार्गेटेड हत्याओं एवं व्यावसायिक प्रतिष्ठानों पर किए गये हमले घाटी में आतंकी नेटवर्क का प्रमाण हैं। लेकिन फिर भी; पिछले कुछ वर्षों की तुलना में कश्मीर घाटी की स्थिति बेहतर हुई है। जम्मू-कश्मीर जैसे बड़े भौगोलिक क्षेत्र या संभाग में शान्ति की बात हो, तो वहाँ पर कई प्रकार के कारकों व परिस्थितियों को देखा जा सकता है। किसी विशेष क्षेत्र में विभिन्न विषम परिस्थितियों से उत्पन्न समस्याओं को भी चुनौतियों के रूप में देखा जा सकता है। जम्मू-कश्मीर के सन्दर्भ में शान्ति-स्थापना की चुनौतियाँ वहाँ के स्थानीय जनजीवन को बहुत अधिक प्रभावित करता है, जिसे न्यूज चैनलों, पत्र-पत्रिकाओं और समाचार-पत्रों के माध्यम से देखा जा सकता है। वहाँ पर होने वाली आतंकवादी घटनाएँ, सीजफायर उल्लंघन की घटनाएँ, लक्ष्यित हत्याएँ, उग्र आन्दोलन, कट्टरपंथी, अलगाववादी एवं राजनीतिक समस्याएँ मुख्य रूप से विद्यमान हैं।

मुख्य शब्द- शान्ति, अल्पसंख्यक समुदाय, अप्रवासी मजदूर, आतंकवाद, सीजफायर उल्लंघन, लक्ष्यित हत्याएँ, उग्रवाद, अलगाववाद।

कश्यप ऋषि की तपोभूमि और धरती का स्वर्ग कही जाने वाली जम्मू-कश्मीर की भूमि पर स्थायी शान्ति-स्थापना की विभिन्न चुनौतियाँ विद्यमान हैं, जिनमें आतंकवाद, कट्टर अलगाववाद, लक्ष्यित हत्याओं की समस्या कश्मीरी अशान्ति को प्रेरित करते रहे हैं। जम्मू-कश्मीर में आतंकवाद की शुरूआत को सामान्यत: १९८० के उत्तरार्द्ध में पाकिस्तानी रणनीति के रूप में देखा जाता रहा है। ''आतंकवाद कत्ल एवं तबाही का व्यवस्थित प्रयोग है तथा अपनी माँगों को मनवाने के लिए व्यक्तियों, समूहों तथा समुदायों को नष्ट करने की धमकी देता है।''[१] आतंकवाद का जो स्वरूप सामने आता है, उसमें समान रूप से हिंसा के साथ आतंक को बढ़ावा देने की प्रकृति समाहित होती है। जम्मू-कश्मीर में आतंकवाद को पाकिस्तानी रणनीति की देन माना जाता है, जिसमें छद्म युद्ध के साथ-साथ आतंकी घटनाओं द्वारा हजारों जख्म देने की रणनीति अपनायी जाती रही है।[२]

अप्रैल, २००२ में केन्द्रीय गृह राज्य मंत्री सी.एच. विद्यासागर राव ने राज्यसभा में एक प्रश्न के उत्तर में बताया कि भारत में लश्कर-ए-तैयबा, जैश-ए-मोहम्मद, हरकत-उल-

* पोस्टडॉक्टोरल फैलो (ICSSR, नई दिल्ली)– एमसीपीआर, सामाजिक विज्ञान संस्थान, काशी हिन्दू विश्वविद्यालय, वाराणसी, (उ.प्र.)

मुजाहिदीन तथा सिमी समेत ३१ प्रमुख उग्रवादी संगठन सक्रिय हैं, जिनमें से कुछ ने पाकिस्तान अथवा POK और अफगानिस्तान में अपने अड्डे बना रखे हैं।[३] जम्मू-कश्मीर में घटित आतंकी घटनाओं के द्वारा न केवल भारतीय सैन्य बल, बल्कि निर्दोष स्थानीय आम नागरिक भी शहीद होते रहे हैं, जिससे स्थानीय शान्ति और जनजीवन बहुत अधिक प्रभावित होता रहा है।

२००१ में भारतीय संसद पर हुए आतंकी हमले के बाद भारत व पाकिस्तान के मध्य सम्बन्ध खराब हो गये थे, जिसके अन्तर्गत भारत द्वारा अपने उच्चायुक्त को वापस बुला लिया गया था व दोनों देशों के मध्य चलने वाली समझौता एक्सप्रेस ट्रेन एवं दिल्ली-लाहौर बस सेवाओं को बन्द कर दिया गया था, जिसमें एक तरह से युद्ध की आहट देखी जा सकती थी। विभिन्न जटिल तनाओं के बीच भारतीय सेना को युद्ध के लिए तैयार होने और ऑपरेशन 'पराक्रम' हेतु तैयार रहने का आदेश दे दिया गया।[४]

२०१५ में आतंकवाद का विकसित रूप 'हाइब्रिड आतंकवाद' के रूप में देखने को मिला, जिसमें कश्मीरी युवाओं का आतंकी घटनाओं में शामिल होना चिंता का विषय है। सोशल मीडिया पर ११ कश्मीरी आतंकी नौजवानों का, जो ए.के. ४७ राइफल के साथ दिखे, आतंकी घटनाओं में शामिल होकर चिंता का विषय बने थे। इन युवाओं द्वारा अन्य कश्मीरी युवाओं को भी आतंकवाद की ओर आकर्षित किया गया था।[५] वर्ष २०१६ में आतंकी संगठनों पर भारतीय सुरक्षा बलों द्वारा कठोरता से कार्रवाई की गई, जिसमें सेना के १८ जवान शहीद हुए थे। २९ सितम्बर, २०१६ को बालाकोट सर्जिकल स्ट्राइक की आधिकारिक पुष्टि की गयी, जिसमें भारतीय सैन्य बलों द्वारा POK के आतंकी शिविरों पर कड़ी कार्रवाई की गयी थी।

भारत सरकार की आधिकारिक रिपोर्ट के अनुसार, वर्ष २०२१ में वर्ष २०२० की तुलना में आतंकी घटनाओं में कमी आयी है। एक रिपोर्ट के अनुसार देखें, तो २०१७ से पहले आतंकवादी घटनाओं की संख्या प्रति वर्ष २५६ तक थी, जिसमें १९९० से २०१७ तक ६९००० आतंकी घटनाएँ जम्मू-कश्मीर में घटीं, जिसमें लगभग १४००० नागरिकों की जान गयी तथा ५००० जवान शहीद हुए।[६] कश्मीर में उग्रवाद धार्मिक कट्टरता और धार्मिक असहिष्णुता का नतीजा रहा है। अलगाववादियों ने उसे एक राष्ट्रवादी आन्दोलन और स्वतंत्र संघर्ष के रूप में प्रस्तुत करते हुए प्रतिष्ठा प्रदान करने की कोशिश की। लगभग ३ लाख कश्मीरी पण्डितों को भगाते हुए घाटी में दहशत फैलाया गया, जिसके कारण कश्मीरी पण्डितों को लगभग दो दशकों तक शरणार्थी शिविरों में रहना पड़ा। बहुत से कश्मीरी पण्डितों को मार डाला गया, उनकी महिलाओं का अपहरण किया गया, उनके मन्दिरों को नष्ट किया गया और मस्जिदों के लाउडस्पीकरों द्वारा लगातार धमकियाँ दी जाती रहीं।[७]

उग्रवादी समस्या से जम्मू-कश्मीर के स्थानीय जनजीवन अस्त-व्यस्त होते रहे हैं, जिससे समय-समय पर शान्ति की चुनौतियाँ उत्पन्न होती रही हैं। कश्मीर घाटी में अलगाववादी संगठनों एवं कश्मीरी नेताओं के आह्वान द्वारा 'कश्मीर बंद' और पत्थरबाजी की घटनाओं को देखा जाता रहा है। सीजफायर-उल्लंघन अथवा युद्ध-विराम उल्लंघन भी कश्मीरी शान्ति की चुनौतियों में मुख्य भूमिका निभाती रही है। सीजफायर-उल्लंघन की घटनाएँ भारत के उत्तरी राज्य जम्मू-कश्मीर में पाकिस्तान से लगने वाली सीमाओं पर सामान्यत: देखने को मिलती रहती रही है, जिसका मुख्य कारण भारत-पाक के मध्य लगातार बने रहने वाला तनाव है, जो सीमा-विवाद से सम्बन्धित है। इससे जम्मू-कश्मीर की शान्ति एवं स्थानीय जनजीवन पर गहरा प्रभाव पड़ता

रहा है। जम्मू-कश्मीर में लक्ष्यित हत्याएँ आतंकियों का एक नया हथियार है, जिसने न केवल जम्मू-कश्मीर की शान्ति को भंग किया है, बल्कि देश की शान्ति पर भी इसका गहरा प्रभाव पड़ा है। चाहे वह भारतीय संसद पर हुआ आतंकी हमला हो या अक्षरधाम पर आतंकी हमला। मुम्बई के ताज होटल पर आतंकी हमला, पठानकोट आतंकवादी हमला जैसी कई आतंकवादी घटनाओं की एक लम्बी शृंखला है, जिससे स्थानीय जीवन एवं शान्ति विभिन्न समयों पर प्रभावित होती रहती है। जम्मू-कश्मीर में पिछले कुछ वर्षों के दौरान लक्ष्यित हत्याओं का क्रम तेजी से बढ़ा है, जिसमें आतंकवादियों के अनेक लक्ष्य देखने को मिलते हैं। आतंकवादियों द्वारा मौद्रिक लाभों एवं राजनीतिक उद्देश्यों के लिए वसूली एवं अपहरण का भी मार्ग अपनाया गया। जम्मू-कश्मीर में जब भी चुनावों का समय आता है, तब राजनीतिक लक्ष्यित हत्याओं की संख्या बढ़ जाती है, जिसका लक्ष्य स्थानीय लोगों के मन में भय व अशान्ति उत्पन्न करना है। गैर कश्मीरी लोगों को, विशेषकर बाहरी लोगों (श्रमिकों) को, मुख्य रूप से निशाना बनाया जाता रहा है, जिसमें न केवल बाहरी लोग, बल्कि कश्मीरी लोग भी शिकार होते हैं। जून, २०१८ में 'द राइजिंग कश्मीर' के प्रधान सम्पादक सुजात बुखारी एवं सेना के जवान औरंगजेब की लक्ष्यित हत्या इसके उदाहरण हैं। प्रतिष्ठित पत्रकारों, सेना के जवानों, प्रसिद्ध व्यवसायियों, अध्यापकों को लक्ष्यित करके उनको धमकियाँ देना व हत्या कर देना आतंकियों द्वारा दहशत फैलाने की रणनीति है, जिससे शान्ति-व्यवस्था बनाए रखना कठिन हो जाता है।

२९ जनवरी, २०२२ को अनन्तनाग के पुलिसकर्मी की हत्या के बाद अगस्त, २०२२ तक २७ लोगों की हत्याएँ आतंकवादियों द्वारा कर दी गयी, जिनमें महिलाएँ, बच्चे, निहत्थे पुलिस वाले (SPO) और बाहरी राज्यों के श्रमिक एवं कश्मीर में कार्यरत कर्मचारी शामिल थे। कश्मीर (जो मुस्लिम बहुल क्षेत्र है) की समस्याएँ और चुनौतियाँ धार्मिक स्तर पर अधिक प्रभावित होती रही हैं। धर्म और राजनीति के गलत प्रयोग से समाज में अन्तर्द्वन्द्व की स्थिति उत्पन्न हो जाती है। विभिन्न अन्तर्विरोधों से व्यक्तियों में असन्तोष और निराशा की भावनाओं के कारण अनेक सामाजिक समस्याओं का सामना करना पड़ता रहा है। कश्मीरी युवाओं, कृषकों, छात्रों में अशान्ति, स्त्रियों के विरुद्ध हिंसा ने विभिन्न दंगों, विद्रोहों और आन्दोलनों को जन्म दिया है, जो समाज में आन्दोलनों के साथ-साथ विरोध-प्रदर्शन, हड़ताल के साथ चक्काजाम (बंद), आगजनी आदि घटनाओं द्वारा पूरे समाज की शान्ति पर प्रभाव डालता है।

भारत सरकार द्वारा भारतीय राज्यों में शान्ति एवं सुरक्षा-व्यवस्था को बनाए रखने हेतु समय-समय पर विभिन्न रणनीतिक योजनाओं के साथ कानून का निर्माण किया जाता रहा है, जिनमें कुछ महत्त्वपूर्ण कानून निम्न हैं–

पीडीए (१९५०-१९६९) (Preventive Detenstion Act) को भारत-विभाजन से बड़े पैमाने पर हुए विस्थापन व हिंसा और उससे उत्पन्न चुनौतियों से निपटने के लिए एक अस्थायी उपाय के रूप में १९५० में भारतीय संसद द्वारा पारित किया गया और १९६९ में इसे समाप्त कर दिया गया।

अफस्पा (AFSPA) को वर्ष १९५८ के दौरान नागालैण्ड में अलगाववादी आन्दोलनों को ध्यान में रखकर अशान्त क्षेत्रों में सेना को पुलिस की सहायता के साथ कार्य करने के लिए विशेष शक्तियाँ और अधिकार दिए गये, जो १९९० में जम्मू-कश्मीर में भी लागू कर दिया गया। इसके बाद Maintance or Internal Security Act (MISA) कानून जम्मू-कश्मीर पर

लागू किया गया। NSA १९८० में, जो रासुका अथवा राष्ट्रीय सुरक्षा कानून के रूप में जाना गया, जिसमें 'ना कोई वकील, ना कोई अपील और ना कोई दलील' कानून को क्रियान्वित किया गया। जम्मू-कश्मीर सहित पूरे भारत में शान्ति बनाए रखने के लिए यह एक महत्त्वपूर्ण कदम है।

टाडा (१९८५-१९९५), पोटा (Proventation of Terrorism Act २००१-२००४), NIA (National Investigation Agency Act (२००८) आदि कानून शान्ति व्यवस्था को बनाए रखने हेतु लागू किए गये। इसके अलावा; कश्मीर में शान्ति-स्थापना हेतु विभिन्न गैर सरकारी संगठनों एवं नागरिक समाज (Civil Society) ने भी महत्त्वपूर्ण भूमिका निभायी है। 'गाँधी ग्लोबल फेमिली' समूचे जम्मू-कश्मीर में संयुक्त राष्ट्र संघ के साथ मिलकर शान्ति-स्थापना का कार्य कर रही है। 'बार्डर लेस फाउण्डेशन' द्वारा आतंक प्रभावित बच्चों की शिक्षा एवं आवास से सम्बन्धित कार्य किया जाता है। 'मुक्ति सोसायटी' संस्था, जो जम्मू सम्भाग के डोडा, किश्तवाड़ के साथ जम्मू के अन्य जिलों में महिलाओं के अधिकारों एवं स्वरोजगार के साथ शान्ति को बढ़ाने का प्रयास करती है। 'जम्मू ग्रामीण विकास संस्था' युवाओं को खेल एवं स्वरोजगार को बढ़ावा देने हेतु निरन्तर कार्य कर रही है, जिससे शान्ति को भी बढ़ावा मिल रहा है।

सन्दर्भ-सूची

१. डॉ. रामानन्द गैरोला (२०१४)– अन्तर्राष्ट्रीय संगठन, पृ. सं. २५५
२. उर्मिलेश (२०१६) कश्मीर : विरासत और सियासत, पृ. सं. १०४
३. बी.एल. फड़िया (२०२०)– अन्तर्राष्ट्रीय राजनीति, पृ. सं. ६५३
४. जनरल जे.जे. सिंह (२०१३)– 'एक सेनाध्यक्ष की आत्मकथा', पृ. सं. १८१
५. R. Vijay Shankar & R.K. Radhakrishnan (2019)– 'The Dirty War in Kashmir', Page No. 41
६. https://www.hindustantimes.com/india-news/the autonomy of kashmir-militanagin numbers/story-uncrz PTGhN22uf.
७. एस.के. सिन्हा (२०१३)– 'मिशन कश्मीर', पृ. सं.२३

सन्दर्भ ग्रन्थ

- Sumit Ganguly (1999), The Crisis in Kashmir: Portents of War, Hopes of Peace, Cambridge University Press, ISBN 978-0-521-65566-8
- Zutshi, Chitralekha (2018), Languages of Belonging: Islam, Regional Identity, and the Making of Kashmir, C. Hurst & Co., Publishers, ISBN 978-1-85065-700-2
- Guha, Ramachandra (28 August 2004), "Opening a Window in Kashmir", Economic and Political Weekly, 39, (35): 3905&3913, JSTOR 4415473
- Guha, Ramachandra (2008), India after Gandhi: The History of the world's Largest Democracy, Pan Macmillan, ISBN 0330396110
- Gupta JyotiBhusan Das (2012), Jammu and Kashmir, Springer, ISBN 978-94-11-9231-6
- Haqqani, Husain (2010), Pakistan : Between Mosque and Military, Camegie Endowment, ISBn 978-0-87003-285-1
- Ishaq Khan, Mohammad (1996), "Kashmiri Muslims : Social and Identity

consciousness" (PDF), Comparative Studies of South Asia, Africa and the Middle East, XVI (2): 25-38
- Jha, Prem Shankar (2003), The Origins of a Dispute: Kashmir 1947, Oxford University Press, ISBN 978-0-19-566486-7
- Korbel, Josef (1953)< "The Kashmir dispute after six years", International Organization, Cambridge University Press, 7(4):498-510, doi:10.1017/s0020818300007256,JSTOR 2704850, (Subscription refuired (help)
- Noorani, A.G. (2014) [first published in 2013 by Tulika Books], The Kashmir Dispute, 1947-2012, Oxford University Press, ISBN 978-0-19-940018-8
- Panigrahi, D.N. (2009), Jammu and Kashmir, the Cold War and the West Routledge, ISBN 978-1-136-51751-8
- Puri, Balraj (November 2010), "The Question of Accession", Epilogue, 4 (11): 4-6
- Puri, Luv (2013), Across the Line of Control:Inside Azad Kashmir, Columbia University Press, ISBN 978-0-231-80084-6
- Raghavan, Srinath (2010), War and Pace in Modern India, Palgrave Mcmillan, ISBN 978-137-00737-7
- Rai, Mridu (2004), Hindu Rulers, Muslim Subjects: Islam, Rights, and the History of Kashmir. C. Hurst & Co. ISBN 1850656614.
- Schaffer, Howard B. (2009), The Limits of Influence: America's Role in Kashmir Brookings Institution Press, ISBN 978-0-8157-0370-9
- Schofield, Victoria (2003), [First published in 2000] Kashmir in Conflict, London and New York: I.B. Taurus & Co., ISBN 1860648983
- Shankar, Mahesh (2016), "Nehru's Legacy in Kashmir : Why a plebiscite never happened", India Review, 15(1): 1-21, doi:10.1080/14736489.2016.1129926, (Subscription refuired (help)
- Snedden, Christopher (2013) (first published as The Untold Story of the People of Azad Kashmir, 2012], Kashmir; The Unwritten History, HarperCollins India, ISBN 9350298988
- Subbiah, Sumathi (2004), "Security Council Mediation and the Kashmir Dispute: Reflections on Its Failures and Possibilities for Renewal", Boston College International and Comparative Law Reviw, 27 (1): 173-185
- Swami, Praveen (2006), India, Pakistan and the Secret Jihad: The Covert War in Kashmir, 1947-2004, Routledge, ISBN 978-1-134-13752-7
- Varshney, Ashutosh (1992). "Three Compromised Nationalisms: Why Kashmir has been a Problem" (PDF). In Raju G.C. thomas. Perspectives on Kashmir: The roots of conflict in South Asia. Westview Press. pp. 191-234. ISBN 978-0-8133-8342-9.

●

स्ववित्तपोषित एवं अनुदानित
शिक्षक प्रशिक्षण संस्थानों में प्रशिक्षणरत् प्रशिक्षुओं की अभिप्रेरणा का तुलनात्मक अध्ययन

डॉ. कृपा शंकर यादव*

सारांश– अध्ययनकर्त्ता द्वारा स्ववित्तपोषित एवं अनुदानित शिक्षक प्रशिक्षण संस्थानों में प्रशिक्षणरत् प्रशिक्षुओं की अभिप्रेरणा का तुलनात्मक अध्ययन किया गया है। अध्ययन में वर्णनात्मक अनुसंधान के अन्तर्गत 'सर्वेक्षण विधि' का प्रयोग किया गया है। अध्ययन में जनसंख्या के रूप में प्रयागराज मण्डल के शिक्षक प्रशिक्षण संस्थानों में प्रशिक्षणरत् बी.एड. प्रशिक्षुओं को जनसंख्या माना गया है। अध्ययन में यादृच्छिक न्यादर्शन विधि द्वारा बी.एड. के कुल ५०० प्रशिक्षुओं का चयन किया है, जिसमें २५० बी.एड. प्रशिक्षुओं का चयन स्ववित्तपोषित शिक्षक प्रशिक्षण संस्थानों से तथा २५० बी.एड. प्रशिक्षुओं का चयन अनुदानित शिक्षक प्रशिक्षण संस्थानों से किया है। अभिप्रेरणा मापनी का निर्माण एवं प्रमाणीकरण डॉ. के.एस. मिश्र एवं डॉ. प्रतीक उपाध्याय द्वारा किया गया है। आँकड़ों के सांख्यिकी विश्लेषण हेतु मध्यमान, मानक विचलन एवं टी-अनुपात सांख्यिकी का प्रयोग किया गया है। अध्ययन के निष्कर्ष में पाया गया कि अनुदानित शिक्षक प्रशिक्षण संस्थान में पुरुष, महिला, शहरी एवं ग्रामीण प्रशिक्षुओं में अभिप्रेरणा स्ववित्तपोषित शिक्षक प्रशिक्षण संस्थान के पुरुष, महिला, शहरी एवं ग्रामीण प्रशिक्षुओं की अपेक्षा उच्च है।

मुख्य शब्द- स्ववित्तपोषित, अनुदानित शिक्षक प्रशिक्षण संस्थान, प्रशिक्षु, अभिप्रेरणा, तुलना

प्रस्तावना- शिक्षा-प्रक्रिया में अभिप्रेरणा के प्रत्यय का अत्यन्त महत्त्वपूर्ण स्थान है। अभिप्रेरणा का उचित प्रयोग करके अध्यापक सीखने-सिखाने की प्रक्रिया को अधिक अच्छे ढंग से सम्पादित कर सकता है। अध्यापक आवश्यकतानुसार विभिन्न प्रकार के अभिप्रेरकों का उपयोग करके बालकों की शिक्षा के उद्देश्य को प्राप्त करने के लिए प्रोत्साहित कर सकता है। शिक्षा-प्रक्रिया में अभिप्रेरणा की उपयोगिता स्वस्पष्ट ही है। कक्षा-शिक्षण के अतिरिक्त अन्य शैक्षिक परिस्थितियों में छात्रों के व्यवहारों को नियंत्रित करने के कार्य में भी अभिप्रेरणा महत्त्वपूर्ण योगदान कर सकती है। चरित्र-निर्माण में भी अभिप्रेरणा सहायक सिद्ध होती है। शिक्षक प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे प्रशिक्षुओं की शिक्षण अभिप्रेरणा जितनी अधिक होगी, शिक्षा-प्रक्रिया के सफल होने की सम्भावना भी उतनी ही अधिक होगी।

अभिप्रेरणा में व्यक्ति का व्यवहार लक्ष्य-निर्देशित होता है अर्थात् अभिप्रेरित व्यवहार का कोई न कोई स्पष्ट लक्ष्य अथवा उद्देश्य अवश्य होता है तथा प्राणी उस उद्देश्य को प्राप्त करने के लिए क्रियाशील तथा प्रयासरत रहता है। दूसरे शब्दों में कह सकते हैं कि अभिप्रेरणा अपेक्षित लक्ष्य अनुक्रियाओं से युक्त होती हैं तथा लक्ष्य प्राप्ति तक प्राणी अपने प्रयास को जारी रखता है। अभिप्रेरणा प्राणी में ऊर्जा परिवर्तन लाती है। व्यक्ति का अभिप्रेरित व्यवहार उसके सामान्य व्यवहार की तुलना में अधिक प्रबल होता है अर्थात् अभिप्रेरित अवस्था में प्राणी अधिक उत्तेजित, अधिक क्रियाशील तथा अधिक ऊर्जित होता है। अभिप्रेरित व्यवहार की प्रकृति चयनात्मक होती

* असिस्टेण्ट प्रोफेसर– शिक्षा संकाय, नेहरू ग्राम भारती (मानित विश्वविद्यालय), प्रयागराज, उ.प्र.

है अर्थात् अभिप्रेरित अवस्था में प्राणी अपने लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए कुछ चयनित प्रतिक्रियाएँ ही करता है। अभिप्रेरित व्यवहार में निरन्तरता होती है अर्थात् अभिप्रेरित व्यवहार एक बार उत्पन्न होने के बाद तब तक निरन्तर चलता रहता है, जब तक प्राणी अपने वांछित उद्देश्य की प्राप्ति नहीं कर लेता है।

अभिप्रेरणा में भावात्मक उत्तेजना पायी जाती है, जिसके कारण प्राणी में एक प्रकार का मनोवैज्ञानिक तनाव उत्पन्न हो जाता है। प्राणी इस तनाव को दूर करने के लिए सतत् प्रयासरत रहता है। अभिप्रेरणा का तनाव ही प्राणी को सकारात्मक दिशा में प्रयास करने के लिए अग्रसारित करता है।

वर्तमान में जहाँ एक तरफ शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालयों में अनुदानित शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय अपना योगदान दे रहे हैं, वहीं दूसरी तरफ स्ववित्तपोषित शिक्षक प्रशिक्षण संस्थानों की संख्या में अप्रत्याशित रूप से बढ़ोत्तरी हुई है। इससे योग्य अध्यापकों की नियुक्ति प्रशिक्षुओं के शिक्षक प्रशिक्षण की गुणवत्ता में गिरावट आने की सम्भावना बनी रहती है। जहाँ आज शैक्षिक तकनीकी के क्षेत्र में बड़े परिवर्तन आए हैं, वहीं अनुदानित संस्थानों में शैक्षिक तकनीकी की उपलब्धता होने के बावजूद शिक्षकों को इसकी जानकारी नहीं होती। स्ववित्तपोषित महाविद्यालयों के शिक्षकों में योग्यता अधिक न होने के कारण उनमें भी इसकी अनभिज्ञता रहती है, जिसका प्रभाव सीधे तौर पर प्रशिक्षुओं पर पड़ता है।

प्रशिक्षुओं द्वारा उच्च स्तरीय शिक्षक प्रशिक्षण न प्राप्त करना उनकी अभिप्रेरणा को प्रभावित करता है, साथ ही; अभिप्रेरणा में कमी शिक्षकों की क्षमता, योग्यता, सामर्थ्य, प्रभावशीलता, सृजनात्मकता, कल्पना, नियंत्रण, प्रबंधन, स्वमूल्यांकन एवं स्वसंयमन की क्षमताओं के सम्वर्धन में कमी आना स्वाभाविक है। और यदि इन चरों की कमी होगी, तो उसका प्रभाव सीधे तौर पर आगामी शिक्षक रूप में नियुक्त होने पर विद्यार्थियों के ऊपर पड़ेगा। आज शिक्षक प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे प्रशिक्षु का लक्ष्य केवल प्रशिक्षण प्राप्त कर शिक्षक के रूप में व्यवसाय को अपनाना ही रह गया है, जिसका प्रभाव बालकों के शारीरिक, मानसिक एवं संवेगात्मक विकास पर पड़ता है।

समस्या-कथन– स्ववित्तपोषित एवं अनुदानित शिक्षक प्रशिक्षण संस्थानों में प्रशिक्षणरत् प्रशिक्षुओं की अभिप्रेरणा का तुलनात्मक अध्ययन।

अध्ययन का उद्देश्य–

१. स्ववित्तपोषित एवं अनुदानित शिक्षक प्रशिक्षण संस्थानों में प्रशिक्षणरत् पुरुष प्रशिक्षुओं की अभिप्रेरणा की तुलना करना।
२. स्ववित्तपोषित एवं अनुदानित शिक्षक प्रशिक्षण संस्थानों में प्रशिक्षणरत् महिला प्रशिक्षुओं की अभिप्रेरणा की तुलना करना।
३. स्ववित्तपोषित एवं अनुदानित शिक्षक प्रशिक्षण संस्थानों में प्रशिक्षणरत् शहरी प्रशिक्षुओं की अभिप्रेरणा की तुलना करना।
४. स्ववित्तपोषित एवं अनुदानित शिक्षक प्रशिक्षण संस्थानों में प्रशिक्षणरत् ग्रामीण प्रशिक्षुओं के अभिप्रेरणा की तुलना करना।

अध्ययन की परिकल्पनाएँ– प्रस्तुत अध्ययन में निम्नलिखित शून्य परिकल्पनाओं का परीक्षण किया गया है–

१. स्ववित्तपोषित एवं अनुदानित शिक्षक प्रशिक्षण संस्थानों में प्रशिक्षणरत् पुरुष प्रशिक्षुओं

की अभिप्रेरणा में कोई सार्थक अन्तर नहीं है।

२. स्ववित्तपोषित एवं अनुदानित शिक्षक प्रशिक्षण संस्थानों में प्रशिक्षणरत् महिला प्रशिक्षुओं की अभिप्रेरणा में कोई सार्थक अन्तर नहीं है।

३. स्ववित्तपोषित एवं अनुदानित शिक्षक प्रशिक्षण संस्थानों में प्रशिक्षणरत् शहरी प्रशिक्षुओं की अभिप्रेरणा में कोई सार्थक अन्तर नहीं है।

४. स्ववित्तपोषित एवं अनुदानित शिक्षक प्रशिक्षण संस्थानों में प्रशिक्षणरत् ग्रामीण प्रशिक्षुओं की अभिप्रेरणा में कोई सार्थक अन्तर नहीं है।

शोध-प्रविधि– प्रस्तुत अध्ययन में वर्णनात्मक अनुसंधान के अन्तर्गत 'सर्वेक्षण विधि' का प्रयोग किया गया है। अध्ययन में जनसंख्या के रूप में प्रयागराज मण्डल के शिक्षक प्रशिक्षण संस्थानों में प्रशिक्षणरत् बी.एड. प्रशिक्षुओं को जनसंख्या माना गया है। अध्ययन में यादृच्छिक न्यादर्शन विधि द्वारा बी.एड. के कुल ५०० प्रशिक्षुओं का चयन किया है, जिसमें २५० बी.एड. प्रशिक्षुओं का चयन स्ववित्तपोषित शिक्षक प्रशिक्षण संस्थानों से तथा २५० बी.एड. प्रशिक्षुओं का चयन अनुदानित शिक्षक प्रशिक्षण संस्थानों से किया है। अभिप्रेरणा मापनी का निर्माण एवं प्रमाणीकरण डॉ. के.एस. मिश्र एवं डॉ. प्रतीक उपाध्याय द्वारा किया गया है। आँकड़ों के सांख्यिकी विश्लेषण हेतु मध्यमान, मानक विचलन एवं टी-अनुपात सांख्यिकी का प्रयोग किया गया है।

आँकड़ों का विश्लेषण एवं व्याख्या–

१. स्ववित्तपोषित एवं अनुदानित शिक्षक प्रशिक्षण संस्थानों में प्रशिक्षणरत् पुरुष प्रशिक्षुओं की अभिप्रेरणा की तुलना–

स्ववित्त.शि.प्र.सं. पुरुष प्रशिक्षु (१२५)		अनुदानित शिक्षक प्रशिक्षण संस्थान पुरुष प्रशिक्षु (१२५)		t
M	**SD**	**M**	**SD**	
१६७.४८	१४.२५	१८४.३४	११.४१	१०.३४*

स्ववित्तपोषित शिक्षक प्रशिक्षण संस्थान के पुरुष प्रशिक्षुओं की अभिप्रेरणा अनुदानित शिक्षक प्रशिक्षण संस्थान में प्रशिक्षुओं की तुलना में t-value = १०.३४ जो .०५ = अन्तर सार्थक। परिणामत: अनुदानित शिक्षक प्रशिक्षण संस्थान में पुरुष प्रशिक्षुओं में अभिप्रेरणा स्ववित्तपोषित शिक्षक प्रशिक्षण संस्थान के पुरुष प्रशिक्षुओं की अपेक्षा उच्च है, जिसका कारण अनुदानित शिक्षक प्रशिक्षण संस्थान में शिक्षक प्रशिक्षण हेतु समस्त सुविधाएँ उपलब्ध होने के साथ उच्च स्तर के शिक्षकों की नियुक्ति तथा सरकार द्वारा मिलने वाली सहायता राशि से प्रशिक्षुओं को प्रशिक्षण में मिलने वाली छात्रवृत्ति के साथ-साथ उचित वातावरण भी उनकी अभिप्रेरणा में सहायक होता है।

२. स्ववित्तपोषित एवं अनुदानित शिक्षक प्रशिक्षण संस्थानों में प्रशिक्षणरत् महिला प्रशिक्षुओं की अभिप्रेरणा की तुलना–

स्ववित्त.शि.प्र.सं. महिला प्रशिक्षु (१२५)		अनुदानित शिक्षक प्रशिक्षण संस्थान महिला प्रशिक्षु (१२५)		t
M	**SD**	**M**	**SD**	
१७१.३६	१६.१०	१८३.७७	११.५९	१२.४१*

स्ववित्तपोषित शिक्षक प्रशिक्षण संस्थान की महिला प्रशिक्षुओं की अभिप्रेरणा अनुदानित शिक्षक प्रशिक्षण संस्थान में प्रशिक्षुओं की तुलना में t-value = १२.४१ जो .०५ = अन्तर सार्थक। परिणामत: अनुदानित शिक्षक प्रशिक्षण संस्थान की महिला प्रशिक्षुओं में अभिप्रेरणा

स्ववित्तपोषित शिक्षक प्रशिक्षण संस्थान के प्रशिक्षुओं की अपेक्षा उच्च है। स्ववित्त.शि.प्र.सं. की महिला प्रशिक्षुओं की अभिप्रेरणा निम्न पाये जाने का कारण हो सकता है– स्ववित्त.शि.प्र.सं. में प्रशिक्षित शिक्षकों की कमी के साथ वातावरण पर सुविधाजनक सामग्री उपलब्ध न होना, उचित शिक्षण विधियों का प्रयोग न किया जाना, शिक्षकों द्वारा प्रशिक्षुओं को सक्रिय एवं प्रेरित न करने के साथ शिक्षकों द्वारा नवीनता एवं सृजनात्मकता का कम प्रयोग करना।

३. स्ववित्तपोषित एवं अनुदानित शिक्षक प्रशिक्षण संस्थानों में प्रशिक्षणरत् शहरी प्रशिक्षुओं की अभिप्रेरणा की तुलना–

स्ववित्त.शि.प्र.सं. शहरी प्रशिक्षु (१२५)		अनुदानित शिक्षक प्रशिक्षण संस्थान शहरी प्रशिक्षु (१२५)		t
M	**SD**	**M**	**SD**	
१६८.४०	१४.३०	१८२.४२	११.९८	८.३९*

स्ववित्तपोषित शिक्षक प्रशिक्षण संस्थान के शहरी प्रशिक्षुओं की अभिप्रेरणा अनुदानित शिक्षक प्रशिक्षण संस्थान में प्रशिक्षुओं की तुलना में t-value = ८.३९ जो .०५ = अन्तर सार्थक। परिणामत: अनुदानित शिक्षक प्रशिक्षण संस्थान के शहरी प्रशिक्षुओं में अभिप्रेरणा स्ववित्तपोषित शिक्षक प्रशिक्षण संस्थान के प्रशिक्षुओं की अपेक्षा उच्च है। अनुदानित शिक्षक प्रशिक्षण संस्थान के शहरी प्रशिक्षुओं की अभिप्रेरणा उच्च पाये जाने का कारण वहाँ का शैक्षिक वातावरण उच्च होने के साथ-साथ सुविधाओं की उपलब्धता, उच्च स्तरीय शिक्षकों द्वारा प्रशिक्षित किया जाना, नवीनता एवं क्रियात्मकता पर अधिक जोर दिया जाना, शिक्षकों द्वारा नवीन शिक्षण–विधियों का प्रयोग, वहाँ के शिक्षकों को समय-समय पर प्रशिक्षण प्रदान किया जाना आदि।

४. स्ववित्तपोषित एवं अनुदानित शिक्षक प्रशिक्षण संस्थानों में प्रशिक्षणरत् ग्रामीण प्रशिक्षुओं की अभिप्रेरणा की तुलना-

स्ववित्त.शि.प्र.सं. ग्रामीण प्रशिक्षु (१२५)		अनुदानित शिक्षक प्रशिक्षण संस्थान ग्रामीण प्रशिक्षु (१२५)		t
M	**SD**	**M**	**SD**	
१७०.४५	१६.२३	१८३.००	११.८०	७.०१*

स्ववित्तपोषित शिक्षक प्रशिक्षण संस्थान के ग्रामीण प्रशिक्षुओं की अभिप्रेरणा अनुदानित शिक्षक प्रशिक्षण संस्थान में प्रशिक्षुओं की तुलना में t-value = ७.०१ जो .०५ = अन्तर सार्थक। परिणामत: अनुदानित शिक्षक प्रशिक्षण संस्थान के ग्रामीण प्रशिक्षुओं में अभिप्रेरणा स्ववित्तपोषित शिक्षक प्रशिक्षण संस्थान के प्रशिक्षुओं की अपेक्षा उच्च है। अनुदानित शिक्षक प्रशिक्षण संस्थान के ग्रामीण प्रशिक्षुओं की अभिप्रेरणा उच्च पाये जाने का कारण वहाँ का शैक्षिक वातावरण उच्च होने के साथ-साथ सुविधाओं की उपलब्धता, उच्च स्तरीय शिक्षकों द्वारा प्रशिक्षित किया जाना, नवीनता एवं क्रियात्मकता पर अधिक जोर दिया जाना, शिक्षकों द्वारा नवीन शिक्षण–विधियों का प्रयोग, वहाँ के शिक्षकों को समय-समय पर प्रशिक्षण प्रदान किया जाना आदि।

निष्कर्ष- प्रस्तुत अध्ययन में निम्नलिखित निष्कर्ष प्राप्त हुए–

- अनुदानित शिक्षक प्रशिक्षण संस्थान में पुरुष प्रशिक्षुओं में अभिप्रेरणा स्ववित्तपोषित शिक्षक प्रशिक्षण संस्थान के पुरुष प्रशिक्षुओं की अपेक्षा उच्च है।
- अनुदानित शिक्षक प्रशिक्षण संस्थान की महिला प्रशिक्षुओं में अभिप्रेरणा स्ववित्तपोषित

शिक्षक प्रशिक्षण संस्थान के प्रशिक्षुओं की अपेक्षा उच्च है।

- अनुदानित शिक्षक प्रशिक्षण संस्थान के शहरी प्रशिक्षुओं में अभिप्रेरणा स्ववित्तपोषित शिक्षक प्रशिक्षण संस्थान के प्रशिक्षुओं की अपेक्षा उच्च है।
- अनुदानित शिक्षक प्रशिक्षण संस्थान के ग्रामीण प्रशिक्षुओं में अभिप्रेरणा स्ववित्तपोषित शिक्षक प्रशिक्षण संस्थान के प्रशिक्षुओं की अपेक्षा उच्च है।

शिक्षक प्रशिक्षण संस्थानों में स्ववित्तपोषित शिक्षक प्रशिक्षण संस्थानों में जहाँ पैसा उगाई की प्रक्रिया को अधिक महत्त्व प्रदान किया जाना, वहीं प्रशिक्षुओं के प्रशिक्षण हेतु संसाधनों की कमी, उच्च स्तरीय एवं गुणवत्तापूर्ण शिक्षकों की कमी के साथ प्रशिक्षुओं के प्रशिक्षण में लगातार उपस्थित न होना, साथ ही; केवल डिग्री हासिल करना– इन प्रशिक्षुओं का लक्ष्य इनके अभिप्रेरणा में गिरावट का कारण बनता है।

सन्दर्भ-ग्रन्थ

- यासिन अली एवं अन्य (२०१६)-टीचर मोटिवेशन एण्ड स्कूल परफार्मेन्स, द मेडिएटिंग इफेक्ट ऑफ जॉब सैटिस्फैक्शन : सर्वे फ्राम सेकेण्डरी स्कूल्स इन मोगादिशु, इण्टरनेशनल जर्नल ऑफ एजुकेशन एण्ड सोशल साइंस, वॉ. ३, नं. १, पृ. २४-३८
- राहुल उठवाल, (२०१७)– एक शिक्षक की प्रेरणा : उत्प्रेरक के रूप में चुनौतियाँ एवं समाधान, इण्टरनेशनल जर्नल ऑफ हिन्दी रिसर्च, वॉल्यूम-३, इश्शू-५, पृ. ०६-०८
- इलीफेलेट (२०१६)– ए कम्प्रेटिव स्टडी ऑफ टीचर्स मोटिवेशन ऑन वर्क परफार्मेन्स इन सेलेक्टेड पब्लिक एण्ड प्राइवेट सेकेण्डरी स्कूल्स इन किलमंजारो रीजन, तंजानिया, इण्टरनेशनल जर्नल ऑफ एजुकेशन एण्ड रिसर्च, वॉ. ४, नं. ६, पृ. ५८३-६००
- काला, पी. चन्द्रा एवं पी. शिरलिन, (२०१७)– ए स्टडी ऑन एचिवमेण्ट मोटिवेशन एण्ड सोशियो-इकोनॉमिक स्टेट्स ऑफ कॉलेज स्टूडेण्ट्स इन तिरुनेवल्ली डिस्ट्रिक, इण्टरनेशनल जर्नल ऑफ रिसर्च ग्रन्थालय, वॉल्यूम-५, इश्शू-३, पृ. ५७-६४
- लीलेश गुप्ता (२०१६)– तकनीकी शिक्षा संस्थानों में अध्ययनरत् विद्यार्थियों की अभिप्रेरणा का उनकी शैक्षिक उपलब्धि पर प्रभाव : एक अध्ययन, इण्टरनेशनल रिसर्च जर्नल ऑफ मैनेजमेण्ट साइंस एण्ड टेक्नोलॉजी, वॉल्यूम-७, इश्शू-६, पृ. ८४-८७
- ज्योति महावर एवं अलका पारीक : (२०१८)– शिक्षकों की नेतृत्वशीलता का विद्यार्थियों के अभिप्रेरित व्यवहार पर पड़ने वाले प्रभाव का अध्ययन, इन्सपीरा-जर्नल ऑफ माडर्न मैनेजमेण्ट एण्ड इण्टरप्रीन्योरशिप, वॉल्यूम-०८, नं. ०४, पृ. ५५२-५५४
- योहन्नेस (२०१४)– मोटिवेशनल फैक्टर्स दैट इफेक्ट टीचर्स वर्क परफार्मेन्स इन सेकेण्डरी स्कूल्स ऑफ जिजिगा सिटी, सोमाली रिजिनल स्टेट, इथीयोपीया, डिपार्टमेण्ट ऑफ एजुकेशनल प्लानिंग एण्ड मैनेजमेण्ट, स्कूल ऑफ ग्रेजुएट स्टडीज, हरमाया यूनिवर्सिटी।
- रियडी सलमेट (२०१५)– इफेक्ट ऑफ वर्क मोटिवेशन, वर्क स्ट्रेस एण्ड जॉब सैटिस्फैक्शन ऑफ टीचर्स परफार्मेन्स एट सीनियर हाईस्कूल थॉटआउट द स्टेट सेन्ट्रल तापानुलि, सुमात्रा, जर्नल ऑफ ह्युमिनिटीज एण्ड सोशल साइंस, वॉ. २०, इश्शू-२, पृ. ५२-५७

●

प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना एवं ग्रामीण विकास : एक समाजशास्त्रीय अध्ययन

सिद्धार्थ अविद्रा*, प्रो. दिवाकर सिंह राजपूत**

सारांश- भारत देश की अधिकतम जनसंख्या गाँवों में निवास करती है, इसलिए कहा जा सकता है कि भारत गाँवों का देश है। भारत देश में गाँव के लोग कृषि एवं पशुपालन के साथ-साथ मजदूरी का कार्य भी करते हैं। परन्तु कृषि में अधिकतम रुचि होने के कारण ही भारत एक कृषि प्रधान देश की श्रेणी में आता है। गाँव की प्राकृतिक एवं ताजी हवा यहाँ के वातावरण को स्वस्थ एवं प्रदूषणरहित बनाती है। देश के सर्वांगीण विकास के लिए यह आवश्यक है कि सर्वप्रथम यहाँ के गाँवों का विकास किया जाए। ग्रामीण क्षेत्रों के विकास हेतु कई योजनाओं को सरकार द्वारा प्रारम्भ किया गया है। सरकार द्वारा कई रोजगार कार्यक्रम चलाए जा रहे हैं, क्योंकि ग्रामीण क्षेत्रों की आर्थिक व्यवस्था को सुधारने से यहाँ की सामाजिक एवं आर्थिक व्यवस्था में सुधार सम्भव है। हमारे देश के युवाओं को रोजगार दिलाने के लिए 'प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना' को प्रारम्भ किया गया है, जिससे कि युवा अपने अन्दर छिपे कौशल को विकसित कर अपने लिए रोजगार के अवसर पैदा कर सकते हैं तथा आर्थिक एवं सामाजिक विकास की ओर अग्रसर हो सकते हैं।

सूचक शब्द– ग्रामीण विकास, कौशल विकास, प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना, रोजगार, कोविड-१९।

प्रस्तावना– राष्ट्रपिता महात्मा गाँधी के अनुसार, भारत देश गाँवों में बसने वाला देश है और ग्रामीण विकास से हमारे देश का परस्पर विकास हो सकता है। सन् १९५१ से हमारे देश में आर्थिक नियोजन का समय प्रारम्भ हुआ। कई पंचवर्षीय योजनाओं में भी ग्रामीण विकास से सम्बन्धित वित्तीय कार्यक्रम अपनाये गये हैं। इन समस्त कार्यक्रमों का उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों में रोजगार को बढ़ावा देना है एवं गरीबी रेखा के नीचे जीवन-यापन करने वाले परिवारों की आधारभूत जरूरतों को पूरा करना है। इसके लिए सरकार द्वारा विभिन्न प्रयास किये जा रहे हैं, जिसके अन्तर्गत लघु उद्योग, लघु कृषक, दस्तकार, भूमिहीन कृषक, शिक्षित बेरोजगारों के लिए रोजगार एवं योजनाओं को प्रस्तुत किया गया है।[१] ऐसी ही एक योजना 'प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना' है, जिसका उद्देश्य समस्त भारत देश के युवाओं के लिए रोजगार के अवसर प्रदान करना है। हमारे देश के युवाओं में कई तरह के कौशल छिपे हुये हैं। इन्हीं कौशल को बाहर निकालने एवं कौशल को और बेहतर बनाने के लिए माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के द्वारा दिनांक १५ जुलाई, २०१५ को 'प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना' को प्रारम्भ किया गया, जिसका उद्देश्य बेरोजगार युवाओं को ट्रैनिंग के माध्यम से किसी कार्यक्षेत्र में निपुण कराना है, जिससे पूरे भारत देश में कहीं भी उन्हें रोजगार प्राप्त हो सके। वर्तमान में देश के युवाओं को सशक्त बनाने और भारत को दुनिया की कौशल राजधानी के रूप में बनाने के लिए 'स्किल इण्डिया मिशन' की यात्रा को निरंतर जारी रखने के उद्देश्य से कौशल विकास और उद्यमिता मंत्रालय (MSDE) ने अपनी प्रमुख

* शोध छात्र– समाजशास्त्र एवं समाजकार्य विभाग, डॉ. हरीसिंह गौर विश्वविद्यालय, सागर, मध्यप्रदेश
** प्रोफेसर– समाजशास्त्र एवं समाजकार्य विभाग, डॉ. हरीसिंह गौर विश्वविद्यालय, सागर, मध्यप्रदेश

योजना– प्रधानमंत्री कौशल विकास और उद्यमिता योजना का तीसरा चरण १५ जनवरी, २०२१ को शुरू किया। प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना ३.० पूरे देश में उद्योग की जरूरतों को पूरा करने, बाजार की माँगों को पूरा करने, सेवाओं में कौशल प्रदान करने और नए जमाने की नौकरी की भूमिकाओं में कौशल विकास को प्रोत्साहित करने में सहयोग करेगा और बढ़ावा देगा। कोविड-१९ के आगमन के साथ प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना १.० एवं २.० में मिली सीख को ध्यान में रखते हुए, प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना ३.० को राज्यों एवं केन्द्र शासित प्रदेशों और जिलों से अधिक जिम्मेदारियों और समर्थन के साथ अधिक विकेन्द्रीकृत संरचना में लागू किया गया है। राज्य कौशल विकास मिशन (एस.एस.डी.एम.) के मार्गदर्शन में जिला कौशल समितियाँ (डी.एस.सी.) जिला स्तर पर कौशल अन्तर को दूर करने और माँग का आकलन करने में महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाएँगी। नयी योजना आत्मनिर्भर भारत की महत्त्वाकांक्षाओं को पूर्ण करने का कार्य करेगी।[२] वर्तमान समय में विकास की गति को बढ़ाने हेतु ग्रामीण क्षेत्रों का विकास बहुत आवश्यक है। महात्मा गाँधी ने कहा था– अन्त्योदय सर्वोदय अर्थात् पंक्ति के अन्तिम व्यक्ति का उदय कर दिया जाये, जिससे अग्रिम एवं मध्य का उदय स्वयं ही हो जायेगा। इसीलिए देश के विकास में ग्रामीण क्षेत्र का विकास अतिमहत्त्व रखता है।[३]

साहित्य-समीक्षा

● महेन्द्र शास्त्री (२०१७) द्वारा, लघु एवं कुटीर उद्योग के माध्यम से अधिकतर व्यक्तियों की बेरोजगारी को समाप्त किया जा सकता है। इस हेतु कम राशि एवं स्थान भी कम चाहिए होता है। इन उद्योगों को स्थापित करके बहुत से लोगों को रोजगार प्राप्त कराया जा सकता है, क्योंकि आर्थिक विकास की गति को और तेज करने हेतु बेरोजगारी की दर को कम एवं समाप्त करना आवश्यक है। निरन्तर बढ़ती हुई बेरोजगारी की समस्या विश्वव्यापी समस्या के रूप में हमारे समक्ष खड़ी हो चुकी है, जिसके कारण आर्थिक एवं सामाजिक रूप से व्यक्ति टूटता जा रहा है। अगर बेरोजगारी को कम करने हेतु उचित कदम नहीं उठाए गए, तो अर्थव्यवस्था पर भारी नुकसान हो सकता है एवं देश के युवा अन्य आपराधिक कार्यों में संलग्न हो सकते हैं। बेरोजगारी को समाप्त करने हेतु नयी नीतियों को लागू करके उन पर गम्भीरता से कार्य किया जाना आवश्यक है।[४]

● जनक सिंह मीणा (२०१२) के द्वारा, भारत देश की अधिकतर आबादी गाँव में निवास करती है, इस कारण भारत देश को गाँव का देश भी कहा जाता है। किसी भी देश का पूर्ण विकास तभी सम्भव है, जब उसके गाँव का विकास हो जाए। ग्रामीण विकास का मुख्य उद्देश्य सामाजिक, आर्थिक, राजनीतिक एवं सांस्कृतिक विकास है। ग्रामीण क्षेत्र में पर्याप्त संसाधन ना होने के कारण इनका पूर्ण विकास नहीं हो पाया है। परन्तु सरकार का ध्यान गाँव की ओर विशेष रूप से है, इसी कारण ग्रामीण विकास हेतु योजनाएँ निरन्तर लागू होती जा रही हैं।[५]

● आनंद सिंह प्रकाश (२००७) के द्वारा, ग्रामीण क्षेत्रों में गरीबी बड़े पैमाने पर बेरोजगारी और कम रोजगार की व्यापकता से प्रत्यक्ष रूप से जुड़ी हुई है। आर्थिक ढाँचे का सृजन तथा लगातार रोजगार एवं विकास के लिए निर्माण व कौशल योजना का उद्देश्य काफी महत्त्वपूर्ण है। कौशल को विकसित करने हेतु किसी विशिष्ट प्रशिक्षण की आवश्यकता होती है, जिससे ग्रामीण क्षेत्रों में जागरूकता-कार्यक्रम के माध्यम से बेरोजगार युवाओं को प्रशिक्षण प्रदान किया जा सकता है, जिससे वे अपने लिए उचित रोजगार प्राप्त कर सकें।[६]

● गुफरान खान (२०१३) के द्वारा, सिर्फ शिक्षा के माध्यम से युवाओं के भविष्य को सँवारना काफी मुश्किल है। अत: यह आवश्यक है कि उनका सांस्कृतिक विकास किया जाए, जिससे वह आज के वातावरण के साथ तालमेल बना सकें।[७]

● रितिका (२०१६)– लेखक ने अपने शोध-लेख में कुशल आधारित शिक्षा के महत्त्व पर चर्चा की। कभी-कभी यह देखा जाता है कि उच्च योग्यता वाले लोग बेरोजगार रह जाते हैं। वैश्वीकरण की वर्तमान परिस्थितियों में रोजगार पाने के लिए शिक्षा और कौशल– दोनों की आवश्यकता है।[८]

● गणेश (२०१७) ने स्मार्ट इण्डिया के लिए यह कहा है कि एक कुशल राष्ट्र के रूप में प्रतिस्पर्धी परिधि हासिल करने के लिए भारत को एक उद्योग-तैयार और साथ ही नौकरी के लिए तैयार कार्यबल की आवश्यकता है।[९]

अध्ययन के उद्देश्य–

१. ग्रामीण विकास में प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना की उपलब्धियों को ज्ञात करना।
२. प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना से ग्रामीण क्षेत्रों में बढ़ते रोजगार के अवसरों के बारे में जानना।
३. प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना के माध्यम से ग्रामीण विकास के युवाओं की आर्थिक एवं सामाजिक स्थिति में सुधार को ज्ञात करना।

अध्ययन-क्षेत्र– प्रस्तुत अध्ययन में मध्यप्रदेश के सागर जिले के सागर तहसील का चयन किया गया है। सागर जिला मध्यप्रदेश के उत्तर मध्य क्षेत्र में स्थित है। ब्रिटिश काल के दौरान इसे सागर के रूप में लिखा गया था। यह २३ डिग्री १० और २४ डिग्री २७ उत्तरी अक्षांश के बीच और ७८ डिग्री और ७९ डिग्री २१ पूर्वी देशांतर के बीच स्थित है। यह जिला देश के बिलकुल मध्य हृदय स्थल में स्थित है, जिसके अन्तर्गत वर्तमान में १२ तहसील– सागर, बीना, खुरई, मालथोन, बण्डा, शाहगढ़, राहतगढ़, जैसीनगर, रेहली, देवरी, केसली, गढ़ाकोटा एवं १९०२ गाँव शामिल हैं। २०११ की जनसंख्या के अनुसार, सागर जिले की जनसंख्या २३,७८,४५८ है, जिसके ग्रामीण क्षेत्र की जनसंख्या १६,६९,६६२ एवं शहरी क्षेत्र की जनसंख्या ७,०८,७९६ है। शहरी क्षेत्र की तुलना में ग्रामीण क्षेत्र की जनसंख्या अधिक है। सागर जिले की लोकप्रिय भाषा बुंदेलखण्डी एवं हिन्दी है। जिले में पर्यटन के लिए मुख्य रूप से गढ़पहरा मन्दिर, रानगिर, नौरादेही, एरन, राहतगढ़, जलप्रपात प्रसिद्ध हैं।[१०]

अध्ययन-पद्धति– प्रस्तुत शोध-पत्र में ग्रामीण विकास में प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना की भूमिका को जानने का प्रयास किया गया है। अध्ययन के उद्देश्यों को ध्यान में रखते हुए मध्यप्रदेश के सागर तहसील में प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना के अन्तर्गत संचालित प्रशिक्षण केन्द्रों में से एक्सेलस लर्निंग सॉल्यूशंस प्रा. लिमिटेड का चयन किया गया है, जिससे प्रशिक्षण प्राप्तकर्ताओं में से ४० व्यक्तियों का चयन निदर्शन की लाटरी पद्धति के माध्यम से किया गया है, जिसमें २६ पुरुष एवं १४ महिलाएँ शामिल हैं। प्राथमिक तथ्यों के संकलन हेतु उपकरण के रूप में साक्षात्कार अनुसूची का प्रयोग एवं द्वितीयक तथ्यों के संकलन हेतु पुस्तक, समाचार-पत्र, प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना की ऑफिसियल वेबसाईट, इण्टरनेट का प्रयोग किया गया है। प्रस्तुत अध्ययन में प्राधमिक विधि द्वारा ४० लोगों का साक्षात्कार लिया गया है, जिसमें प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना के अन्तर्गत संचालित प्रशिक्षण केन्द्र से प्रशिक्षण प्राप्त

उत्तरदाताओं का साक्षात्कार अनुसूची के माध्यम से प्राथमिक तथ्यों का संकलन किया गया है एवं सारणीयन द्वारा प्राथमिक तथ्यों का वर्गीकरण किया गया है।

तालिका क्रमांक ०१ - आयु

क्र.	आयु	संख्या	प्रतिशत
१.	२०-२१	१४	३५%
२.	२२-२३	८	२०%
३.	२४-२५	१२	३०%
४.	२६-२७	६	१५%
	कुल	४०	१००%



प्रस्तुत अध्ययन में ट्रेनिंग सेण्टर में २० से २१ आयु वर्ग के १४, २२ से २३ आयु वर्ग के ८, २४ से २५ आयु वर्ग के १२ एवं २६ से २७ आयु वर्ग के ६ व्यक्ति शामिल हैं।

तालिका क्रमांक ०२ - लिंग

क्र.	आयु	संख्या	प्रतिशत
१.	पुरुष	२६	६५%
२.	महिलाएँ	१४	३५%
	कुल	४०	१००%



प्रस्तुत अध्ययन में २६ पुरुष एवं १४ महिलाएँ शामिल हैं।

तालिका क्रमांक ०३ - शिक्षा

क्र.	शिक्षा	संख्या	प्रतिशत
१.	८वीं	६	१५%
२.	१०वीं	१२	३०%
३.	१२ वीं	१४	३५%
४.	स्नातक	८	२०%
	कुल	४०	१००%



प्रस्तुत शोध-पत्र में लिए गए आँकड़ों के अनुसार ६ व्यक्ति आठवीं तक शिक्षित हैं। १२ व्यक्ति दसवीं तक शिक्षित हैं। १४ व्यक्ति बारहवीं तक शिक्षित हैं एवं ८ व्यक्ति स्नातक तक शिक्षा ग्रहण कर चुके हैं।

तालिका क्रमांक ०४ - प्रशिक्षण

क्र.	प्रशिक्षण का क्षेत्र	संख्या	प्रतिशत
१.	लोजिस्टिक्स (वेयर हाउस पैकर)	१६	४०%
२.	इलेक्ट्रॉनिक एवं हार्डवेयर	६	१५%
३.	होम एप्लायंस	८	२०%
४.	लोजिस्टिक्स (कोरियर सर्विस)	१०	२५%
	कुल	४०	१००%



प्रस्तुत शोध-पत्र में प्राप्त आँकड़ों के अनुसार, लॉजिस्टिक (वेयर हाउस पैकर) के क्षेत्र में कुल १६ व्यक्ति प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे हैं, जिसमें १४ महिलाएँ एवं २ पुरुष सम्मिलित हैं। इसके अलावा; इलेक्ट्रॉनिक एवं हार्डवेयर के क्षेत्र में कुल ६ व्यक्ति प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे हैं, होम अप्लायंस के क्षेत्र में कुल ८ व्यक्ति प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे हैं एवं लॉजिस्टिक (कोरियर) के क्षेत्र में कुल १० व्यक्ति प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे हैं।

तालिका क्रमांक ०५ - सामाजिक एवं आर्थिक परिदृश्य में सुधार

क्रं	प्रशिक्षण का क्षेत्र	हाँ	नहीं	हाँ बहुत ज्यादा	हाँ थोड़ा	कुल
1.	लोजिस्टिक्स (वेयर हाउस पैकर)	8	0	5	3	16
2.	इलेक्ट्रॉनिक एवं हार्डवेयर	4	0	1	1	6
3.	होम एप्लायंस	6	0	0	2	8
4.	लोजिस्टिक्स (कुरियर सर्विस)	7	0	1	2	10



तालिका क्रमांक ०५ के अनुसार, प्रस्तुत शोध-पत्र में सामाजिक एवं आर्थिक परिदृश्य को देखा गया है एवं यह पाया गया है कि योजना के लाभ से रोजगार की प्राप्ति हुई है, जिससे उत्तरदाताओं के व्यक्तित्व में सकारात्मक परिवर्तन आये हैं।

तालिका क्रमांक ०६ - प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना की उपलब्धि

	India	Madhya Pradesh	Sagar
Enrolled Candidate	1,42,65,651	9,26,831	39,176
Trained Candidate	1,37,24,195	8,93,628	38,226
Assessed Candidate	1,24,50,125	8,20,788	35,737
Certified Candidate	1,16,21,180	7,02641	31,040
Reported Placed	24,50,940	2,19,227	12,455

वर्तमान में प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना का तीसरा चरण (३.०) चल रहा है, जिसमें इस योजना की ऑफिशियल वेबसाईट के अनुसार, दिनांक १९/०२/२०२३ तक के आँकड़े तालिका क्रमांक ०६ में दर्शाये गए हैं।[११]

परिणाम एवं निष्कर्ष– तालिका क्रमांक ०१ के अनुसार २०-२१ आयु वर्ग के १४, २२-२३ आयु वर्ग के ८,२४-२५ आयु वर्ग के १२, एवं २६-२७ आयु वर्ग के ६ व्यक्ति शामिल हैं, जिससे यह ज्ञात होता है कि हमारे देश का युवा रोजगार-प्राप्ति के लिए तत्पर है। तालिका क्रमांक ०२ के अनुसार, उत्तरदाताओं में २६ पुरुष एवं १४ महिलाएँ सम्मिलित हैं। तालिका क्रमांक ०३ के अनुसार, उत्तरदाताओं में आठवीं तक शिक्षा ग्रहण करने वाले ६, दसवीं तक शिक्षा ग्रहण करने वाले १२, बारहवीं तक शिक्षा ग्रहण करने वाले १४ एवं स्नातक तक शिक्षा ग्रहण करने वाले ८ व्यक्ति शामिल हैं। तालिका क्रमांक ०४ के अनुसार, लॉजिस्टिक

वेयर हाउस पैकर के क्षेत्र में १६, इलेक्ट्रॉनिक एवं हार्डवेयर के क्षेत्र में ६, होम एप्लायंस में ८ एवं लॉजिस्टिक कोरियर सर्विस में कुल १० व्यक्ति प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे हैं। तालिका क्रमांक ०५ प्रशिक्षण प्राप्तकर्ताओं की जीवनशैली में भूतकाल की अपेक्षा वर्तमान में हुए परिवर्तन एवं सामाजिक-आर्थिक परिवर्तन को प्रदर्शित करती है। समस्त तालिकाओं के मूल्यांकन के पश्चात् यह ज्ञात होता है कि इस योजना का लाभ युवा पीढ़ी को प्राप्त हो रहा है।

ग्रामीण विकास हेतु सरकार द्वारा बहुत सी योजनाएँ बनायी गयी हैं, जिससे कि यहाँ के व्यक्तियों को आर्थिक रूप से मजबूत किया जा सके। वर्तमान की युवा पीढ़ी को रोजगार के अवसरों में बढ़ावा देने में प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना अपनी भूमिका निभा रही है। कौशल विकास और उद्यमिता के लिए राष्ट्रीय नीति ने अनुमान लगाया है कि २०२० में भारत में जनसंख्या की औसत आयु २९ वर्ष होगी। अगले २० वर्षों में, भारत में श्रम-शक्ति में ३२ प्रतिशत की वृद्धि होगी, जिसे आवश्यक कौशल के साथ अपने कार्यबल की पेशकश करने की आवश्यकता है, ताकि उन्हें हमारे देश के आर्थिक विकास में योगदान करने में मदद मिल सके।[१२]

योजना की ऑफिशियल वेबसाईट से लिए आँकड़ों को देखने के पश्चात् यह ज्ञात होता है कि यह योजना कितनी कारगर साबित हो रही है। प्रस्तुत शोध-पत्र में संकलित आँकड़ों के मूल्यांकन एवं अवलोकन के पश्चात् यह ज्ञात होता है कि ग्रामीण क्षेत्र के युवाओं की मानसिकता रोजगार हेतु कितनी विकसित है। प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना को सफल बनाने एवं देश की अर्थव्यवस्था में अपना सहयोग प्रदान करने के लिए ग्रामीण क्षेत्र का युवा तत्पर है। अध्ययन के उद्देश्यों को ध्यान में रखते हुए यह ज्ञात होता है कि प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना के अन्तर्गत संचालित प्रशिक्षण केन्द्रों से प्रशिक्षण प्राप्त करके ग्रामीण युवा भी रोजगार प्राप्त कर रहे हैं, जिससे इनमें सामाजिक एवं आर्थिक परिवर्तन हुए हैं, जो कि समाज में इनकी परिस्थिति में सुधार लाते हैं। अध्ययन के पश्चात् यह भी ज्ञात होता है कि इस योजना के माध्यम से बेरोजगारी की दर को कम किया जा सकता है। यह देश के लिए एक बड़ी उपलब्धि है। प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना के अन्तर्गत संचालित केन्द्रों में महिलाएँ भी अपनी भूमिका निभा रही हैं, जो कि सशक्त नारी की परिभाषा को पूर्ण करती है। इस योजना की उपलब्धियों के बारे में बात रखी जाए, तो यह कहा जा सकता है कि इस योजना से बेरोजगारी की दर में कमी आयी है।

कोविड-१९ महामारी ने हमारे देश की आर्थिक नींव को कमजोर किया है और भूखमरी तथा गरीबी जैसी समस्या को हमारे सामने लाकर खड़ा कर दिया है। ऐसे में; गरीब परिवारों के हालात ज्यादा बदतर देखने को मिले हैं। प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना के अन्तर्गत सुचारु रूप से संचालित केन्द्रों पर भी कोविड-१९ महामारी के दौरान लगाए गए लॉकडाउन का प्रभाव पड़ा है, जिससे वहाँ पर प्रशिक्षण प्राप्तकर्ताओं को रोजगार-प्राप्ति में कठिनाई और इंतजार का सामना करना पड़ा है। योजना के अन्तर्गत जिन व्यक्तिओं ने प्रशिक्षण-प्राप्ति के पश्च्यात् रोजगार की प्राप्ति की, उन्हें भी लॉकडाउन के अन्तर्गत अपने कार्यों को बंद रखना पड़ा, जिससे कि वे आर्थिक रूप से कमजोर होते गए। परन्तु कुछ समय पश्चात् ऑनलाइन डिलिवरी शुरू की गयी, जिससे लॉजिस्टिक एवं कोरियर के क्षेत्रों में कार्यरत व्यक्तियों की आर्थिक स्थिति में धीरे-धीरे सुधार आने शुरू हुए।

प्रस्तुत अध्ययन भारत में बेरोजगारी की गम्भीर समस्या को दूर करने के लिए कुछ

बिन्दुओं का सुझाव और सिफारिश भी करता है और कौशल भारत के युवाओं के शारीरिक और मानसिक विकास में सुधार की एक पहल भी करता है, जिससे कि भारत में बेरोजगारी की समस्या को कम किया जा सके।

सन्दर्भ-सूची

१. https://rjhssonline.com/HTMLPaper.aspx?Journal=Research%20Journal%20of%20Humanities%2 0and%20Social%20Sciences;PID=2013-4-1-2214/11/2022,10:00pm

२. https://www.pmkvyofficial.org/about-pmkvy 15/11/2022,10:30pm

३. https://egyankosh.ac.in/bitstream/123456789/63272/2/Unit-12.pdf 15/11/2022,11:10pm

४. महेन्द्र शास्त्री (२०१७)– हमारे भारतीय गाँव, जयपुर मेसर्स यूनिवर्सिटी बुक हाउस (प्रा.) लि., पृ. १३९-१४३

५. जनक सिंह मीणा (२०१२)– भारत में ग्रामीण विकास प्रशासन, जयपुर आर. बी. एस. ए. पब्लिशर्स, पृ. ७८-९०

६. आनंद प्रकाश सिंह (२००७)– सुनिश्चित रोजगार संवर्धन एवं ग्रामीण विकास, अमन प्रकाशन, कटरा, सागर, पृ. २१-२३

७. गुफरान खान (२०१३)– सागर जिले में ग्रामीण विकास अभिकरण के अन्तर्गत संचालित ग्रामीण विकास योजनाओं का अध्ययन, प्रांजल प्रकाशन, सागर

८. रितिका (२०१६)– स्किल बेस्ड लर्निंग नेसेसिटी फॉर एंप्लॉयबिलिटी इम्पीरियल जर्नल ऑफ इण्टरडिसिप्लिनरी रिसर्च (आईजेआईआर), वॉल्यूम-२, अंक-४, आईएसएसएन २४५४-१३६२

९. ए. गणेश और एच.एस. नागप्पा गौड़ा (२०१७)– स्मार्ट इण्डिया के लिए कौशल बनाम रोजगार की खाई को पाटना परियोजना प्रबंधन राष्ट्रीय सम्मेलन, १५-१७ सितंबर, २०१७, चेन्नई

१०. https://sagar.nic.in/en/tehsil/ 21/11/2022,08:30pm

११. https://www.pmkvyofficial.org/pmkvy2/Dashboard.php 23/11/2022,09:10pm

१२. https://www.drnishikantjha.com/papersCollection/A%20STUDY%20ON%20PRADHAN%20MANTRI%20KAUSHAL%20YOJANA%20.pdf22/11/2022,11:30pm

●

वर्तमान समय में अध्ययनरत छात्र-छात्राओं का
उत्तराखण्ड़ की लोक संस्कृति के प्रति सम्मान एवं समर्पण
एक विश्लेषणात्मक अध्ययन

आशीष*, डॉ. अलका सुरी**

सार संक्षेप– यह लघु शोध उत्तराखण्ड राज्य के देहरादून जिले में किया गया है। शोध में उत्तराखण्ड राज्य के गढ़वाल मण्डल (पौड़ी गढ़वाल, देहरादून, चमोली, उत्तरकाशी, टिहरी, रूद्रप्रयाग, हरिद्वार) के छात्र-छात्राएँ देहरादून जिले के चार प्रमुख महाविद्यालयों में अध्ययनरत हैं, जिन पर यह सर्वेक्षण किया गया है। शोध में छात्र-छात्राओं का उत्तराखण्ड की संस्कृति (गढ़वाल मण्डल) के प्रति उनका सम्मान एवं समर्पण तथा उत्तराखण्ड में पलायन को रोकने के लिए तथा रोजगार निर्मित करने के लिए उत्तराखण्ड की संस्कृति के प्रचार-प्रसार तथा उत्तराखण्ड के सांस्कृतिक तत्त्व, जैसे– चित्रकला, लोकचित्र, शिल्पकला, लोकगीत, संगीतकला, मेले, पर्व, प्रमुख यात्राओं, परिधान एवं प्रमुख आभूषणों के प्रति उनकी विचारधाराओं तथा दैनिक जीवन में उनकी प्रतिक्रियाओं का अध्ययन किया गया है। शोध-अध्ययन में प्राथमिक सर्वेक्षण के आधार पर प्राप्त सूचनाएँ एवं आँकड़ें एकत्रित कर, उनका प्रयोग करते हुए उत्तराखण्ड की संस्कृति एवं सभ्यता का उत्तराखण्ड के नवयुवकों पर पड़ने वाले सकारात्मक परिवर्तनों का विश्लेषण किया गया है।

मुख्य शब्द– उत्तराखण्ड, संस्कृति, सभ्यता, सांस्कृतिक तत्त्व, रोजगार।

प्रस्तावना : उत्तराखण्ड का इतिहास– ऋग्वेद में उत्तराखण्ड का प्रथम उल्लेख प्राप्त होता है। पुरातात्विक साक्ष्य की कमी के कारण आद्य इतिहास के प्रमुख स्रोत धार्मिक ग्रन्थ रहे हैं। इसी कारण, इस काल को पौराणिक काल भी कहा जाता है। इस युग के लोगों के लौह-ताम्र धातुओं, कृषि, पशुपालन तथा ग्रामीण-नगरीय सभ्यता से विदित होने के साक्ष्य मिले हैं। उत्तराखण्ड राज्य का उल्लेख उपनिषदों, ब्राह्मण ग्रन्थों, पुराणों, रामायण तथा महाभारत आदि धार्मिक ग्रन्थों में भी प्राप्त होता है। इन ग्रन्थों में इस क्षेत्र को 'पूर्वभूमि, ऋषिभूमि तथा पवित्र क्षेत्र' कहा गया है। स्कन्द पुराण में भी पाँच हिमालयी खण्डों (नेपाल, मानसखण्ड, केदारखण्ड, जालधंर एवं कश्मीर) का उल्लेख है, जिनमें से दो खण्ड़ों– 'मानसखण्ड और केदारखण्ड'– का सम्बन्ध उत्तराखण्ड राज्य से है। इन्हीं मानसखण्ड और केदारखण्ड के संयुक्त क्षेत्र को उत्तराखण्ड, ब्रह्मसुर एवं खसदेश नामों से जाना जाता है। वर्तमान में उत्तराखण्ड राज्य को दो मण्डलों में विभाजित किया गया है– **(क) गढ़वाल क्षेत्र–** गढ़वाल क्षेत्र को बद्रिकाश्रम क्षेत्र, तपोभूमि, स्वर्गभूमि (महाभारत व पुराणों में) एवं केदारखण्ड आदि नामों से जाना जाता है। लेकिन १५१५ ई. के आस-पास इस क्षेत्र के ५२ गढ़ों (पहाड़ी किलों) को पवार शासक अजयपाल द्वारा विजित कर लेने के कारण 'गढ़वाल' नाम प्रयुक्त हुआ। ब्रह्मा के मानस पुत्रों– दक्ष, मरीचि, पुलस्त्य, पुलह और अत्रि का निवास-स्थान गढ़वाल ही था। देवप्रयाग गढ़वाल में भगवान राम का एक मन्दिर है और ऐसी मान्यता है कि भगवान राम ने अन्तिम समय में यहाँ

* प्रवक्ता– अर्थशास्त्र, राजकीय इण्टर कॉलेज, बिसहालड पाबू, पौड़ी गढ़वाल, उत्तराखण्ड
** एसोसिएट प्रोफेसर– अर्थशास्त्र, डी.बी.एस.पी.जी. कॉलेज, देहरादून

पर तपस्या की थी। टिहरी गढ़वाल जिले में लक्ष्मण जी ने जिस स्थान पर तपस्या की थी, उसे 'तपोवन' कहा जाता है। महाकवि कालिदास ने अपने महाकाव्य 'अभिज्ञान शाकुन्तलम' की रचना मालिनी नदी के तट पर स्थित इसी कण्वाश्रम में ही की थी। वर्तमान में इस स्थान को 'चौकाघाट' कहा जाता है। **(ख) कुमाऊँ क्षेत्र-** पौराणिक ग्रन्थों के अनुसार चम्पावत के पास स्थित कच्छप की पीठ की आकृति वाले कांतेश्वर पर्वत (वर्तमान नाम कानदेव) पर विष्णु भगवान का कूर्मा या कच्छपावतार हुआ था। कालान्तर में इस पर्वत को 'मानसखण्ड' में कुर्मांचल (संस्कृत शब्द) कहा जाने लगा। कुर्मांचल शब्द 'प्राकृत' में कुमूँ और हिन्दी में कुमाऊँ' हो गया। कुमाऊँ का सबसे अधिक उल्लेख स्कन्दपुराण के मानसखण्ड में मिलता है।

उत्तराखण्ड की वर्तमान संस्कृति– संस्कृति किसी समाज में गहराई तक व्याप्त और व्यापक गुणों के समग्र स्वरूप का नाम है, जो उस समाज के सोचने-समझने या कार्य करने के स्वरूप में अन्तर्निहित होती है। अंग्रेजी में संस्कृति को 'कल्चर' कहा जाता है, जो लैटिन भाषा के 'कल्ट' या 'कल्टस' से लिया गया है, जिसका अर्थ है– जोतना, विकसित करना व परिष्कृत करना या पूजा करना। संस्कृति का शब्दार्थ है– 'उत्तम या सुधरी हुई स्थिति'। प्रत्येक जीवन-पद्धति, रीति-रिवाज, रहन-सहन, आचार-विचार, नवीन अनुसंधान और आविष्कार, जिससे मनुष्य पशुओं और जंगलियों के दर्जे से ऊँचा उठता है तथा सभ्य बनता है, सभ्यता-संस्कृति का अंग है। सभ्यता से मनुष्य के भौतिक क्षेत्र की प्रगति सूचित होती है, जबकि संस्कृति से मानसिक क्षेत्र की प्रगति सूचित होती है। संस्कृति के अन्तर्गत कला, संगीत, साहित्य, वास्तुविज्ञान, शिल्पकला, दर्शन, धर्म और विज्ञान, रीति-रिवाज, परम्पराएँ, पर्व आदि आते हैं।

संस्कृति व सभ्यता- सभ्यता का अर्थ है– 'जीने के बेहतर तरीके और कभी-कभी अपनी आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए अपने समक्ष प्रकृति को भी झुका देना।' 'संस्कृति' आन्तरिक अनुभूति से सम्बद्ध है, जिसमें मन और हृदय की पवित्रता निहित है। इसमें कला, विज्ञान, संगीत, नृत्य और मानव-जीवन की उच्चतर उपलब्धियाँ सम्मिलित हैं, जिन्हें सांस्कृतिक गतिविधियाँ कहा जाता है। संस्कृति साध्य है, तो सभ्यता साधन। संस्कृति सभ्यता की उपयोगिता के मूल्यांकन के लिए प्रतिमान उपस्थित करती है।

मानव-जीवन में संस्कृति का महत्त्व– संस्कृति जीवन के निकट से जुड़ी है। यह वह गुण है, जो व्यक्ति को मनुष्य बनाता है। संस्कृति परम्पराओं से, विश्वासों से, जीवन की शैली से, आध्यात्मिक पक्ष से, भौतिक पक्ष से निरन्तर जुड़ी है। यह हमें जीवन का अर्थ, जीवन जीने का तरीका सिखाती है। संस्कृति का एक मौलिक तत्त्व है– धार्मिक विश्वास और उसकी प्रतीकात्मक अभिव्यक्ति। सत्य, शिव और सुन्दर– ये तीन शाश्वत मूल्य हैं, जो संस्कृति से निकट से जुड़े हैं। यह संस्कृति ही है, जो 'दर्शन' और 'धर्म' के माध्यम से सत्य को बताती है। संस्कृति सामाजिक अन्त:क्रियाओं एवं सामाजिक व्यवहारों के उत्प्रेरक प्रतिमानों का समुच्चय है। इस समुच्चय में ज्ञान, विज्ञान, कला, आस्था, नैतिक मूल्य एवं प्रथाएँ समाविष्ट होती हैं। संस्कृति ही मनुष्य के वैयक्तिक एवं सामाजिक जीवन के स्वरूप का निर्माण, निर्देशन, नियमन और नियन्त्रण करती है।

उत्तराखण्ड के सांस्कृतिक तत्त्व– मानव-समूह के ऐतिहासिक विकास-क्रम में जीवन-यापन की जो विशिष्ट शैली विकसित होती है, वही उस समूह की संस्कृति कहलाती है। प्रत्येक संस्कृति के अपने विशिष्ट सांस्कृतिक तत्त्व (कला, धर्म, विश्वास, आचार-विचार, त्योहार,

पर्व, उत्सव आदि होते हैं।

चित्रकला– उत्तराखण्ड राज्य के विभिन्न जिलों में सबसे प्राचीनतम नमूने शैल चित्र के रूप में लाखू, ग्वारख्या, किमनी गाँव, ल्वेथा, हुडली, फल सीमा आदि गुफाओं में देखने को मिलते हैं। चमोली जिले में, ग्वारख्या गुफा में अनेक पशुओं के चित्र तथा किमनी गाँव में शैल चित्र, हथियार एवं पशुओं के चित्र मिले हैं।

लोकचित्र– उत्तराखण्ड राज्य में चित्रकला की गढ़वाल शैली के अलावा राज्य में विभिन्न मांगलिक अवसरों पर ऐंपण, ज्यूंति मातृका, प्रकीर्ण, पौ, डिकारे, पट्ट आदि लोकचित्र बनाने की परम्परा है। ऐंपण से तात्पर्य लीपने या सजावट करने से है। वह किसी मांगलिक या धार्मिक अवसर पर देहरी या आँगन में विस्तार (चावल के आटे का घोल) तथा लाल या सफेद मिट्टी से सुन्दर चित्रों के रूप में बनाई जाती है। इनमें मुख्यत: सूर्य, चंद्र, स्वास्तिक, शंख, घण्टा, विविध पुष्प, बेल, सर्प आदि की आकृतियाँ बनाई जाती हैं। नात या टुपुक चित्र– विस्तार व गेरू की सहायता से रसोई घरों की दीवारों पर देवी-देवताओं के चित्र बनाए जाते हैं। ज्यूंति मातृका चित्र– इसमें विभिन्न रंगों के चित्र बनाये जाते हैं। यह चित्र प्राय: जन्माष्टमी, दशहरा, नवरात्र, दीपावली आदि मांगलिक अवसरों पर बनाए जाते हैं। लक्ष्मी पौ चित्र– दीपावली के शुभअवसर पर घर के मुख्य द्वार से तिजोरी या पूजागृह तक लक्ष्मी के पद या पाँव के चिह्न बनाये जाते हैं, जिन्हें 'पौ' कहा जाता है।

शिल्पकला– उत्तराखण्ड राज्य में शिल्पकला की एक समृद्ध परम्परा रही है। काष्ठ शिल्प– उत्तराखण्ड में काष्ठ शिल्प काफी प्रसिद्ध है। लकड़ी से पाली, ठेकी, कुमया, भदेल, मासी आदि तैयार की जाती है। राजि जनजाति के लोग मुख्यत: यह कार्य करते हैं। रिंगाल चमोली, अल्मोड़ा, पिथौरागढ़ आदि जिलों में प्रमुख हस्तशिल्प उद्योग है। रिंगाल में मुख्यत: डालें, कंडी, चटाई, सूप, टोकरी, मोस्टा प्रमुख है। इसका प्रयोग घरेलू एवं कृषि-कार्यो के लिए किया जाता है। यह काम मुख्यत: रूडियों का पुस्तैनी कार्य है। रेशा एवं कालीन शिल्प– राज्य के अनेक क्षेत्रों में भाँग के पौधों से प्राप्त रेशों से कुथले, कम्बल, दरी, रस्सियाँ आदि तैयार की जाती हैं। मृत्तिका शिल्प– राज्य में मिट्टी से अनेक प्रकार के बर्तन, दीप, सुराही, गमले, चिलम, गुल्लक, डीकारे आदि बनाये जाते हैं। डीकारे– मिट्टी से निर्मित देवी-देवताओं की रंग-बिरंगी मूर्तियाँ। धातु शिल्प– राज्य में धातु शिल्प कला काफी समृद्ध है। यहाँ सोने, चाँदी एवं ताँबे से कई तरह के आभूषण बनाए जाते हैं। उत्तराखण्ड राज्य के अल्मोड़ा जिले में टम्टा समुदाय के लोगों द्वारा एल्यूमिनियम, ताँबे, पीतल आदि धातुओं से घरेलू एवं पूजागृह के लिए अनेक प्रकार के बर्तन बनाए जाते हैं। मूर्ति शिल्प– उत्तराखण्ड राज्य में अनेक पाषाण, धातु, मृण और दारु (लकड़ी) की मूर्तियाँ उपलब्ध हैं।

संगीत कला (लोकगीत)– उत्तराखण्ड राज्य में शैली, भाषा, वर्ण्य-विषय और गायन-समय आदि के आधार पर राज्य के लोकगीतों को कई भागों में बाँटा जाता है। प्रेम या प्रणय गीत– चौफला, झुमैलो, छोपली, छपेली, बाजूबंद, लामण, झूणा आदि दाम्पत्य-जीवन के प्रेम सम्बन्धी गीत हैं। इन्हीं में कृष्ण-सम्बन्धी रूक्मिणी-हरण, कुष्ण-कोकिला, व्रद्रावली-हरण आदि पौराणिक लोकगाथाएँ (जागर) हैं तथा राजुला-भालूशाही, जीतहू-बगड़वाल, सरूकुमैण लोकगाथाएँ (पवांडे) हैं। ऋतुगीत– इसमें होली, बंसती, चैती, चौमास। बारहमासा, खुदेड़, फुलदेही, झुमैलो, श्रावण गीत आते हैं। नृत्यगीत– माघगीत, तांदी, चाचार, चौफला, छोपती,

थड़या, झोंड़ा, बैरगीत। मांगल या संस्कार गीत– जन्म छड़ी, नामकरण, चूड़ाकर्म, उपनयन (अनेकन), विवाह आदि संस्कारों में गाये जाने वाले गीत। धार्मिक गीत– कृष्ण व पाण्डव सम्बन्धी पौराणिक लोकगाथाएँ (जागर), स्थानीय जागर, संध्यागीत, प्रभातगीत, तंत्र-मंत्र, जादू-टोना आदि।

संगीत कला (वाद्य यंत्र)– उत्तराखण्ड राज्य की समृद्ध लोकसंगीत-परम्परा में वाद्य-यंत्रों का बहुत महत्त्वपूर्ण स्थान है, जो निम्नवत है– धातु या धन वाद्य- जैसे घण्टा, बिणाई, थाली (काँसे की), मंजीरा, घुँघुरू, झाँझ, करताल, चिमटा आदि चर्म वाद्य– जैसे ढोल, नगाड़ा, तबला, डफली, हुड़की, डोर, दमाऊँ आदि। तार या ताँत वाद्ययंत्र– जैसे सारंगी, वीणा आदि। सुषिर या फूँक वाद्य– जैसे तूरही, रणसिंहा, शंख, मशकबीन, बाँसुरी, मोंछंग आदि। अन्य– हारमोनियम, गिटार, आरगन आदि। नाद्यकला (फिल्म एवं अन्य)– उत्तराखण्ड राज्य में गढ़वाली-कुमाऊँनी बोली में सिनेमा का इतिहास १९८१ की फिल्म जग्वान (गढ़वाली फिल्म) से शुरू होता है। जग्वान (गढ़वाल)– उत्तराखण्ड राज्य की प्रथम फिल्म, निर्माता पारेश्वर गौड़ द्वारा निर्मित है। इसके नायक पारेखर गौड़ व रमेश मैन्दोलिया और नायिक कुसुम बिष्ट हैं। मेघा हुआ (कुमाऊँनी)- यह कुमाऊंनी बोली की प्रथम फिल्म थी। रामलीला– उत्तराखण्ड में प्राय: सभी क्षेत्रों में रामलीला का आयोजन होता है। कुछ क्षेत्रों में इसका आयोजन दशहरे के अवसर पर होता है।

प्रमुख मेले-पर्व– नन्दा देवी मेला– हिमालय की पुत्री नन्दा देवी की पूजा-अर्चना के लिए प्रत्येक वर्ष भाद्र शुक्ल पक्ष की पंचमी से अल्मोड़ा, नैनीताल, बागेश्वर आदि जिलों में नन्दा देवी मेले शुरू हो जाते हैं। बैकुण्ठ चतुर्दशी मेला– यह मेला पौड़ी जिले के कमलेश्वर मन्दिर (श्रीनगर) पर बैकुण्ठ चतुर्दशी को प्रतिवर्ष मनाया जाता है। दंगल मेला– चह मेला पौड़ी के सतपुली के पास दलगल के शिव मन्दिर में प्रतिवर्ष महाशिवरात्रि को लगता है। टपकेश्वर मेला– देहरादून की देवीधारा नदी के किनारे एक गुफा में स्थित इस शिव मन्दिर की मान्यता दूर-दूर तक है। शिवरात्रि पर यहाँ एक विशाल मेला लगता है। प्रमुख त्योहार– दीपावली, फुलसग्रदं (फुलदेई), होली, हरेला, घी-संक्रान्ति, दशहरा, मकरसंक्रान्ति, रक्षाबन्धन, पंचमी, नुणाई आदि।

प्रमुख यात्राएँ– नन्दा राजजात यात्रा– उत्तराखण्ड की यह यात्रा गढ़वाल एवं कुमाऊँ की सांस्कृतिक एकता का प्रतीक है। यह विश्व की अनोखी पदयात्रा है, जिसमें चमोली की लासुवाँ गाँव के पास स्थित नौटी के नन्दा देवी मन्दिर से होमकुण्ड तक की २८० किमी की यात्रा १९-२० दिन में पूरी की जाती है। इस यात्रा में कुमाऊँ, गढ़वाल तथा देश के अन्य भागों के अलावा विदेश के लोग भी भाग लेते हैं।

प्रमुख पारम्परिक परिधान– गढ़वाली पुरुषों के परिधान– धोती, चूड़ीदार पायजामा, कुर्ता, मिरजई, सफेद टोपी, पगड़ी। गढ़वाली स्त्रियों के परिधान– आँगडी, गाती, धोती। गढ़वाली बच्चों के परिधान– झगुली, घाघरा, कोट, चूड़ीदार पायजामा, सन्तराध। कुमाऊँ पुरुषों के परिधान– धोती, पैजामा, सूराव, कुर्ता, कमीज, टोपी, साफा। कुमाऊँ स्त्रियों के परिधान– घाघरा या लहँगा, आँगडा, खानू (चोली), धोती।

प्रमुख आभूषण– उत्तराखण्ड राज्य में स्त्रियों द्वारा धारण किए जाने वाले पारम्परिक आभूषण निम्नलिखित हैं– सीसफूल, सुहाग बिंदी, मुर्खली, तुग्यंल, कुण्डल, फूली, नथ,

बुलांक, तिलहरी, चरयों, हँसुला, धागुला, पैजवी, बिछुवा, गुलबंद आदि।

वर्तमान में उत्तराखण्ड राज्य का स्वरूप– देहरादून जिला उत्तराखण्ड राज्य में स्थित है। ९ नवम्बर, २००० को उत्तर प्रदेश राज्य को विभाजित कर जब उत्तराखण्ड राज्य का गठन किया गया था, उस समय देहरादून को उत्तराखण्ड की अन्तरिम राजधानी बनाया गया। यहाँ की कुल जनसंख्या १,६९६,६९४, कुल तहसील ०७, कुल ब्लॉक ०६ तथा कुल गाँव ७६७ हैं।

शोध के उद्देश्य– १. वर्तमान समय में अध्ययनरत छात्र-छात्राओं का उत्तराखण्ड़ राज्य की लोक-संस्कृति के प्रति सम्मान, जागरूकता एवं रुझानों का अध्ययन करना। २. उत्तराखण्ड राज्य के विभिन्न जिलों की स्थानीय लोक-संस्कृति में विविधता एवं समानता, रहन-सहन, खान-पान, वेष-भूषा, परम्पराएँ, पर्व तथा अन्य सम्बन्धित सांस्कृतिक कलाओं का अध्ययन कर विश्लेषण करना।

शोध-अध्ययन की प्रविधि– शोध का प्रकार एवं समंकों की प्रकृति– प्रस्तुत शोध में शोधार्थी ने वर्णनात्मक एवं गुणात्मक शोध का प्रयोग किया है तथा यह शोध प्रश्नावली एवं साक्षात्कार के माध्यम से किया गया है। शोध-अध्ययन में प्राथमिक आँकड़ों का प्रयोग किया गया है। प्राथमिक समंकों को प्राप्त करने के लिए प्रश्नावली को निर्मित कर तथा साक्षात्कार के माध्यम से १७८ निदर्शन एकत्रित किए गए हैं।

शोध-अध्ययन का क्षेत्र– शोध-सर्वेक्षण से सम्बन्धित सभी महाविद्यालय उत्तराखण्ड राज्य के देहरादून जिले में स्थित हैं, जो इस प्रकार हैं– 'एम.के.पी. स्नातकोत्तर महाविद्यालय, डी.ए.वी. स्नातकोत्तर महाविद्यालय, डी.बी.एस. स्नातकोत्तर महाविद्यालय, रायपुर महाविद्यालय, एस.जी.आर.आर. स्नातकोत्तर महाविद्यालय, देहरादून।

शोध की सीमाएँ– यह शोध-सर्वेक्षण उत्तराखण्ड राज्य के गढ़वाल मण्डल के सात जिलों के छात्र-छात्राओं पर किया गया है, जो कि वर्तमान समय में देहरादून जिले के महाविद्यालयों में अध्ययनरत हैं।

आँकड़ों का विश्लेषण– शोध-अध्ययन में शोधार्थी ने सात दिन के क्षेत्रीय सर्वेक्षण से प्राथमिक समंकों के आधार पर उत्तराखण्ड राज्य के देहरादून जिले में विभिन्न महाविद्यालयों 'एम.के.पी. स्नातकोत्तर महाविद्यालय, डी.ए.वी. स्नातकोत्तर महाविद्यालय, डी.बी.एस. स्नातकोत्तर महाविद्यालय, रायपुर महाविद्यालय, एस.जी.आर.आर. स्नातकोत्तर महाविद्यालय, देहरादून में जाकर अध्ययनरत छात्र-छात्राओं का उत्तराखण्ड की संस्कृति के प्रति रुझान का अध्ययन किया तथा सर्वेक्षण के आधार पर देहरादून जिले में राजकीय महाविद्यालयों में अध्ययनरत विभिन्न जिलों से आए छात्र-छात्राओं की स्थानीय संस्कृति, जैसे– रहन-सहन, खान-पान, वेष-भूषा आदि के आधार पर १७८ निदर्शन शोधार्थी ने एकत्रित किए। अत: १७८ निदर्शन के आधार पर शोधार्थी ने समस्त आँकड़ों का संकलन एवं विश्लेषण सारणीयन के आधार पर किया है।

तालिका- ०१

जनसांख्यिकीय आँकडों के आधार पर वर्गीकरण

वर्ग	वर्गीकरण	कुल संख्या	कुल प्रतिशत
लिंग	छात्र	६८	३८
	छात्राएं	११०	६२
परिवार की स्थिति	एकल परिवार	९८	५५
	संयुक्त परिवार	८०	४५
व्यवसाय	प्राइवेट नौकरी	८०	४५
	सरकारी नौकरी	५०	२८
	कृषि	३०	१७
	अन्य	१८	१०
परिवार के साथ रहना	हां	१२०	६७
	नहीं	५८	३३

स्रोत- प्राथमिक सर्वेक्षण

सर्वेक्षण में उपर्युक्त तालिका-०१ से स्पष्ट होता है कि शोध-अध्ययन में अध्ययनरत छात्रों की संख्या ३८ प्रतिशत तथा छात्राओं की संख्या ६२ प्रतिशत है। अध्ययनरत छात्र-छात्राओं के ५५ प्रतिशत परिवार संयुक्त रूप से रहते हैं तथा ४५ प्रतिशत परिवार एकल रूप में रहते हैं। प्राइवेट नौकरी वाले परिवारों की संख्या ४५ प्रतिशत, सरकारी नौकरी वाले परिवारों की संख्या २८ प्रतिशत, कृषि करने वाले परिवारों की संख्या १७ प्रतिशत है, जबकि अन्य व्यवसायों पर आश्रित परिवारों की संख्या १० प्रतिशत है। तालिका से स्पष्ट होता है कि वर्तमान समय में ६७ प्रतिशत छात्र-छात्राएँ अपने परिवार के साथ शहर में रहकर अध्ययन करते हैं, जबकि ३३ प्रतिशत छात्र-छात्राएँ शहर में परिवार के साथ न रहकर किराए या अपने सम्बन्धित जनों के साथ रहकर अध्ययन करते हैं।

तालिका- ०२

अध्ययनरत छात्र-छात्राओं के शिक्षण-स्तरों (कक्षाएँ एवं विषयवार), शिक्षण महाविद्यालय एवं जिलेवार के आधार पर वर्गीकरण

वर्ग	वर्गीकरण	कुल संख्या	कुल प्रतिशत
कलावर्ग	बी०ए.	७०	३९
	एम.ए.	५०	२९
वाणिज्यवर्ग	बी.कॉम.	३५	२०
विज्ञानवर्ग	बी.एस.सी.	१५	०८
	एम.एस.सी.	०८	०४
कॉलेज	डी.ए.वी महाविद्यालय, देहरादून	४८	२७
	डी.बी.एस. महाविद्यालय, देहरादून	५८	३३
	एम.के.पी. महाविद्यालय, देहरादून	३२	१८

	एस.जी.आर.आर.महाविद्यालय, देहरादून	२२	१२
	रायपुर पी.जी. महाविद्यालय, देहरादून	१८	१०
जिले	पौड़ी गढ़वाल	५५	३१
	देहरादून	४५	२५
	चमोली	३०	१७
	उत्तरकाशी	२५	१४
	टिहरी	०८	०४
	रूद्रप्रयाग	०९	०५
	हरिद्वार	०६	०३

स्रोत- प्राथमिक

सर्वेक्षण सर्वेक्षण में उपर्युक्त तालिका-०२ से स्पष्ट होता है कि कलावर्ग बी.ए. में ३९ प्रतिशत, एम.ए. में २९ प्रतिशत, वाणिज्यवर्ग बी.कॉम. में २० प्रतिशत तथा विज्ञानवर्ग बी.एस.सी में ०८ प्रतिशत तथा एम.एस.सी. में ०४ प्रतिशत छात्र-छात्राओं का सर्वेक्षण किया गया है। उपर्युक्त सर्वेक्षण में डी.ए.वी. स्नातकोत्तर महाविद्यालय के ४८ छात्र-छात्राओं (२७ प्रतिशत), डी.बी.एस. स्नातकोत्तर महाविद्यालय में ५८ छात्र-छात्राओं (३३ प्रतिशत), एम.के.पी. स्नातकोत्तर महाविद्यालय में ३२ छात्र-छात्राओं (१८ प्रतिशत), एस.जी.आर.आर. स्नातकोत्तर महाविद्यालय में २२ छात्र-छात्राओं (१२ प्रतिशत) तथा रायपुर महाविद्यालय, देहरादून में १८ छात्र-छात्राओं (१० प्रतिशत) पर सर्वेक्षण किया गया है। देहरादून में पौड़ी गढ़वाल जिले से ३१ प्रतिशत, देहरादून जिले से २५ प्रतिशत, चमोली जिले से १७ प्रतिशत, उत्तरकाशी जिले से १४ प्रतिशत, टिहरी जिले से ०४ प्रतिशत तथा रूद्रप्रयाग जिले से ०५ प्रतिशत तथा हरिद्वार से ०३ प्रतिशत छात्र-छात्राओं को सर्वेक्षण में शामिल किया गया है।

तालिका- ०३

उत्तराखण्ड की संस्कृति के आधार पर वर्गीकरण

वर्ग	वर्गीकरण	कुल संख्या	कुल प्रतिशत
लोकचित्र बनाना	हाँ	१००	५६
	नहीं	२८	१६
	कभी-कभी	५०	२८
शिल्पकला से विदित युवा पीढ़ी	हाँ	९०	५१
	नहीं	८८	४९

स्रोत- प्राथमिक सर्वेक्षण

सर्वेक्षण में उपर्युक्त तालिका-०३ से स्पष्ट होता है कि ५६ प्रतिशत छात्र-छात्राएँ राष्ट्रीय व स्थानीय पर्व आने पर लोकचित्र, जैसे- ऐंपण, लक्ष्मी पौ चित्र, देवी-देवताओं के चित्र बनाते हैं, जबकि १६ प्रतिशत छात्र-छात्राएँ इनसे विदित नहीं हैं। २८ प्रतिशत छात्र-छात्राएँ लोकचित्र बनाते तो हैं, लेकिन प्रत्येक पर्व पर कभी-कभी ही बनाते हैं। ५१ प्रतिशत छात्र-छात्राएँ शिल्पकला, जैसे– काष्ठकला, मूर्तिकला, धातुकला, रेशा एवं कालीन शिल्पकला से विदित हैं, जबकि ४९ प्रतिशत छात्र-छात्राएँ शिल्पकला के विषय से विदित नहीं हैं।

तालिका-३.१

दैनिक जीवन में भाषा-प्रयोग के आधार पर वर्गीकरण

वर्ग	वर्गीकरण	कुल संख्या	कुल प्रतिशत
दैनिक जीवन की भाषा	स्थानीय बोली	७०	३९
	हिन्दी/अंग्रेजी	४३	२४
	उपर्युक्त दोनों	६५	३७

स्रोत- प्राथमिक सर्वेक्षण

सर्वेक्षण में उपर्युक्त तालिका-३.१ से स्पष्ट होता है कि अध्ययनरत ३९ प्रतिशत छात्र-छात्राएँ दैनिक जीवन में परिवार और दोस्तों के साथ स्थानीय बोलियों, जैसे– गढ़वाली, कुमाऊँनी, जौनसारी में बात करना पसन्द करते हैं तथा २४ प्रतिशत छात्र-छात्राएँ हिन्दी और अंग्रेजी तथा अन्य भाषाओं में बात करना पसन्द करते हैं। ३७ प्रतिशत ऐसे छात्र-छात्राएँ हैं, जो स्थानीय तथा पश्चिमी– दोनों भाषाओं में बात करना पसन्द करते हैं।

तालिका ३.२

दैनिक दिनचर्या के खान-पान एवं वेश-भूषा/परिधान के आधार पर वर्गीकरण

वर्ग	वर्गीकरण	कुल संख्या	कुल प्रतिशत
दैनिक खान-पान	स्थानीय खान-पान	८८	४९
	पश्चिमी खान-पान	३५	२०
	उपर्युक्त दोनों	५५	३१
परिधान	स्थानीय परिधान	९०	५०
	पश्चिमी परिधान	२८	१६
	उपर्युक्त दोनों	६०	३४
संस्कृति स्वीकार्यता	उत्तराखण्ड की संस्कृति	१०८	६१
	पश्चिमी संस्कृति	२५	१४
	उपर्युक्त दोनों	४५	२५

स्रोत- प्राथमिक सर्वेक्षण

सर्वेक्षण में उपर्युक्त तालिका-३.२ से स्पष्ट होता है कि अध्ययनरत ४९ प्रतिशत छात्र-छात्राएँ दैनिक जीवन में स्थानीय खान-पान, जैसे– फाणु, मंडुएँ की रोटी, झुगंरू को पसन्द करते हैं, २० प्रतिशत छात्र-छात्राएँ पश्चिमी खान-पान, जैसे– चाउमीन, बर्गर, पीज्जा को पसन्द करते हैं, जबकि ३१ प्रतिशत छात्र-छात्राएँ उपर्युक्त दोनों प्रकार के खान-पान को पसन्द करते हैं। ५० प्रतिशत छात्र-छात्राएँ स्थानीय परिधान, जैसे– कुर्ते-सलवार, टोपी, गमछा, धोती पहनना पसन्द करते हैं, १६ प्रतिशत छात्र-छात्राएँ पश्चिमी परिधान, जैसे– जींस, लहँगा, शर्ट पहनना पसन्द करते हैं तथा ३४ प्रतिशत छात्र-छात्राएँ स्थानीय एवं पश्चिमी– दोनों परिधानों को समयानुकूल पहनना पसन्द करते हैं। उत्तराखण्ड की संस्कृति, जैसे– खान-पान, रहन-सहन, वेष-भूषा को आज भी ६१ प्रतिशत छात्र-छात्राएँ दैनिक दिनचर्या में पसन्द करते हैं, जबकि १४ प्रतिशत छात्र-छात्राएँ पश्चिमी संस्कृति को पसन्द करते हैं तथा २५ प्रतिशत छात्र-छात्राएँ उपर्युक्त दोनों प्रकार की संस्कृति को दैनिक जीवन में पसन्द करते हैं।

तालिका- ३.३

स्थानीय वाद्य-यंत्रों एवं लोकनृत्य, स्थानीय संगीत एवं स्थानीय फिल्मों से विदित होने के आधार पर वर्गीकरण

वर्ग	वर्गीकरण	कुल संख्या	कुल प्रतिशत
स्थानीय वाद्य यंत्र व लोकनृत्य	विदित	१५०	८४
	अविदित	२८	१६
स्थानीय संगीत के शौकीन	हाँ	१२०	६७
	नहीं	३०	१७
	कभी-कभी	२८	१६
स्थानीय फिल्में देखना	हाँ	८८	४९
	नहीं	५०	२९
	कभी-कभी	४०	२२

स्रोत- प्राथमिक सर्वेक्षण

उपर्युक्त तालिका-३.३ से स्पष्ट होता है कि अध्ययनरत ८४ प्रतिशत छात्र-छात्राएँ स्थानीय वाद्य-यंत्रों जैसे– ढोल, दमाउ, मशकबीन, ड़ौंर, थाली, तबला, हरमोनियम तथा स्थानीय लोकनृत्यों, जैसे– आत्मानृत्य, रणभूत नृत्य, थडिया आदि से भली-भाँति विदित हैं, जबकि १६ प्रतिशत छात्र-छात्राएँ स्थानीय वाद्य-यंत्रों तथा लोकनृत्यों से विदित नहीं हैं। ६७ प्रतिशत छात्र-छात्राएँ स्थानीय संगीत, जैसे– गढ़वाली, कुमाऊँनी, जौनसारी संगीत को सुनने में रुचि रखते हैं, १७ प्रतिशत छात्र-छात्राएँ हिन्दी-अंग्रेजी भाषाओं में संगीत सुनते हैं तथा १६ प्रतिशत छात्र-छात्राएँ कभी स्थानीय तथा कभी हिन्दी संगीत सुनना पसंद करते हैं। अध्ययनरत ४९ प्रतिशत छात्र-छात्राएँ स्थानीय फिल्में, जैसे– गढ़वाली, कुमाऊँनी, चक्रचाल, घरजवैं, रैबार, दगड्या तथा अनेक फिल्मों को देखना पसन्द करते हैं, २९ प्रतिशत छात्र-छात्राएँ हिन्दी-अग्रेजी फिल्मों को देखने में रुचि रखते हैं तथा २२ प्रतिशत छात्र-छात्राएँ कभी-कभी ही फिल्मों को देखना पसन्द करते हैं और जब भी फिल्मों को देखते हैं, दोनों प्रकार की फिल्मों को देखना पसन्द करते हैं।

तालिका- ०४ : स्थानीय मान्यताएँ और परम्पराएँ, जैसे– स्थानीय धार्मिक पूजा, स्थानीय मेले एवं स्थानीय पर्वो के आधार पर वर्गीकरण

वर्ग	वर्गीकरण	कुल संख्या	कुल प्रतिशत
पूजा के लिए गाँव जाना	हाँ	१५०	८४
	नहीं	२८	१६
स्थानीय पर्व मनाना	हाँ	९०	५०
	नहीं	३०	१७
	कभी-कभी	५८	३३
गाँव जाने के आधार पर	हाँ	८०	४५
	नहीं	६०	३४
	कभी-कभी	३८	२१

स्रोत- प्राथमिक सर्वेक्षण

सर्वेक्षण में उपर्युक्त तालिका-०४ से स्पष्ट होता है कि अध्ययनरत ८४ प्रतिशत छात्र-छात्राएँ अपने परिवार सहित स्थानीय धार्मिक पूजा, जैसे– नरसिंह देवता, भैरव देवता, देवी माँ की पूजा के लिए प्रत्येक वर्ष गाँव आवागमन करते हैं, जबकि १६ प्रतिशत छात्र-छात्राएँ धार्मिक पूजा के लिए गाँव नहीं जाते हैं। ५० प्रतिशत छात्र-छात्राएँ स्थानीय पर्व, जैसे– फुलदेई, घी-संक्रान्ति, हरेला पर्व बड़े हर्ष-उल्लास के साथ मनाते हैं, १७ प्रतिशत छात्र-छात्राएँ इन पर्वों को नहीं मनाते हैं, जबकि ३३ प्रतिशत छात्र-छात्राएँ स्थानीय पर्वों के विषय में अधिक अवगत न होने के कारण कभी-कभी ही इन पर्वों को मनाते हैं। ४५ प्रतिशत छात्र-छात्राएँ प्रतिवर्ष, विशेषकर स्थानीय मेलों को मनाने के लिए गाँव में आवागमन करते हैं, जबकि ३४ प्रतिशत छात्र-छात्राएँ गाँव नहीं जाते हैं। २१ प्रतिशत छात्र-छात्राएँ ऐसे हैं, जो गाँव जाते तो हैं, किन्तु कभी-कभी ही स्थानीय मेलों को मनाने के लिए गाँव जा पाते हैं।

निष्कर्ष एवं सुझाव–

अध्ययनरत छात्र-छात्राओं के शिक्षण-स्तरों से प्राप्त आँकड़ों के आधार पर निष्कर्ष– शोध-अध्ययन में समस्त प्राथमिक आँकड़े देहरादून जिले के डी.ए.वी. स्नातकोत्तर महाविद्यालय, डी.बी.एस. स्नातकोत्तर महाविद्यालय, एम.के.पी. स्नातकोत्तर महाविद्यालय, एस.जी.आर.आर. स्नातकोत्तर महाविद्यालय तथा रायपुर महाविद्यालय में अध्ययनरत उत्तराखण्ड राज्य के गढ़वाल मण्डल के विभिन्न जिलों– पौड़ी गढ़वाल, देहरादून, चमोली, उत्तरकाशी, टिहरी, रूद्रप्रयाग और हरिद्वार के मूल निवासी स्नातक एवं स्नातकोत्तर शिक्षण-स्तर के छात्र-छात्राओं से स्थानीय लोक-संस्कृति के आधार पर प्राप्त किए गए हैं।

अध्ययनरत छात्र-छात्राओं के परिवार के रहन-सहन, खान-पान के आधार पर निष्कर्ष– सर्वेक्षण के आधार पर यह निष्कर्ष प्राप्त हुए कि अध्ययनरत ६७ प्रतिशत छात्र-छात्राएँ वह हैं, जो वर्तमान में अपने परिवार के साथ रहकर अध्ययन करते हैं तथा ३३ प्रतिशत छात्र-छात्राएँ किराए पर या अपने सम्बधितजनों तथा रिश्तेदारों के साथ देहरादून में रहकर अध्ययन करते हैं। अध्ययनरत ७० प्रतिशत छात्र-छात्राएँ अपने दैनिक जीवन में उत्तराखण्ड की बोलियाँ, जैसे–गढ़वाली, कुमाऊँनी, जौनसारी का प्रयोग अपने परिवार और दोस्तों के साथ रहकर नित्य बोलना पसन्द करते हैं तथा ४९ प्रतिशत छात्र-छात्राएँ स्थानीय खान-पान, जैसे– चैसू, फाणु, गहत की दाल, कंडाली की सब्जी, मडुए की रोटी, अर्से को खाना पसन्द करते हैं। कुछ छात्र-छात्राएँ हैं, जो अपने परिवार के अनुसार पश्चिमी खान-पान, रहन-सहन को पसन्द करते हैं। छात्र-छात्राएँ स्थानीय परिधानों को पहनना पसन्द करते हैं। कई छात्र-छात्राएँ स्थानीय परिधानों को केवल शादी-समारोह तथा विशेष अवसरों पर पहनते हैं।

स्थानीय संस्कृति व रीति-रिवाजों के आधार पर निष्कर्ष- स्थानीय पर्व, जैसे– फुलदेई, घी-संक्रान्ति, हरेला, जागड़ा, नुणाई, पंचमी, मकर संक्रान्ति आदि त्योहारों को परिवार के साथ मिलकर मनाना ५० प्रतिशत छात्र-छात्राएँ पसन्द करते हैं तथा कभी-कभी इन पर्वों को मनाने के लिए गाँव भी जाते हैं। गाँव में होने वाली अनेक धार्मिक पूजा, जैसे– नरसिंह देवता, देवी माँ की पूजा, महासू देवता, भैरव देवता की पूजा- अर्चना के लिए ८४ प्रतिशत युवा पीढ़ी गाँव में जाती है तथा वाद्य-यन्त्रों, जैसे– ढोल, दमाऊँ, मशकबीन डोर, थाली, पुरातन धरोहर, जैसे– शिल्पकला, काष्ठकला, मूर्तिकला एवं धातुकला से भी परिचित होती है। वर्तमान में अध्ययनरत युवा पीढ़ी स्थानीय संगीत, जैसे– गढ़वाली, कुमाऊँनी, जौनसारी एवं स्थानीय

बोलियों में निर्देशित फिल्मों को देखने में रुचि रखते हैं। कुछ छात्र-छात्राएँ ऐसे हैं, जो फिल्मों को देखने में रुचि नहीं रखते हैं। जब भी फिल्मों को देखते हैं, स्थानीय बोलियों एवं पश्चिमी– दोनों भाषाओं में निर्देशित फिल्मों को देखना पसन्द करते हैं।

सुझाव- उपर्युक्त सर्वेक्षण के आधार पर उत्तराखण्ड की संस्कृति के प्रोत्साहन हेतु महत्त्वपूर्ण सुझाव निम्नवत हैं–

१. विद्यालय-स्तर पर उत्तराखण्ड की संस्कृति से सम्बन्धित कार्यक्रमों के आयोजन पर सुझाव– विद्यालयी पाठ्यक्रम में स्थानीय खान-पान, स्थानीय परिधान व आभूषण, स्थानीय प्राचीन कलाओं, जैसे– शिल्पकला, धातुकला, मूर्तिकला तथा नृत्य कलाओं, स्थानीय संगीत को सम्मिलित करना, ताकि नवयुवा पीढ़ी भी सांस्कृतिक धरोहर के विषय में अवगत हो सके। सरकारी तथा प्राइवेट विद्यालयी स्तर पर कुछ शिक्षण-विषयों को स्थानीय बोलियों में छात्र-छात्राओं के लिए निर्मित करना तथा विद्यालय में स्थानीय बोलियों को महत्त्व देना चाहिए। विद्यालय में छात्र-छात्राओं के लिए अनेक कार्यक्रम एवं प्रतियोगिताओं का आयोजन करना, जैसे– स्थानीय गायन प्रतियोगिता, परिधान, खान-पान प्रतियोगिताएँ कराना स्थानीय नृत्य, जैसे– रासू, थड़ियाँ, छौलियाँ प्रतियोगिताओं का आयोजन कर विजेताओं को जिला, राज्य तथा राष्ट्रीय स्तर पर सम्मान दिलवाना चाहिए, ताकि अन्य छात्र-छात्राओं को भी प्रोत्साहन मिल सके और उत्तराखण्ड की संस्कृति का प्रचार-प्रसार हो सके।

२. क्षेत्रीय एवं राज्य स्तर पर उत्तराखण्ड की संस्कृति के प्रोत्साहन के लिए सुझाव– संस्कृति के विस्तार के लिए राज्य सरकार द्वारा प्रतियोगिता-कार्यक्रमों का ऐसा मंच तैयार करना, जिनके माध्यम से उत्तराखण्ड की संस्कृति का विस्तार राष्ट्रीय स्तर तक हो सके। जैसे– स्थानीय प्राचीन धरोहर की प्रदर्शनियाँ, संगीत, गायन प्रतियोगिताएँ करना। साथ-ही-साथ स्थानीय कलाएँ, जैसे– धातुकला, शिल्पकला, मूर्तिकला, काष्ठकला एवं स्थानीय परिधानों के निर्माण, स्थानीय आभूषण बनाने में युवाओं को रोजगार भी उपलब्ध कराना, ताकि पलायन जैसी समस्याएँ भी उत्पन्न न हों। स्थानीय पर्व, जैसे– फुलदेई, घी-संक्रान्ति, हरेला, स्थानीय मेले-नौठा कौथिग, उत्तरायणी, पंचमी का कौथिग, स्थानीय परिधान को नियमित पहनना तथा धार्मिक पूजाओं, जैसे– नरंसिह देवता, देवी माँ की पूजा का आयोजन करते रहना चाहिए। परिवार में स्थानीय खान-पान, जैसे– चैसू, बांडी, काफली, अर्से, फाणु नियमित रूप से बनाते रहना चाहिए व स्थानीय बोलियों में ही वार्तालाप करनी चाहिए। शहर में रहने वाले परिवारों को समय-समय पर जैसे– धार्मिक पूजा, शादी समारोह में गाँव जाना चाहिए, ताकि आज की युवा पीढ़ी भी गाँव में जाकर स्थानीय मेलों, पूजा, अनेक कलाओं, वाद्य-यंत्रों आदि से परिचित हो सके तथा नयी पीढ़ी शहर और गाँव– दोनों से जुड़ सके।

सन्दर्भ-सूची

- https://dehradun.nic.in
- www.uttarakhandculture.in
- https://en.wikipedia.org/wiki/uttarakhand
- uttarakhand ek samanya adhyyan (keshri nandan tripathi)

●

सार्वजनिक वितरण प्रणाली का खाद्य-प्रबंधन में योगदान

भूपेन्द्र कुमार साहू*, डॉ. अंजु कुमारी, डॉ. रविश कुमार सोनी*****

प्रस्तावना एवं पृष्ठभूमि– सार्वजनिक वितरण प्रणाली, आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों को नियंत्रित व उचित दर पर खाद्यान्न उपलब्ध कराने के लिए चली आ रही व्यवस्था है। इसके माध्यम से जरूरतमन्द लोगों को नियंत्रित व उचित मूल्य पर खाद्यान्न-सामग्री उपलब्ध कराया जाता है, ताकि उनको कुपोषण, भूखमरी व बढ़ती हुई मँहगाई से सुरक्षा प्रदान किया जा सके। खाद्य सुरक्षा के लिए पीडीएस जहाँ एक प्रमुख विकल्प है, वहीं खाद्य-प्रबंधन में भी इसका अहम योगदान है, क्योंकि 'अन्न को उगाना जितना महत्त्वपूर्ण है, उतना ही महत्त्वपूर्ण उसकी सुरक्षा एवं उपयोगिता है।' यदि हम इसकी पृष्ठभमि की ओर गौर करें, तो पीडीएस की शुरूआत द्वितीय विश्वयुद्ध के समय से मानी जाती है। औपचारिक रूप से इसकी शुरूआत १९६० ई. से हुई थी। इस योजना की आवश्यकता व महत्त्व को देखते हुए इसे आगे भी जारी रखा गया। वर्ष १९९७ से यह लक्षित सार्वजनिक वितरण प्रणाली के तौर पर संचालित होने लगा तथा २०१३ में 'खाद्य सुरक्षा कानून' लागू होने के परिणामस्वरूप आम जनता को खाद्य सुरक्षा का कानूनी अधिकार मिल गया। उल्लेखनीय है कि संयुक्त राष्ट्र संघ द्वारा सतत् विकास के १७ लक्ष्य निर्धारित किये गये हैं, जिसमें दूसरा लक्ष्य शून्य भूखमरी है। शून्य भूखमरी के अन्तर्गत देश में खाद्य सुरक्षा व कुपोषण खत्म करना प्रमुख घटक है, जिसकी प्राप्ति के लिए पीडीएस का संचालन आवश्यक है।

सार्वजनिक वितरण प्रणाली : सार्वजनिक वितरण प्रणाली का प्रचलित नाम पीडीएस अर्थात् 'पब्लिक डिस्ट्रीब्यूशन सिस्टम' है। सार्वजनिक वितरण प्रणाली से तात्पर्य शासन की एक व्यवस्था से है, जिसके अन्तर्गत पंजीकृत हितग्राहियों को सस्ते दर पर चावल, गेहूँ, शक्कर, नमक, चना, केरोसिन आदि सामग्री वितरित की जाती है। हितग्राहियों का पंजीकरण स्थानीय प्रशासन के माध्यम से किया जाता है। पंजीकृत हितग्राहियों को 'खाद्य अधिकार पुस्तिका' दिया जाता है, जिसे आम बोलचाल की भाषा में 'राशनकार्ड' कहा जाता है। सार्वजनिक वितरण प्रणाली के तहत हितग्राहियों को सामग्री का वितरण समीपस्थ उचित मूल्य की दुकान के माध्यम से किया जाता है, जिसका संचालन अधिकृत संस्था, स्वसहायता समूह, ग्राम पंचायत या सहकारी समिति द्वारा किया जाता है। सम्बन्धित उचित मूल्य की दुकान को नजदीकी 'खाद्य भण्डार गृह निगम' से राशन सामग्री प्राप्त होती है, जो कि शासन द्वारा नियुक्त सम्बन्धित क्षेत्र के खाद्य निरीक्षक अथवा खाद्य अधिकारी के पर्यवेक्षण, समन्वय एवं नियंत्रण में संचालित होता है।

सार्वजनिक वितरण प्रणाली समवर्ती सूची का विषय है, जिसके अन्तर्गत 'खाद्य सुरक्षा कानून' के तहत भारत सरकार द्वारा राज्यों को आवण्टन जारी कर दिया जाता है, फिर; राज्य सरकार आवश्यकतानुसार राज्य के हितग्राहियों को शामिल कर सामग्री-वितरण कार्य को सम्पन्न करवाता है। उल्लेखनीय है कि छत्तीसगढ़ शासन द्वारा वर्ष २०१९ से गरीबी रेखा से ऊपर एपीएल परिवारों को भी सार्वभौमिक पीडीएस योजना के तहत राशनकार्ड जारी कर राशन प्रदान किया जा रहा है।

* शोधार्थी– वाणिज्य संकाय, कल्याण स्नातकोत्तर महाविद्यालय, भिलाई नगर, छत्तीसगढ़
** सहायक प्राध्यापक– वाणिज्य संकाय, साईं महाविद्यालय, भिलाई नगर, छत्तीसगढ़
*** सहायक प्राध्यापक– वाणिज्य संकाय, कल्याण स्नातकोत्तर महाविद्यालय, भिलाई नगर, छत्तीसगढ़

खाद्य-प्रबंधन से तात्पर्य : खाद्य-प्रबंधन से तात्पर्य खाद्यान्न के उत्पादन से लेकर वितरण तक की उचित व्यवस्था से है, ताकि उनके उत्पादकों को उचित दाम मिल सके तथा उत्पादित अनाज की सुरक्षा और समुचित उपयोग हो सके। इस उद्देश्य की पूर्ति के लिए किसानों से उनकी उपज का न्यूनतम समर्थन मूल्य पर खरीदी किया जाता है तथा भण्डारण की उचित व्यवस्था की जाती है। इसे पीडीएस के तहत गरीबों व जरूरतमन्दों को प्रदान किया जाता है, जिसमें सार्वजनिक वितरण प्रणाली की विशेष भूमिका होती है।

भारतीय खाद्य निगम के बारे में : भारतीय खाद्य निगम अर्थात् एफसीआई भारत सरकार की एक कार्पोरेट संस्था है, जिसकी स्थापना १९६५ ई. में की गयी थी। किसानों की उपज का समर्थन मूल्य में खरीदी व उसका बफर स्टॉक बनाये रखना तथा सार्वजनिक वितरण प्रणाली के तहत अनाजों का वितरण करना– इसकी स्थापना का मुख्य उद्येश्य है। भारत में खाद्यान्नों की खरीद से लेकर निपटान तक अथवा प्रबंधन में इस निगम का अहम योगदान है। गौरतलब है कि वर्तमान में भारत में कुल १८.५६ करोड़ राशनकार्ड हैं, जिनके ७५.६५ करोड़ लाभार्थी हैं। इन्हें भारत सरकार की ओर से अनाज-आपूर्ति का दायित्व भारतीय खाद्य निगम का होता है।

सतत् विकास लक्ष्य के बारे में : संयुक्त राष्ट्र संघ द्वारा वैश्विक व्यवस्था को सुदृढ़ करने तथा विकास की गति को प्रतिस्पर्धात्मक करने के लिए १७ लक्ष्य निर्धारित किए गये हैं, जिसमें दूसरा लक्ष्य शून्य भूखमरी है। इस लक्ष्य का उद्देश्य खाद्य सुरक्षा एवं कुपोषण दूर करके भूखमरी को खत्म करना है। एसडीजी डेशबोर्ड-२०२२ के अनुसार, विश्व पटल पर १६३ देशों के मूल्यांकन में भारत ६०.३ स्कोर के साथ १२१वें स्थान पर है। यद्यपि गत वर्षों की तुलना में स्कोर में सुधार हुआ है, किन्तु सुधार की धीमी गति के कारण स्कोर पर्याप्त संतोषजनक नहीं है। गौरतलब है कि भारत मे नियोजन /एसडीजी निर्धारण का कार्य 'नीति आयोग' द्वारा किया जाता है। अत: नीति आयोग द्वारा इन १७ लक्ष्यों को ध्यान में रखते हुए योजना तैयार किया जाता है। सतत् विकास लक्ष्य के समग्र सूचकांक वर्ष २०२० में भारत के २८ राज्यों के मूल्यांकन में छत्तीसगढ़ ६१ अंक स्कोर के साथ १९वें स्थान पर है, जबकि शून्य भूखमरी में छत्तीसगढ़ ३७ अंक के साथ २५वें स्थान पर है। अत: इस दृष्टतया देश में छत्तीसगढ़ की स्थिति संतोषजनक नहीं है।

शोध-संरचना या अभिकल्प : संरचना-निर्धारण कर किसी भी शोध के क्रियान्वयन में सहायता मिलती है। अत: प्रस्तुत शोध-संरचना वर्णनात्मक शोध पर आधारित है। प्रस्तुत शोध द्वितीयक आँकड़ों पर आधारित है, जिसे विभागीय बेबसाइट, वार्षिक प्रतिवेदन, आर्थिक समीक्षा, शासन की मासिक पत्रिका एवं समाचार पत्रों आदि से संकलित किया गया है।

अध्ययन की परिकल्पना : खाद्य सुरक्षा अथवा पीडीएस के सम्बन्ध में अब तक के किए गए अधिकांश शोध-पत्र में खाद्य सुरक्षा, वितरण-व्यवस्था, हितग्राहियों की समस्या आदि पर ध्यान आकृष्ट किया गया है, किन्तु शोधकर्ताओं द्वारा सार्वजनिक वितरण प्रणाली से खाद्य-प्रबंधन में हो रहे योगदान पर प्रकाश नहीं डाला गया है, जबकि सार्वजनिक वितरण प्रणाली की खाद्य-प्रबंधन में अहम भूमिका है।

अध्ययन का उद्देश्य :

१. खाद्य-प्रबंधन में सार्वजनिक वितरण प्रणाली के योगदान का अध्ययन करना।
२. छत्तीसगढ़ में सार्वजनिक वितरण प्रणाली का विश्लेषणात्मक अध्ययन करना।

खाद्य-प्रबंधन में सार्वजनिक वितरण प्रणाली का योगदान : सरकार द्वारा किसानों की उपज को न्यूनतम समर्थन मूल्य पर खरीदकर उसे सार्वजनिक वितरण प्रणाली के अन्तर्गत संचालित विभिन्न योजनाओं के माध्यम से गरीबों तथा जरूरतमन्दों तक पहुँचाया जाता है, जिसके फलस्वरूप अनाज का समुचित उपयोग संभव हो पाता है। इस प्रकार, खाद्य-प्रबंधन के अन्तर्गत सार्वजनिक वितरण प्रणाली का विशेष योगदान होता है, जिसे विगत पाँच वर्षो के धान/चावल की खरीदी व पीडीएस में वितरण के निम्न आँकड़ों से समझने में आसानी होगी–

तालिका ०१: धान/चावल की खरीदी व पीडीएस के तहत वितरण

RICE				(Quantity in Lakh MT)
KMS	Purchasing	Distribution	Balance	Dist Percent
2016-17	381.06	327.88	53.18	86%
2017-18	381.85	350.4	31.45	92%
2018-19	443.99	344.35	99.64	78%
2019-20	519.87	349.74	170.13	67%
2020-21	601.85	563.24	38.61	94%

स्रोत : भारत सरकार, उपभोक्ता मामले, खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण मंत्रालय, मासिक प्रतिवेदन, मार्च 2022, नई दिल्ली, पृष्ठ 09. तथा विभागीय बेबसाईट, भारतीय खाद्य निगम में उपलब्ध विगत दस वर्षो के उपार्जन का आँकड़ा।



उपर्युक्त तालिका व ग्राफ के विश्लेषण से यह स्पष्ट होता है कि खरीफ वर्ष २०१६-१७ में ३८१.०६ लाख टन चावल की खरीदी किया गया, जिसमें से ३२७.८८ लाख टन चावल का पीडीएस के तहत उठाव हुआ तथा ५३.५८ लाख टन चावल शासन के पास शेष रहा, अर्थात् ८६ फिसदी चावल पीडीएस में वितरण हुआ। खरीफ वर्ष २०१७-१८ में ३८१.८५ लाख टन चावल की खरीदी किया गया, जिसमें से ३५०.४० लाख टन चावल का पीडीएस के तहत उठाव हुआ तथा ३१.४५ लाख टन चावल शासन के पास शेष रहा, अर्थात् ९२ फिसदी चावल का पीडीएस में वितरण हुआ। खरीफ वर्ष २०१८-१९ में ४४३.९९ लाख टन चावल की खरीदी किया गया, जिसमें से ३४४.३५ लाख टन चावल का पीडीएस के तहत उठाव हुआ तथा ९९.६४ लाख टन चावल शासन के पास शेष रहा, अर्थात् ७८ फिसदी चावल का पीडीएस में वितरण हो गया। खरीफ वर्ष २०१९-२० में ५१९.८७ लाख टन चावल की खरीदी किया गया, जिसमें से ३४९.७४ लाख टन चावल का पीडीएस के तहत उठाव हुआ तथा १७०.१३ लाख टन चावल शासन के पास शेष रहा, अर्थात् ६७ फिसदी चावल का पीडीएस में वितरण हो गया। खरीफ वर्ष २०२०-२१ में ६०१.८५ लाख टन चावल की खरीदी किया गया, जिसमें से ५६३.२४ लाख टन चावल का पीडीएस के तहत उठाव हुआ तथा ३८.६१ लाख टन चावल

शासन के पास शेष रहा, अर्थात् ९४ फिसदी चावल का पीडीएस में वितरण हो गया।

तालिका ०२ : विगत पाँच वर्षो में गेहूँ खरीदी व पीडीएस में वितरण

WHEAT			(Quantity in Lakh MT)	
KMS	**Purchasing**	**Distribution**	**Balance**	**Dist Percent**
2016-17	229.62	289.98	-60.36	126%
2017-18	308.25	253.33	54.92	82%
2018-19	357.95	314.71	43.24	88%
2019-20	341.32	272.76	68.56	80%
2020-21	389.92	367.87	22.05	94%

स्रोत : भारत सरकार, उपभोक्ता मामले, खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण मंत्रालय, मासिक प्रतिवेदन, मार्च २०२२, नई दिल्ली, पृष्ठ ०९ तथा विभागीय बेबसाईट, भारतीय खाद्य निगम में उपलब्ध विगत दस वर्षों के उपार्जन का आँकड़ा।



उपर्युक्त तालिका व ग्राफ के विश्लेषण से यह स्पष्ट होता है कि वर्ष २०१६-१७ में २२९.६२ लाख टन गेहूँ की खरीदी किया गया, जिसमें सभी गेहूँ का वितरण उपरान्त ६०.३६ लाख टन अतिरिक्त गेहूँ का वितरण किया गया, अर्थात् २६ फिसदी अधिक वितरण हुआ। वर्ष २०१७-१८ में ३०८.२५ लाख टन गेहूँ खरीदी में से २५३.३३ लाख टन पीडीएस के तहत वितरण किया गया, अर्थात् खरीदी गयी मात्रा के ८२ फिसदी गेहूँ का पीडीएस के तहत वितरण हुआ। इसी प्रकार, वर्ष २०१८-१९ में ३५७.९५ में से ३१४.७१ लाख टन गेहूँ का पीडीएस में वितरण हुआ, जो कि कुल खरीदी का ८८ फिसदी था। वर्ष २०१९-२० में ३४१.३२ लाख टन गेहूँ की खरीदी किया गया था, जिसमें से २७२.७६ लाख टन गेहूँ का पीडीएस में वितरण हुआ, जो कि कुल खरीदी का ८० फिसदी था। वर्ष २०२०-२१ में ३८९.९२ लाख टन की खरीदी में से ३६७.८७ लाख का वितरण अर्थात् ९४ फिसदी गेहूँ का पीडीएस में वितरण हो गया।

तालिका ०३: विगत पाँच वर्षो में मोटा अनाज की खरीदी मात्रा

COURSE GRAIN (QTY IN THOUSAND MT)	
KMS	Procurement
2016-17	72
2017-18	70
2018-19	218
2019-20	432
2020-21	478



स्रोत: भारत की आर्थिक समीक्षा प्रतिवेदन वर्ष २०२०-२१, पृष्ठ २५९

उपर्युक्त तालिका एवं ग्राफ के विश्लेषण से स्पष्ट होता है कि भारतीय खाद्य निगम के द्वारा वर्ष २०१६-१७ में ७२ हजार टन, २०१७-१८ में ७० हजार टन, २०१८-१९ में २१८ हजार टन, २०१९-२० में ४३२ हजार टन, २०२०-२१ में ४७८ हजार टन मोटे अनाज का उपार्जन किया गया है। मोटे अनाज के उपार्जन में २०१६-१७ की अपेक्षा २०१८-१९ में ३ गुणा वृद्धि, जबकि २०१९-२० एवं २०२०-२१ में ६ से ७ गुणा वृद्धि देखने को मिलती है।

आपदा में सहायक : सार्वजनिक वितरण प्रणाली एक तरफ गरीबों को खाद्य सुरक्षा प्रदान करती है, तो वहीं प्राकृतिक आपदा तथा विपरीत परिस्थितियों में भी राशन-सामग्री उपलब्ध कराया जाता है। कोरोना महामारी के दौरान प्रभावितों को खाद्य सुरक्षा के उद्देश्य से 'प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना' के तहत छह चरण में राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम के लाभार्थियों को प्रतिव्यक्ति ५ किलोग्राम अतिरिक्त खाद्यान्न नि:शुल्क उपलब्ध कराया गया है। भारत सरकार द्वारा माह अप्रैल २०२० से माह सितम्बर २०२२ तक के लिए कुल ११२१ लाख टन खाद्यान्न का आवण्टन जारी किया जा चुका है। वर्ष २०२०-२१ में क्रमश: २०७.६६ लाख टन चावल एवं १०७.५० लाख टन गेहूँ का वितरण किया गया है।

छत्तीसगढ़ सार्वजनिक वितरण प्रणाली व खाद्य-प्रबंधन : छत्तीसगढ़ राज्य भारत के मध्यप्रदेश राज्य से अलग होकर १ नवम्बर, २००० को सृजित राज्य है। यह भौगोलिक दृष्टि से एक भूआवेष्ठित राज्य है, जो चारों ओर से किसी अन्य देश की सीमाओं से नहीं लगा हुआ है, जबकि समीपवर्ती ७ राज्यों से जुड़ा हुआ है। भौगोलिक दृष्टि से अक्षांशीय विस्तार १७.४६ से २४.५० एवं ८०.१५ से ८४.२५ पूर्वी देशांतर है। राज्य का क्षेत्रफल १,३५,१९१ वर्ग किमी है, जो कि भारत के क्षेत्रफल का ४.११ प्रतिशत है। २०११ की जनगणना के अनुसार, राज्य की जनसंख्या २.५५ करोड़ है, जो कि भारत की जनसंख्या का २.११ प्रतिशत है। प्रशासनिक दृष्टि से यह राज्य ३३ जिला एवं १४९ विकासखण्डों में विभाजित है।

छत्तीसगढ़ में राशनकार्ड की स्थिति : सार्वजनिक वितरण प्रणाली के तहत राज्य के चिह्नांकित परिवारों को खाद्य अधिकार पुस्तिका/राशनकार्ड जारी कर पात्रतानुसार चावल, गेहूँ, चना, शक्कर, नमक, गुड़ तथा केरोसिन इत्यादि का वितरण किया जाता है। वर्तमान में राज्य में ०५ प्रकार के राशन कार्ड प्रचलन में हैं।

तालिका ०४ : छत्तीसगढ़ में राशनकार्ड व हितग्राही संख्या

क्र.	राशनकार्ड	रंग	राशनकार्ड		हितग्राही	
			संख्या	प्रतिशत	संख्या	प्रतिशत
1	**प्राथमिकता**	लाल	48.15	66.55%	189.10	72.24%
2	**अन्त्योदय**	पीला	14.40	19.90%	42.21	16.13%
3	**निराश्रित**	स्लेटी	0.38	0.53%	0.38	0.15%
4	**निःशक्तजन**	काला	0.14	0.19%	0.15	0.06%
5	**सामान्य**	सफेद	9.28	12.83%	29.92	11.43%
			72.35		261.76	

स्रोत : छत्तीसगढ़ राज्य शासन, खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण मंत्रालय विभाग, आधिकारिक बेबसाईट https://khadya.cg.nic.in/janbhagidari.

उपर्युक्त तालिका के विश्लेषण से यह ज्ञात होता है कि छत्तीसगढ़ में प्राथमिक राशनकार्ड (लाल) की संख्या ४८.१५ लाख है, जिसके लाभार्थी १८९.१० लाख हैं। अन्त्योदय राशनकार्ड

(पीला) की संख्या १४.४० लाख है, जिसके लाभार्थी ४२.२१ लाख हैं। निराश्रित राशनकार्ड (स्लेटी) की संख्या ०.३८ लाख है, जिसके लाभार्थी ०.३८ लाख हैं। नि:शक्तजन राशनकार्ड (काला) की संख्या ०.१४ लाख है, जिसके लाभार्थी ०.१५ लाख हैं। सामान्य राशनकार्ड (सफेद) की संख्या ९.२८ लाख है, जिसकी लाभार्थी संख्या २९.९२ लाख है।

खाद्य-प्रबंधन में छत्तीसगढ़ पीडीएस का योगदान : धान (चावल) का प्रबंधन : छत्तीसगढ़ शासन द्वारा निर्धारित समर्थन मूल्य पर प्रतिवर्ष धान का उपार्जन/खरीदी राज्य सहकारी विपणन संघ अर्थात् मार्कफेड संस्था के माध्यम से किया जाता है। धान का क्रय नजदीकी प्राथमिक सहकारी समितियों द्वारा निर्धारित स्थल, खुले मैदान या चबूतरा में किया जाता है। धान का त्वरित उठाव हो तथा परिवहन लागत में कमी हो सके, इस दृष्टि से धान को सम्बन्धित नजदीकी पंजीकृत मिलर को मिलिंग के लिए सौंप दिया जाता है। मिलिंग उपरान्त सम्बन्धित मिलर उक्त चावल को नजदीकी भारतीय खाद्य निगम या राज्य नागरिक आपूर्ति निगम के भण्डार गृह निगम में जमा करता है जिसका उपयोग सार्वजनिक वितरण प्रणाली के तहत खाद्यान्न वितरण में किया जाता है।

सार्वजनिक वितरण प्रणाली के तहत चावल का वितरण : छत्तीसगढ़ में समर्थन मूल्य पर धान खरीदी किया जाता है, जिसे मिलिंग कर चावल प्राप्त होता है, जिसे पीडीएस योजना के तहत जारी राशनकार्ड में पात्रतानुसार वितरित किया जाता है। उल्लेखनीय है कि धान की मिलिंग करने से प्राप्त चावल धान का ६७% होता है। निम्न तालिका में वर्षवार चावल वितरण में आँकड़े को दर्शाया गया है–

तालिका ०५ : छत्तीसगढ़ पीडीएस के तहत चावल का वितरण

